दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :317
प्रतापगढ़ | बुधवार, 18 सितम्बर-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

न्यूज डायरी

साबरमती ट्रेन में युवक ने महिला यात्री पर की पेशाब आरोपी गिरफ्तार

जालौन, (हि.स.)। साबरमती एक्सप्रेस के एसी कोच में सोमवार की देर रात उज्जैन जा रहे पुरूष यात्री ने एक महिला यात्री पर पेशाब कर दी। इसको लेकर महिला ने कोच में हंगामा कर दिया और रेलवे कंट्रोल को सूचना दी। ट्रेन उरई स्टेशन पहुंची तो जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज कर शर्मनाक हरकत करने वाले अयोध्या निवासी यात्री को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के मुताबिक़, एसओ जीआरपी अवधेश कुमार ने बताया कि साबरमती के एसी कोच बी-वन में निचली बर्थ पर श्यामा देवी निवासी राजगढ़ मध्य प्रदेश सफर कर रहीं थीं। आरोप है कि ऊपर की बर्थ पर बैठा यात्री नशे में था। ट्रेन जब उन्नाव के पास से गुजर रही थी तभी ऊपर की बर्थ पर बैठे यात्री ने पेशाब कर दिया, जो उन पर गिरा। विरोध किया तो अभद्रता की और कहा कि वह आगे भी ऐसा करेगा। इस पर महिला यात्री श्यामा ने कंट्रोल रूम को मैसेज कर दिया। उरई स्टेशन पर जीआरपी ने नशे में धुत अयोध्या निवासी महेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। जीआरपी ने बताया कि प्रकरण में कार्रवाई की जा रही है।

आरजी कर- स्वास्थ्य निदेशक और स्वास्थ्य शिक्षा निदेशक को हटाया गया, मिला नया कार्यभार

कोलकाता, (हि.स.)। पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। मंगलवार अपराह्न स्वास्थ्य निदेशक देवाशीष हालदार को हटाकर उनकी जगह स्वपन सोरेन को अस्थायी रूप से नया स्वास्थ्य निदेशक नियुक्त किया गया है। स्वपन सोरेन पहले संयुक्त स्वास्थ्य निदेशक के पद पर थे।इसी तरह, स्वास्थ्य शिक्षा निदेशक कौस्तुभ नायक को हटाकर उन्हें इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर का निदेशक बनाया गया है। इस पद पर पहले से मौजूद सुपर्णा दत्ता को अस्थायी रूप से स्वास्थ्य शिक्षा निदेशक का कार्यभार सौंपा गया है।

राहुल के खिलाफ बयानों पर खरगे ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

नई दिल्ली, (हि.स.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर पार्टी नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेताओं के बयानों की शिकायत की है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से अनुरोध किया है कि वे तत्काल ऐसे हिंसक बयानों पर रोक लगाएं और अपने नेताओं को अनुशासन में लाएं।खरगे ने अपने पत्र में रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, शिवसेना(शिंदे गुट) के विधायक संजय गायकवाड और दिल्ली भाजपा नेता तरविंदर सिंह मारवाह के बयानों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के करोड़ों कार्यकर्ता और नेता इन बयानों को लेकर उद्वेलित और चिंतित हैं। ऐसी घृणा फैलाने वाली शक्तियों के कारण ही महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी को शहादत देनी पड़ी थी।कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने अपने पत्र में प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई देने के बाद कहा कि दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि भाजपा और केन्द्र में सहयोगी दलों के नेता हिंसक भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। यह भविष्य के लिए खतरनाक है। उन्होंने अंत में लिखा है कि वे अपेक्षा करते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी इस तरह के हिंसक बयानों को रोकने के लिए तत्काल अपेक्षित कार्रवाई करेंगे।

बीएसएफ ने सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिया किया ढेर

चंडीगढ़, (हि.स.)। सीमा सुरक्षा बल ने अमृतसर स्थित अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सोमवार देर रात को घुसपैठ की कोशिश करते एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को ढेर कर दिया। बीएसएफ पंजाब के जनसंपर्क अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि 16 सितंबर को रात के समय ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के सतर्क जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए की संदिग्ध हरकत देखी, जो चुपके से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर गया। अंधेरे का फायदा उठाकर यह घुसपैठिया अमृतसर जिले के रतनखुर्द गांव के पास सीमा क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बाड़ की ओर बढ़ने लगा। इसी दौरान बीएसएफ जवानों ने घुसपैठिए को तुरंत चुनौती दी लेकिन वह सीमा सुरक्षा बाड़ की ओर बढ़ता रहा और आक्रामक हाव-भाव दिखाने लगा। इस पर ड्यूटी पर तैनात सतर्क जवानों ने आगे बढ़ रहे घुसपैठिए पर गोली मारकर उसे मौके पर ही ढेर कर दिया।

बिना इजाजत नहीं होगा बुलडोजर एक्शन-सुप्रीम कोर्ट

▶▶ 1 अक्टूबर तक बुलडोजर एक्शन पर लगाई रोक

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। सरकार के बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट से बड़ी खबर सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट ने देश में 1 अक्टूबर तक बुलडोजर एक्शन पर लगाई रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि सुनवाई की अगली तारीख 1 अक्टूबर तक भारत में कहीं भी अदालत की अनुमति के बिना संपत्ति का विध्वंस नहीं होगा। लेकिन स्पष्ट किया कि यह आदेश सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों आदि पर किसी भी अनधिकृत निर्माण पर लागू नहीं होगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच का ये निर्देश अलग-अलग राज्य सरकारों की ओर से दंडात्मक उपाय के तौर पर आरोपी व्यक्तियों की इमारतों को ध्वस्त करने की कार्रवाई के खिलाफ लगी याचिका पर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश देते हुए कहा कि 1 अक्टूबर तक बिना हमारी अनुमति के देश में कहीं पर भी बुलडोजर एक्शन नहीं होगा। याचिकाकर्ता जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया है कि बीजेपी शासित राज्यों में मुसलमानों को निशाना बनाकर बुलडोजर एक्शन लिया जा रहा है। इससे पहले आरोपियों के खिलाफ सजा देने के तौर पर इस्तेमाल एक्शन पर सवाल उठाए थे। कोर्ट ने कहा था कि किसी व्यक्ति के घर को इसलिए केवल नहीं गिराया जा सकता क्योंकि वो किसी आपराधिक मामले में आरोपी है। यहां तक की दोषी सिद्ध होने पर भी घर इस तरह से गिराना कानूनन उचित नहीं है। कोर्ट ने कहा था कि ऐसे देश में जहां सरकार की कार्रवाई कानून के शासन द्वारा शासित होती है, परिवार के किसी सदस्य द्वारा किया गया अपराध परिवार के अन्य सदस्यों या उनके कानूनी तौर पर निर्मित घर के खिलाफ कार्रवाई को आमंत्रित नहीं करता है। अपराध में कथित संलिप्तता किसी संपत्ति के विध्वंस का आधार नहीं है।

इससे न्याय नहीं हो सकता, यह लोगों को डराने के लिए था-अखिलेश यादव

सपा मुखिया अखिलेश यादव का बयान सामने आया है। अखिलेश ने कहा कि बुलडोजर न्याय नहीं हो सकता। यह असंवैधानिक था, यह लोगों को डराने के लिए था। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए अखिलेश ने कहा कि विपक्ष की आवाज को जानबूझकर दबाने के लिए बुलडोजर चलाया गया। मैं इस निर्देश के लिए सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देता हूं जिससे बुलडोजर बंद हो गया। उन्होंने कहा कि सीएम, यूपी सीएम और बीजेपी के लोगों ने %बुलडोजर% का महिमामंडन किया जैसे कि यह न्याय है। उन्होंने कहा कि अब, जब सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है, तो मुझे लगता है कि बुलडोजर बंद हो जाएगा और न्याय अदालत के माध्यम से आएगा।

आरजी कर अस्पताल में बलात्कार मामला

हटाए गए विनीत कुमार गोयल, मनोज कुमार वर्मा होंगे कोलकाता के नए पुलिस कमिश्नर

कोलकाता,एजेंसियॉ। पश्चिम बंगाल सरकार ने मंगलवार को मनोज कुमार वर्मा को नया कोलकाता पुलिस आयुक्त नियुक्त किया। ऐसा तब हुआ जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरजी कर गतिरोध को हल करने के लिए आंदोलनकारी डॉक्टरों से मुलाकात की। उन्होंने डॉक्टरों द्वारा रखी गई अधिकांश मांगों को मान लिया था। इस बीच, विनीत कुमार गोयल को पश्चिम बंगाल में एसटीएफ के एडीजी और आईजीपी के रूप में नियुक्त किया गया है।पिछले महीने कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में बलात्कार और हत्या की शिकार प्रशिक्षु डॉक्टर के लिए न्याय की मांग को लेकर डॉक्टर 10 अगस्त से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। डॉक्टरों के साथ बैठक के बाद ममता बनर्जी ने सोमवार आधी रात को घोषणा की कि पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, चिकित्सा शिक्षा निदेशक (डीएमई) कौस्तव नायेक और उत्तरी कोलकाता के उपायुक्त अभिषेक गुप्ता और स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक देबाशीष हलदर को अपने-अपने पदों से हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में तय सुनवाई के बाद मंगलवार को नई नियुक्तियां की जाएंगी। बैठक का सीधा प्रसारण करने की डॉक्टरों की मांग के कारण बने गतिरोध को तोड़ने में बार-बार विफल होने के बाद, दोनों पक्षों ने आखिरकार सोमवार को ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पर इस बारे में चर्चा करने के लिए मुलाकात की। पिछले दिनों बनर्जी ने यह भी कहा था कि विनीत कुमार गोयल ने डॉक्टरों के साथ बैठक के दौरान अपने पद से इस्तीफा देने की इच्छा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा, ÷शाम 4 बजे विनीत नए सीपी को जिम्मेदारी सौंप देंगे।

आप विधायक अमानतुल्ला खान ने खटखटाया हाई कोर्ट का दरवाजा

(अपनी गिरफ्तारी को दी चुनौती)

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। ओखला से आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्ला खान ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। उन्हें दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान को धन शोधन के एक मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल ने कहा कि (अमानतुल्लाह को) 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा जाता है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत को बताया कि आरोपी को हिरासत में रखकर पूछताछ करने की अब और जरूरत नहीं है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने का अनुरोध किया, जिसके बाद न्यायाधीश ने यह आदेश जारी किया। खान को सात दिन की ईडी हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया गया था। जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि रिहा कर दिये जाने पर खान मामले की जांच और गवाहों को प्रभावित कर सकता है। ईडी ने अदालत से कहा कि खान ने हिरासत की पिछली अवधि में पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं किया। इस बीच, खान के वकील ने ईडी की अर्जी का विरोध किया और अदालत से उनके मुवक्किल को रिहा करने का अनुरोध करते हुए कहा कि न्यायाधीश उसकी रिहाई पर कोई भी शर्त निर्धारित कर सकते हैं। खान को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दो सितंबर को हिरासत में लिया गया था। इससे पहले, ईडी ने यहां ओखला स्थित खान के आवास पर तलाशी ली थी। एजेंसी ने अदालत से कहा था कि तलाशी के दौरान खान से कई सवाल पूछे गए, लेकिन वह गोलमोल जवाब देते रहे और इसलिए गिरफ्तार कर लिया गया।

अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

● आतिशी होंगी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री, आप विधायक दल की बैठक में सर्व सम्मति से लगी मुहर

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अरविंद केजरीवाल ने आधिकारिक तौर पर अपना इस्तीफा दे दिया है। केजरीवाल ने अपने इस्तीफे के पीछे निजी कारणों का हवाला दिया। लेकिन उन्होंने इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। दिल्ली सरकार में मंत्री और आप की प्रमुख नेता आतिशी को नए मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया है। शिक्षा सुधार और शासन में अपने काम के लिए जानी जाने वाली आतिशी से उम्मीद की जाती है कि वह केजरीवाल की नीतियों को जारी रखेंगी और अपनी नेतृत्व शैली को इस भूमिका में लाएँगी।

गोपाल राय ने कहा कि जल्द से जल्द सरकार बनाने की दावेदारी पेश की गई है। एलजी साहब से हमने आग्रह किया है कि जल्द जल्द शपथ ग्रहण की तारीख सुनिश्चित की जाए। दिल्ली की 2 करोड़ जनका के काम को आगे बढ़ाया जा सके। जल्द से जल्द नई सरकार के गठन के साथ अभियान शुरू किया जाएगा। जल्द से जल्द चुनाव करा कर केजरीवाल को दोबारा सीएम बनाया जाए। केजरीवाल ने पार्टी विधायकों की एक बैठक में अपने उत्तराधिकारी के तौर पर आतिशी के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। आतिशी ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि मैं अगले कुछ महीने तक एक ही लक्ष्य के साथ काम करूंगी कि केजरीवाल को फिर से मुख्यमंत्री पद पर बैठाया जाए। मैं अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री के रूप में काम करूंगी।आप नेता और प्रस्तावित सीएम आतिशी ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के सामने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया है। ये हमारे लिए और दिल्ली के लिए दुख का क्षण हैं। दिल्ली के लोग इस बात का प्रण ले रहे हैं कि आने वाले चुनाव में वे अरविंद केजरीवाल को फिर से मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। जब तक चुनाव नहीं होता तब तक मुझे दिल्ली की जिम्मेदारी दी गई है। आतिशी ने स्पष्ट कहा कि वो आगामी चुनाव तक ही सीएम रहेंगी और जब दोबारा आर की सरकार बनेगी तो केजरीवाल ही सीएम बनेंगे।

बीजेपी बोली- चेहरा बदलने से चरित्र नहीं बदलेगा

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी द्वारा वरिष्ठ नेता आतिशी को दिल्ली का नया मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद कहा कि आप चेहरा बदल सकते हैं, लेकिन पार्टी का चरित्र नहीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता जानती है कि अपने उत्तराधिकारी के रूप में उनका नाम प्रस्तावित करने वाले अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को लूटा है। उन्होंने हर विभाग में भ्रष्टाचार किया है और अब जनता उन्हें उस भ्रष्टाचार का जवाब देगी

वक्फ (संशोधन) विधेयक आने वाले दिनों में संसद में पारित हो जाएगा- अमित शाह

▶▶ क्यूआर कोड पर बवाल के बीच वक्फ बोर्ड को लेकर कर दिया बड़ा ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। वक्फ संशोधन बिल पर छिड़ी जंग के बीच देश के गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा बयान सामने आया है। वक्फ बोर्ड को लेकर देश में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड पहले से एक अभियान चला रहा है। जुमे की नमाज के बाद लखनऊ में पर्सनल लॉ बोर्ड ने मस्जिद के बाहर क्यू आर कोड लगाया था। मकसद सिर्फ और सिर्फ वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुसलमानों को जागरुक और एकजुट करना था।

क्यूआर कोड पर बवाल के बीच अमित शाह ने वक्फ बोर्ड को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आश्वासन दिया कि मानसून सत्र में संसद में पेश किया गया वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 आने वाले दिनों में संसद में पारित हो जाएगा।पीएम मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, %वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन, संरक्षण और दुरुपयोग के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले दिनों में इसे संसद में पारित किया जाएगा। इससे पहले लोकसभा सचिवालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक 18, 19 और 20 सितंबर को राजधानी नई दिल्ली स्थित संसद भवन एनेक्सी में होगी।जेपीसी बैठक कार्यक्रम 18 सितंबर को बैठक के दौरान अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के प्रतिनिधि विधेयक पर समिति के समक्ष मौखिक साक्ष्य दर्ज करेंगे। 19 सितंबर को जेपीसी विधेयक पर विशेषज्ञों और हितधारकों, जैसे कि प्रोफेसर फैजान मुस्तफा, कुलपति, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना, पसमांदा मुस्लिम महाज और अखिल भारतीय मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के विचारों या सुझावों को सुनेगी। 20 सितंबर को जेपीसी वक्फ संशोधन विधेयक पर अखिल भारतीय सज्जादानशीन परिषद, अजमेर, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, दिल्ली और भारत फर्स्ट, दिल्ली के सुझावों को सुनेगी।

विधायक निवास परिसर में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

● सुरक्षा पर उठे सवाल

लखनऊ, (हि.स.)। हुसैनगंज थाना क्षेत्र स्थित विधायक निवास परिसर में मंगलवार को एक युवक का शव मिला। सूचना पर थाना पुलिस के साथ डीसीपी सेन्ट्रल मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस ने फॉरेंसिक के साथ मौके से साक्ष्य जुटाए गए। शुरूआती जांच में युवक के शरीर पर चोटों के निशान मिलने से हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस मृतक की शिनाख्त के साथ घटना की जांच में जुट गई है।डीसीपी सेन्ट्रल रवीना त्यागी ने बताया कि बर्लिंगटन चौराहा स्थित विधायक निवास परिसर में मंगलवार को एक युवक की लाश मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन की। मृतक युवक के पास कुछ भी ऐसा नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त की जा सके।डीसीपी सेन्ट्रल ने बताया कि जांच के दौरान मृतक के शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं। इससे उसकी हत्या से इंकार नहीं किया जा सकता। शव को पोस्टमार्टम भेजते हुए पहचान के साथ घटना के खुलासे के लिए पुलिस की टीमों को लगाया गया है। परिसर में लगे सीसीटीवी से आने जाने वालों की फुटैज भी देखी जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।बर्लिंगटन चौराहे स्थित जिस विधायक निवास परिसर में युवक का शव मिला है वहां विधायकों के साथ कई विभागों, बोर्डों आदि के अधिकारी व गणमान्य लोग रहते हैं। इसको देखते हुए यहां की सुरक्षा भी अन्य जगहों से अलग होनी चाहिए, लेकिन जिस तरह से इसके परिसर में युवक का शव मिला है उससे सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में पहले चरण का मतदान आज

सात जिलों की कुल 24 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा

श्रीनगर(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं. तीन चरणों में होने वाले मतदान के पहले चरण के लिए कल यानी बुधवार (18 सितंबर) को वोटिंग होगी. मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां मंगलवार सुबह मतदान स्थलों के लिए रवाना हो गई. इस दौरान पोलिंग पार्टियों के साथ बड़ी संख्या में सुरक्षा बल नजर आए. पहले चरण में 7 जिलों की कुल 24 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा. जिनके लिए कुल 219 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं.पहले चरण में कश्मीर संभाग में कुल 16 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा. इनमें पंपोर, त्राल, पुलवामा, राजपोरा, जैनपोरा, शोपियां, डीएच पोरा, कुलगाम, देवसर, डूरू, कोकरनाग (एसटी), अनंतनाग पश्चिम, अनंतनाग, श्रीगुफवारा-बिजबेहरा, शांगस-अनंतनाग पूर्व और पहलगाम शामिल हैं. जबकि जम्मू संभाग में 8 सीटों पर कल मतदान होगा. इनमें इंदरवाल, किश्तवाड़, पद्दर-नागसेनी, भद्रवाह, डोडा, डोडा पश्चिम, रामबन और बनिहाल में वोट डाले जाएंगे.जम्मू-कश्मीर में जिन 24 सीटों के लिए पहले चरण में मतदान होगा. उन सीटों पर कुल 23,27,580 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 11,76,462 पुरुष और 11,51,058 महिलाएं शामिल हैं. जबकि 60 थर्ड-जेंडर मतदाता भी हैं. इन मतदाताओं में 18 से 29 वर्ष की आयु के कुल 5.66 लाख वोटर्स हैं. जबकि 18 से 19 वर्ष की आयु के 1,23,960 मतदाता पहली बार वोट डालेंगे.

74 साल के हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

● राष्ट्रपति,अमित शाह, राजनाथ सिंह से लेकर विभिन्न नेताओं ने उन्हें बधाई दी

नईदिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपना 74वां जन्मदिन मना रहे हैं. देश के प्रधानमंत्री मोदी 17 सितबंर 1950 को गुजरात के मेहसाणा में जन्में थे. वे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में लगातार तीन कार्यकाल पूरा कर चुके हैं. जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रपति, केंद्रीय मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री, भाजपा नेता और एनडीए नेताओं से लेकर विपक्षी नेताओं ने पीएम मोदी को शुभकामनाएं दीं. वरिष्ठ नेताओं ने उनकी लीडरशीप की तारीफ की. किसी मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी को दूरदर्शी बताया तो महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने उन्हें भारत का कप्तान कहा. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामनाएं प्रेषित कीं. उन्होंने पीएम मोदी को देश की समृद्धि और प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए सराहा. उन्होंने कहा कि मैं कामना करती हूं कि राष्ट्र पहले की भावना के साथ किए गए आपके प्रयास भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त करें.केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी पीएम मोदी को बधाई दी. शाह ने पीएम मोदी मेहनत और दूरदर्शिता के माध्यम से देशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए बधाई दी. एक्स पर एक पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि मैं ईश्वर से आपके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की प्रार्थना करता हूं. केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने बधाई संदेश में पीएम मोदी को भारत का सफल प्रधानमंत्री बताया. उन्होंने कहा कि भारत के सफल प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं. भारत ही नहीं पूरी दुनिया ने आपके दूरदर्शी और सशक्त नेतृत्व को देखा है. भाजपा प्रमुख और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कि आप लाखों भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रेरणा हैं. उन्होंने एक्स पर कहा कि मैं सफल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई देता हूं.

सड़क पर गिरे पेड़ से आवागमन रहा बाधित

पोल टेढ़े होने व तार टूटने से बत्ती रहेगी गुल, शुक्र है कि पेड़ गिरने से नही हुई कोई जन हानि

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। दिनभर से चल रही तेज हवाएं और बारिश ने रंग दिखाना शुरू कर दिया है। क्षेत्र के कोहडार कोरांव मार्ग के कोहडार बाजार में एक जंगली पेड़ के बीच सड़क पर गिर जाने से करीब तीन घण्टे आवागमन बाधित रहा।पेड़ की वजह से टेढ़े हो चुके बिजली के पोल और टूट चुके तारों की वजह से आधे बाजार की बत्ती भी गुल रहेगी।

कोहडार बाजार के कोरांव रोड पर मंगलवार दोपहर तेज वारिस की वजह से सड़क के किनारे का एक जंगली पेड़ गिर गया,जिस वजह से उक्त मार्ग पर आवागमन ठप हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस टीम और बाजार के लोगों ने रास्ते से पेड़ को हटाने के लिए मजदूरों के सहयोग से घण्टे भर कड़ीं मशक्कत के बाद सड़क को खाली कर दिया।करीब तीन घण्टे बाद इस मार्ग पर आवागमन बहाल हो सका है। शुक्र है कि इस पेड़ के गिरने से कोई जनहानि नही हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार लोगों ने सहयोग से सड़क खाली करा ली लेकिन गिरे पेड़ की वजह से विद्युत व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गयी है। शिकायत के बावजूद बरसात की

वजह से बिजली विभाग के कर्मचारी इसे ठीक नही कर पाए हैं।इस वजह से कुछ पोल टेढ़े हो गए हैं और तार टूटकर गिर गए हैं।इस वजह से बाजार के इस क्षेत्र में आपूर्ति बहाल नही हो पाई है।लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी होगी।लोगों ने बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

बारिश के कारण आठ तक के सभी स्कूल आज बंद

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़ (प्रयागराज)। बीएसए प्रवीण कुमार त्रिपाठी के अनुसार जिलाधिकारी ने अधिक वर्षा के कारण जनपद के परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूलों को 18 सितंबर यानी कल बंद कर दिया है। इसके साथ ही 18 सितंबर से सभी स्कूलों में होने वाली अर्धवार्षिक परीक्षा को भी अगली तिथि तक रोक दिया है। वहीं मौसम विभाग ने लगातार तीन दिन तक मूसलाधार बारिश होने की संभावना व्यक्त की है।

एक सप्ताह से गायब 2 साल की बच्ची को ढूंढ रहे मां-बाप

प्रयागराज। संगम में मुंडन कराने आए एक परिवार की 2 साल की बच्ची एक सप्ताह पूर्व गायब हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन बच्ची नहीं ढूंढ पाई। यह काम बच्चा चोरी करने वाले गिरोह का माना जा रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर बैठ गई। परिवार के लोग अंबेडकर नगर से प्रयागराज का चक्कर काट रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबेडकर नगर के थाना सम्मनपुर के सिकंदरपुर के रहने वाले शंकर कुमार अपनी पत्नी मनीता और दो साल की इकलौती बेटी सलोनी के साथ प्रयागराज आए। 9 सितंबर की रात वह संगम क्षेत्र में परेड पर पहुंच गए। सुबह सुबह मुंडन कराना था तो लोगों ने कहा परेड पर ही रुक जाओ। शंकर का कहना है कि रात करीब एक से दो के बीच किसी ने उनकी बेटी सलोनी को अगवा कर लिया।सुबह 4 बजे पत्नी-पत्नी की आंख खुली तो बच्ची को गायब देख उनके होश उड़ गए। घंटों तलाश के बाद वह लोग दारागंज थाने पहुंचे और बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। इसके बाद भी लगातार बच्ची को तलाश करते रहे लेकिन पता नहीं चला।परिवार का कहना है कि बच्चा चोरी करने वाला गिरोह सलोनी को उठा ले गया। पुलिस की जांच में भी अब तक कुछ साफ नहीं हुआ है। पति-पत्नी अंबेडकरनगर से प्रयागराज का चक्कर काट रहे हैं। दारागंज पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। कई जगह के सीसीटीवी फुटेज निकलवाए गए हैं।इससे पहले दारागंज में कच्ची सड़क से 9 साल की एक बच्ची को अगवा किया गया था। दारागंज में रहने वाले राजेश पटेल मूल रूप से जौनपुर के ऊंचगांव दद्दान गांव के रहने वाले हैं। उनकी नौ वर्षीय बेटी शिल्पा 23 जून की शाम खेलने निकली और लापता हो गई थी। दारागंज से लेकर शहर के अलग-अलग कोनों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो सुराग मिला। नैनी रेलवे स्टेशन पर लगे कैमरे के सीसीटीवी फुटेज से एक शख्स बच्ची को ले जाता दिख गया। इसके बाद पुलिस ने कौशांबी के युवक को अरेस्ट कर बच्ची को बरामद किया था। वह बच्ची को बेचने की फिराक में था। हालांकि उस बच्ची अगवा करने वाले अभी जेल में हैं।

भगवान विश्वकर्मा विकास के लिए प्रेरणास्रोत-पिंटू चौबे

कोहड़ार में हार्ड मिक्स प्लांट पर विधि विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। देश मंगलवार को भगवान विश्वकर्मा का पर्व पूरी आस्था और श्रद्धा से मना रहा है।विश्वकर्मा भगवान को विश्व निर्माता व देवताओं का वास्तुकार बताया गया है। इन्हें देव शिल्पी भी कहा जाता है। कोहडार स्थित हार्ड मिक्स प्लांट पर इसके संचालक पिंटू चौबे सदस्य जिला पंचायत ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर लोगों को प्रसाद वितरित किया।

भगवान विश्वकर्मा को विश्व निर्माता व ब्रह्मांड का शिल्पकार बताया गया है। लौकिक परम्पराओं में विश्वकर्मा पूजन प्रतिवर्ष 17 सितंबर को मनाया जाता है।इस दिन निर्माण से जुड़े विभिन्न संस्थान और कल कारखानों के साथ छोटे कारोबारी विश्वकर्मा भगवान की पूजा कर उनका आशीर्वाद मांगते हैं। कोरांव तहसील के पथरताल गांव के पिंटू चौबे ने हार्ड मिक्स प्लांट पर पूरे विधि विधान से पूजा कर नए निर्माण के लिए आशीर्वाद लिया है।पिंटू चौबे ने कहा कि हमारी पूजा परंपराएं और उनसे जुड़ी आस्था से ऊर्जा का संचार होता है।पूजा के साथ भविष्य में आगे बढ़ने की जो प्रेरणा मिलती है, वह अभूतपूर्व है।

पिंटू चौबे ने कहा कि देव शिल्पी ने विश्व निर्माण की जो सीख दी ,उसी प्रेरणा से मानव निर्माण के क्षेत्र में मुकाम हासिल किया है।आस्था और मान्यताओं के साथ देश के कल कारखाने और छोटे उद्योग फल फूल रहे हैं। इसे एक स्वस्थ धार्मिक परम्पराओं के रूप में स्थापित किया गया है,जिससे जुड़कर लोग आगे बढ़ रहे हैं। मैं विश्वकर्मा भगवान को हृदय से नमन करता हूं।

मौके पर सपा नेता पवन कुमार राजू चौबे ने भी पूजा में भाग लिया। कार्यक्रम में कई चर्चित चेहरों के साथ प्लांट के कर्मचारी मौजूद रहे।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा समारोह का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साफ

सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह हमारे जीवन की प्राथमिकता है। सफाई से रहने से जहां शरीर स्वच्छ रहता है वहीं स्वच्छता तन और मन दोनों की खुशी के लिए आवश्यक है। हमें अपनी दिनचर्या में स्वच्छता को अवश्य शामिल करना चाहिए।कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर विश्वविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत अभियान 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की 145 में जयंती पर चलाया गया एक महत्वपूर्ण अभियान है। विश्वविद्यालय में यह स्वच्छता अभियान आगामी 2 अक्टूबर 2024 तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर को हरा भरा एवं साफ सुथरा रखने के लिए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने शिक्षकों अधिकारियों कर्मचारियों छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। प्रारंभ में कुलपति का स्वागत समारोह के संयोजक प्रोफेसर छत्रसाल सिंह ने किया। डॉ आनंदानंद त्रिपाठी ने विषय प्रवर्तन किया। समारोह का संचालन डॉ दीपशिखा श्रीवास्तव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ त्रिविक्रम तिवारी ने किया। इस अवसर पर समारोह स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से जुड़े वृत्त चित्र का प्रदर्शन किया गया।

उपस्थित पूर्ण न होने पर सीएमपी कॉलेज में परीक्षा देने से रोके गए छात्र

कोऑर्डिनेटर द्वारा 25 सितंबर को परीक्षाएं पुनः आयोजित कराए जाने का दिया गया आश्वासन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। छात्रों द्वारा 75 प्रतिशत उपस्थिति न दर्ज करवाने के चलते सीएमपी में बी.ए.एलएल.बी. के द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष के लगभग 250 विद्यार्थियों को आज से प्रारंभ हो रही मिड-टर्म परीक्षाओं में सम्मिलित होने के रोका गया। छात्रों ने जब आंदोलन किया तब पाठ्यक्रम की कोऑर्डिनेटर रेणु सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद किया और छात्रों से अंडरटेकिंग में माध्यम से यह आश्वासन लिया कि अगले सेमेस्टर से विद्यार्थी 75त्न उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। विद्यार्थियों का यह कहना है कि सीएमपी में शिक्षा व्यवस्था बदहाल है, यहां स्वयं शिक्षक भी समय से नहीं आते हैं और अपने अनुसार कभी भी कक्षा में नहीं आते हैं जिसके चलते छात्रों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। छात्रों की यह भी मांग थी कि अकादमिक कैलेंडर के अनुसार 75त्न उपस्थिति के नियम को लागू किया जाए। उनका यह आरोप है कि शिक्षक अपने अनुसार कभी भी कक्षाओं को रख देते हैं जिसकी सभी को सही से सूचना भी पूर्व में नहीं दी जाती है और जितनी कक्षा शिक्षकों द्वारा संचालित की जाती है उसकी उपस्थिति का 75त्न माना जा रहा है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के आकादमिक और कार्यकारी परिषद बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि छात्रों को इस वर्ष से 75 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करानी पड़ेगी और इसके कड़ाई से पालन की भी बात की गई थी। आज इसके नियम के अनुपालन में सीएमपी द्वारा छात्रों को परीक्षा में सम्मिलित होने से रोका गया तो छात्रों द्वारा उल्टा शिक्षकों पर ही आरोप लगाते हुए आंदोलन किया गया। जब बात आगे बढ़ी तब परीक्षा को पुनः 25 सितंबर को कराए जाने की बात कही गई।

महाप्रबंधक उमरे ने किया स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ

साईकिल रैली, पौधारोपण एवं शपथ ग्रहण आयोजित

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा भारत सरकार की योजना के अनुरूप इस वर्ष स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय की रेलगांव कॉलोनी में ÷स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता÷ नारे के साथ स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ आज उपेंद्र चन्द्र जोशी, महाप्रबंधक द्वारा साइकिल जागरूकता रैली, श्रमदान के साथ किया गया। उत्तर मध्य रेलवे का पहला मियांवाकी पौधारोपण ÷एक पेड़ मां के नाम÷ के तहत लगभग 400 वर्ग मीटर में देसी प्रजाति के विविध पौधों के साथ वृहद पौधारोपण किया गया। महाप्रबंधक द्वारा सभी अधिकारी, कर्मचारी, स्काउट एवं गाइड्स, स्पोर्ट्स टीम, आरपीएफ स्टाफ, आदि को स्वछता की शपथ दिलाई गयी।

कार्यक्रम में प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अनिमेष कुमार सिन्हा के साथ प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर अनूप अग्रवाल , प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी अनुराग त्रिपाठी, वी .के .गर्ग आदि सहित पूरे कार्यक्रम में लगभग 200 लोगो का सहयोग प्राप्त हुआ ।

प्रयागराज मंडल के मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी के नेतृत्व में सभी स्टेशनो पर स्वछता की शपथ, नुक्कड़ नाटक, वृक्षारोपण, स्काउट एवं गाइड की रैली इत्यादि कार्यक्रम किये गए। उत्तर मध्य रेलवे में स्थित सभी कारखानों में स्वच्छता शपथ एवं वृक्षारोपण इत्यादि कार्यक्रम किये गए। उत्तर मध्य रेलवे की पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था शाखा द्वारा उपरोक्त सभी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

पीएम के गरीब कल्याण संकल्प पर सीएम का तोहफा -गायत्री मिश्र

पीएम के जन्म दिन पर गरीबों को मिली आशियाने की चाभी, चयनित आवास लाभार्थियों को प्रथम किस्त के साथ प्रमाणपत्र

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। राष्ट्र निर्माण के शिल्पी व देश के पीएम नरेंद्र मोदी के जन्म दिन को सेवा पखवारा को समर्पित करते हुए प्रदेश सरकार ने इसे शोषितों, वंचितों और गरीबों के कल्याण को समर्पित किया है। मेजा ब्लॉक सभागार में पीएम आवास मालिकाना हक के आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख मेजा गायत्री गंगा मिश्र ने कहा योगी सरकार ने पीएम को गरीब कल्याण का बड़ा तोहफा दिया है।प्रदेश सरकार ने ब्लॉक मुख्यालयों पर पीएम के जन्म दिन को सेवा पखवारे के रूप में मनाने के लिए मंगलवार को गरीब कल्याण से जोड़कर इसे तोहफे के रूप में पेश किया है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उड़ीसा से पीएम का सजीव प्रसारण देखा और सुना है।ब्लॉक सभागार में

प्रमुख गायत्री गंगा मिश्र ने ब्लॉक के 10 निर्मित पीएम आवास का मालिकाना प्रमाण पत्र और चाभी सौंपते हुए उन्हें सपनों का घर सौंपा है। प्रमुख गायत्री मिश्र ने कहा कि यह सौगात पीएम नरेंद्र मोदी के उस संकल्प की है जिसे उन्होंने मंचों से कहा था कि हर गरीब का अपना छत होगा।

प्रमुख ने पीएम आवास के लिए चयनित 17 महिलाओं को पीएम आवास की प्रथम क़िस्त देकर उनके उम्मीदों को पंख दिए हैं। साथ ही उन्हें प्रमाण पत्र भी सौंपा गया। श्रीमती गायत्री गंगा मिश्र ने कहा कि पीएम के जन्मदिन पर इससे बड़ा तोहफा नही हो सकता है।पीएम हमेशा गरीब कल्याण, गरीबों के लिए आवास और उन्हें बुनियादी सुविधाएं देने की बात करते हैं। मंगलवार को उड़ीसा से उंन्होने महिला उत्थान के लिए सुभद्रा योजना लांच की है। इसमे गरीब महिलाओं को आर्थिक मदद दी जाएगी।प्रमुख ने कहा भाजपा सरकार की गरीब महिलाओं के विकास,सुरक्षा और सशक्तिकरण की योजनाएं निश्चित ही मील का पत्थर साबित होंगी।कार्यक्रम में मौके पर अखिलेश तिवारी एडीओ पंचायत, सुशांत पांडेय एडीओ कॉपरेटिव एवं सचिव संजय शुक्ल, श्याम सूरत, दरबारी लाल यादव, नीरज यादव, मयंक शुक्ल सहित कई कर्मचारी शामिल रहे। इसका संचालन प्रधान संघ के जिला प्रभारी गडेवरा प्रधान अनिल शुक्ल ने किया।

सैय्यद दानिश इमरान बने एनएम ओपीएस के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी

प्रयागराज। एन0 एम0 ओ0 पी0 एस0 के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय महासचिव स्थित प्रज्ञा के संचालन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 15 सितंबर को दिल्ली में आयोजित की गई। इस मीटिंग में भारत के समस्त प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्षों तथा महासचिवों ने भाग लिया। जिसमें आगामी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। जिसके तहत 26 सितंबर को देश के समस्त जिला मुख्यालयों पर यूपीएस/ एनपीएस के खिलाफ आक्रोश मार्च होगा। 15 दिसंबर 2024 को दिल्ली में एन एम ओ पी एस का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय अधिवेशन में ही नये साल के कार्यक्रमों की मजबूत रूपरेखा बनेगी।बैठक में हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी तथा प्रदेश प्रभारी आई0 टी0 सेल अटेवा उत्तर प्रदेश सैय्यद दानिश इमरान को राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी बनाया गया। आई0 टी0 सेल0 प्रभारी सैय्यद दानिश इमरान को राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी एन एम ओ पी एस बनाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु, राष्ट्रीय महासचिव स्थित प्रज्ञा, समस्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी, समस्त प्रदेश अध्यक्ष एवं महासचिव सहित अटेवा उत्तर प्रदेश के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी। प्रयागराज के शिक्षक एवं कर्मचारियों मे खुशी की लहर व्याप्त है। अटेवा प्रयागराज के ज़िला अध्यक्ष जितेंद्र उर्फ़ जीतू भाई, महामंत्री आर के यादव प्रदेश संगठन मंत्री अशोक कनौजिया, राष्ट्रीय आई टी सेल सदस्य संजय पटेल, कर्मचारी नेता ज़िला मीडिया प्रभारी अटेवा रविशंकर मिश्रा सहित समस्त ज़िला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित देशभर के कर्मचारियों ने बधाई दिया।

केंद्र सरकार की विश्वकर्मा योजना छलावा साबित हुई- डॉ मानसिंह यादव

सपा कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा एवं पेरियार स्वामी की जयंती मनाई गई

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। सृष्टि के महान शिल्पी भगवान विश्वकर्मा एवं समाज के शिल्पी पेरियार स्वामी की जयंती आज समाजवादी पार्टी कार्यालय में धूमधाम से मनायी गयी। पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर फूल माला अर्पित कर पूजन अर्चन किया। वही समाज शिल्पी पेरियार स्वामी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।

इस मौके पर एमएलसी डॉक्टर मान सिंह यादव ने बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार की विश्व कर्मा योजना महज छलावा साबित हुई है उन्होंने कहा कि पिछले साल शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत बढ़ई ,लोहार, दर्जी ,सुनार, मूर्तिकार ,राजमिस्त्री ,नाई ,धोबी, कुम्हार,जूता बनाने वाले ,पत्थर का काम करने वाले आदि कुल 18 श्रेणियों के लोगों को चिन्हित किया गया था जिन्हें केंद्र

सरकार द्वारा आर्थिक लाभ देकर उन्हें अपने कार्य में और अधिक कुशलता लाने की योजना बनाई गई थी।

विधायक संदीप पटेल ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा शिल्पकारों, कलाकारों का सम्मान किया है। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की थी।

वक्ताओं ने पेरियार स्वामी को सामाजिक क्रांति का अग्रदूत बताते हुए कहा कि उन्होंने जीवन पर्यंत अंध विश्वास, पाखंड और सामाजिक गैर बराबरी के खिलाफ संघर्ष किया है। उनके विचार आज और अधिक प्रासंगिक हैं।

उधर प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के वारी चौराहे से विश्वकर्मा जागरूकता शोभा यात्रा भी निकाली गई जिसमे सैकड़ो दो पहिया, चार पहिया वाहनों से लोंगो ने भाग लिया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से सपा जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पूलाल निषाद, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, डॉ मानसिंह यादव, संदीप पटेल, पंधारी यादव, रविन्द्र यादव, जगदीश सिंह यादव, राम मिलन यादव, नरेन्द्र सिंह, राम राज बिन्द, दान बहादुर मधुर, आर.एन. यादव, सुमित विश्वकर्मा, राम निरंजन विश्वकर्मा, कृपा शंकर बिन्द, सचिन श्रीवास्तव, रामानुज, केशव विश्वकर्मा, प्रदीप निषाद, गीता भारतीय, जय शंकर भारतीय, ओ पी पाल, महेन्द्र सरोज, अनुज मिश्रा, नाटे चौधरी, मंगला पाल, रविन्द्र जैसल, आसुतोष तिवारी, ओम नारायण विश्वकर्मा, पंकज विश्वकर्मा, सुरेश चंद्र आदि उपस्थित रहे।

दस घंटे से बंद पड़ा है खंसार विद्युत उपकेंद्र

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर। उपखंड अधिकारी फूलपुर विद्युत के अधीन मैलहन गांव का खंसार उपकेंद्र भी है परंतु सुबह 6 बजे से बंद पड़ा है। बताया जाता है कि कपसा गांव में पेड़ गिरा है परंतु आलेमऊ ढ़कपूरा मैलहन से जम्फर खोल कर उपकेंद्र चलाने में संविदा लाइनमैन हीला हवाली बता रहे हैं। जबकि संविदा कर्मी स्वयं पोल पर नहीं चढ़ते हर गांव में दो-दो प्राइवेट कारीगरों को पाल रखे हैं। जो लाइन मेंटेन करते रहते हैं। इस परंपरा पर जेई से लेकर एसडीओ तक नकेल नहीं लगा पा रहे हैं। फिलहाल मंगलवार का दिन पूरा ब्रेकडाउन में बीत रहा है। एसडीओ प्राजंल मिश्रा से लेकर संविदा कर्मियों तक के फोन नहीं उठ रहे हैं। भाजपा नेता हिमांशु दुबे ने व्यवस्था के प्रति रोष प्रकट करते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही।

महापौर ने झाड़ू लगाकर किया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ

प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज द्वारा निर्धारित किए गए कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को %स्वच्छता ही सेवा% अभियान के शुभारंभ अवसर नगर निगम प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने सफाई मित्रो के साथ दारागंज के बक्शी सब्जी मंडी में झाड़ू लगाकर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस दौरान उन्होंने नगर निगम प्रयागराज के पूरे टीम के साथ बारिश में न सिर्फ झाड़ू लगाया साथ ही सब्जी मंडी में दुकानदारों और ग्राहकों को प्रतिदिन श्रमदान करने, अपने दुकान के सामने कूडादान और सब्जी मंडी में प्लास्टिक बैग के जगह कपड़े या जूट के झोले इस्तेमाल करने का आग्रह किया। अपने संबोधन के दौरान महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य स्वभाव स्वच्छता और संस्कार स्वच्छता है। हम सभी के स्वभाव में और संस्कार में स्वच्छता होना जरूरी है तभी हम विश्व गुरु बन पाएंगे।इस दौरान सहायक नगर आयुक्त सुश्री दीपशिखा पांडे और जोन 04 के जोनल अधिकारी संजय ममगाई आगामी कार्यक्रम के बारे में भी सबको अगवत कराया। श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस के आईईसी प्रमुख कृष्ण कुमार मौर्य ने बताया पूरे 02 किलो मीटर के एरिया में श्रमदान प्लाग रन और हर दुकान दस्तक अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया गया। इस दौरान कुल 127 किलो गीला और 20 किलो सुखा कूड़ा एकत्रित किया गया। जिसे प्रोसेसिंग यूनिट पर भेज दिया गया। कार्यक्रम के अंत में जोनल अधिकारी संजय ममगाई ने सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इस दौरान नगर निगम प्रयागराज से अनमोल रतन सिंह (मण्डल कार्यक्रम प्रबंधक), हर्ष जय सिंह (जिला कार्यक्रम प्रबंधक) जोनल अधिकारीगण, सारे एसएफआई गण, सफाई नायक गण, श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस, लायंस वेस्ट मैनेजमेंट, नीलकंठ वेस्ट मैनेजमेंट सफाई मित्र एव नगर निगम की पूरी टीम मौजूद रही।

गिट्टी व्यवसायी से हड़पे साढ़े चार लाख

दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

प्रयागराज। शाहगंज थाने में एक गिट्टी व्यवसायी ने ठेकेदार और उसके पिता के खिलाफ केस दर्ज कराया है। कारोबारी का कहना है कि गिट्टी मंगवाने के बाद भी उसके 4.40 लाख रुपए नहीं दिए गए। गिट्टी कारोबारी ने ठेकेदार से रकम वापस मांगी तो उसने जान से मारने की धमकी दी। शाहगंज पुलिस ने फैजल व उसके पिता आबदी नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा रोड निवासी रंगबहादुर यादव गिट्टी कारोबारी हैं। रंगबहादुर ने शाहगंज पुलिस को तहरीर दी है कि तीन साल पहले शाहगंज के रहने वाले फैजल ने गिट्टी लिया था। उसके बताई गई जगह- फूलपुर गिरोखड़ा में 13.60 लाख रुपए की गिट्टी गिरा दी गई। ठेकेदार ने 9.20 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। 4.40 लाख रुपए बकाया रहे। तब कहा गया कि गिट्टी बिछने के बाद रकम भुगतान की जाएगी। कारोबारी का आरोप है कि काफी समय बीत जाने के बाद भी रुपए नहीं दिए गए। रंगबहादुर का आरोप है कि बकाया भुगतान मांगने के लिए पहुंचे तो पिता-पुत्र ने जान से मारने की धमकी दी। कहा भाग जाओ यह मुस्लिम इलाका है। दोबारा आए तो बचकर नहीं जा पाओगे। जान से मार देंगे। शाहगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बी0ए0 प्रथम वर्ष प्रवेश प्रक्रिया शुरू

प्रयागराज। प्राचार्या, जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज, प्रयागराज ने बताया है कि महाविद्यालय में सत्र 2024-25 बी0ए0 प्रथम वर्ष का प्रवेश प्रारम्भ हो चुका है। सभी छात्राएं जिन्होंने सीयूईटी (यूजी) 2024 परीक्षा दी है, एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीकरण कराया है, उन्हें महाविद्यालय की वेबसाइट admissions. jtgdc.ac.in पर जाकर 17 सितम्बर से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर पंजीकरण कराना होगा।

वर्ग सीयूईटी में सम्मिलित एवं पंजीकृत सभी छात्राओं की काउंसिलिंग मेरिट के आधार पर होगी। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सीटों की उपलब्धता तक लगातार चलती रहेगी।

पंजीकृत छात्राओं की मेरिट के अनुसार ऑफलाइन काउंसिलिंग की सूचना महाविद्यालय की वेबसाइट एवं प्रवेश पोर्टल पर अद्यतन की जाती रहेगी। अभ्यर्थियों को एसएमएस एवं प्रवेश पोर्टल के माध्यम से काउंसिलिंग तिथि एवं विषय आबंटन की सूचना दी जायेगी। ऑफलाइन काउंसिलिंग प्रत्येक कार्यदिवस को प्रातः 09¬30 बजे से 11¬30 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण प्रकिया सीटों की उपलब्धता तक सभी दिवसों पर चलती रहेगी।

आगे की सूचना हेतु छात्राएं महाविद्यालय की वेबसाइट jtgdc.ac.in की नोटिस, दैनिक समाचार पत्रों तथा महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड को लगातार देखती रहें।

डिवाइडर से बाइक टकराई दो घायल

लोकमित्र ब्यूरो

झूंसी। झूंसी थाना क्षेत्र के हबीबपुर रोड पर अपाचे बाइक पर दो लोग सवार थे और नारे तस्लीम अल्ला हुअकबर का नारा लगाते हुए तेज रफ्तार में जा रहे थे। तभी बाइक अनियंत्री हो कर डिवाइडर में टकरा गई जिसमे दोनो रगड़ते हुए लगभग 25 मीटर दूर पटरी पर रुक गए आस पास के तत्काल दोनो को उठाया और दोनो दर्द से कराह रहे थे। एक के सिर में चोट लगाने से सिर के एक हिस्से में फूलने लगा तभी वहा मौजूद लोगो ने रुमाल लेकर उस युवक के सिर में पट्टी बाधी और उपचार कराया।लेकिन नाम पूछने पर कोई जवाब नही दिया। जब वहा से चलने लगे तभी दूसरे ने झूंसी निवासी बता कर दोनो बाइक पर सवार हो कर वहा से चल दिए। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को नहीं दी गई। लोगो का आरोप है की उजाला न होने से यहां पर इसी घटनाए होती रहती है। खंभे पर स्ट्रीट लाइट लगी है लेकिन वर्षो से बंद पड़ी है जिसके चलते दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र हो गया है।

सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य जन जन को लाभ- प्रभारी मंत्री

● प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह कौशाम्बी के प्रभारी मंत्री बनने के पश्चात प्रथम आगमन पर जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी धर्मराज मौर्य ने उनका जोरदार स्वागत कर अभिनंदन किया व मेडिकल कॉलेज में युवा मोर्चा द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74 वें जन्मदिन के अवसर पर कादीपुर मेडिकल कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर का प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने उनका उत्साहवर्धन किया। पश्चात आयोजित सभा में उपस्थित जनता जनार्दन को संबोधित किया सभी कार्यकर्ताओं के साथ केक काट कर प्रधानमंत्री जी का जन्म दिवस मनाया साथ ही वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु लोगों से अपील की उसके पश्चात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने उदयन सभागार में आयोजित बैठक में प्रतिभाग करने के पश्चात भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74 जन्मदिन मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर मंत्री का उत्बोधन प्राप्त हुआ जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ मंत्री ने संबोधित किया की आज प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर हम सभी सेवा पखवाड़ा के माध्यम से जन

जन की सेवा करेंगे सेवा पखवाड़ा में जैसे रक्तदान शिविर स्वच्छता अभियान गरीबों को भोजन वितरण अस्पतालों में मरीजों की सेवा वृद्धाआश्रम में सेवा पर्यावरण संरक्षण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम ऐसे तमाम मध्यम है जिससे हम सभी कार्यकता प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के अवसर पर जन सेवा कर उनको अपना आशीर्वाद दे।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्षा कल्पना सोनकर, निवर्तमान सांसद विनोद सोनकर, पूर्व जिलाध्यक्ष जय चंद्र मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल, सदस्यता अभियान संयोजक राकेश पाण्डेय, जिला महामंत्री संजय जायसवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता भोलेशंकर कुशवाहा आदि जिला पदाधिकारीगण व मण्डल अध्यक्ष गण मोर्चो के जिलाध्यक्ष गण आदि लोग उपस्थित रहे।

अध्यक्ष मंझनपुर ने प्रभारी मंत्री को भेंट किया स्मृति चिन्ह

कौशाम्बी। जनपद दौरे पर आए जिले के प्रभारी मंत्री का नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष ने गर्मजोशी से स्वागत किया है। यही नहीं उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया है। बता दे की आज जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश सिंह जनपद दौरे पर आए

यहां उन्होंने विकास कार्यों समेत अन्य तमाम पहलुओं पर बारीकी से पड़ताल की साथ ही साथ जिम्मेदार अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर बीरेंन्द्र फौजी ने भी उनसे मुलाकात की मुलाकात के दरमियान उन्होंने नगर पालिका के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की इससे पहले अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी ने उनका घर में जोशी से स्वागत किया साथ-साथ प्रभारी मंत्री को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया है।

कड़ा में 47 को स्वीकृति पत्र व 82 लाभर्थियों को वितरण हुई आवास की चाभी

● प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने स्वच्छता हेतु दिलाई शपथ

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के ब्लाक सभागार में मंगलवार को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को गृह प्रवेश के साथ चाबी का वितरण किया गया साथ ही लाभर्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण किया गया।

मंगलवार को विकास खंड कड़ा के ब्लॉक सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आवास के लाभर्थियों को चाभी वितरण किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार ने बिना किसी भेदभाव के गरीबों को सभी योजनाओं से जोड़ा है। इससे यह साबित होता है कि गरीब को केंद्र में रखकर काम करने की पहले की सरकारों की कोई योजना नहीं थी। उनकी कोई मंशा नहीं थी। आज प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के वर्ष 2023रू24 में स्वीकृत हुए प्रधानमंत्री आवास हेतु 67 मुख्यमंत्री आवास हेतु 15 लाभार्थियों को घरों की चाबी सौंपी गई साथ ही 47 लाभार्थियों को आवास हेतु स्वीकृति पत्र भी दिया गया ।

इस दौरान बीडीओ कड़ा दिनेश चंद्र ने कहा की पात्रता के आधार पर लाभार्थियों का चयन किया गया है उन्होंने लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए सभागार में मौजूद लोगो को स्वच्छता हेतु शपथ दिलाई। इस मौके पर भोले शंकर कुशवाहा , खंड विकास अधिकारी दिनेश चंद्र , एडीओ पंचायत अवधेश तिवारी , एपीओ जयचंद्र पांडेय , सचिव रमेश सोनकर , अजय सिंह , सोहन लाल , आफ्ताब आलम , ताज मोहम्मद , सत्य प्रकाश पांडेय , सत्येंद्र सिंह , सुरेश मौर्य , निखिल सिंह , विकास शर्मा , शरद श्रीवास्तव , कंप्यूटर आपरेटर प्रवीण कुमार सहित ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

नगर पालिका परिषद मंझनपुर में आवास के लाभार्थी को कराया गया गृह प्रवेश व वितरित हुआ प्रमाण पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर मंगलवार को नगर पालिका परिषद मंझनपुर क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभुकों को उनके नए आवासों में गृह प्रवेश कराया गया व एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जिसका उद्घाटन अपर जिला अधिकारी न्यायिक / परियोजना अधिकारी डूडा प्रबुद्ध सिंह ने फीता काटकर किया।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों में नगर पालिका परिषद मंझनपुर में कई लाभर्थियो को आवास उपलब्ध कराया गया था। मंगलवार को प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर कई लाभर्थियों को अपर जिला अधिकारी न्यायिक / परियोजना अधिकारी डूडा प्रबुद्ध सिंह ने नवनिर्मित आवास का फीता काट कर लाभार्थी को गृह प्रवेश कराया । जिसके बाद मौजूद लोगो को स्वच्छता हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान सीएलटीसी अदनान फैज, सीएमएम कामरान अहमद, अवर अभियंता धनपाल सिंह, अनुज मौर्य, प्रवीण कुमार, राजमणी, मुन्नू यादव, रामयश सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

बाइक चोरी करके भाग रहा शातिर ग्रामीणों के हत्थे चढ़ा

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। कड़ा के कुबरीघाट में दिनदहाड़े घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी करके भाग रहे शातिर को स्थानीय लोगों ने धर दबोचा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ लिखा पढ़ी कर दिया है।जानकारी के अनुसार कड़ा के कुबरी घाट निवासी मोनीष पुत्र राजकिशोर के घर के बाहर खड़ी बाइक को सोमवार की दोपहर एक शातिर चोर ने पार कर दिया।शातिर चोर बाइक लेकर घर से कुछ दूरी पर पहुंचा ही था कि शोर शराबा शुरू हो गया।स्थानीय लोगों ने सक्रियता दिखाई और शातिर को दौड़ाकर पकड़ लिया।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची कड़ाधाम पुलिस ने शातिर चोर को थाने ले आयी।पुलिस ने आरोपी पवन निवासी ओसा मंझनपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दो अदद चोरी की मोटरसाइकिल के साथ

वांछित गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उ0नि0 मनोज कुमार तोमर मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित मो0 शहबाज निवासी टिकरी उपरहार थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराजको भीखमपुर चन्दवारी गाव (सफेदा की बाग से) के पास से 02 अदद चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

दो वांछित गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस थानाध्यक्ष बलराम सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित मिथुन निवासी कमालपुर बरेठी थाना पिपरी को गोगुवा की बाग से गिरफ्तार किया गया। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस उ0नि0 अरुण कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित दिपक कुमार निवासी मोहरी बाग मजरा गोविन्दपुर गोरियो थाना सैनी को लोहंदा मोड से गिरफ्तार किया गया।

तीन वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना चरवा पुलिस उ0नि0 मुन्ना मय हमराह पुलिस बल द्वारा लवकुश, राम भजन, श्याम लाल पासी निवासीगण कलापत का पुरा थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 70 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 03 वाहन सीज किया गया।

नौकरी के साथ करे आईटीआई- मोहम्मद कौसर

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। नौकरी करने के साथ-साथ आईटीआई में प्रवेश कर मुख्य ब्रांच फिटर इलेक्ट्रिशियन इलेक्ट्रिक मैकेनिक चार व्हील इंजन मैकेनिक कंप्यूटर टीचर वगैरह पाठ्यक्रमों में पेशेवर एवं नौकरी पेशा वाले प्रवेश ले सकेंगे। इनकी कक्षाएं शाम को संचालित की जाएगी एवं इनको प्रकाशित पाठ सामग्री निशुल्क लेक्चर यूट्यूब द्वारा ऑनलाइन प्रदान किया जाएगा। इसमें प्रवेश के लिए आईटीआई की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं इसमें कार्यरत पेशेवर नौकरी पैसा चाहे वह राज्य के या केंद्र के पब्लिक प्राइवेट कंपनी एमएसएमई को प्रवेश दिया जाएगा। इस कोर्स में प्रवेश के लिए किसी कंपनी का फुल टाइम या पार्ट टाइम कर्मचारी होना चाहिए

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक के संघ के अधिकारियों ने बताया कि यह कावायद उद्योग के कर्मचारियों के भविष्य के लिए संजीवनी देने का काम करेगी। आईटीआई का प्रमाण पत्र भारत सरकार द्वारा दिया जाएगा जो कि हर प्रकार से नियमित आईटीआई के समतुल्य होगा।

बेरोजगारी युवाओं के मन में पैदा कर रही है कुंठा - अंकुर शुक्ला

● युवक कांग्रेस ने कलेक्ट पहुंचकर जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

● रोजगार के नाम पर पकौड़ा नहीं चलेगा, युवाओं ने पकौड़ी ताल जताया विरोध

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। आज देश में सरकार की गलत नीतियों के चलते युवक बेरोजगार हो रहे है। यहां तक की जो पहले रोजगार सृजन हुए थे वह भी धीरे-धीरे कम हो रहे हैं जिससे देश में अव्यवस्था फैल रही है और यह बेरोजगारी युवाओं के मन में कुंठा पैदा कर रही है। उक्त बातें मंगलवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने कही।

इस मौके राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन को सौंपते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर आज पूरा भारत का युवा किस बेरोजगार दिवस के रूप में मना रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री की ही गलत नीतियों के चलते देश में बेरोजगारी में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इस मौके पर उन्होंने बेरोजगारी को देखते हुए युवाओं की समस्याओं के समाधान हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

आज देश का युवा आत्महत्या करने पर मजबूर है इसको लेकर चिंता व्यक्त करते हुए अंकुर शुक्ला ने कहा की मौजूदा सरकार द्वारा या रोजगार दिया जाए या तो त्यागपत्र इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, महासचिव सूरज जायसवाल, अर्जुन विश्वकर्मा, ऋषभ तिवारी, हिमांशु शुक्ल, अंकित तिवारी, अमित पांडे, अंकुश पाल, अमित तिवारी आदि युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

महिला आरक्षियों ने महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बरों की दी जानकारी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सैनी, कड़ाधाम, महेवाघाट की मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,

मिशन शक्ति के तहत भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क, एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

नगर की स्वच्छता हमारी भी बड़ी जिम्मेदारी- कविता पासी

● अध्यक्ष व ईओ ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत किया श्रमदान

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। नगर में स्वच्छता ही सेवा के तहत मंगलवार से दो अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। स्वच्छता में भरवारी नगर पालिका का नाम देश-प्रदेश मे रोशन हो,अब इस उम्मीद को धरातल पर उतारने की बारी आ गई है। हमारी जिम्मेदारी नगर को अव्वल लाने की तैयारी,बेहतर परिणाम तय हैं।

कचरा न खुद फैलाएंगे और दूसरों को ऐसा करने से रोकेंगे, यही एक आदत भरवारी नगर पालिका की तस्वीर बदल सकती है ये बाते मंगलवार को अध्यक्ष कविता पासी ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा शुरु कर कही।

17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक ष्स्वच्छता ही सेवाष् कार्यक्रम की थीम ष्स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छताष् के अध्यक्ष कविता पासी,अधिशासी अधिकारी रामसिंह वार्डो के सभासद और निकाय के समस्त कर्मचारी गणों के साथ निकाय के वार्ड नंबर बीस केशव नगर के बस स्टॉप भरवारी से सार्वजनिक स्थलोंध् सड़कों पर विशेष सफाई अभियान चलाते हुए रेलवे क्रासिंग फाटक तक, करारी रोड में सफाई अभियान करते हुए वार्ड नंबर चौबीस शहीद गुलाब सेन नगर के मेहता रोड पर स्थित सार्वजनिक शौचालय तक तथा बस स्टॉप के पास चिन्हित जीवीपी स्थल पर श्रमदान करते हुए युद्ध स्तर पर सफाई का कार्य किया गया जिसमे जीवीपी को हटाया गया। सार्वजनिक स्थलों पर सफाई अभियान चलाया गया। सड़कों पर सफाई अभियान चलाया गया सार्वजनिक शौचालय के पास सफाई अभियान चलाया गया। एकत्र किए गए कूड़े को उसी समय एमआरएफ सेंटर भेजा गया। पीए सिस्टम के माध्यम से जनसामान्य को जागरूक किया गया। इस दौरान लिपिक बबलू गौतम, जोन प्रभारी राकेश सरोज, सभासद वीरेंद्र गौतम,प्रतिनिधि तुषार केसरवानी, घनश्याम, राजु, मनीष मौर्या, सफाई सुपरवायजर विकाश कुमार, ज्ञानेंद्र, प्रदीप, लवकुश सहित अन्य कई नगर कर्मी उपस्थित रहें।

मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की विधान सभाओं के मतदेय स्थलों के सम्भाजन के लिए प्राप्त सुझावध्प्रस्तावों को अन्तिम रूप देने के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड सहित अन्य अधिकारीगण एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

जवाहर नवोदय विद्यालय टेंवा में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 23 सितम्बर तक करें ऑनलाइन आवेदन

कौशाम्बी। प्रधानाचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय अरूण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2024 में जवाहर नवोदय विद्यालय टेवा में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। सत्र 2025-26 में जनपद के सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा-5 में अध्ययनरत समस्त अभ्यर्थी बेबसाइट पर 23 सितम्बर, 2024 तक प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है।

धूमधाम से हुआ गणेश प्रतिमा का विसर्जन, भक्तों ने गजानन को दी विदाई

भरवारी, कौशाम्बी। नगर क्षेत्र के भरवारी कस्बे में गणेश चतुर्थी को स्थापित भगवानवी गणेश की प्रतिमा का मंगलवार को भक्तों ने गाजा बाजा डीजे के साथ रसूलपुर गिरसा केजी तालाब में विसर्जन कर दिया इस दौरान भक्तों ने कस्बे की विभिन्न गलियों से जुलूस भी निकाला जिसमें भक्ति गीतों पर अबीर और गुलाल उड़ाकर युवक युवतियां, बच्चे महिलाएं जमकर झूमी विसर्जन के दौरान नगर पालिका परिषद क्षेत्र में बरसात होने लगी लेकिन आस्था के सैलाब को बरसात भी नहीं रोक पाई युवक युवतियां, बच्चे भक्ति गीतों पर बरसात के दौरान भी जमकर झूमते गाते श्रद्धा का भाव प्रकट किया है इसके पहले भगवान गणेश की पूजा सुबह से शुरू हो गई भगवान के दरबार में पुजारी ने विधि विधान से गणपत की पूजा अर्चना की उसके बाद आरती कर उन्हें भोग लगाया गया दोपहर में नेहरू नगर पानी टंकी बरम बाबा मंदिर, मेहता रोड , हनुमत निकेतन मंदिर पुरानी बाजार शंकर जी की मंदिर नया बाजारसहित कस्बे के अन्य कई मोहल्ले में स्थापित गणेश जी की प्रतिमा स्थापित गजानन के मूर्ति के सामने अंतिम दिन पूजन,हवन कर उन्हें विदाई दी गई शाम को भगवान गणेश की प्रतिमा को वॉर्ड पांच पंडित गिरधारी लाल मेहता नगर के तालाब में विसर्जित करने के लिए भक्त निकल पड़े इस दौरान सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रही चौकी प्रभारी अतुल श्रीवास्तव सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

14 लाभार्थियों को बांटे गया 1.26 करोड़ का ऋण

प्रतापगढ़। स्वरोजगार के इच्छुक 14 लाभार्थियों को 1.26 करोड रुपए का ऋण दिया गया है। मंगलवार को जिला खादी ग्रामोद्योग कार्यालय में आयोजित वितरण समारोह में एलडीएम गोपाल शेखर झा ने स्वरोजगारियों को स्वीकृति पत्र सौंपा। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत पांच लाभार्थियों को 70 लाख रुपए, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत 7 लाभार्थियों को 52 लाख रुपए और मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना के तहत दो लाभार्थियों को चार लाख रुपए का ऋण प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री माटी कला योजना के तहत सुनील प्रजापति और विशाल प्रजापति को मिट्टी से उत्पाद बनाने के लिए ऋण दिया गया है। एलडीएम गोपाल शेखर झा ने कहा कि स्वरोजगार अपनाने वाले युवाओं के साथ हम लोग सदैव खड़े हैं, प्रयास यह किया जाना चाहिए कि इसका दुरुपयोग न होने पाए। इस मौके पर जिला खादी ग्राम उद्योग अधिकारी नंदलाल पटेल, यूको बैंक विशाखा प्रबंधक आलोक पांडे, देवराज, अजीत कुमार पटेल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया संस्थापक दिवस

प्रतापगढ़। अनंत प्रसाद सिंह इंटर कॉलेज भदोही में संस्थापक दिवस बड़े धूम धाम संग मनाया गया। संस्थापक जी के 111वा जन्म दिवस पर कॉलेज के छात्र वा छात्राओं ने सांस्कृत प्रोग्राम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन मधुमाला पांडेय ने किया। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक बालेंदु सिंह अध्यक्ष भूपेंद्र प्रताप सिंह कॉलेज के संरक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह (बाबा सिंह) राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष करुदेश सिंह मुन्ना सिंह आदि ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रधानाचार्य मथुरा प्रसाद मिश्र ने बच्चो को जीवन में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत और ईमानदारी से काम करने की बात को बताया।इस मौके पर चंद्रशेखर सिंह इरफान कपिल सिंह कृष्ण कुमार सिंह अजीत पटेल पूर्व प्रधानाचार्य गंगाशरण सिंह राम दत्त यादव उपस्थित रहे।

विश्वकर्मा बस्ती में चलाया गया सफाई अभियान

मान्धाता प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन से अगामी 2 अक्टूबर महात्मा गांधी के जन्मदिवस तक सफाई अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान इस समय पुरे देश में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज भाजपा मंडल अध्यक्ष मान्धाता विक्रम नवीन सिंह ने मान्धाता के विश्कर्मा बस्ती में सफाई अभियान किया। उन्होंने बताया कि आज भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना घर घर पर हो रही है। इसलिए सब से पहले विश्वकर्मा बस्ती में ही सफाई अभियान चलाया गया और बताया कि 2 अक्टूबर तक यह सफाई अभियान चलाया जाएगा।

पुलिस ने गैगस्टर को किया गिरफतार

लीलापुर,प्रतापगढ़। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार किया है आरोपी सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट, धमकी देने के अपराध में संलिप्त है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराध एवं आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी कार्यवाहीध् अभियान के तहत जनपदवासियों की सूरक्षा सुनिश्चित किये जाने एवं अपराध नियंत्रण के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना लीलापुर पर दिनांक 16.09.2024 को मु0अ0सं0 356ध्24 धारा 2ध्3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 बनाम पुनित पाल उर्फविपिन पुत्र राजाराम निवासी ग्राम तिना थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ का अभियोग पंजीकृत किया गया था । इसी क्रम में दिनांक 17.09.2024 को थाना लीलापुर के उ0नि0 शंहशाह खान मय हमराह हे0कां0 का0 रामजीत चौहान, चालक कां0 सौरव यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र, पेण्डिंग विवेचना, तलाश वांछित व वारण्टी, चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर क्षेत्रान्तर्गत बाबूगंज तिराहा सगरासुन्दरपुर के पास से गैंगस्टर पुनित पाल उर्फविपिन पुत्र राजाराम निवासी ग्राम तिना थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ को गिरफ्तार किया गया ।

चोरी की धटना में महिला गिरफतार

कुण्डा,प्रतापगढ़। थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा चोरी की घटना से संबंधित अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत सिंह के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना नवाबगंज श्री धीरेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में उ0नि0 रमेश सिंह मय हमराह का0 विनोद यादव, म0का0 इति सिंह,म0का0 लवली द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुकदमा वादी की सूचना पर थाना नवाबगंज के मु0अ0सं0 159ध्2024 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्ता पिंकी कुमारी यादव पुत्री रविन्द्र राय निवासी सब्बलपुर नेवल टोला थाना सोनेपुर जनपद सारन राज्य बिहार को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत गौरी मोड़ परियावां के पास से चोरी के 02 अदद मोबाइल फोन व 03 अदद कीपैड मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस भादवि की बढ़ोत्तरी की गई।

प्रशान्त शुक्ल आमंत्रण हाकी प्रतियोगिता आज

प्रतापगढ़। खिलाड़ी स्वर्गीय प्रशांत शुक्ल की स्मृति में 18 सितंबर को आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसमें 16 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ी ही प्रतिभाग कर सकेंगे। यह जानकारी देते हुए आयोजक अनिल कुमार शुक्ल ने बताया कि प्रतियोगिता राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के खेल मैदान पर होगी। टूर्नामेंट में बालक एवं बालिका वर्ग की अलग-अलग प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ के अलावा कुशीनगर, भदोही एवं प्रयागराज की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ

● जब व्यक्ति स्वच्छ रहेगा और वातावरण को स्वच्छ रखेगा तो देश आगे बढ़ेगा-प्रभारी मंत्री

● प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व चाभी का किया वितरण

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी द्वारा भुवनेश्वर ओडिशा से विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण, शिलान्यास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों के खाते में प्रथम किस्त के हस्तांतरण तथा आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 हेतु आवास प्लस एप लॉन्च कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। सजीव प्रसारण का अवलोकन अधिकारियों, पीएम आवास योजना के लाभार्थियों व जनसामान्य द्वारा देखा गया। राज्यमंत्री परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत तुलसीसदन (हादीहाल) में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी व पार्टी पदाधिकारीगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने तुलसीसदन परिसर में पौधारोपण कर जनपद वासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया एवं कहा कि सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने प्रभारी मंत्री को अंगवस्त्रम् एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज के दिन भगवान विश्वकर्मा जी की भी जयन्ती है जिन्होने प्राचीन भारत को बनाने का कार्य किया और आधुनिक भारत के निर्माता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का भी जन्म दिन है। उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी देश व प्रदेश की जनता के लिये अपने आपको समर्पित किये हुये है। सरकार की जितनी भी योजनायें संचालित हो रही है वह सभी पात्र व्यक्तियों को मिल रहा है। उन्होने कहा कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक मनाया जायेगा इस कार्यक्रम को सब लोग मिलकर सफल बनाये। स्वच्छता हम सबके जीवन में महत्वपूर्ण है, जब व्यक्ति स्वच्छ रहेगा और वातावरण को स्वच्छ रखेगा तो देश आगे बढ़ेगा। साफ-सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है, यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है, स्वच्छता जरूरी है कि क्योंकि साफ-सफाई से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते है। स्वच्छता सभी लोगों को अपनी दिनचर्या में अवश्य ही शामिल करना चाहिये। स्वच्छता के माध्यम से हर घर में शौचालय बना है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को पक्का मकान मिल रहा है, जन-धन खाते के तहत लोगों के सीधे खाते में योजना का पैसा पहुँच रहा है। उन्होने कहा कि सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास और सबका विश्वास के साथ जनपद का विकास हो रहा है। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने आये हुये अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 08 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया जिनको तीनों किस्त का भुगतान कर दिया गया है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 10 लाभार्थियों जिनके आवास पूर्ण हो गये है उनको चाभी का वितरण किया गया। प्रभारी मंत्री जी ने इस दौरान उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलायी। परियोजना निदेशक डीआरडीए ने दयाराम यादव ने बताया कि जनपद के लो लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से वंचित थे उन्हें आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा जनपद के 1452 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किस्त के रूप में 40 हजार रूपये उनके खाते में हस्तान्तरित किये गये। इस दौरान प्रभारी मंत्री जी ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत ई-रिक्शा कूड़ा गाड़ी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, सांसद प्रतिनिधि, अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण व आम जनमानस उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा द्वारा किया गया।

केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को अवश्य दिया जाये-प्रभारी मंत्री

▶▶ प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ परिचायात्मक बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये

▶▶ जनपद के जनप्रतिनिधियों ने अपनी समस्याओं के सम्बन्ध में प्रभारी मंत्री को अवगत कराया

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। राज्यमंत्री परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह जी ने विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ परिचायात्मक बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने प्रभारी मंत्री जी को जनपद के इतिहास के सम्बन्ध में अवगत कराया है। प्रभारी मंत्री जी ने जनपद के अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर निर्देशित किया कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को अवश्य दिया जाये। अधिकारीगण जनप्रतिनिधियों से संवाद बढ़ाये जिससे समस्याओं का समाधान हो सके। यदि कोई भी व्यक्ति पात्र है तो उसको योजना का लाभ अवश्य दिया जाये, यदि कोई व्यक्ति गलत कर रहा है तो किसी भी दशा में उसे बख्शा न जाये, हम सभी लोग मिलकर एक टीम भावना के साथ कार्य को करें और आपस में सामंजस्य बनाकर चले। बैठक में विधायक विश्वनाथगंज ने शिकायत करते हुये हुआ कि लोक निर्माण विभाग द्वारा जो सड़के बनायी जाती है वह गुणवत्तायुक्त नही रहती है, सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटनायें होती रहती है जिस पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि लिखित में सूचना दी जाये, यदि जांच में दोषी पाये जायेगें तो कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। विधायक ने बताया कि बिजली की समस्यायें रहती है, ट्रान्सफार्मर के जल जाने पर उसे समय से नही बदला जाता, यदि ट्रान्सफार्मर बार-बार जलते है तो उसकी क्षमतावृद्धि करायी जाये जिस पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि सर्वे कराकर समस्या का समाधान कराया जाये। विधायक ने बताया कि नहरों में पानी की समस्या रहती है, कई जगह कट बन जाने और नहरों की साफ-सफाई न होने से पूरी तरीके से नहरों में पानी नही पहुँच पाता है जिस पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि जहां पर ऐसी समस्यायें है उसको दिखवा लिया जाये और आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि ओडीओपी के तहत जनपद के आंवला प्रोडक्ट को बढ़ावा दिया जाये और किसानों को योजना के तहत सब्सिडी प्रदान की जाये।

विधायक सदर ने जनपद के एक केन्द्रीय विद्यालय के प्रस्ताव हेतु अपनी बात रखी। बैठक में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, पूर्व विधायक धीरज ओझा सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

महिलाएं प्रशिक्षित होकर बनें स्वावलंबी-प्रतिभा केसरवानी

● कौशल प्रतियोगिता एवं विचार गोष्ठी का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयन्ती के शुभ अवसर पर जन शिक्षण संस्थान द्वारा नगर के रजत पैलेस में कौशल प्रतियोगिता एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिभा केसरवानी , अध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा ने अपने सम्बोधन में उपस्थित महिलाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे सदा आगे बढने हेतु प्रयासरत रहें । वर्ष 2014 के पश्चात महिलाओं की स्थिति में लाजवाब प्रगति हुई है । आप सभी आधी आबादी कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित होकर स्वावलम्बी बने । जन शिक्षण संस्थान इस क्षेत्र में सराहनीय प्रयास कर रहा है। भारत सरकार सबका विकास - सबका विश्वास सबका प्रयास के माध्यम से दुनिया की आधी आबादी को आगे बढ़ाने हेतु प्रयत्नशील है ।उन्होंने प्रधानमंत्री को जन्म दिन की शुभकामना दी ।श्रीमती केसरवानी ने कौशल प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों पायल , सिरीन, खुशी और महविश नाज को कमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया । इससे पूर्व संस्थान के अध्यक्ष अंजर खान एवं निदेशक यू0 पी0 सिंह ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया ।कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन संस्थान की सहायक कार्यक्रम अधिकारी वर्षा घुले ने किया।

प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ

● स्वच्छता कार्यक्रम को अभियान के रूप में लिया जाय- रोशनलाल उमरवैश्य

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस को माई युवा भारत प्रतापगढ़, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नगर पालिका अंतर्गत करनपुर में स्वच्छता कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य तथा उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने झाड़ू लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0बी0 सिंह, माई भारत युवा कार्यक्रम के लेखाकार विनय कुमार मिश्रा, युवा मंडल अध्यक्ष श्याम नारायण पटेल, पूर्व एन वाई वी आयुष सिंह, कार्यक्रम में रामफेर गुप्ता, रूपचंद, नितिन तिवारी, मंजीत सिंह एन0आई0एस0 कोच योगासन तथा माई युवा भारत प्रतापगढ़ विभाग के कर्मियों ने भी स्वच्छता अभियान में सहभागिता की।इस अवसर पर माई युवा भारत प्रतापगढ़,युवा कार्यक्रम विभाग के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कार्यालय पर एक स्वच्छता गोष्ठी भी आयोजित की गई। उपनिदेशक श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस को स्वच्छता अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री जी के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरा होने पर किए गए विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस पर आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम को अभियान के रूप में मनाया गया। उन्होंने जनमानस से आवाहन किया कि सभी लोग स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए अपने घर के आसपास स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें तथा मोहल्ले एवं ग्राम के पड़ोसियों को भी स्वच्छता के महत्व की जानकारी देते हुए स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की सक्रिय भागीदारी निभाएं।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0बी0 सिंह, माई युवा भारत प्रतापगढ़, युवा कार्यक्रम विभाग के लेखाकार विनय कुमार मिश्रा तथा उपस्थित लोगों ने अपने विचार व्यक्त किया तथा स्वच्छता अभियान से जुड़ने का संकल्प लिया।अंत में उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

धूमधाम से पूजे गए देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा निकाली गयी शोभायात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

रानीगंज (प्रतापगढ़)। देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा के पूजनोत्सव को धूमधाम से मनाया गया और लोगों द्वारा शोभायात्रा भी निकाली गयी। रानीगंज क्षेत्र के दुर्गागंज बाजार, रानीगंज, रामापुर सुवँसा में मशीनरी एवं कारीगरी उद्योगो से जुड़े लोग सुबह से ही मशीन एवं औजार की सफाई कर सजाकर रख दिए और भगवान विश्वकर्मा जी की धूमधाम से पूजा अर्चना की। कई जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया। सुबह से ही बारिश होने के कारण आयोजन में बाधा उत्पन्न हुई फिर भी लोगों में उत्साह नजर आया। दुर्गागंज रानीगंज में सुभाष विश्वकर्मा रामापुर में प्रकाश विश्वकर्मा सुवंशा में सुनील जायसवाल द्वारा झांकी प्रस्तुत की गयी।विश्वकर्मा योद्धा संगठन के तत्वावधान में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी के पूजनोउत्सव का कार्यक्रम कुसमी निवासी पवन कुमार विश्वकर्मा के आवास पर पंडित लालता प्रसाद शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजन हवन आरती करके किया गया घ। तत्पश्चात भगवान विश्वकर्मा की झांकी विश्वनाथगंज के विधायक जीत लाल पटेल द्वारा ध्वज पताका दिखाकर रवाना किया गया । झांकी भगवा चुंगी होते हुए घंटाघर चौक राजापाल चौराहा अंबेडकर चौराहा होते हुए ट्रेजरी चौराहा पुनः भगवा चुंगी होते हुए कुसमी में समापन किया गया । इस अवसर पर अपना दल एस के प्रदेश सचिव कमलेश विश्वकर्मा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की पूजा संपूर्ण विश्व में की जाती है । इनके पूजन से सभी की मनोकामना पूर्ण होती है। कार्यक्रम के आयोजक पवन कुमार विश्वकर्मा ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर मुन्नू विश्वकर्मा राजेश विश्वकर्मा भरत व्यास शर्मा एडवोकेट संजय राज पटेल रामचंद्र पटेल बादल पटेल अध्यक्ष नगर पंचायत मांधाता राजकुमार पटेल अश्वनी सोनी सुभाष सोनी गोविंद सोनी दिनेश प्रताप उर्फ दिन्नूआदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे घ् ।

संक्षिप्त खबरें

मार्ग हादसे में घायल की शिकायत पर बोलेरों चालक के विरुद्ध केस दर्ज

सिराथू, कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव के नजदीक गंगा स्नान कर घर लौट रहे बाईक सवार बोलेरो की टक्कर से मार्ग हादसे में जख्मी हो गए थे जिसके बाद घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, पीड़ित की तहरीर पर कड़ा धाम पुलिस ने बोलेरों चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है ।फतेहपुर जनपद के बिंदकी के हरदौली के रहने वाले आयुष पटेल पुत्र संजीव कुमार ने कड़ा धाम पुलिस को तहरीर देकर बताया की 13 सितंबर को उसका भाई हिमांशु उर्फ अमन , अपने साथी फतेहपुर के हुसैन गंज थाना क्षेत्र के सरायडीरा निवासी सोनू यादव पुत्र शत्रुघ्न यादव व चितिशापुर निवासी अंशु पुत्र राधेश्याम के साथ पल्सर बाइक से गंगा स्नान के लिए कड़ा धाम गए थे , गंगा स्नान के बाद तीनो लोग वापस घर के लिए लौट रहे थे लगभग चार बजे कड़ा धाम के गढ़ी गांव के नजदीक तेज रफ्तार बोलेरो बाईक में टक्कर मारकर फरार हो गया हादसे में हिमांशु का पैर टूट गया जबकि साथ में रहे सोनू यादव भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिनको स्थानीय लोगो की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया , आयुष की तहरीर पर कड़ा धाम पुलिस ने बोलेरों चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है ।

अज्ञात बाइक सवार दम्पति का मोबाइल -पैसा लेकर फरार

कड़ा, कौशाम्बी। कड़ाधाम थाना क्षेत्र के सौरई मोड़ के समीप अज्ञात बाइक सवार सवार दम्पति से उनका पैसा, गहना व अन्य सामान छीनकर फरार हो गए।मामले की जानकारी पीड़ित दम्पति ने पुलिस को दी तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी।जानकारी के अनुसार अवनीश मौर्या पुत्र हरिश्चंद्र मौर्या निवासी करनपुर सिंगरामऊ जौनपुर अपनी पत्नी ज्योति मौर्या के साथ वर्तमान समय में प्रेम नगर में किराए के मकान में रहते हैं।अवनीश ने बताया कि सोमवार कि रात करीब 9 बजे वह अपनी पत्नी के साथ इलाहाबाद से दवा लेकर सैनी नहर रोड से फतेहपुर जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के प्रेमनगर बाजार जा रहा था इसी दौरान सौरई मोड़ के समीप बाइक सवार तीन लोगों ने ओवरटेक करके बाइक रुकवाई और दम्पति का मोबाइल फोन, जेवरात समेत करीब ढाई हजार की नगदी व कुछ जरूरी दस्तावेज छीन लिए इतना ही नही गाड़ी की चाभी भी लेकर फरार हो गए।मामले की जानकारी पुलिस प्रशासन को हुई तो एएसपी राजेश कुमार सिंह, सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा सहित कड़ाधाम व सैनी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की बारीकी से जांच पड़ताल की।पीड़ित दम्पति की तहरीर पर कड़ाधाम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

दबंग भाइयों ने पुराने विवाद में महिला को पीटा

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के रसूलाबाद कोइलहा गांव में मंगलवार की सुबह दबंग भाइयों ने पुराने विवाद को लेकर एक महिला को जमकर पीट दिया। पिटाई से उसे काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर तीन भाइयों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।संदीपन घाट क्षेत्र के रसूलाबाद कोइलहा गांव की रेखा देवी पत्नी धर्मेन्द्र रैदास के अनुसार उसका पड़ोसी के साथ मारपीट का पुराना विवाद चल रहा है। मंगलवार की सुबह पति के मजदूरी करने चले जाने पर पड़ोसी दबंग तीन भाई उसी विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आये और अनायास गाली-गलौच करने लगे। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन्होंने डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से रेखा को काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। दोपहर में पति के घर लौटने पर महिला ने उसको मामले की जानकारी दी। घायल महिला ने पति के साथ थाने जाकर तीनों भाइयों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

झमाझम बारिश से बदला मौसम, धान की फसल गिरने से किसान चिंतित

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र में मंगलवार को पूरे दिन हुई बारिश से मौसम लगातार रंग बदल रहा है। मंगलवार को झमाझम बारिश के साथ चली तेज हवा से क्षेत्र में धान की फसल गिर गई। मौसम वैज्ञानिक आगामी कई दिनों तक बारिश होने की संभावना जता रहे हैं। रविवार को गर्मी के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बीच कई स्थानों पर झमाझम बारिश हुई तो अन्य स्थानों पर बूंदाबांदी तक सीमित रही। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से किसानों की धान की फसल गिर गई। अपनी गिरी फसल को देख किसान चिंतित हैं। किसान घनश्याम यादव और करन सिंह ने बताया कि खेत में गिरी अधिकतर फसल अभी ऐसी है, जिसमें बाली नहीं बनी है। ऐसे में दाना न बनने और उत्पादन कम होने से नुकसान हो सकता है।

अज्ञात बाइक सवार दम्पति का मोबाइल -पैसा लेकर फरार

कड़ा, कौशाम्बी। कड़ाधाम थाना क्षेत्र के सौरई मोड़ के समीप अज्ञात बाइक सवार सवार दम्पति से उनका पैसा, गहना व अन्य सामान छीनकर फरार हो गए।मामले की जानकारी पीड़ित दम्पति ने पुलिस को दी तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी।जानकारी के अनुसार अवनीश मौर्या पुत्र हरिश्चंद्र मौर्या निवासी करनपुर सिंगरामऊ जौनपुर अपनी पत्नी ज्योति मौर्या के साथ वर्तमान समय में प्रेम नगर में किराए के मकान में रहते हैं।अवनीश ने बताया कि सोमवार कि रात करीब 9 बजे वह अपनी पत्नी के साथ इलाहाबाद से दवा लेकर सैनी नहर रोड से फतेहपुर जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के प्रेमनगर बाजार जा रहा था इसी दौरान सौरई मोड़ के समीप बाइक सवार तीन लोगों ने ओवरटेक करके बाइक रुकवाई और दम्पति का मोबाइल फोन, जेवरात समेत करीब ढाई हजार की नगदी व कुछ जरूरी दस्तावेज छीन लिए इतना ही नही गाड़ी की चाभी भी लेकर फरार हो गए।मामले की जानकारी पुलिस प्रशासन को हुई तो एएसपी राजेश कुमार सिंह, सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा सहित कड़ाधाम व सैनी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की बारीकी से जांच पड़ताल की।पीड़ित दम्पति की तहरीर पर कड़ाधाम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

तेरह घंटे बंद रही बालकमऊ विद्युत सब स्टेशन की आपूर्ति, पच्चीस गावों के लोग परेशान

भरवारी, कौशाम्बी। विद्युत उपकेंद्र बालकमऊ से मंगलवार की सुबह पांच बजे पर अचानक आपूर्ति बंद हो गई। इसके बाद पूरा दिन बिजली नहीं आई। इस बीच लोग सुबह से हो रही बारिश की वजह से उमस भरी गर्मी से परेशान नहीं हुए वहीं पानी की समस्या से बिलबिला उठे। विभाग फॉल्ट खोजने में दिन भर लगा रहा। देर शाम में आपूर्ति बहाल करने का दावा किया गया।बालकमऊ विद्युत सब स्टेशन से इचौली, कादीपुर, नियमतापुर, बिसारा , दशरथपुर , बालकमऊ, भादवा, खोराव सहित पच्चीस गावों के हजारों घरों में बिजली आपूर्ति होती है। सुबह पांच बजे सब स्टेशन से आपूर्ति बंद हो गई। इसके साथ ही नगर पालिका के बिसारा और बालकमउ पंप भी बंद हो गए। लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंचा और उन्हें परेशान होना पड़ा ऐसे में लोग बेहाल रहे। लोगों को बताया गया कि आपूर्ति टेवा विद्युत सब स्टेशन से ब्रेक डाउन होने की वजह से बिजली आपूर्ति बंद है

रिद्धी सिद्धी ग्रुप ऑफ स्कूल भरवारी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्वकर्मा पूजा

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। भरवारी स्थित एन.डी .कॉन्वेंट स्कूल, केपीएस भीटी एवं भरवारी,रिद्धि सिद्धि कॉलेज,रिद्धि सिद्धि अकादमी में आज विश्वकर्मा पूजा बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाई। यह पूजा भगवान विश्वकर्मा, जिन्हें दिव्य शिल्पकार माना जाता है, को समर्पित थी। स्कूल परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था, और पूजा के लिए एक विशेष वेदी तैयार की गई थी।पूजा में स्कूल के शिक्षक, छात्र और अन्य कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने अपने शैक्षणिक और पेशेवर जीवन में सफलता और समृद्धि के लिए भगवान विश्वकर्मा से आशीर्वाद मांगा। पूजा के बाद सभी को प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे सभी ने प्रसन्नता से ग्रहण किया।संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता जी ने अपने संबोधन में विश्वकर्मा पूजा के महत्व को रेखांकित किया और मेहनत, सृजनशीलता और समर्पण के गुणों को अपनाने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों से उत्कृष्टता की दिशा में प्रयास करने की अपील की।यह आयोजन न केवल स्कूल समुदाय के बीच आध्यात्मिक संबंधों को मजबूत करने का अवसर था, बल्कि छात्रों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं के बारे में जानने का मौका भी मिला।कार्यक्रम का समापन एक सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल में हुआ, जिसमें सभी ने स्कूल और समाज के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्थान की डॉयरेक्टर सीमा पवार जी,डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्र जी,केपीएस भीटी प्रिंसिपल रमेश श्रीवास्तव, एकेडमी डायरेक्टर सुभाष, विजय, कोर्डिनेटर नितेश सचिन त्रिपाठी, रंजीत, शशांक श्रीवास्तव, सौरभ आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

सिराथू नगर पंचायत में आवास के लाभार्थी को कराया गया गृह प्रवेश

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर मंगलवार को सिराथू नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभुकों को उनके नए आवासों में गृह प्रवेश कराया गया। जिसका उद्घाटन अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी ने फीता काटकर किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों में नगर पंचायत सिराथू में 115 पात्र लाभार्थियो को आवास उपलब्ध कराया गया था । मंगलवार को प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर पांच लाभर्थियों को अधिशासी अधिकारी ने नवनिर्मित आवास का फीता काट कर लाभार्थी को गृह प्रवेश कराया । जिसके बाद मौजूद लोगो को स्वच्छता हेतु शपथ दिलाई गई । इस दौरान नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी , अवर अभियंता अंकित सिंह चंदेल , लेखा लिपिक डिप कमल , बबलू यादव , महेश सिंह , सभासद मिथलेश केसरवानी , ज्ञान सिंह सहित नगर पंचायत के सभासद मौजूद रहें।

रेड एफएम की टशनबाज प्रतियोगिता में अनुष्का को मिला प्रथम स्थान

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। तहसील क्षेत्र के रसूलाबाद उर्फ कोइलहा स्थित मधु वाचस्पति इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की छात्रा अनुष्का को रेड एफएम 93.5 की तरफ से आयोजित टशनबाज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला है। इस खुशी में मंगलवार को उसे कालेज प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया।प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित ब्लेसिंग होटल में रविवार को रेड एफएम द्वारा टशनबाज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें एक कालेज से एक छात्र और एक छात्रा को प्रतियोगिता में शामिल किया गया था। इसमें दस कालेजों के छात्र और छात्राओं ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में बच्चों से डांस, गीत और कॉमेडी कराया गया। जिसमें कोइलहा स्थित मधु वाचस्पति इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की छात्रा अनुष्का ने एवं छात्र सुजय कुमार यादव ने प्रतिभाग किया था। कालेज की छात्रा द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने की जानकारी कालेज को हुई तो खुशी की लहर दौड़ गई। मंगलवार को इस उपलक्ष्य में पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस बीच अनुष्का और प्रतिभाग करने वाले छात्र सुजय कुमार यादव को संस्थान के चौयरमैन डा वाचस्पति द्वारा पुरस्कृत किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ0 एमपी गौतम, कुलसचिव समर अब्बास, डीन इंजी0 अजय सिंह ने बधाई दी। इस अवसर पर डॉ0 संजीव श्रीवास्तव, पंकज शुक्ल, समीर प्रजापति और दुर्गेश विश्वकर्मा आदि उपस्तिथ रहे।

सिराथू में 42 को स्वीकृति पत्र व 110 लाभर्थियों को वितरण हुई आवास की चाभी

● प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर वृद्धा ने काटा केक

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के ब्लाक सभागार में मंगलवार को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को गृह प्रवेश के साथ चाबी का वितरण किया गया साथ ही लाभर्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण किया गया । मंगलवार को विकास खंड सिराथू के ब्लॉक सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आवास के लाभर्थियों को चाभी वितरण किया गया जिसका लाइव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिराथू ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार ने बिना किसी भेदभाव के गरीबों को सभी योजनाओं से जोड़ा है। इससे यह साबित होता है कि गरीब को केंद्र में रखकर काम करने की पहले की सरकारों की कोई योजना नहीं थी। उनकी कोई मंशा नहीं थी। आज प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के वर्ष 2023रू24 में स्वीकृत हुए 110 लाभार्थियों को घरों की चाबी सौंपी गई साथ ही 42 लाभार्थियों को आवास हेतु स्वीकृति पत्र भी दिया गया ।

इस दौरान बीडीओ सिराथू भवेश शुक्ल ने पात्रता के आधार पर लाभार्थियों का चयन किया गया है उन्होंने लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आवास की लाभार्थी सिराथू ब्लॉक के मोहिउद्दीनपुर बेला गांव की 70 वर्षीय वृद्धा चलाका देवी पत्नी जोखू के द्वारा केक काटा गया इस मौके पर मौजूद लोगो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए लंबी आयु की कामना किया।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी भवेश शुक्ल , एडीओ पंचायत विश्वबंधु सहित सचिव व प्रधान मौजूद रहे।

शौच के लिए युवती के साथ अश्लील हरकत के आरोप में युवक पर केस दर्ज

सैनी, कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली एक युवती तीन दिन पहले घर से बाहर शौच के लिए गई थी इस दौरान मोहल्ले का एक युवक युवती का हाथ पकड़कर अश्लील हरकत करने लगा, युवती के विरोध करने पर युवक मारपीट करने लगा,युवती के शोर मचाने पर युवक मौके से फरार हो गया , युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध केस दर्ज जांच में जुट गई है।कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली एक युवती ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की वह शनिवार की शाम घर से बाहर शौच के लिए गई थी , युवती का आरोप है की पहले से ही घात लगाए मोहल्ले का ही एक युवक जबरन हाथ पकड़कर गिरा दिया और अश्लील हरकत करने लगा, युवती के विरोध करने पर युवक मारपीट करने लगा, शोर मचाने पर युवक मौके से फरार हो गया । युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक टिकैत गुट करेगें अनिश्चित कालीन धरना

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक टिकैतगुट के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिला उपाध्यक्ष बच्चालाल के नेतृत्व में निम्न मोंगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरना डायट मैदान मुख्यालय में करेगें। धरनें का संचालन डॉ0 ए0के0 दुबे जिलाउपाध्यक्ष करेंगें। यह कि ग्राम हिनौता का चकमार्ग का शीघ्र निस्तारण किया जाये और उपजिलाधिकारी चकमार्ग हिनौता में क्या निस्तारण हुआ धरने पर बैठे पदाधिकारी व कार्यकर्ता को निस्तारण व फैसले को अवगत करायें। 2. यह कि ब्लाक सरसवों अन्तर्गत ग्राम सभा सेंगरहा में ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान द्वारा की गयी कालाबाजारी तथा भ्रष्टाचार की जाँच के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं की गयी जबकि जिलाधिकारी ने टीम गठित कर रखा है।यह कि ग्राम टहेरा में नवीन परती गाटा का क्या निस्तारण हुआ तथा ग्राम टहेरा में 23. अगस्त, 2024 को राकेश सिंह ब्लाक उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन सरसवों पर रात्रि 09 बजे जान लेवा हमला हुआ जिसमें हमलावर अजय सिंह, बाल कुमार सिंह, व अतुल सिंह पुत्रगण छेदीलाल सिंह निवासी ग्राम-टहेरा के अपनें साथ बाहरी गुण्डो को बुलाकर साथ में राकेश सिंह के ऊपर जानलेवा हमला किया इसका क्या निस्तारण किया गया, और क्रॉस एफ0आई0आर0 किस आधार पर हुआ आज तक हमलावर क्यों नहीं गिरफ्तार किये गये, मौके से बाहरी हमलावर अपनी पल्सर गाडी जिसका हमलावर छोड़कर भाग गये जो कि थाना पश्चिम शरीरा में खड़ी है। यह कि बिजली की कटौती सिचाई के समय न किया जाये इसको संज्ञान में लिया जाये और जे0ई0 पश्चिम शरीरा को निर्देशित किया जाये कि दिन में छापा मारनें का काम करें रात्रि में नहीं किसानों को नाहक परेशान न किया जाये। यह कि सरकार धान का बीज हाईब्रिड देती है, तो उसे क्रय केन्द्र में खरीदा जाये और सहकारी समितियों में डाई, यूरिया, पोटाश समय-समय में उपलब्ध कराई जाये। यह कि आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में रखवाया जाये, आवारा पशुओं से किसान बहुत परेशान है रातभर किसान अंधेरे में खेतों की रखवाली में परेशान होता है। जिससे किसानों की फसलों को बहुत नुकसान होता है। यह कि समदा व अन्य चौराहों पर मूत्रालय व शौचालय का शीघ्र निर्माण कराया जाये बाजार व बाहरी राहगीरों को मूत्रालय व शौचालय करने के लिए बहुत दिक्कत होती है. तथा डायट मैदान में बने सुलभ शौचालय को खुलवाया जाये, जो काफी समय से बन्द है। यह कि जो भूमि विकास बैंक जो चायल का आज भी प्रयागराज में चल रहा है उसे चायल कौशाम्बी में लाया जाये। यह कि किसानों की जो फसल खराब होती है उसका फसल बीमा योजना का लाभ किसानों को नहीं दिया जाता सरकार बड़े-बड़े वादे करती है।

परिक्रमा करते समय बुजुर्ग का फिसला पैर

कड़ा, कौशाम्बी। शक्तिपीठ कड़ाधाम में दर्शन पूजन को आया बुजुर्ग मन्दिर परिसर में परिक्रमा लगाते समय फिसल कर गिर पड़ा।हादसे में बुजुर्ग का कूल्हा टूट गया।जानकारी के अनुसार प्रयागराज जनपद के डांडी निवासी जगदीश केशरवानी पुत्र सीताराम 65 वर्ष सोमवार को अपने परिवार के साथ मां शीतला के दर्शन पूजन के लिए कड़ाधाम आया था। बताते हैं कि पूजन अर्चन के बाद बुजुर्ग मन्दिर परिसर में परिक्रमा कर रहा था तभी फर्श पर पानी पड़े होने के कारण बुजुर्ग का पैर फिसल गया और वह गिर पड़ा ।हादसे में बुजुर्ग का बाये पैर का कुल्हा टूट गया।परिजनो ने बुजुर्ग को इलाज के लिए प्रयागराज में भर्ती कराया है।

अपना दल एस ने पार्टी कार्यालय में मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। अपना दल एस के तत्वाधान में पार्टी कार्यालय मंझनपुर में कार्यवाहक जिला अध्यक्ष देवनारायण सिंह पटेल की अध्यक्षता में भगवान विश्वकर्मा की जयंती समारोह एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव पंचायत मंच जवाहरलाल सिंह पटेल उर्फ बादशाह एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव भानु प्रताप सिंह पटेल एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य छेदीलाल सिंह पटेल, प्रदेश महासचिव पंचायत मंच भागीरथी सिंह पटेल राष्ट्रीय महासचिव किसान मंच, वासुदेव सिंह पटेल मौजूद रहे। कार्यक्रम समारोह में भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे डॉक्टर डॉ चंद्र भवन पाल जिला उपाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला जिला उपाध्यक्ष अजमेर सिंह पटेल जिला अध्यक्ष चिकित्सा मंच जीशान वारसी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच विधानसभा अध्यक्ष अश्वनी कुमार पटेल विधानसभा उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह पटेल रामहित आर्य जिला उपाध्यक्ष शिव बाबू सरोज जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार गर्ग जिला महासचिव शिवसागर सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष राममिलन पटेलजिला मीडिया सचिव सुभाष सिंह जिला सचिव अमर सिंह विधानसभा अध्यक्ष चायल लल्लू राम पटेल नसीम अहमद पुष्पेंद्र पटेल जिला उपाध्यक्ष युवा मंच सूबेदार सिंह पटेल जिला कोषाध्यक्ष लल्लू राम पटेल विधानसभा अध्यक्ष सिराथू शिव भवन पटेल जिला अध्यक्ष आईटी सेल सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

सराय अकिल कस्बे में शानो शौकत से निकाला जुलूसे मुहम्मदी

लोकमित्र ब्यूरो

सराय अकिल, (कौशाम्बी)। नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में बारावफात पर्व के जुलूस बड़े धूमधाम से मनाया गया जुलूस में खूबसूरत झांकियों मक्का, मदीना और करबला की सुंदर आकृति जुलूस के साथ शामिल रहे, बारावफात पर पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहे।बता दे ,सराय अकिल कस्बे में बारावफात पर कस्बे में जगह जगह जुलूस बड़े धूमधाम से निकला गया पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहे,कस्बे में फकीराबाद भगौतीगंज बुद्ध पुरी मौलवी गंज से जुलूस निकाला गया जो शांतिपूर्वक संपन्न हुआ,कस्बे में जुलूस को अलग-अलग समय पर निकला गया, जुलूस के दौरान जगह-जगह लोग लंगर भी बांटते नजर आये। इस जूलूस मे खूबसूरत झांकियों के रूप में मक्का, मदीना और करबला की सुंदर आकृति जुलूस के साथ शामिल रहे, बारावफात पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह रामप्रवेश कस्बा इंचार्ज भानु प्रताप सिंह निखिल कुमार शिव बाबू राजेश आदि पुलिसकर्मी अपने दल बल के साथ जुलूस के साथ-साथ मौजूद रहे।

सम्पादकीय

जमानत की शर्तें तर्कसंगत हो

यह कैसी विडम्बना है कि केजरीवाल जेल में रहते हुए भी मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं लेकिन जेल से बाहर आकर मुख्यमंत्री के रूप में काम नहीं कर सकते !सुप्रीम कोर्ट ने 12 जुलाई को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब नीति में हुए कथित घोटाले से जुड़े ईडी के मामले में जमानत दी थी। इसके दो महीने बाद 13 सितंबर को उसने सीबीआई के मामले में भी उनको जमानत दे दी। दोनों ही मामलों में जमानत की एक समान और बेहद कठोर शर्तें लगाई गईं। मुख्यमंत्री को जमानत देते हुए जैसी शर्तें लगाई गई हैं वह हैरान करने वाली हैं। क्योंकि खुद सर्वोच्च अदालत ने कई मामलों में कहा है कि जमानत देते समय सोच समझ कर शर्तें लगानी चाहिएं। केजरीवाल का मामला और भी आश्चर्यजनक इसलिए है क्योंकि जब वे जेल में थे तब सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने इस सवाल पर विचार किया था कि वे जेल में रह कर सरकार के फैसलों से जुड़ी फाइलों पर दस्तखत कर सकते हैं या नहीं। लेकिन एक दूसरी बेंच ने उनको जमानत देते हुए फाइलों पर दस्तखत करने पर रोक लगा दी।सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच के सामने एक मामला आया था, जिसमें जेल काट रहे एक सजायाफ्ता याचिकाकर्ता ने कहा था कि दिल्ली सरकार उसकी सजा माफ करने में देरी कर रही है। जजों ने इस बारे पूछा तो दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल में बंद हैं इसलिए फाइलों पर दस्तखत नहीं कर पा रहे हैं, जिससे देरी हो रही है। तब अदालत ने एडिशनल सॉलिसीटर जनरल से पूछा था कि क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोकने के लिए कोई प्रतिबंध आदेश है? बेंच ने कहा हम इसकी जांच करना चाहते हैं क्योंकि इससे सैकड़ों मामले प्रभावित होंगे। इस सवाल पर एडिशनल सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि वे इस मुद्दे पर निर्देश लेंगी। इसके बाद कोर्ट को बताएंगी। यह पांच सितंबर का मामला है।इसके एक हफ्ते बाद 13 सितंबर को जस्टिस उज्ज्वल भुइंया और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने केजरीवाल को जमानत दी लेकिन कई शर्तों में एक शर्त यह लगा दी कि वे फाइलों पर दस्तखत नहीं कर सकेंगे। इतना ही नहीं अदालत ने यह भी कहा कि वे मुख्यमंत्री कार्यालय नहीं जाएंगे। आमतौर पर जमानत में जो शर्तें लगाई जाती हैं जैसे आरोपी सबूतों व गवाहों से छेड़छाड़ नहीं करेगा या मुकदमे के बारे में बयानबाजी नहीं करेगा, जमानत के बॉन्ड भरेगा, जरुरत होने पर अदालत और एजेंसी के सामने पेश होगा आदि, ऐसी सारी शर्तें केजरीवाल पर भी हैं। लेकिन मुख्यमंत्री के ऊपर यह शर्त ज्यादती है कि वे कार्यालय नहीं जाएंगे और फाइल पर दस्तखत नहीं करेंगे। जमानत की शर्तें ऐसी होनी चाहिए, जो तर्कसंगत हो, व्यक्ति की निजी या सार्वजनिक जिम्मेवारियों के निर्वहन में बाधा नहीं डालती हो और उसके आत्मसम्मान पर चोट नहीं करती हो।

विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी का विसर्जन तो हो गया बढ़ती महंगाई का विसर्जन कब होगा

अशोक भाटिया

इस समय देश में त्योहारों का सीजन चल रहा है । आज मंगलवार को विग्नहर्ता भगवान गणेश जी का विसर्जन तो हो गया अब जनता पूछ रही है कि बढ़ती महंगाई का विसर्जन कब होगा ? सरकार को सोचना चाहिए कि देश में त्योहार केवल अमीर लोग ही नहीं मनाते बल्कि गरीब से गरीब से लेकर हर व्यक्ति,हर परिवार और हर वर्ग मनाता है और हमारे देश में त्योहारों में विभिन्न प्रकार के व्यंजन और पूजा पाठ का भोग भी लगता है। ऐसे में बढ़ती महंगाई त्योहारों की रंगत फीकी कर देती है । त्योहारों की शुरुवात में ही खाद्य तेलों में तेज़ी आ गई है और सभी खाद्य तेल दस प्रतिशत की वृद्धि में आ गये है यानि जो तेल एक लीटर में 105 रुपये में थे वो अब सीधे 120 रुपये में हो गये है और टीना 400 रुपये सीधे मेंहगा हो गया है यानि अब टीना 2100 या 2200 रुपये का हो जाएगा।गौरतलब है कि गत दिनों आर्थिक विकास के आंकड़ों ने आजादी के अमृतकाल को एक नई सकारात्मक ऊर्जा प्रदान की थी ।बताया जाता है कि अब भारत विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इंग्लैंड छठवें स्थान पर है। यकीनन, यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। अब हमसे आगे जर्मनी, जापान, चीन और अमेरिका ही रह गए हैं। यह बात भी सत्य है कि आर्थिक आंकड़े मात्र तुलनात्मक आधार का एक पक्ष प्रस्तुत करते हैं, उनसे संपूर्ण तस्वीर स्पष्ट नहीं होती है। इसे समझना होगा। इंग्लैंड भारत की आबादी के पांच प्रतिशत के बराबर है, यानी भारत की कुल आबादी इंग्लैंड से बीस गुना अधिक है। फिर भी यह भारत के पिछले 77 सालों के अथक प्रयासों का एक ऐतिहासिक क्षण है, जब हम अपने आप को विश्व की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार पाते हैं।आर्थिक आंकड़ों ने दूसरी खुशी तब प्रदान की जब चालू वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही के जीडीपी के आंकड़े सामने आए। यह दर इस दौरान 13.5 प्रतिशत रही। हालांकि इस आंकड़े ने एक बहस को भी जन्म दिया। रिजर्व बैंक आफ इंडिया के अनुमान के मुताबिक यह दर 16.2 प्रतिशत के आसपास होनी चाहिए थी। इसलिए कहा गया कि अब भी शायद भारतीय अर्थव्यवस्था कोरोना महामारी के बाद सुधार के वास्तविक मिजाज में नहीं आई है। याद रहे कि पिछले दो वित्तवर्षों की पहली तिमाही में बहुत विकट स्थिति थी।2020-21 की पहली तिमाही में तेईस प्रतिशत की नकारात्मक दर थी, तो उसी में वर्ष जनवरी में शुरू हुई महामारी की तीसरी लहर का असर उस समय के जीडीपी के आंकड़ों पर देखा गया था। इस पक्ष में यह बात भी गौरतलब है कि यह आर्थिक आंकड़ा भी समाज के विकास की संपूर्ण तस्वीर नहीं प्रस्तुत कर रहा है, क्योंकि बेरोजगारी तथा महंगाई के लगातार बढ़ते आंकड़े इस संदर्भ में एक नकारात्मक रुख बनाए हुए हैं।आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर भारत की आर्थिक समृद्धि की आधारशिला का मुख्य पक्ष चालू वित्तवर्ष बनेगा। शुरुआती दिनों में इस वर्ष के लिए

कई वैश्विक एजेंसियों ने भारत की आर्थिक दर नौ प्रतिशत के आसपास अनुमानित की थी। बाद में रूस और यूक्रेन युद्ध के चलते कच्चे तेल के बढ़े मूल्यों के कारण यह सात से आठ प्रतिशत के आसपास अनुमानित की गई।भारत के लिए चालू वित्तवर्ष इसलिए भी बहुत महत्त्वपूर्ण है कि इस दौरान लगातार देखा जा रहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका अपने यहां बढ़ती महंगाई की परेशानी से गुजर रहा है, जिसके कारण वहां आम आदमी इन दिनों अपनी क्रय क्षमता को नियंत्रण करने में लगा हुआ है। इन दिनों चीन के हालात भी बहुत अच्छे नहीं दिख रहे हैं। बहुत हद तक वहां आर्थिक मंदी की सुगबुगाहट है। चीन की अर्थव्यवस्था का आधार मुख्यतः निर्माण और विनिर्माण का क्षेत्र है।पिछले कुछ समय से देखा जा रहा था कि कोरोना महामारी का असर चीन के आर्थिक विकास पर अब भी दिख रहा है। भारत इस समय आर्थिक विकास का मुख्य आधार तभी बन पाएगा जब आगामी तीन तिमाहियां अपनी बड़ी विकास दर लगातार बनाए रखें, ताकि भारतीय अर्थव्यवस्था औसतन आठ प्रतिशत के आसपास की विकास दर साल के अंत में प्राप्त कर सके।इन दिनों त्योहारों की धमक है। हर वर्ष अगस्त माह से इसकी शुरुआत होती है, जो दिसंबर के अंत तक रहती है। यानी वित्तवर्ष की दो तिमाहियां इस समय से संबंधित होती हैं और ये तिमाहियां अच्छा मुनाफा दर्ज कर सकती हैं, अगर इस दौरान प्रति व्यक्ति क्रय क्षमता और उपभोग क्षमता उच्चतम स्तर पर हो।यह त्योहारी सीजन हर वर्ष लगभग सभी कंपनियों के मुनाफे में वृद्धि दर्ज कराता है, जिसमें मुख्यतः आटो, एफएमसीजी, इलेक्ट्रानिक्स, गारमेंट्स, मिठाइयां और सोना-चांदी की खरीदारी मुख्य है। पिछले दिनों सीएमआइई द्वारा किए गए उपभोक्ताओं की क्रय क्षमता के सर्वे में पता चला कि जुलाई में भारतीय निवेशकों तथा उपभोक्ताओं ने अपनी क्रय क्षमता पर बहुत अधिक विश्वास जताया है तथा आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले चार महीनों में इस दौरान तकरीबन 6.7 प्रतिशत के आसपास की वृद्धि दर दर्ज की गई है, जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास वृद्धि के हिसाब से कोरोना महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में कायापलट कर देने वाले सूचक के रूप में देखा जा सकता।

पिछले पांच महीनों में यह वृद्धि दर मात्र फरवरी के महीने में आकर्षक थी, जब यह पांच प्रतिशत दर्ज हुई थी। उसके बाद तो यह 3.7 प्रतिशत मार्च में, 3 प्रतिशत अप्रैल में, 0.8 प्रतिशत मई में तथा मात्र एक प्रतिशत जून माह में दर्ज हुई। इस संदर्भ में रोचक तथ्य यह है कि जुलाई की इस वृद्धि दर का मुख्य सहारा ग्रामीण क्षेत्र से आया है, जो कि इस दौरान 7.3 प्रतिशत रहा, जबकि शहरी क्षेत्र में यह 4.8 प्रतिशत ही था।इसका कारण स्पष्ट है। शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी की दर अधिक है तथा कोविड पश्चात की आर्थिक सबलता लोगों में अभी नहीं आई है, क्योंकि वार्षिक वेतन वृद्धि इस दौरान पांच से छह प्रतिशत के आसपास ही आंकी गई है। ग्रामीण क्षेत्र का अधिक सक्षम होना इस दौरान इसलिए संभव हो पाया, क्योंकि सितंबर माह तक मानसून मध्य और दक्षिण भारत में अपनी गति को अच्छे ढंग से बनाए हुए है, जिसका सकारात्मक प्रभाव कृषि क्षेत्र पर दिख रहा है।सरकार ने कृषि क्षेत्र हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मानसून पर आधारित खरीफ फसलों के लिए चार से आठ प्रतिशत तक बढ़ाया है। मनरेगा के आंकड़े भी ग्रामीण आर्थिक विकास स्थिति को अलग ढंग से स्पष्ट कर रहे हैं। चालू वित्तीय वर्ष के जुलाई माह में करीब 2.04 करोड़ ग्रामीण मनरेगा पर निर्भर थे, जबकि उसके पिछले माह के दौरान यह आंकड़ा तकरीबन 3.16 करोड़ था। मानसून तथा अन्य रोजगार के अवसरों की उपलब्धता के कारण जुलाई माह तथा इसे आगे वाले समय में ग्रामीण व्यक्तियों की निर्भरता मनरेगा पर कम हुई है तथा उनके पास आर्थिक जीवन चक्र के लिए दूसरे संसाधन उपलब्ध हुए हैं जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक प्रगति का अच्छा आधार बना है।आर्थिक विकास दर में लगातार वृद्धि बनाए रखना भारत जैसे विकासशील देश के लिए बहत जरूरी है। हम इसमें इतना आगे तक निकल आए हैं कि अब अपनी चाल में तेजी बनाए रखना एकमात्र विकल्प है। अन्यथा इसके कई विपरीत प्रभाव हैं, जिनके अंतर्गत विदेशी निवेशकों द्वारा शेयर बाजार में बिकवाली भी है। अब आवश्यकता है कि महंगाई की दर को सरकार नियंत्रित करे, अन्यथा हो सकता है कि त्योहारों के मौसम में इसका विपरीत असर आम व्यक्ति की क्रय क्षमता पर देखने को मिले तथा जिसके परिणाम स्वरूप जीडीपी के आंकड़ों में भी कमी दर्ज हो।वैश्विक रिपोर्टों के मुताबिक पिछले तीन माह से कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय मूल्य में उतनी अधिक तेजी नहीं देखी जा रही है जो कि रूस और यूक्रेन की समस्या शुरू होने के बाद फरवरी-मार्च के महीनों में थी। मगर भारतीय घरेलू बाजार में आज भी पेट्रोल, डीजल तथा रसोई गैस के मूल्य उच्च स्तर पर हैं, जिसका विपरीत असर हर तरह की महंगाई पर देखने को मिल रहा है, जिसमें खाद्य पदार्थों से लेकर रसोई में उपयोग होने वाले समान तथा परिवहन की लागत मुख्य तौर से सम्मिलित हैं। अगर सरकार घरेलू स्तर पर महंगाई को विसर्जित करने की कोशिश करती है तो यह संभव है कि आने वाले त्योहारी दिनों में भारतीय उपभोक्ता की क्रय क्षमता अपने उच्चतम स्तर पर दर्ज होगी तथा आर्थिक विकास को एक नया बल मिलेगा।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

सरोकार

अदालत का सराहनीय फैसला अवैध धर्मांतरण मामले में उम्रकैद

उत्तर प्रदेश में एनआईए एटीएस के स्पेशल कोर्ट ने अवैध धर्मांतरण मामले में 16 आरोपियों को सुनायी गई सजा अपने आप में एक उदाहरण पेश किया है, क्योंकि उम्मीद की जा सकती है कि इससे जबरन धर्मपरिवर्तन कराने वालों के दिलों में दहशत पैदा होगा। पूरे देश में जिस प्रकार से प्रलोभन देकर, बहला-फुसलाकर अथवा ब्रेनवॉश कर धर्म परिवर्तन की साजिश चल रही है, उसको रोकने के लिए इसी प्रकार की प्रभावी अदालती फैसले की जरूरत है, ताकि अवैध धर्म परिवर्तन कराने वाले ऐसा अनैतिक कृत्य करने से पहले सौ बार सोचे। अगर कोई अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन करता है, तो इसमें कोई बुराई नहीं है, क्योंकि अपने देश में धार्मिक आजादी है और हर व्यक्ति को अपने अंतःकरण की स्वतंत्रता है, लेकिन उसका उपयोग दूसरे धर्म के लोगों के धर्म परिवर्तन के लिये किया जाना अनुचित है। हाल के दिनों में देश के आदिवासी बहुल राज्यों छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड सहित बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में भी धर्मांतरण के मामलों में तेजी आने की बात कही जाती रही है। धन का प्रलोभन देकर बड़े पैमाने पर धर्मांतरण के आरोप लगते रहे हैं। कहा जा रहा है कि हाल के वर्षों में धर्म विशेष की गतिविधियों में अप्रत्याशित तेजी आई है। कुछ समय में बड़ी संख्या में उपासना स्थल बनाये गये हैं, जिसके चलते पिछले पांच वर्षों में राज्य के कई जनपदों में सामाजिक संरचना में बदलाव देखने की बात कही जा रही है। यह बदलाव पिछड़े व वंचित वर्गों में ज्यादा देखा जा रहा है। दूसरे धर्म के लोगों का धर्म परिवर्तन किया जाना अनुचित ही है। आरोप है कि अंधविश्वास, अज्ञानता, डर, लालच को अस्त्र बनाकर यह धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। कुछ इलाकों में महज अनाज देकर ही धर्म परिवर्तन करने की बात सामने आ चुकी है। कुछ लोगों को जीवन की रोजमर्रा की मुश्किलों का समाधान धर्म परिवर्तन में बताया जा रहा है। निस्संदेह, किसी की विवशता का लाभ उठाकर धर्म परिवर्तन कराना अनैतिक कृत्य ही कहा जायेगा। इनसे अलग सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि पूरे देश में साजिश के तहत इस कार्य का अंजाम दिया जा रहा है। एनआईए एटीएस के स्पेशल कोर्ट ने जिन लोगों को सजा सुनायी है, ये आरोपी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरोह बनाया था। दरअसल तेहपुर में गिरोह बनाकर अवैध धर्मांतरण के मामले में मौलाना उमर गौतम, मौलाना कलीम सिद्दीकी समेत 16 को सजा सुनायी गयी है। 12 लोगों को उम्रकैद और 4 दोपियों को 10-10 साल की सजा सुनाई है। धर्मांतरण कानून लागू होने के बाद उत्तर प्रदेश में पहली बार दोषियों को सजा हुई है। दरअसल 2021 में फतेहपुर की शिक्षिका कल्पना सिंह ने मौलाना उमर गौतम पर बच्चों का अवैध रूप से धर्मांतरण करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसके बाद एटीएस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देश भर से गिरफ्तारियां की थी, जिसमें मास्टरमाइंड उमर गौतम भी शामिल था। मौलाना उमर गौतम मूल रूप से यूपी के फतेहपुर का रहने वाला है, जिसका 1964 में हिंदू राजपूत परिवार में जन्म हुआ था। तब उसका नाम श्याम प्रताप सिंह गौतम हुआ करता था। नैनीताल में पढ़ाई के दौरान उसकी मुलाकात बिजनौर जिले के नासिर खान से हुई थी। नासिर की इस्लामिक किताबें पढ़ने के बाद श्याम ने 1984 में इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया था। गौतम ने पढ़ाई खत्म करने के बाद देश दुनिया में इस्लाम पर व्याख्यान देना शुरू किया। इतना ही नहीं अपनी हिन्दू से मुस्लमान बनने की कहानी सुनाकर वह लोगों को भी इस्लाम धर्म कबूल करने के लिए कहने लगा। एनआईए कोर्ट के विशेष जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी की अदालत ने अवैध धर्मांतरण के सभी आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा मुकर्रर की। अदालत ने मौलाना कलीम सिद्दीकी, उमर गौतम और मुफ्ती काजी जहांगीर आलम सहित सभी दोषियोंजिस मौलाना कलीम सिद्दीकी को उम्रकैद की सजा दी गई है, वह यूपी के मुजफ्फरनगर के फुलत गांव का रहने वाला है।

इसने मेरठ कॉलेज से बीएससी किया फिर दिल्ली के एक मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में एडमिशन लिया। पर बीच में ही डॉक्टरी की पढ़ाई छोड़ दी और इस्लामिक मजहबी गतिविधियों में शामिल होकर बतौर मौलाना दिल्ली के शाहीन बाग में रहने लगा। अपने पैतृक गांव में इसने एक मदरसा बनवाया जिसे बाद में केरल की संस्था को सौंप दिया। ये ग्लोबल पीस फाउंडेशन चलाता था। वहीं से ये मौलाना उमर गौतम के संपर्क से देश भर में अवैध धर्मांतरण का रैकेट चलाने का कसूरवार करार दिया गया। इन्हें आईपीसी की धारा 417, 120बी, 153ए, 153बी, 295ए, 121ए, 123 व अवैध धर्मांतरण की धारा 3, 4, व 5 के तहत दोषी करार दिया गया। फैसला सुनाए जाने के दौरान सभी दोषी अदालत में मौजूद थे। आपको बता दें कि जून, 2021 में नोएडा स्थित डेफ सोसाइटी स्कूल के बाहर कुछ अभिभावकों ने हंगामा किया, आरोप था कि उनके बच्चों का बिना उनकी जानकारी के धर्मपरिवर्तन कराया गया है। इसके बाद नोएडा पुलिस हरकत में आई। शुरुआती पड़ताल में ही धर्म परिवर्तन के शातिर नेटवर्क की जानकारी उजागर हुई। विदेशी फंडिंग की बात भी सामने आई। पूरा मामला जब शासन के संज्ञान में आया तब एटीएस की टीमों को भी सक्रिय किया गया। मोहम्मद उमर गौतम को मुफ्ती काजी जहांगीर आलम कासमी के साथ 20 जून 2021 को दिल्ली के जामिया नगर से गिरफ्तार किया गया। इनसे पूछताछ में पता चला कि ये लोग धर्मांतरण का बड़ा सिंडिकेट संचालित करते हैं और इसके लिए विदेशों से हवाला के जरिये फंडिंग की जाती है। एटीएस ने लखनऊ में एफआईआर दर्ज कराके शिकंजा कसना शुरू किया। एटीएस को जांच में पता चला कि बहरीन से अवैध रूप से 1.5 करोड़ रुपए और अन्य खाड़ी देशों से 3 करोड़ रुपए का फंड आया। कलीम ने इस्लामिक दावाह सेंटर में धर्मांतरण गतिविधियों में उमर और मुफ्ती काजी की मदद की। ये लोग एक हजार से अधिक लोगों का धर्म परिवर्तन करवा चुके थे। मौलाना कलीम वलीउल्लाह नाम से एक ट्रस्ट भी ऑपरेट करता था, जो दिखावे के तौर पर सामाजिक सद्भाव के नाम पर कार्यक्रम चलाता था। पर हकीकत में इसकी आड़ में धर्मांतरण कराया जाता था। संस्था के बैंक खातों और अन्य माध्यमों से भारी मात्रा में रकम जमा कराई जाती थी। ईडी ने भी एटीएस केस के आधार पर मोहम्मद उमर गौतम और मुफ्ती काजी जहांगीर कासमी और इस्लामिक दावाह सेंटर के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत मामला दर्ज किया था।धीरे-धीरे उसने इस्लामिक दावा सेंटर का गठन किया, जो दिल्ली के जामिया नगर के बटला हाउस इलाके की नूह मस्जिद के पास है।

राशिफल

मेष	आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है, आज आप जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता जरुर मिलेगी। जो लोग सरकारी नौकरी से जुड़े हैं, उनके लिए दिन उत्तम रहने वाला है। लंबे समय से प्रमोशन में आ रही समस्याएं आज दूर हो सकती हैं। जिनकी जॉब अभी नई-नई शुरू हुयी है, उनको ऑफिस में साथियों का सहयोग प्राप्त होगा।
वृष	आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। खासकर कि आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे आपसे खुश रहेंगे। आज आप किसी नये बिजनेस को शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज किसी भी कार्य में सफलता आपके हाथ जरूर लगेगी।
मिथुन	आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज परिश्रम के अनुरुप फल थोडा कम ही मिल पायेगा। प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को दोगुनी मेहनत करने की जरूरत है। एक निर्धारित टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करें, इससे आपकी सफलता के चांस बढ़ेंगे। जिन लोगों की नई-नई शादी हुयी है, उनके लिए दिन उत्तम रहने वाला है।
कर्क	आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो छात्र कॉलेज में एडमिशन लेने के लिये तैयारी कर रहे हैं, वो जल्द ही अपनी तैयारीयां पूरी कर लेंगे। शिक्षकों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। लेकिन जो छात्र विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिये जाना चाहते हैं, उन्हें थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है।
सिंह	आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले उस क्षेत्र से जुड़े लोगों की राय जरुर ले लें, वरना बिजनेस में कम मुनाफा होने के संकेत बन रहे हैं। जिन लोगों का होल सेल का बिजनेस है, उनके काम में सामान्य रूप से गति बनी रहेगी। आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरुरत है।
कन्या	आज आप कोई ऐसी चीज़ हासिल कर पायेंगे, जिसकी आपको बहुत कम उम्मीद थी। आज आपके मन में नए-नए क्रिएटिव आइडिया आयेंगे, जिनका आप बखूबी इस्तेमाल भी करेंगे। ऑफिस में हर कोई आपके काम से खुश रहेगा। आपके जुनियर भी आपसे काम सिखने आयेंगे। किसी महिला मित्र से आज आपकी मुलाकात हो सकती है।
तुला	आज आपका दिन पहले से बेहतर होगा। किसी पर भी तुरंत भरोसा ना करें। बिजनेस में लेन-देन का ख्याल रखें, कोई भी बड़ी डील करने से पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख कर लें। जो महिलाए उद्योग शुरू करना चाहती हैं, उनको परिवार से पूरा सहयोग मिलेगा। प्राइवेट जॉब वालों के लिए दिन ठीक रहेगा। इम्युनीटी सिस्टम को बढाने के लिए आप योगा कर सकते हैं।
वश्चिक	आज आपका दिन बेहतर रहेगा। बस आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। मुंह से निकली हुई एक गलत बात आपको परेशानी में डाल सकती है। आज आपके घर पर कोई रिश्तेदार भी आ सकते है। आपको उनसे अच्छा व्यवहार बनाकर रखना चाहिए। जो लोग घर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, वो लोग आज शिफ्टिंग का कार्य शुरू करवा सकते हैं।
धनु	आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यो में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आपको मनचाही जगह पर ट्रांसफर का ऑफर मिल सकता है।
मकर	आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं। आपको कुछ काम करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा। जो लोग अपने बिजनेस को शिफ्ट करना चाहते हैं या कोई दूसरी ब्रांच खोलना चाहते हैं, वो आज इसकी प्लॉनिंग कर सकते हैं।
कुम्भ	आज आपका दिन पहले से ज्यादा लाभ दिलवाने वाला रहेगा। लंबे समय से चल रही कोई योजना आज पूरी हो जायेगी। कोई नया काम शुरू करने के बारे में भी सोच सकते हैं, दिन आपके लिये लाभकारी होगा। वाहन का प्रयोग करते समय आपको जरूरी कागजात अपने साथ रखने चाहिए, आपको जरुरत पड़ सकती है।
मीन	आप आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप अपने विवेक का इस्तेमाल करके सब कुछ हासिल कर सकते हैं। अपने विचारों को मूल रूप देने में आप कामयाब रहेंगे। आज हर कोई आपकी प्रशंसा करेगा। लेकिन ध्यान रहे किसी पर भी अनावश्यक शक ना करें, इससे आपके रिश्तों में अनबन जैसी स्थिति बन सकती है। लवमेट के लिए दिन अच्छा रहेगा।

हेल्थ टिप्स

हर आयु वर्ग के लोगों को रोजाना चलना चाहिए पैदल, मिलेंगे कई स्वास्थ्य संबंधी फायदे

शरीर को स्वस्थ रखने और वजन घटाने के लिए पैदल चलना फायदेमंद होता है। यह एक तरह की कम तीव्रता वाली एक्सरसाइज होती है।आम तौर पर लोग खाना खाने के बाद या सुबह के समय सैर करने जाते हैं। हालांकि, सभी के मन में यह सवाल उठता है कि रोजाना आखिर कितनी दूर पैदल चलना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।आइए जानते हैं हर आयु के लोगों को रोजाना कितनी दूर पैदल चलना चाहिए।

बच्चों के लिए हर दिन इतनी दूर चलना है सही

छोटे बच्चों और किशोरों की ऊर्जा का स्तर बड़ों की तुलना में अधिक होता है। उनके लिए पैदल चलना स्वस्थ रहने का एक मजेदार तरीका हो सकता है।बच्चों और किशोरों को हर दिन कम से कम 60 मिनट तक 12,000 से 15,000 कदम की दूरी तय करनी चाहिए।रोजाना इस लक्ष्य को पूरा करने से न केवल उनका शारीरिक स्वास्थ्य सुधरता है, बल्कि धीरे-धीरे सैर करना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन जाता है।

बड़ों को रोजाना इतनी दूर चलना चाहिए

बड़ों के लिए खुद को एक्टिव रखना मुश्किल होता है, क्योंकि वे काम में व्यस्त हो जाते हैं। हालांकि, रोजाना कुछ देर पैदल चलना वयस्कों के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी होता है।आम तौर पर बड़ों को हर दिन करीब 30 मिनट तक पैदल चलना चाहिए। रोजाना 10,000 कदम चलने या 5 से 8 किलोमीटर दूर तक चलने का लक्ष्य रखें।आप रोजाना 100 कदम चलने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ये तरीके अपनाएं।

बुजुर्गों को इतनी दूर तक ही करनी चाहिए सैर

जैसे-जैसे लोगों की उम्र बढ़ती है, उनके पैर और शरीर कमजोर पड़ने लगते हैं। इस कारण उनके लिए रोजाना पैदल चल पाना मुश्किल हो जाता है।हालांकि, स्वास्थ्य के लिहाज से यह जरूरी भी होता है।रिपोर्ट के मुताबिक बुजुर्ग लोगों को प्रतिदिन 7,000 से 10,000 कदम या लगभग 3 से 3.5 मील तक चलना चाहिए।हालांकि, बुढ़ापे में सभी लोगों को अपने शरीर की ताकत के मुताबिक ही शारीरिक गतिविधियां करनी चाहिए।

पैदल चलते समय रखें इन बातों का ध्यान

सभी उम्र के लोगों को पैदल चलने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए, जो उन्हें स्वस्थ बनाए रखने में योगदान देंगी।सैर करने की शुरुआत में अपनी गति को धीमा रखें और धीरे-धीरे करके ही दूरी को बढ़ाएं। अपने पास पानी की एक बोतल रखें और पैदल चलने से पहले और बाद में पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं।साथ ही आपको पैदल चलने के लिए एक आरामदायक जूता पहनना चाहिए और हल्के कपड़े चुनने चाहिए।

रोजाना पैदल चलने के फायदे

रोजाना कुछ देर पैदल चलने की आदत आपके वजन को नियंत्रित रखने में मदद करेगी। इस गतिविधि के जरिए आपके दिल का स्वास्थ्य दुरुस्त रहेगा, ब्लड प्रेशर नियंत्रित रखेगा और आपकी हड्डियां भी मजबूत रहेंगी।इसके अलावा, रोजाना 30 मिनट पैदल चलने से आपका मूड भी अच्छा हो जाएगा, आपको आरामदायक नींद मिल सकेगी और आप ऊर्जावान भी बने रहेंगे।आप पैदल चलने के अलावा नांच कर भी वजन घटा सकते हैं।

मेडिकल छात्र की एमपी स्थित कुंड में डूबने से मौत, कोहराम

▶▶ दलीपपुर के कोठियाही गांव का उत्कर्ष तिवारी कानपुर मेडिकल कालेज से कर रहा था पढ़ाई

▶▶ बृहस्पति कुण्ड में स्नान करते समय पैर फिसलने से हुई मौत

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। दिलीपपुर के कोठियाही गांव के उत्कर्ष तिवारी की मध्य प्रदेश स्थित बृहस्पति कुण्ड में स्नान करते समय डूब जाने से दर्दनाक मौत हो गई। उत्कर्ष मेडिकल का छात्र था। वह कानपुर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर रहा था। इस वर्ष उसका दूसरा साल था। इस हृदय विदारक घटना से परिवार पर पहाड़ टूट पड़ा है। खब्बर मिलने पर परिवार में चीत्कार मच गई। देर रात तक शव आने की संभावना थी।देव प्रकाश तिवारी उर्फ पिंटू रेलवे में गार्ड हैं। वे मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर कार्यरत हैं। उनका बेटा उत्कर्ष तिवारी शुरु से ही होनहार था। कक्षा छह से बारह तक की शिक्षा उसने डॉल्फिन स्कूल छीटपुर में ग्रहण की। 2022 में उसका चयन नीट में हुआ। इस समय वह मेडिकल कॉलेज कानपुर में एमबीबीएस सेकेंड ईयर का छात्र था। एक दिन पहले वह कानपुर से दोस्तो के साथ मध्य प्रदेश घूमने गया हुआ था। पन्ना में बृहस्पति कुण्ड (झरना) में स्नान करते समय उसका पैर फिसल गया और वह ऊंचाई से नीचे गिर गया। बताया जाता है कि पानी में डूबने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर पिता डीपी तिवारी परिजनों और सह रेल कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। उनके साथ शव लेकर लौट रहे मेंस यूनियन के शाखा मंत्री अनिल शुक्ला ने बताया कि उत्कर्ष तिवारी का शव देर रात पहुंचने की संभावना है। निधन पर रेल कर्मियों ने शोक जताया है।

गंगा एक्सप्रेस वे कैम्प कार्यालय में पूजे गए भगवान विश्वकर्मा

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। गंगा एक्सप्रेस वे सड़क निर्माण कार्य कर रही आइ,टी ,डी , कम्पनी आजाद नगर रूस्तमपुर के पास से गुजर रही गंगा एक्सप्रेस वे सड़क के बगल कैम्प कार्यालय बना रखा है। कैम्प कार्यालय से सड़क निर्माण सम्बंधित रा मटेरियल को निर्मित कर विभिन्न स्थानों पर भेजने का कार्य किया जाता है। कार्यालय से सड़क निर्माण कार्य में लगी गाड़ियों की मोनीटरिंग की जाती है। कैम्प में अधिकारियों का आफिस बनाया गया है। विश्वकर्मा जयंती दिवस के अवसर पर मंगलवार को कैम्प कार्यालय में विश्वकर्मा जी की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चारण पर रमेश चौधरी, बिलिंग मैनेजर ने पत्नी सुनीता संग विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बिजय ऐग्गले, प्रोजेक्ट मैनेजर,बिकास पांडे,एच आर , विभाग, त्रिभुवन सिंह, हाइवे मैनेजर, दया नंद प्रोजक्ट मैनेजर, अंकित यादव हाइवे इंजीनियर, मनोज सिंह कांट्रेक्टर द्वारा हवन-यज्ञ किया गया, पूजा अर्चना उपरांत भजन कीर्तन का आयोजन कर विश्वकर्मा के जीवनी पर चर्चा परिचर्चा की गई।इस दौरान क्षेत्र के हजारों लोग मौजूद रहे।

एजूकेटर की भर्ती से आंगनबाड़ी की नौकरी को खतरा -कुसुम गुप्ता

▶▶ विरोध में आंगनबाड़ी एवं सहायिकाओं की महा हडताल 19 एवं 20 को

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। आंगनबाड़ी संघ की प्रदेश महामंत्री कुसुम गुप्ता ने कहा कि एजूकेटर की भर्ती से आंगनबाड़ी को नौकरी का खतरा है। इसके विरोध में आगामी 19 एवं 20 सितंबर को लखनऊ में महा हड़ताल किया जाएगा।

इस दौरान कुसुम गुप्ता ने कहा कि अभी स्वय सहायता समूह की महिलाओं को आंगनवाड़ी के बीच लाकर विवाद खड़ा कर दिया गया है । आप के लाख काम करने के बाद भी कोई खुश नही है। इससे सभी आंगनबाड़ी परेशान है । अब एजुकेटर की भर्ती भी आ गई। यदि एजुकेटर की भर्ती हुई तो आप आंगनबाड़ी की नौकरी भी खतरे में है । संघ माग कर रहा है कि एजुकेटर के पद पर आंगनबाड़ी को बनाया जाय । रिटायर हुई या होने वाली आंगनबाड़ी को ग्रेच्युटी के साथ मासिक पेंशन दिया जाय । बची आंगनबाड़ी का मानदेय बढ़ाए जाय। इन्ही मांगो को लेकर संघ लखनऊ में 19 और 20 सितंबर को दो दिवसीय महा हड़ताल कर रहा है । सभी आंगनवाड़ी सहायिकाओं के साथ लखनऊ के धरना में शामिल होना है। संघ की अपील है कि आप सभी आंगनबाड़ी लखनऊ चलने के लिए 18 सितंबर बुधवार को दिन में कुंडा रेलवे स्टेशन पर पहुंचे । यह लड़ाई आप के आन , मान , शान और भविष्य को लेकर है। इस लिए तन से मन से और धन से संघ के धरना में शामिल हों । उन्होंने कहा कि कोई भी बस या निजी साधन से लखनऊ न जाय। सभी कुंडा रेलवे स्टेशन पर आएं, साथ चला जाएगा।इस दौरान तमाम आंगनबाड़ी एवं सहायिकाएं मौजूद रहीं।

श्री रामलीला एवम दशहरा मेला कमेटी के पदाधिकारियों का हुआ चयन

कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ । नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह बाजार के सन 1940 हो रहा ऐतिहासिक श्री रामलीला एवम दशहरा मेला के लिए कार्यकर्ता इस बार फिर जी जान से जुट गए है। श्री रामलीला एवम मेला पदाधिकारियों के चयन के लिए नगर ग्राम देवी त्रिदेवी मंदिर पर कार्यकर्ताओं की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से मैनेजर पद पर पुनः अजय श्रीराम अग्रहरी को चुना गया। सचिव पद के लिए विजय कुमार कौशल व कोषाध्यक्ष पद के लिए दिनेश राजाराम बेलहा सौंपा गया इस दौरान बड़ी संख्या कार्यकर्ता मौजूद रहे । श्री रामलीला मंचन एवम दशहरा मेला 11 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा दशहरा मेला में 12 अक्तूबर को रावण दहन,भरत मिलाप 13 अक्टूबर को कराए जाने पर आम सहमति बनी। पदेन संरक्षक नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना ने कहा कि गत वर्षो की भांति नगर पंचायत का भरत मिलाप ऐतिहासिक होगा। इसको भव्य और सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता अभी से जुट जांय मेला उप प्रबंधक देवी प्रसाद मिश्र ने कहा की आज भी जगह कम नहीं है पूरी बाग में मेला लगवाया जाय सड़क चौड़ी हो जिससे मेला में भीड़ न हो व्यवस्थापक राजू मैनेजर ने कहा की नगर पंचायत द्वारा सफाई होती हैं नगर पंचायत सभासद कर्मचारियों ,का सहयोग रहता हैं भगवान श्री राम दरबार चौकी, भरत दल की चौकी की व्यवस्था बैठक में कटरा गुलाब सिंह व्यापार मंडल दल के अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह , लालजी सिंह, वार्ड 3 सभासद प्रतिनिधि दीपक जायसवाल, आडिटर कमलेश वैश्य, सभासद प्रतिनिधि वार्ड नंबर 2 इंद्रेश सिंह,संगीतकार राजकुमार रिंकू अग्रहरी , शिवम अग्रहरी, अनूप कौशल , राम कृष्ण वैश्य ,बरुणेश अग्रहरी,अरुणेश अग्रहरी सोभानाथ अग्रहरी आदि मौजूद रहे।सहयोग पतंजलि योग समिति,दुर्गा पूजा समिती,गणेश पूजा उत्सव समिति ,अग्रहरी विकास सेवा संस्थान, बाबा भव भय हरण नाथ धाम स्वयं सहायता समूह आदि संस्थान सहयोग तन मन धन से करने की बात कही।

भाद्र पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर दीपमालाओं से सजा कर मनाया अनागारिक धम्मपाल जन्मदिवस

● वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

● बंदर द्वारा भगवान बुद्ध को दिया था मधु (शहद) दान'

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जनपद के सई नदी के तट पर स्थित सुगतानन्द बुद्ध विहार पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने आज भाद्र मधु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर अनागारिक धम्मपाल जी की 160 वीं जयंती श्रद्धा,संकल्प व उल्लास के साथ मनाया । इस अवसर पर पावन श्रद्धालुओं द्वारा त्रिशरण,पंचशील ,आनापानसति ध्यान साधना व परित्राण पाठ का संगायन किया गया ।कार्यक्रम का संयोजन व संचालन करते हुए राकेश कन्नौजिया ने देवमित्त अनागारिक धम्मपाल के वैश्विक स्तर पर बौद्ध स्थलों के साथ पालि भाषा व उसके साहित्य के प्रकाशन संरक्षण व संवर्धन एवं बौद्ध पुनर्जागरण में उनके अमूल्य योगदानों को याद करते कहा कि उनके द्वारा महाबोधि सोसाइटी की स्थापना व 1893 में शिकागो में हुए विश्व धर्म सम्मेलन में भारत के अध्यात्मिक दर्शन को वैश्विक पटल पर स्वामी विवेकानंद के साथ रखते हुए विश्व को भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदला गया । इस अवसर पर भाद्र मधु पूर्णिमा की पूर्व संध्या बोधिपूजा, सामूहिक ध्यान साधना, दीपदानोत्सव में शामिल होते हुए वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश। अध्यक्षता कर रहे डा0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि देवमित्त अनागारिक धम्मपाल ने मानव कल्याण व पालि भाषा के संरक्षण व संवर्धन हेतु विभिन्न विद्यालयों की स्थापना की जो आज भी महाबोधि सोसाइटी द्वारा संचालित हो रहे हैं। इस अवसर पर पुस्तकालय अध्यक्ष बसंत लाल मौर्य कहा कि लोगों से आगामी उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षाओं में कल 18 सितंबर तक हाईस्कूल व इंटर में पालि भाषा विषय के फार्म भरने व पालि भाषा को क्लासिकल भाषा की मान्यता हेतु संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार को पत्र भेजे जाने के साथ ही प्रत्येक शाम 8 बजे ऑनलाइन कार्यक्रमों से जुड़ने का निर्णय लिया गया । कार्यक्रम का आभार एडवोकेट हरि श्याम मौर्य द्वारा व्यक्त किया गयाइस अवसर पर इं0प्रभात सम्यक, जितेंद्र बहादुर यादव,डा विजय सरोज, संजय रंजू बौद्ध, ज्ञानेश मौर्य, राजित राम,विनोद कुमार,कमलेश, विकास , शुभम् सिंह, उधम सिंह,अमित कुमार,उमेश गौतम, सुरेश कुमार विश्वकर्मा, संजय,विनोद आदि उपासक गण मौजूद रहे ।

3 देशी बम के साथ अभियुक्त गिरफतार

सुवंशा,प्रतापगढ़। थाना फत्तनपुर पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत जगदीशपुर बाग के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार कियाअभियुक्त के कब्जे से 03 अदद देशी बम बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक(पूर्वी) श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना फत्तनपुर राकेश कुमार राय के नेतृत्व में उ0नि0 प्रभांशु कुमार राय मय हमराह हे0का0 राजेश सिंह यादव, कां0 धुर्वेश कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर दिनांक 17.09.2024 को 03 अदद देशी बम के साथ 01 अभियुक्त विजय यादव पुत्र महेन्द्र कुमार यादव निवासी बीरापुर थाना फत्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के जगदीशपुर बाग के पास से गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त विजय यादव पुत्र महेन्द्र कुमार यादव निवासी बीरापुर थाना फत्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ के कब्जे से 03 अदद देशी बम बरामद किया गया । बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 206ध्2024 धारा 4ध्5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है ।

बाबा भव भय हरण नाथ धाम पर भंडारा

कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के बाबा भव भय हरण नाथ धाम पर सावन माह के बाद प्रत्येक मंगलवार को भंडारा प्रसाद वितरित किया जाता हैं। इसी क्रम में आज बरसात होने के बावजूद दाल चावल का भंडारा प्रसाद वितरित किया जा रहा है जिसमे जिसमे मुख्य पुजारी भोला तिवारी के देख रेख में बाबा भय हरण नाथ धाम समिति के प्रदीप सिंह ,धोनू सिंह ,राजू मैनेजर,विवेक सिंह,पूर्व प्रधान धर्म चन्द्र कौशल ,अंकित सिंह , पप्पू मिश्र , देवी मिश्र आदि भक्त गण उपस्थित थे।

निर्वाण कल्याणक पर भगवान वासुपूज्य का महामस्तकाभिषेक एवं शांतिधारा अभिषेक

● अनंत - चतुर्दशी पर्व पर जैन समुदाय ने रखा सामूहिक उपवास

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। श्री दिगम्बर जैन मंदिर कटरा मेदनीगंज मे आज मंगलवार को दस दिनों तक चलने वाले जैन धर्म के महापर्व 'पर्वराज पर्युषण' पर 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का उनके निर्वाण कल्याणक के अवसर पर विधि-विधान के साथ महाभिषेक और विश्वशन्ति की कामना के साथ शांतिधारा का अभिषेक हुआ।अभिषेक के समय पूरा मंदिर परिसर भगवान के जयकारों एवं पर्युषण पर्व के जयकारों से गूंज रहा था।

भगवान वासुपूज्य का महाभिषेक मंगलमंत्रों, वाध्ययन्त्रों एवं जयकारों के बीच सम्पन्न हुआ। भगवान का अभिषेक देखने हेतु भारी संख्या में जैन धर्मानुयायी मंदिर जी एकत्रित थे । अभिषेक के पश्चात पूजन आरंभ हुआ, जिसमे चौषठ ऋद्धियों को अर्घ समर्पित करने के पश्चात भगवान वासुपूज्य विधान, दशलक्षण विधान एवं रत्नत्रय विधान का आयोजन हुआ। साथ ही आज से समवशरण विधान भी आरंभ हुआ । पूरे पूजन में भक्तो ने नाच - गाकर भगवान की पूजन अर्चना की। जैन समाज के अध्यक्ष ऋषभ चन्द्र जैन ने धर्म उत्तम ब्रम्हचर्य के बारे में बताया।जैन समाज के संरक्षक ध्रुव कुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म महा- पर्व पर्युषण के दश धर्म मानव का कल्याण करने में समर्थ है , बशर्ते मानव समाज उस पथ पर चले । जैन समाज के महामंत्री प्रदीप जैन ने बताया कि पर्व के दौरान ही आज भगवान वासुपूज्य का जैन समाज ने निर्वाण कल्याणक धूम -धाम से मनाया ।इस अवसर पर मेवालाल जैन, ऋषभ चंद्र जैन, ध्रुव कुमार जैन, प्रदीप कुमार जैन,सुनील कुमार जैन, संदीप जैन ,शैलेश जैन, पवन जैन ,सुमत कुमार जैन, सुधीर जैन ,आकाश जैन, अंकित जैन ,निर्मल जैन, यश जैन,संतोष जैन आदि उपस्थित रहे।

भगवान विश्वकर्मा की शोभा यात्रा में बरसे श्रद्धा व आस्था के फूल

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा-प्रतापगढ़। विश्वकर्मा पूजनोत्सव दिवस पर मंगलवार को निकाली गई भगवान विश्वकर्मा की शोभायात्रा में श्रद्धा व आस्था के फूल बरसे। सृष्टि के शिल्पी की झांकी ने लोगों का मनमोह लिया। कई स्थानों पर आरती उतारी गई। यात्रा के समापन पर भगवान विश्वकर्मा के मंदिर में पूजन व प्रसाद वितरण किया गया। विश्वकर्मा मंदिर मानिकपुर के तत्वावधान में बदलावन का पुरवा से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में शामिल लोग झमाझम हो रही बारिश के बीच डीजे की धुन पर नाचते थिरकते हुए फरेदूपुर, पोस्ट ऑफिस तिराहा, अस्पताल तिराहा, तिलौरी मोड़, कबरियागंज, मेन चौराहा, भगवन तिराहा, कोतवाली गेट, रजनपुर, देश राज का इंदारा के रास्ते विश्वकर्मा मंदिर मानिकपुर पहुंचे। शोभायात्रा में भगवान विश्वकर्मा की झांकी शोभायमान हो रही थी। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। भगवान के स्वरूपों की आरती उतारी गई। मानिकपुर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में पूजन किया गया। शोभायात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से अपराध निरीक्षक कुंडा संजय सिंह पुलिस टीम के साथ मुस्तैद रहे। शोभा यात्रा में संरक्षक श्यामलाल विश्वकर्मा अध्यक्ष राम लखन, शोभायात्रा के अध्यक्ष स्वास्तिक विश्वकर्मा, विनोद गुरु जी, जुगनू विश्वकर्मा, प्रधान शिव शरण विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा प्रधान, बीडीसी धर्मेंद्र, सौरभ विश्वकर्मा, अनुज, उधुम, सत्येंद्र, सुनील दत्त, वीरेंद्र समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

चिल्लाते रहे बच्चें, दरोगा तोड़ता रहा बच्चों की साइकिल

● दरोगा को बच्चों पर नहीं आया थोड़ा भी रहम

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के राजापुर ममईपुर गांव निवासी रमेश यादव पिछले करीब 10 वर्षो से ड्राइवरी करके किसी तरह अपने परिवार का पालन पोषण करता है। पिछले 10 वर्ष के बीच उसकी किसी प्रकार की कोई क्रिमिनल हिस्ट्री नहीं है। माता-पिता का देहांत हो जाने के कारण घर पर ही रहकर ट्रैक्टर चला कर किसानी का कार्य करता है। किसी मुकदमा में न्यायालय द्वारा गिरफ्तार कर के न्यायालय में पेश करने के लिए वारंट जारी हुआ था। न्यायालय में हड़ताल होने की वजह से न्यायालय में हाजिर होकर वारंट रिकॉल नहीं हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूत्रों की बातों पर यकीन करें तो इस वारंट को लेकर सोमवार को महेशगंज थाने में तैनात चर्चित दरोगा विवेक यादव वारंटी को गिरफ्तार करने के लिए सोमवार को आधी रात करीब 12रू30 बजे के आसपास रमेश यादव के घर पहुंच कर छत के रास्ते घर में घुस गए। घर के अंदर मौजूद घर के सदस्य घबराकर चिल्लाने लगे। चिल्लाहट मची तो चर्चित दरोगा विवेक यादव का परा हाई हो गया । नियम कानून का उल्लंघन करते हुए घर में मौजूद परिजनों को बुरी बुरी गालियां देते हुए तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। छोटे-छोटे बच्चे घर में चिल्लाते रहे मगर दरोगा ने बच्चों की साइकिल मोटरसाइकिल पल्सर पंखा आदि घरेलू सामान को तोड़ दिया। वारंटी रमेश यादव की पत्नी मीरा यादव ने पूरी घटना की जानकारी महेशगंज थानाध्यक्ष पुष्पराज सिंह को मोबाइल फोन के माध्यम से दी है। उक्त दरोगा के हल्का के आम जनमानस ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि दरोगा जी चाहे वाहन चेकिंग हो या पारिवारिक विवाद जमीन के विवाद में किसी प्रकार का कोई प्रार्थना पत्र पड़ता है तो हर छोटे-छोटे मामलों में बदतमीजी से आम जनमानस के साथ पेश आते हैं। वाहन चेकिंग के दौरान भी वाहन स्वामियों के खड़े होने के पहले ही धीमी रफ्तार होते ही वाहन की चाबी को अपने पास रख लेते हैं। ज्यादातर लोग कहते है कि हर मामलों में व्यक्तिगत लाभ की इच्छा रखते हैं। यहां तक लोगों ने कहा कि क्षेत्र का कोई भी मामला व्यक्तिगत लाभ के चक्कर में थाने पर जाकर

एसओ से न मिलने की पाठ आम जन मानस की उक्त दरोगा द्वारा पढ़ाया जाता है।उक्त आरोपों की जानकारी करने के लिए दरोगा विवेक यादव से मोबाइल फोन से बात करने का प्रयास किया गया परंतु दो बार उन्होंने फोन नहीं उठाया। क्षेत्राधिकारी सदर अमरनाथ गुप्ता को मोबाइल फोन से बताया गयाऋउन्होंने कहा कि मामले को दिखवाते हैं।

प्रतापगढ़ के प्रताप-अमर सेनानी स्व0 श्याम सुंदर शुक्ल

● हिन्दुस्तानियों पर हो रहे अत्याचार से उद्वेलित श्याम सुंदर ने दिया इस्तीफा अवध-आजादी की लड़ाई में हुए शामिल

(डा0विनोद त्रिपाठी एंव राहुल पाण्डेय)

प्रतापगढ़। आजादी के अमृत महोत्सव से आम आवाम को जन्मभूमि क्षेत्र की अपनी ग्राम पंचायत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और बलिदानी सैनिकों के बारे में जानकारी मिल रही है। समय एवं कालचक्र की गति में आमजन अपने ही पूर्वजों एवं ऐतिहासिक गौरव शाली सेनानियों को समाज भूलता जा रहा है। केन्द्र सरकार का यह राष्ट्रवादी विचार ष्प्रतापगढ़ के प्रतापष् की ओर से अभिनन्दनीय है। अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्याम सुंदर शुक्ल का नाम 1972 के बाद किसी शिलालेख पर 50 वर्षो बाद अंकित देखा गया है। बता दे कि तहसील पट्टी क्षेत्र के बिबियाकरनपुर ग्राम निवासी श्याम सुंदर शुक्ल ब्रिटिश शासन में पुलिस इंस्पेक्टर के पद पर 1920 के दशक में तैनात थे, भारतीयों द्वारा भारतीय जनता पर अत्याचार एवं शोषण से उद्वेलित थे। महात्मा गॉधी के आह्वाहन पर नौकरी से इस्तीफा देकर कांग्रेस पार्टी और आजादी आन्दोलन में शामिल हो गये। 'आजादी के बाद श्याम सुंदर शुक्ल पट्टी और बीरापुर विधानसभा से दो बार विधायक भी निर्वाचित हुए थे' ।अवध किसान आन्दोलन और महात्मा गॉधी के भारत आगमन के दौरान 1921 में कांग्रेस अध्यक्ष लियाकत अली से प्रभावित होकर बाघराय के दरोगा की नौकरी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। पंडित नेहरू के अनन्य मित्र बन गए। आजादी की लड़ाई के साथ यह परिवार पोषण के लिए ट्यूशन पढ़ाने लगे।

जनपद प्रतापगढ़ के तालुका बीरापुर-बिच्छूर की पहली रानी को एक बच्चा था, अन्य रानियां निःसंतान थी। वहीं शुक्ल जी पहली रानी के बेटे को ट्यूशन पढ़ाने लगे। दूसरी रानी ने पहली रानी के बेटे को

जहर देने को कहा, मगर इन्होंने जहर देने से इंकार कर दिया । इसके कुछ दिन बाद अन्य रानियों ने इन्हें ही जहर दे दिया। जिसके बाद इनकी मौत तो नहीं हुई किन्तु मानसिक संतुलन बिगड़ (पागल) गया। इधर- उधर गाँव गिरांव में भटकने लगे। इनके एक पुत्री थी, सरोजिनी शुक्ला जो कि इंद्रा गांधी (पूर्व पीएम) की सखी थी। इनकी पत्नी ने इनकी दिमागी हालत देखकर अपना सारा आभूषण अपनी बेटी के साथ बांधकर खुद जाकर कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। खराब दिमागी हालत में वह काशी में गंगा में कूदने गए। काशी विश्वनाथ के पीछे सो रहे थे उनको अर्न्तआत्मा से आवाज आई कि बीरापुर की छोटी रानी ने तुमको जहर दे दिया है। तुम्हारी मौत नहीं हुई परंतु तुम्हारा दिमाग असंतुलित हो गया है। तुम घर लौट जाओ। तुम ठीक हो जाओगे। वह घर लौट आए। बेटी सरोजिनी मात्र दस वर्ष की थी तो वह आजादी की लड़ाई में जेल जाने लगे। उसके बाद सरोजिनी को पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अपनी बेटी इंद्रा के साथ कर दिया।

वह उन्हीं के साथ पढ़कर लिखकर बड़ी हुई। देश आजाद हुआ वह पट्टी (पश्चिम) के विधायक बने। 1962 में बीरापुर के गठन के साथ बीरापुर के विधायक बने। आजादी की रजत जयंती वर्ष -1972 के आस पास में उनका निधन हो गया। उस दौरान शुक्ल जी अपनी बहन के यहाँ सदर मोड़, बेल्हा के मकान पर रहते थे। उनकी पुत्री सरोजनी वही आया करती थीं , उनके भांजे गुरु दत्त ने उनकी जीवन पर्यन्त सेवा की। अपने जीवित रहते अपने भांजे को उन्होंने एक सागौन की खाट, सागौन की दो कुर्सी, एक लकड़ी की पेटी और एक लोहे की पेटी दी थी , साथ ही कहा कि जो उनकी विधानसभा क्षेत्र से आते हैं उनकी मदद करना। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के निधन के बाद उनके भाई राम सुमन शुक्ला उनकी लाश लेकर गए और उनका विधि विधान से अंतिम संस्कार किया।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पेंशन मिलती थी। मात्र गुरु दत्त जी ने उनकी पुत्री से रिश्ता कायम रखा। वही आते जाते थे।पूर्व विधायक श्याम सुंदर शुक्ल जी की पुत्री सरोजिनी को चार बेटियां हैं। तीन अमेरिका में बस चुकी हैं । एक मात्र सुनीता दिल्ली में रहती हैं। जो कि एक आंख से दिव्यांग हैं इसलिए उन्होने विवाह नहीं किया। निधन के बाद स्व0 श्याम सुंदर शुक्ला की अचल संपत्ति उनके दोनों भाइयों के परिवार को मिली। बेटी सरोजिनी ने पिता की संपत्ति में कोई हिस्सा नहीं लिया।

विधि विधान से भक्तों ने भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा का किया विसर्जन

लालगंज, प्रतापगढ़। प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश प्रतिमा का मंगलवार को वैदिक मंत्रोचार के बीच भक्तों ने विसर्जन किया। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों की धुन पर नृत्य करते श्रद्धालु भगवान की भक्ति में मगन दिखे। लालगंज के असैनापुर में शंभूनाथ वर्मा की अगुवाई में गणेश प्रतिमा का सई तीरे विधि विधान से विसर्जन हुआ। यहां संयोजन प्रभावती देवी व शिवम कुमार ने किया। इस मौके पर विनय, विपिन, कमलू, चंद्रेश, काजल, पुष्पा, दिलीप आदि मौजूद रहे। उधर जये गणेश मित्र मंडल दूल्हेपुर कटरा क्षत्रधारी के भक्तों द्वारा भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा का विसर्जन गाजे बाजे के साथ लोनी नदी के बरदैंत घाट पर किया गया। इसके पूर्व सोमवार की रात आयोजक श्याम सिंह चिज्जू के द्वारा गजानन को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया और भंडारे का आयोजन हुआ। पं. शिवहरक पांडेय ने आरती कराई। विसर्जन के मौके पर रामसिंह पप्पू, अशोक त्रिपाठी, महीप सिंह, रामचन्द्र यादव, सत्यराज सरोज, शिवशंकर तिवारी, भारत यादव आदि मौजूद रहे।

जनपद में भारी वर्षा, आंधी तूफान, अतिवृष्टि एवं आकाशीय विद्युत से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। मौसम विभाग लखनऊ केन्द्र के नवीन बुलेटिन के अनुसार जनपद हेतु दिनांक 17 सितम्बर को यलो अलर्ट, 18 सितम्बर को ओरेन्ज अलर्ट एवं 19 सितम्बर को यलो अलर्ट की सूचना है, बुलेटिन के अनुसार अवगत कराया गया है कि जनपद में निर्धारित दिवसों में भारी वर्षा, आंधी-तूफान व आकाशीय विद्युत/वज्रपात होने की सम्भावना है। इस क्रम में जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त नागरिकों को सुरक्षित रहने एवं बचाव हेतु दिशा निर्देश (एडवाइजरी) जारी की गयी है।

उन्होंने बताया है कि जनपद में मौसम की स्थिति के बारे में रेडियो, टी0वी0, दैनिक समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से निरन्तर जानकारी लेते रहे, यदि आवश्यक ना हो तो खराब मौसम की स्थिति में घर में रहें, खिड़कियॉ और दरवाजे बंद करें और यदि सम्भव हो तो यात्रा से बचे। सुरक्षित आश्रय लें, पेड़ों के नीचे आश्रय न लें, कंक्रीट के फर्श पर न लेटें और कंक्रीट की दीवारों का सहारा न लें। उन सभी वस्तुओं से दूर रहें जो बिजली का संचालन करती है, बिजली/इलेक्ट्रानिक उपकरणों को अनप्लग करें। यदि आप बाहर है तो विद्युत के तारों के नीचे, विद्युत के खम्भों एवं ट्रान्सफर्मर के समीप ना खडे हो। अपने पशुओं को खराब मौसम अथवा वर्षो की स्थिति में खुले में ना छोडे और ना ही उनको पेड़ के नीचे बांध कर रखें, पशुओं को खराब मौसम अथवा वर्षा की स्थिति में सुरक्षित स्थान पर ही रखें। खराब मौसम अथवा वर्षो की स्थिति में कृषक खेतों में सुरक्षित तरीकों से ही कृषि कार्य करें, विशेषकर फसलों की जुताई-बुवाई/कटाई का कार्य खराब मौसम में ना करें। आकाशीय बिजली स्थिति के दृष्टिगत खराब मौसम में कृषि कार्य न करें। आकाशीय विद्युत से बचाव के लिए खेती के दौरान कृषक अपने साथ लकड़ी का छोटा पिढ़ा अथवा प्लास्टिक की बोरी साथ में अवश्य रखे और आकाशीय बिजली गिरने की स्थिति में उस पर ही अपना जितना सम्भव हो सकें छोटा आकार बनाकर बैठ जाए। नदी, तालाब, पोखरा व गहरे गढ्ढे में जाने से बचें, बच्चों पर विशेष निगरानी रखें तथा उन्हें नदी, तालाब, नहर गड्ढे आदि के किनारे कतई न जाने दें। पीने के पानी को उबालकर पीयें, नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से ब्लीचिंग पावडर व क्लोरीन टेबलेट प्राप्त कर लें। इससे सम्बन्धित किसी भी चिकित्सीय आपात काल में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के कन्ट्रोल रूम नम्बर 05342-222041 एवं उक्त के अतिरिक्त 9044406400, 9044490800, 7991620103 एवं 7991320204 इन नम्बरों पर भी सम्पर्क करें। समस्त राजकीय चिकित्सालय, पी.एच.सी. एवं सी.एच.सी अस्पतालों हाई अलर्ट पर रहे। ट्रामा मैनेजमेन्ट, सर्पदंश, बिजली के झटके एवं जल-जनित रोगों के उपचार की व्यवस्था अपने चिकित्सालयों पर सुनिश्चित कर ले। आकस्मिक सेवाओं में तैनात अधिकारी/कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित रहें। औषधियों आदि की व्यवस्था, रोगी वाहन की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर ली जाय। आकाशीय विद्युत की स्थिति में कभी भी छायादार बड़े पेड़ के नीचे शरण ना लें। आकाशीय विद्युत की स्थिति में वाहन से यात्रा करने से बचे, अगर यात्रा कर रहें हो तो अतिशीघ्र सुरक्षित स्थान अथवा पक्के मकान में शरण लें। आकाशीय विद्युत से होने वाली घटनाओं से बचाव एवं पूर्व चेतावनी हेतु दामिनी ऐप का प्रयोग करें तथा इस एप के प्रयोग के लिए जन मानस को भी प्रेरित करें। उक्त के अतिरिक्त अन्य प्राकृतिक आपदाओं से राहत एवं बचाव तथा अपने जीवन को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न आपदाओं के दौरान क्या करें क्या ना करें के बारे में अधिक जानकारी/एडवाइजरी हेतु सचेत ऐप का सतत् प्रयोग करें एवं जन-मानस को भी इस एप के प्रयोग के लिए प्रेरित करें। बच्चों को अकेले नदी/घाटों के समीप न जाने दें, यदि जलस्त्रोत में है तो जलस्त्रोतों से तुरन्त बाहर निकलें तथा नालों और मौसमी जलधाराओं से दूर रहें। भारी बारिश के दौरान फिसलन भरी सड़कों एवं खराब दृश्यता की स्थिति में वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, अतिप्रवाहित पुलों और जलमग्न सड़कों एवं सुरंगों से बचे। वर्षा के दौरान वज्रपात का खतरा रहता है, यदि खुले स्थान पर हो तो पक्के मकान की शरण लें, नदी, तालाब, घाटों से दूर रहें। प्रायः वर्षा के कारण सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि होने के दृष्टिगत सर्पदंश की घटना के उपरान्त प्रमाणित कुशल चिकित्सक, सीएचसी/पीएचसी, जिला अस्पताल में चिकित्सकीय उपचार हेतु तत्काल सम्पर्क करें, झाड़/फूंक आदि के चक्करों में न पड़े, तत्काल सर्वप्रथम प्रभावित को उपचार हेतु अनिवार्य रूप से निकटतम चिकित्सालय लें जायें।

राजकीय शिक्षक संघ की हुई बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश मूल संघ के प्रांतीय कार्यकारी महामंत्री अशोक कुमार अवाक ने बताया कि ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन एआईएफटीओ की एक राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक 15 सितंबर रविवार को आयोजित की गई उल्लेखनीय है कि प्रदेश स्तर पर राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के मूल संघ एआईएफटीओ से संबंध राजकीय माध्यमिक शिक्षकों का एकमात्र संगठन है इसमें लगभग 23 राज्य के शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए 16 सितंबर को राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के मूल संघ ए आई एफ टी ओ और शैक्षिक नवचार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की सामान्य बैठक आयोजित हुई मूल संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं एआई एफ टी ओ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सालिकराम प्रजापति को संयोजक एवं शैक्षिक नवचार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह को इस बैठक का सहसंयोजक बनाया गया बैठक में मूल संघ के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष मीनाक्षी कौल और राम सहाय शर्मा वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अरविंद पांडेय कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार गौतम कार्यकारी महामंत्री अशोक कुमार अवाक समेत विभिन्न मंडलों से चुने हुए प्रतिनिधित्व किया।

ए आई एफ टी ओ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सालिकराम प्रजापति ने बताया कि शासन की नीतियों को छात्र-छात्राओं तक पहुंचने पर मंथन किया गया उनकी सोच को आगे बढ़ने पर विचार भी किया जाएगा 16 सितंबर को मूल संघ की बैठक होगी जिसमें संगठन को प्रदेश स्तर पर और सशक्त करने तथा वर्तमान में संचालित सदस्यता अभियान को तेज करने पर विचार विमर्श किया जाएगा. प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ विंध्याचल सिंह ने संयोजक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एआईएफटीओ/प्रांतीय उपाध्यक्ष राशिसं मूल उत्तर प्रदेश/प्रदेश अध्यक्ष एआईएफटीओ धर्मेंद्र कुमार सिंह को बधाई दिया.

दिन भर हुई बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त



● धान की फसल को मिला जीवन

लोकमित्र ब्यूरो

बिहार /प्रतापगढ़ जनपद समेत आसपास के जिलों में मंगलवार को सुबह से तेज हवाओं के साथ पूरे दिन हुई जोरदार बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह से अस्त व्यस्त रहा।गांव से लेकर नगर,छोटी बाजारें,बड़ी बाजारों में पहले तो दुकानें ही नही खुल पाई,और जो दुकानें खुल भी गई वह तेज बारिश के चलते ग्राहकों की राह ही देखते रहे।इसके इतर अन्नदाता किसानों के चेहरे पर खुशी दिखाई पड़ी,क्योंकि धान की खेती के लिए यह बारिश अमृत वर्षा के समान है।बताते चलें कि बीते कुछ दिनों से बारिश न होने के चलते अन्नदाता किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच रही थी।लेकिन पूरे दिन हुई बारिश के बाद किसानों ने कहा कि इस बारिश के बाद अब लगभग धान की फसल बढ़िया उत्पादन के साथ पक कर तैयार हो जाएगी,और धान की फसल में अब पानी नहीं देना पड़ेगा।वहीं दूसरी तरफ दिन भर तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण बिजली व्यवस्था भी बदहाल रही।पूरे दिन बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप रही,जिसका कारण तेज हवा के साथ भीषण बारिश का होना रहा। इस तरह के मौसम के लिए पश्चिम बंगाल से उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ रहे यागी तूफान का असर भी कहीं न कहीं पूरी तरह से प्रभाव शाली नजर आया। वैज्ञानिकों के अनुसार अभी और दो दिन तक उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जनपद समेत 17 जिलों में भारी बारिश और 30जिलों में वज्रपात की भी संभावना व्यक्त की गई है। ऐसे में आम नागरिकों समेत किसानों को बिजली व्यवस्था समेत कई सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

आज बंद रहेंगे आठ तक के सभी स्कूल-बीएसए

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। सुबह से हो रहीं अत्यधिक वर्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देश पर बीएसए भूपेन्द्र सिंह ने जिले के कक्षा एक से आठ तक के सभी परिषदीय एवं समस्त बोर्ड से मान्यता प्राप्त अंग्रेजी/हिंदी माध्यम से संचालित विद्यालयों को 18 सितंबर को बंद रखे जाने के निर्देश दिए हैं। बीएसए ने जनपद के सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों से आदेश का कड़ाई से पालन कराने की भी बात कही है।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 895/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन नैना बनाम विशाल कश्यप
बनाम .
विशाल कश्यप उम्र लगभग 23 वर्ष सुत रामशंकर कश्यप निवासी ग्राम पूरे पण्डित सिंहगढ़ थाना सांगीपुर तह0 लालगंज जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 07.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 07.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 509/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सौम्या शुक्ला बनाम अविनाश शुक्ला
बनाम .
अविनाश शुक्ला आयु 28 वर्ष सुत सुशील कुमार निवासी सिटी शुक्लान थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़
अं0धारा 128 दं0प्र0सं0
तारीख पेशी 01.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 01.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी सदर जिला प्रतापगढ़
अरविंद नाथ यादव वादीगण
बनाम
सुशीला सिंह आदि प्रतिवादिगण
बनाम 1 सुशीला सिंह पत्नी महेंद्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम रंजीतपुर चिलबिला परगना तहसील सदर जिला प्रतापगढ़ 2- विजय कुमार सुत मदनलाल आयु 50 साल निवासी बेगम वार्ड मकान नंबर 107 परगना तहसील सदर जिला प्रतापगढ़ । 3 - नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बेल्हा प्रतापगढ़ । 4- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिलाधिकारी प्रतापगढ़ ।
वाद घोषणात्मक अंतर्गत धारा 144 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता तारीख पेशी 19.9.2024
यह कि वादी ने उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है एतदद्वारा सम्मन नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 19.9.2024 को वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र टी आई व तनकीह समय प्रातः 10ः00 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही दावा करें , ऐसा करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और हस्ताक्षरित किया जाएगा ।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक 16 माह 9 सन 2024 को जारी किया गया ।
आज्ञा से

प्राथमिक विद्यालय की रसोई का ताला तोड़कर एमडीएम का सामान चोरी

आसपुर देवसरा प्रतापगढ़ इलाके में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पुलिस एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर पा रही है। ताजी घटना प्राथमिक विद्यालय रायचंद्र पट्टी से संबंधित है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक फूलचंद सरोज ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि विद्यालय के रसोईघर का ताला तोड़कर चोर बच्चों के लिए बनने वाले भोजन की सामग्री बर्तन सिलेंडर आदि उठा ले गए। सुबह विद्यालय खुला तो इसकी जानकारी हुई। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। उड़ैयाडीह इलाके में पखवारे भर के अंदर दो मंदिरों से चोरियां हुई थी। दो पालकों की भैंस चोर खोल ले गए थे।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, जांच में जुटी पुलिस

▶▶ मायके वालों ने ससुराल जनों पर लगाया हत्या का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

आसपुर देवसरा प्रतापगढ़ -स्थानीय थाना क्षेत्र के दफरा गांव निवासी गुन्नाज(20) पत्नी आसिफ अली की सोमवार शाम लगभग 5ः00 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची आसपुर देवसरा पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुन्नाज का मायका सुल्तानपुर जिले के चांदा थाना क्षेत्र के कोइरीपुर में है। शादी 15 नवंबर 2023 को हुई थी,। वह अपने पति आसिफ के साथ महाराष्ट्र जिले के पुणे शहर में रहते थी। लगभग एक माह पूर्व वह पुणे से वापस अपने ससुराल दफरा आयी थी मृतका के पिता अरमान अली विदाई करवाने के लिए 15 सितंबर को उसके ससुराल दफरा आये लेकिन गुन्नाज की सास बकरी चराने और ससुर बाजार चले गए थे। पांच घंटे के इंतजार के बाद भी सास-ससुर घर वापस नहीं लौटे तो पिता वापस अपने घर चला गया।मृतका गुन्नाज के जीजा सरफराज पुत्र निजामुद्दीन निवासी कोइरीपुर थाना चांदा,सुल्तानपुर ने आसपुर देवसरा थाने पर लिखित शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही ससुराली जनों ने अतिरिक्त दहेज एक मोटर साइकिल की मांग शुरू कर दी। गुन्नाज जब अपने मायके वापस आयी तो यह बात अपने मां-बाप को बताई। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे सब ठीक हो जायेगो दोबारा विदा होकर ससुराल गई तो दहेज को लेकर ससुराली जनों ने मारना पीटना शुरू कर दिया। गुन्नाज ने फोन पर अपने मां-बाप को बताया कि यह लोग मेरी हत्या कर सकते है। बीते सोमवार को शाम 5.00 बजे गुन्नाज के पति,सास,ससुर व ननद ने मिलकर रस्सी से गुन्नाज की गला दबाकर हत्या कर दी।इस मामले में थानाध्यक्ष आसपुर देवसरा संतोष कुमार सिंह ने बताया कि महिला के शव को मायके वालों के सुपुर्द कर दिया गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

अराजक तत्वों ने चकमार्ग निर्माण में लगे बोर्ड को तोड़ा

पट्टी प्रतापगढ़- चकमार्ग निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ग्राम सभा द्वारा लगाए गए बोर्ड को अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। इसकी शिकायत पुलिस से की गई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कुंडलपुर गांव के ग्राम प्रधान सुरेश शुक्ला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उन्होंने एक चक मार्ग का निर्माण पट्टी ढकवा मार्ग से फूल देव के चक तक एक माह पूर्व कराया था। कार्य योजना से संबंधित एक बोर्ड भी लगवाया गया था। गांव के कुछ लोगों ने इसकी शिकायत जिले के उच्च अधिकारियों से करते हुए जांच की मांग की है। शिकायत में बोर्ड ना लगवाने की बात कही गई है। आरोप है कि शिकायतकर्ताओं ने अपने ही पक्ष को मजबूत करने के लिए ग्राम सभा द्वारा लगवाए गए बोर्ड को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्राम प्रधान ने सरकारी काम में बाधा समेत गंभीर आरोपों की शिकायत पुलिस से करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष आलोक कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है, जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

जुलूस में फिलीस्तीन राष्ट्र का झंडा फहराकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास

● पुलिस ने सात को उठाया ,कर रही मामले की जांच

लोकमित्र ब्यूरो

कुडा-प्रतापगढ़। इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मोहम्मद पैगंबर साहब के यौम-ए पैदाइश के जश्न में पूरा मुस्लिम समाज जुलूस निकालकर खुशियां मना रहा था। इसी समय संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के औसानगंज बाजार में पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर रबी-उल अव्वल का भी जुलूस डीजे के इस्लामिक गाने की धुन पर निकालकर नवयुवकों की टीम इस्लामिक झंडे फहरा रही थी। इसी दौरान सोची समझी रणनीति के तहत औसानगंज बाजार में तैयार किया गया, फिलीस्तीन राष्ट्र का झंडा फहराने लगा तथा फिलिस्तीन के समर्थन में युवकों ने नारे भी लगाए। हलांकि उस समय किसी का भी ध्यान जुलूस में घट रहे घटना क्रम पर नहीं गया था। अति उत्साही युवकों ने ही वीडियो बनाकर फेसबुक पर डाल दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। किसी बड़ी साजिश की आहट की बू से प्रशासन चौकन्ना हो गया। रात में ही दबिश देकर जुलूस में शामिल सात युवकों को उठा लिया। पुलिस ने रात में ही झंडा बनाने वाले व जुलूस का नेतृत्व करने वाले युवक से पूछताछ कर झंडा को भी बरामद कर लिया गया। पुलिस ने पकड़े गए मोहम्मद अल कैफ पुत्र मोहम्मद सोहेल उर्फ अच्छन मियां, अहनूल अहमद पुत्र मोहम्मद इसरार, नासिर अली पुत्र मोहम्मद खलील उर्फ कल्लू, मोहम्मद आलिम पुत्र इमामुद्दीन, शानू पुत्र साहब अली, मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद नियायद, मोहम्मद सरफराज पुत्र साहब अली समेत 7 नामजद तथा 20- 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 196(2), 197, 223, 300, 353 (1) (ग) भारतीय न्याय संहिता का मुकदमा पंजीकृत किया है। इस संबंध में जानकारी पर संग्रामगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पकड़े गए युवकों से मंगलवार को दिन भर पूछताछ जारी रही, कि किसके इशारे व निर्देश पर झंडा लहराया गया। कहीं इन लोगों के संबंध भारत विरोधी शक्तियों व आतंकवादियों के साथ तो नहीं है। हालांकि अभी तक की पूछताछ का ब्यौरा नहीं मिल पाया है। औसानगंज बाजार में जोगी व कुंजड़ा के लगभग 20-25 घर हैं। इस घटना से यहां का जो सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया है। उससे यहां के स्थानीय लोग दुखी व चिंतित है। पुलिस की गिरफ्तारी के भय से घर छोड़कर फरार हो गए हैं। सिर्फ महिलाएं व बुजुर्ग ही घर पर मौजूद हैं।

गणपति बप्पा की धूमधाम संग की गई विदाई

लोकमित्र ब्यूरो

बिहार/ प्रतापगढ़ बाघराय थाना क्षेत्र के कमासिन बाजार स्थित मां कामाक्षी धाम प्रांगण में मां कामाक्षी गणेश उत्सव कमेटी के तत्वावधान में आयोजित गणेश पूजा का दिन मंगलवार को समापन हो गया।तत्पश्चात गणपति बप्पा का विदाई समारोह आयोजित किया गया। खराब मौसम के बावजूद भक्तों के उत्साह में कोई कमी नही रही।

बताते चलें कि तेज हवा के साथ हो रही तेज बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में श्रद्धालु गणपति बप्पा की विदाई समारोह में शामिल हुए।इस दौरान तेज बारिश में डीजे की धुनों पर बज रहे भक्ति गानों पर भक्त नाचते गाते बप्पा की विदाई यात्रा में शामिल हुए।मां कामाक्षी धाम मंदिर प्रांगण से यह यात्रा बकुलाही नदी पर पहुंची। जहां पर बकुलाही नदी के जल में बप्पा का विसर्जन किया गया। साथ ही अगले वर्ष बप्पा के पुनः आगमन के लिए भक्तों ने प्रार्थना किया।

इस दौरान गणेश पूजा आयोजन कमेटी से अध्यक्ष आशीष अग्रहरि,ललित तिवारी, आशीष सिंह प्रिंस, रजलू पांडेय,गुड्डू अग्रहरि,अमन अग्रहरि,बब्बू अग्रहरि,हर्ष,अनिलेश तिवारी,नितिन गुप्ता, अनूप,सौरभ अग्रहरि,अनिल, जतिन सोनी,मोहित जायसवाल,अमनओम अग्रहरि, रीशू,रमेश,हिमांशु,नवीन गुप्ता,समेत तमाम भक्त गण मौजूद रहे।

गैंगेस्टर व गैंगरेप का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। जिले के लीलापुर थाना के दरोगा शहशांह खान मंगलवार को सुबह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर से बाबूगंज तिराहे पर एक वांछित के मौजूद होने की सूचना मिली। आनन फानन में पुलिस ने वहां पहुंचकर घेराबंदी करके आरोपी को धर दबोचा। दरोगा ने बताया कि आरोपी पुनीत पाल उर्फ विपिन पुत्र राजाराम निवासी तिना को बाबूगंज तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। वह गैंगेस्टर का आरोपी है। इसके अलावा किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के एक मुकदमें में भी वांछित था। आरोपी पुनीत को जेल भेज दिया गया है।

आवास लाभार्थियों को किया गया ताला चाबी का वितरण

कुंडा प्रतापगढ़।जन्म दिवस के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने उड़ीसा के भुवनेश्वर से टीवी के माध्यम से पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को संबोधित किया। जिसका लाइव प्रसारण बाबागंज ब्लाक सभागर में किया गया ।इस दौरान आवास लाभार्थियों ने पीएम मोदी के संबोधन को सुना। इसके बाद बीडीओ बाबागंज राजेंद्रनाथ पांडे और प्रमुख प्रतिनिधि रामजस सरोज ने संयुक्त रूप से आवास लाभार्थियों को ताला और चाबी का वितरण किया और आवास लाभार्थियों का गृह प्रवेश कराया। इस दौरान 24, 25 में स्वीकृत पीएम आवास लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौपा गया। इस दौरान लेखाकार वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव,ग्राम विकास अधिकारी प्रभुनाथ प्रसाद ,संदीप कुमार ,अरुण कुमार, सरोज सुनील ,राजकुमार मिश्रा, शिव शंकर यादव ऋषभ मिश्रा आदि मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत तिना विकास खण्ड लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

निविदा सूचना

मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में ग्राम पंचायत में कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत फर्मों द्वारा दिनांक 18.09.2024 से 23.09.2024 को सीलबन्द निविदा दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 23.09.2024 को दिन में 2.00 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेगी। फर्मों का जी0एस0टी0 नं0 होना अनिवार्य है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षारी में निहित होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम
1	शिव लाल पाल के घर से राम अजोर घर तक इंटर लॉकिंग 150 मीटर
2	सुरेश सरोज के घर से फूलचंद्र कोरी के खेत तक इंटर लॉकिंग 100 मीटर
3	ग्राम पंचायत तिना में आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण कार्य

रामपती देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तिना
वि0ख0–लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

पारूल सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत तिना
वि0ख0–लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

भाजपाइयों ने मनाया मोदी का जन्मदिन

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 74वां जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में जिले के प्रत्येक मंडलों के सभी शक्ति केन्द्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर, अस्पतालों में फल वितरण करके एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान करके मनाया गया। विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना के साथ साथ संकटमोचन मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कार्यक्रमों का प्रारंभ पं. दीनदयाल चौराहा पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ स्वच्छता ही सेवा है के मूल मंत्र पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया तथा पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

संकट मोचन तिराहे पर हनुमान जी के मंदिर में आरती पूजन करके हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ और प्रसाद के मिष्ठान वितरण किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के नेतृत्व में महिला चिकित्सालय में मरीजों को 74 किलो फल वितरण किया गया। मंडलीय चिकित्सालय में भाजयुमो जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ मिश्र मोंटी के नेतृत्व में रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें 74 युवाओं का रजिस्ट्रेशन कराकर बड़ी संख्या संख्या में रक्तदान किया गया। इसी क्रम में जनप्रतिनिधिगण व कार्यकर्ताओं ने अपनेङ्कअपने क्षेत्रों में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता आभियान चलाकर प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उनके दीर्घायु होने की कामना किया। इस सेवा पखवाड़ा के संयोजक जिला महामंत्री दिनेश वर्मा रहे।

सभी कार्यक्रमों में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह, मनोज जायसवाल, जिलामंत्री हेमन्त त्रिपाठी, गौरव ऊमर, जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे, मंडल अध्यक्ष नगर पश्चिमी भावेश शर्मा, नगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष नगर पूर्वी मनीष गुप्ता, जाहन्वी तिवारी, पुष्पेंद्र द्विवेदी, विवेक तिवारी, आशुकांत चुनाहे, विद्या तिवारी, मंडल मंत्री ओम प्रकाश मौर्य, दीपा ऊमर, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा रामकुमार विश्वकर्मा, सियाराम बिन्द, अभिनव प्रताप सिंह, अलंकार जायसवाल, आकाश गुप्ता, प्रतोष दूबे, श्याम सिंह, विजय प्रजापति, राजेश सोनकर, अमित श्रीनेत के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बाढ़ के पानी में डूब गए दो बच्चे

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। चुनार थानांतर्गत ग्राम केशवपुर निवासी बिहारी अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ खेत में गया था। वहां से चारा लेने के बाद बिहारी अपने दो पुत्रों सिद्धार्थ (8) व श्याम (6) के साथ वापस घर आ गया था। बिहारी चारा व बच्चों को घर पर छोड़कर वापस खेत में चला गया था कि दोनों बच्चे सिद्धार्थ व श्याम अपने पिता के पीछे पीछे खेत में जाने लगे जिससे बच्चों का पिता अनजान था। खेत में जाते समय सड़क के किनारे नाले में एक बच्चा फिसलकर गिर गया तथा दूसरा बच्चा उसको बचाते समय नाले में डूब गया। सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना चुनार का पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और बच्चों को पानी से निकालकर अस्पताल भिजवाया जहां डाक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को कराया गया गृह प्रवेश

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। प्रधानमंत्री के भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास/पी.एम. आवास योजना के लाभार्थियो को गृह प्रवेश कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट में सजीव प्रसारण किया गया। उक्त अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत पूर्ण हो चुके आवास के लाभार्थियो को गृह प्रवेश कराया गया। विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी के द्वारा जनपद के प्रधानमंत्री आवास शहरी के अन्तर्गत पूर्ण आवासों के लाभार्थियो को प्रमाण पत्र प्रदान कर गृह प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के समस्त नगर निकायों में विगत छः माह में पूर्ण 1106 आवास के लाभार्थियो को

प्रमाण पत्र वितरित किया गया। पूर्ण हो चुके आवासों के लाभार्थियों में नगर पालिका परिषद मीरजापुर में कुल 625, नगर पालिका परिषद चुनार में 195, नगर पालिका परिषद अहरौरा में 215 तथा नगर पंचायत कछवा में 71 लाभार्थियों को गृह प्रवेश कराया गया। इसी क्रम में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत नगरपालिका परिषद चुनार में विधायक चुनार अनुराग सिंह, नगर पालिका परिषद अहरौरा में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ओम प्रकाश केसरी, तथा नगर पंचायत कछवा में अध्यक्ष नगर पंचायत श्रीमती मिताली जायसवाल के द्वारा अपने-अपने नगर निकायों के अन्तर्गत लाभार्थियो को प्रमाण पत्र प्रदान कर गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि.एवं रा.शिव प्रताप शुक्ल, डिप्टी कलेक्टर भरत लाल सरोज के अतिरिक्त नगर पालिका मीरजापुर के विभिन्न वार्डो के सभासद भी कलेक्ट्रेट के कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

पचीस हजार का इनामिया मुठभेड़ में गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। थाना कोतवाली कटरा क्षेत्रांतर्गत 16 सितंबर को संगमोहाल, मुस्द्दी धर्मशाला के पास बाइक सवार अज्ञात व्यक्ति (बदमाश) द्वारा एक स्कूटी सवार महिला की चेन छीनने का प्रयास किया गया। इसमें उक्त महिला स्कूटी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी थी।

उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में कोतवाली कटरा व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को महिला सुरक्षा व आपरेशन त्रिनेत्र के तहत जनपद में लगे सीसीटीवी कैमरा की सहायता से आरोपी की पहचान की गई। थाना

कोतवाली कटरा पर पंजीकृत मुकदमें के अंतर्गत इनामिया अभियुक्त विकाश हेला निवासी भैसहिया टोला थाना कोतवाली कटरा को बसही के पास से वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त द्वारा गिरफ्तारी से बचने हेतु पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगी और पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त विकास के पास से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा 315 बोर मय 1 अदद जिन्दा व 1 अदद खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक अदद हीरो एचएफ डिलेक्स चोरी की मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद किया गया। गिरफ़्तारी करने वाली टीम का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कटरा अजीत सिंह तथा टीमों ने किया।

खराब मौसम के चलते आज बंद रहेंगे विद्यालय

बांदा। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खराब मौसम को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप से बात की। उनकी संस्तुति मिलने के बाद बीएसए ने परिषदीय, सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों में अवकाश घोषित किया है। इसके साथ ही सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आदेश का अनुपालन किया जाए।

प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर किया रक्तदान शिविर का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाडा कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया।

प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मुन्नू कोरी) ने कहा कि रक्तदान सबसे बडा महादान होता है। इससे किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाडा के रूप में मनाया जा

रहा उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि चित्रकूट जनपद एक आकांक्षात्मक जनपद है। इसमें गांव से लोग आते हैं, उनके साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी दवा हो आप लोग बाहर से नहीं लिखेंगे, किसी भी मरीज को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए, कोई भी गरीब किसान परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने पर्चा काउन्टर पर लगे मरीजों से उनके स्वास्थ्य लाभ एवं समस्या के बारे में जानकारी ली। मुख्य चिकित्साधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने जिला अस्पताल के बारे में प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी व डॉ विवेक प्रताप सिंह ने रक्तदान किया। इस मौके पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला प्रभारी अनिल यादव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुरेश अनुरागी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक वंदना श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा विकास मिश्रा (हीरो), जिला महामंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रमेंद्र प्रताप सिंह, जिला महामंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा मोहित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

गाजे-बाजे के साथ निकाला विसर्जन जुलूस, विसर्जित हुईं गणेश प्रतिमाएं

- दोपहर बाद से शुरू हुआ गणेश विसर्जन का सिलसिला, जमकर थिरके श्रद्धालु
- सुरक्षा के लिहाज से चौराहों के साथ ही केन तट पर तैनात रही पुलिस

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। मंगलवार को गणेश महोत्सव का समापन हो गया। इस दौरान शहर के आधा सैकड़ा से अधिक स्थानों पर स्थापित गणेश प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना की गई। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन गणेश पंडालों में पहुंचकर पूजन-अर्चन और दर्शन किया। मंगलवार की दोपहर को गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन जुलूस निकलने का सिलसिला शुरू हो गया। डीजे की धुन पर थिरकते हुए हजारों की संख्या में गणेश भक्त रंग गुलाल उड़ाते हुए नजर आए। दोपहर से लेकर देर शाम तक तकरीबन 70 से अधिक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान केन नदी तट पर पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। इसके साथ ही दमकल और नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ ही गोताखोर भी तैनात किए गए थे। मंगलवार को रिमझिम बारिश के बीच गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस दोपहर के समय से सड़क पर नजर आया। डीजे की धुन पर महिलाएं और पुरुष समेत बच्चे रंग-गुलाल उड़ाते हुए थिरकते नजर आए।

सड़क के दोनो ओर श्रद्धालु गणपति प्रतिमाओं का दर्शन करने के लिए कतारबद्ध खड़े नजर आए। केन नदी पहुंचने के बाद गणपति प्रतिमाओं की भव्य आरती उतारी गई। इस दौरान श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कई श्रद्धालु तो गणपति प्रतिमाओं से लिपटकर बिलख पड़े। नाव के जरिए केन नदी में गणपति प्रतिमाओं का नम आंखों के साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अगले बरस तू जल्दी आ, गणपति बप्पा मोरिया का गगनभेदीय जयघोष लगाया। विसर्जन जुलूस के दौरान हो रही रिमझिम बारिश ने खलल पैदा करने का प्रयास किया, लेकिन विसर्जन जुलूस नहीं रुका।

हजारों की संख्या में श्रद्धालु डीजे की धुन पर थिरकते हुए केन नदी की ओर रवाना होते रहे। केन नदी पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने गणेश भगवान की आरती उतारी और नाव के सहारे केन नदी में नम आंखों के साथ विसर्जन किया। श्रद्धालु फफक कर रो पड़े। सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला विसर्जन स्थल पर दोपहर के समय मौजूद रहे और पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते रहे। देर शाम तक 70 से अधिक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान किसी प्रकार का हादसा न हो, इसके लिए सुरक्षा का कड़ा पहरा रहा। केन के विसर्जन घाट पर आधा दर्जन पुलिस कर्मी लाइफ जैकेट पहने मुस्तैद नजर आए। इसके साथ ही प्रशासन के द्वारा गोताखोरों को भी तैनात किया गया था। केन नदी में 12 नावों की एक बैरिकेडिंग नदी के बीचोबीच बना दी गई थी। उस बैरिकेडिंग के घेरे के अंदर ही गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। एक नाव में चार से अधिक लोगों को गणेश प्रतिमा के साथ बैठने की इजाजत नहीं थी। केन नदी में टोकन नंबर दिया जाता रहा, टोकन नंबर लेने के बाद ही श्रद्धालु गणेश प्रतिमा लेकर नाव में सवार होते रहे। इधर, तिंदवारी, पैलानी, बबेरू, बदौसा, नरैनी समेत अन्य स्थानों पर भी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। तिंदवारी कस्बे में मंगलवार को गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस निकाला गया। कस्बे में विराजमान छह गणेश प्रतिमाएं जुलूस के तौर पर भ्रमण करतीं हुई सिमौनी स्थित गड़रा नदी में पहुंची, वहां पर नम आंखों के साथ श्रद्धालुओं ने आरती-पूजा के बाद गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया। जुलूस में श्रद्धालु डीजे की धुन पर जमकर थिरके और गुलाल उड़ाया। इस दौरान आनंद स्वरूप द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेशचंद्र साहू, अरविंद गुप्ता, राहुल गुप्ता, मनाज, शंकर सिंह परिहार, रामबाबू सोनी, अभय प्रताप सिंह परिहार, अनिल लखेरा, दीपू सोनी, जय प्रताप सिंह, सूरज, विकास, भूरेलाल फौजी आदि मौजूद रहे। पैलानी तहसील अंतर्गत खप्टिहाकलां कस्बे में जगह-जगह विराजमान गणपति प्रतिमाओं का गाजे-बाजे के साथ विजर्सन जुलूस निकाला गया। महिला और पुरुष श्रद्धालु डीजे की धुन पर जमकर थिरके। महाकालेश्वर मंदिर के पास स्थित तालाब में आरती पूजा के बाद नम आंखों से विसर्जन किया गया। बबेरू कस्बा और क्षेत्र में एक दर्जन गणपति प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकाला गया। घसिला तालाब में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान शिवविलास शर्मा, रोशन, कृष्णा, शुभ, अंकित, प्रिंस, राहुल साहू जंटाशकर राहुल शिवहरे मोहित यादव सोमील गुप्ता सागर राजवीर चौरसिया बुधराज गुड्डू पप्पी समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे। कोतवाली प्रभारी बबेरू बलराम सिंह और कस्बा इंचार्ज कौशल किशोर समेत पुलिस फोर्स निगेहबानी करती रही। बदौसा कस्बा और आसपास के क्षेत्रों में विराजमान गणपति प्रतिमाओं का मंगलवार को बागै नदी में विसर्जन किया गया। डीजे की धुन पर श्रद्धालु जमकर थिरके। विसर्जन जुलूस स्टेशन रोड से फतेहगंज तिराहे से गुजरा। रिमझिम बारिश के बीच गणपति प्रतिमाओं का नम आंखों से विसर्जन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी जयचंद सिंह, उप निरीक्षक ब्रह्म देव गोस्वामी, मदनचंद्र ,पीआरवी डायल 112 पुलिस लगातार निगेहबानी करती रही। ओरन कस्बे में छह से अधिक गणपति पंडालों की स्थापना की गई थी। इनमें विराजमान गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस गाजे-बाजे के साथ निकाला गया। तिलहर देवी मंदिर स्थित तालाब में पूजा-अर्चना के बाद गणपति प्रतिमाएं विसर्जित की गईं। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद शिवहरे, आशीष, अभिषेक, जतिन सहित सैकड़ों लोग व्यवस्था में डटे रहे। सुरक्षा के चौकी प्रभारी हरिशरण सिंह पुलिस बल के साथ मुस्तैद नजर आए। नरैनी कस्बा और आसपास क्षेत्रों में एक दर्जन गणपति प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। विजर्सन जुलूस में श्रद्धालु डीजे की धुन पर जमकर थिरके। आरती-पूजा के दौरान श्रद्धालु फफक कर रो पड़े। नम आंखों के साथ पनगरा नहर में गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान गणेश उत्सव समिति अध्यक्ष रामकृपाल गुप्ता, राज कुशवाहा, प्रांशु गुप्ता, पुनीत विश्वकर्मा, किशन, सोनू विश्वकर्मा, विपिन त्रिवेदी, सुमित रैकवार, अशीष विश्वकर्मा के अलावा नरैनी कोतवाल राममोहन राय और पुलिस बल मौजूद रहा। ग्रामीण क्षत्रों में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करने के दौरान मुकामी पुलिस लगातार निगेहबानी करती हुई नजर आई।

प्रभारी मंत्री ने ली विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार जनपद प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मुन्नू कोरी) की अध्यक्षता में एवं मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा के जिला सगठन प्रभारी अनिल कुमार यादव, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। प्रभारी मंत्री ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि जो विकास कार्यक्रम की बैठक हुई, उसमें जिन बिंदुओं पर प्रगति कम है, उन पर प्रगति कराएं। मुख्यमंत्री ने उन्हें जनपद का प्रभारी मंत्री बनाकर जनपद के विकास के लिए जिम्मेदारी दी है, जो कमियां हो उनको अवगत कराया जाए ताकि प्रदेश सरकार से निस्तारण कराया जा सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही नहीं होनी चाहिए अगर किसी विभाग की शिकायत मिली तो कार्यवाही की जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि 60 वर्ष से ऊपर के वृद्धजनों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाए, कोई पात्र व्यक्ति छूटने न पाए। साथ ही सभी विभाग के अधिकारी अपने कार्यों को निष्ठा पूर्वक करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि जो विभाग तथा अधिकारी आपके कार्यों को न सुने तो अवगत कराया जाए, उनके खिलाफ कार्यवाही कराई जाएगी। अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि विद्युत बिलों में सुधार कराया जाए। उप निदेशक कृषि से कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के जो लाभार्थी शेष हैं, उनको लाभ दिलाया जाए। साथ ही यमुना किनारे के गांव के किसानों की जो फसल बाढ से प्रभावित हुई है, उसकी जांच कराकर किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाया जाए। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में जो पर्यटन विकास के कार्य चल रहे हैं, उसकी सूची बनाकर जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि गोवंशों का संरक्षण शत प्रतिशत कराए ताकि किसानों की फसलों को बचाया जा सके। साथ ही पशुओं का नस्ल सुधार कराया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज राजापुर तथा राजकीय इण्टर कॉलिज ममसी बुजुर्ग का जो निर्माण कार्य अधूरा है, उसकी जांच कराकर सम्बन्धित कार्यदाई संस्था से पूरा कराया जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। लघु डाल के अधिकारियों से कहा कि पंप कैनाल का पानी टेल तक अवश्य पहुंचाया जाए ताकि किसानों को कोई समस्या न हो। उन्होंने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह से कानून व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही कहा कि महिला सम्बन्धी मामलों पर त्वरित कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि जो दिशा निर्देश दिए गए हैं, उसका अनुपालन अगली बैठक से पहले कराया जाएगा। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने पीएम आवास लाभार्थियों को वितरित किए स्वीकृति पत्र व चाभी

चित्रकूट-राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार व जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, शहरी के लाभार्थियों को गृह प्रवेश, चाभी एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया। इस दौरान उडीसा में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एलसीडी के माध्यम से दिखाया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिए। जिसमें फातमा, हसीना, शबनम, शरीफ आदि एवं 32 लाभार्थियों को चाबी वितरण किया। जिसमें बृजरानी, मुन्नी देवी, राजकुमारी, कलावती, सुनीता, सुरेश आदि को वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, जिला प्रभारी अनिल यादव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय आदि मौजूद रहे।

पहलवानों ने किया कुश्ती कला का प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

तिंदवारी। दंगल में पहलवानों ने कुश्ती कला का प्रदर्शन किया।

झांसी, जालौन, कानपुर ,मथुरा, दिल्ली ,हरियाणा ,पंजाब, चित्रकूट व बांदा के पहलवानों ने दांवपेच दिखाएं। दंगल प्रतियोगिता मे दिल्ली के राकी पहलवान को नेपाल के थापा पहलवान ने पराजित किया। संदीप गोधनी पूरन खौड़ा विकास बरगहनी महेश तिंदवारी अमन मूगुस चित्रांश तिंदवारी दीपू गोधनी रिंकू परसौडा सोहन गौशाला महेश भुजौली चुन्नू मुगुस बउवा खपटिहा भूपेंद्र हरिद्वार राधेश्याम मिरगहनी नीरज मिरगहनी रवीकरण पपरेंदा श्याम मुगुस संजू रायबरेली अशोक रायबरेली रामपाल खपटिहा राजेश भुजौली अभिषेक फतेहपुर मनीष पपरेंदा मदन खपटिहा के पहलवानों ने जोरदार प्रदर्शन किया ।संचालन राम भवन रेफरी की भूमिका बुंदेलखंड केसरी कल्लू पहलवान ने की मेले में रामलीला आल्हा नौटंकी कीर्तन का मंचन हुआ ।

जल शक्ति राज मंत्री रामकेश निषाद ,कुरसेजा धाम आश्रम के महंत परमेश्वर दास त्यागी, क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह. उत्तरी सहकारी समिति के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, नगर पंचायत प्रतिनिधि रमेश चंद्र साहू, भाजपा नेता राजनारायण द्विवेदी, प्रधान प्रतिनिधि जयकरण वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, विजय सिंह, अमरीश कुमार, चंद्रमौलि श्रीवास्तव, अर्पित श्रीवास्तव, राजेंद्र नाथ श्रीवास्तव, तोसू यादव समेत मेला दंगल प्रबंध समिति के कार्यकर्ता सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह रजावत पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

रामलीला मंचन देखकर दर्शक भावविभोर

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा।तिंदवारी क्षेत्र के तेरहीमाफी जल बिहार मेला में चल रही रही रामलीला का मंचन किया गया। परशुराम लक्ष्मण संवाद देखकर श्रोता भावविभोर हो गए। पुत्री सीता के विवाह के लिए राजा जनक ने सीता स्वयंवर का आयोजन किया। उपस्थित राजा धनुष को उठाना तो दूर हिला तक नहीं सके तो परेशान होकर राजा जनक विलाप करने लगे उन्होंने कहा कि उन्हें आज पता चला कि पृथ्वी वीरों से खाली हो चुकी है। जनक का विलाप सुन दर्शक भाव विभोर हो गए। जनक की बातें सुन लक्ष्मण क्रोधित हो उठे तब भगवान राम ने इशारे रोका और विश्वामित्र से आज्ञा लेकर धनुष का भंजन किया। धनुष टूटते ही सीता ने राम के लगे में जयमाला डाल दी। धनुष टूटने की आवाज सुनते ही परशुराम स्वयंवर में

आ गए और धनुष तोडनें वाले का नाम पूछने, इस पर वहां सन्नाटा छा गया। वहीं परशुराम और लक्ष्मण के बीच जमकर शब्दों के बाण चले। परशुराम लक्ष्मण संवाद का आनन्द उठाने के लिए पूरी रात भीड़ जमी रही। इस अवसर प्रशांत गुप्ता टोस यादव मनोज श्रीवास्तव राजेंद्र श्रीवास्तव उमेश श्रीवास्तव राजनायण द्विवेदी दिनेश द्विवेदी शरद श्रीवास्तव राकेश यादव महेंद्र यादव अर्पित श्रीवास्तव आशीष श्रीवास्तव ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जयकरण वर्मा चंद्रमौलि मौजूद रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित
सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

एनटीपीसी ऊंचाहार में भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनी

भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के शिल्पी एवं देवताओं के वास्तुकार माने गए हैं: मनदीप सिंह छाबड़ा

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। एनटीपीसी ऊंचाहार में पर्व आयोजन समिति के सौजन्य से सृष्टि के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती हर्षोल्लास एवं धूमधाम से सम्पन्न हुई। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनकी पूजा-अर्चना की। अलग-अलग विभागों द्वारा भी प्लांट के विभिन्न साईटों में यंत्रों व उपकरणों की भी पूजा की गई। महाप्रबंधक (प्रचालन) राजेश कुमार ने यजमान के रूप में भगवान विश्वकर्मा का वैदिक मंत्रों के बीच में पूजन-अर्चन किया। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर संविदा श्रमिकों का उत्साहवर्धन करने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले संविदा कर्मियों को संविदाकर्मी सराहना

कार्यक्रम के तहत विश्वकर्मा पुरस्कार प्रदान किए गए।पूजन के पश्चात श्री छाबड़ा ने प्लांट के प्रचालन और अनुरक्षण से जुड़े सभी एनटीपीसी कर्मचारियों तथा संविदा कर्मियों के खुशहाल व स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के शिल्पी एवं देवताओं के वास्तुकार माने गए हैं, जिस कारखाने में इनकी पूजा होती है उसकी उत्पादकता में ना केवल वृद्धि होती है बल्कि वहां काम करने वाले कर्मचारियों का मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। इस अवसर मेरी भगवान विश्वकर्मा से प्रार्थना है कि वह सभी कर्मियों को कार्य-दक्षता और उन्नति प्राप्त करने का आशीर्वाद प्रदान करें।परियोजना के सभी कर्मचारियों, एजेंसियों व उनके संविदा कर्मियों के लिए भगवान विश्वकर्मा के प्रसाद के महा भंडारे का आयोजन किया गया। पूजन के दौरान महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रवि प्रकाश अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक (रसायन) रादेश कुमार, अपर महाप्रबंधक (ऑफसाईट) पंकज कुमार, उप महाप्रबंधक एस सी श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक के के सिंह व अन्य विभागों के विभागाध्यक्षों सहित यूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारियों और कर्मचारी गणों व संविदा कर्मियों ने पूजा में भाग लिया।

संपूर्ण आयोजन को धरातल पर उतारने में पर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष अनुराग गौराहा, उपाध्यक्ष सत्यवान गुप्ता व मुख्य सचिव चंद्रजीत सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री छाबड़ा ने स्वच्छता ही सेवा के तहत उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता शपथ दिलाई तथा अपील की कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले श्स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छताश् के कार्यक्रमों में सभी लोग अधिक-से-अधिक संख्या में भाग लें।

आधुनिक विकसित भारत के शिल्पकार है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी: विवेक विक्रम सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 74वॉ जन्म दिवस जिला सहकारी बैक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह,बैक उपाध्यक्ष सुषील शर्मा निवर्तमान जिला अध्यक्ष रामदेव पाल बैक डारेक्टर राघवेन्द्र प्रताप सिंह जिला मिडिया प्रभारी विजय बाजपेई ओम प्रकाष तिवारी के साथ वृद्वा आश्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चित्र पर टीका लगाकर केक काटकर फल एवं मिटाई वृद्व जनो में बाटकर मनाया आश्रम में उपस्थित माता एवं पिता तुल्य वृद्व जनो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये द्वीघायु होने की कामना की जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने कहा की अखण्ड/विकसित भारत के निर्माता नरेन्द्र मोदी के हाथो देष की जनविश्वास यह दर्शाता है, कि आज का भारत प्रधानमंत्री के हाथो में सुरक्षित एवं विकसित है। प्रधानमंत्री जी दृढ इच्छा शक्ति के कारण ही आज हमारी विष्व

पटल पर एक अलग पहचान स्थापित हुयी है। उन्होने कहॉ जिला सहकारी बैक परिवार की तरफसे हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के उत्तम स्वास्थ दीघायु होने की प्रार्थना करते है। बैक उपाध्यक्ष सुषीलष्षर्मा ने कहॉ की जिला सहकारी बैक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवारा के रूप में मनायेगा। निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामदेव पाल ने कहा की भारत की जनता की जन अकांक्षाओ को पूरा करने हेतु दृढ संकप्लित है। बैक डारेक्टर राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब किसान नौजवान सबके चेहरे पर खुषहाली है। जिला मिडिया प्रभारी विजय बाजपेई ने आये हुये समस्त अतिथियों का अभार ब्यक्त किया ।

इस अवसर पर रामबली सिंह ने वृद्वा आश्रम के सभी वृद्वजनो के साथ बैठकर भजन कीर्तन करते हुये प्रधानमंत्री जी के दीघायु एवं सफल होने की कामना की।

एनटीपीसी ऊंचाहार में इंजीनियर्स डे का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। एनटीपीसी ऊंचाहार में भारत रत्न श्री मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में इंजीनियर्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रवि प्रकाश अग्रवाल और विशेष अतिथि आर.के. पांडे (पूर्व मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी) सहित कई अन्य इंजीनियर उपस्थित रहे व कार्यक्रम में एनटीपीसी कार्यकारी संघ के अध्यक्ष शशिकांत राय ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने अपने प्रेरणादायक विचारों से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि श्री विश्वेश्वरैया न केवल इंजीनियरिंग जगत के आदर्श थे, बल्कि उनकी सोच ने देश के तकनीकी विकास को नई दिशा दी। उन्होंने परियोजना के युवा इंजीनियरों को निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही, नवाचार और स्थिरता (सस्टेनेबिलिटी) को ध्यान में रखते हुए काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रवि प्रकाश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में बताया कि इंजीनियरों का समाज निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है और हमें लगातार नई तकनीकों को अपनाते हुए देश की उन्नति के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी ऊंचाहार की टीम ने हमेशा ही अपने उच्च मानकों और तकनीकी क्षमताओं से कंपनी का नाम रोशन किया है, और आगे भी यह प्रयास जारी रहना चाहिए।विशेष अतिथि आर.के. पांडे, पूर्व सीजीएम, एनटीपीसी ने अपने अनुभव साझा करते हुए इंजीनियरिंग क्षेत्र की चुनौतियों और अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के इंजीनियरों को बदलती तकनीकों के साथ खुद को ढालते हुए नवाचार के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा क्षेत्र में स्थिरता को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया।अपर महाप्रबंधक (ईडीसी व एनएसए) ने भी सभी इंजीनियरों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने कार्यों में नैतिकता और जिम्मेदारी के साथ काम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी ऊंचाहार के इंजीनियरों ने हमेशा कंपनी के लक्ष्यों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाई है और आने वाले समय में भी उनसे और अधिक समर्पण की अपेक्षा है। इस कार्यक्रम में परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और इंजीनियर भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों के सम्मान के साथ हुआ और सभी ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने का संकल्प लिया।

सृजन नहीं विध्वंस कर रही उ0प्र0 सरकार-इं0 वीरेन्द्र यादव

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। भगवान विश्वकर्मा की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर मनायी गयी इस अवसर पर विचार गोष्ठी आयोजित कर सृष्टी के निर्माण में उनके महान योगदान पर चर्चा की गयी।गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहले शिल्पकार, वास्तुकार एवं इंजीनियर थे उन्होनें ब्रम्हा जी की सृष्टि की रचना को सजाने, संवारने एवं निर्माण का कार्य किया। भगवान विश्वकर्मा ने देश दुनिया की तरक्की खुशहाली के लिए जहां उपकरणों का निर्माण किया वहीं सृजन में सकारात्मक भवाना का संदेश दिया उन्हीं का अनुशरण करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में अनेकों जनकल्याणकारी कार्यों के लिए

ऐतिहासिक सृजनात्मक योजनाओं पर निर्माण कर जनता के लिए समर्पित किया परन्तु भाजपा शाषित उ0प्र0 के मुख्यमंत्री बुलडोजर से सृजन के विपरीत विध्वंस करने का रिकार्ड बनाकर भगवान विश्वकर्मा के बताये मार्ग को अवरूद्ध कर रहे है।वरिष्ठ नेता डा0 शशिकांत शर्मा ने उपस्थित लोगों को सम्बांधित करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा के वंशजों अनुयायियों द्वारा किसानों, मजदूरों, उद्योगपतियों से लेकर आम आदमी की सहूलियत, तरक्की एवं विकास के लिए नये आधुनिक उपकरणों को बनाने का कार्य किया जा रहा है भगवान विश्वकर्मा के पदचिन्हों पर चलकर नेता जी मुलायम सिंह यादव ने प्रगति एवं उन्नति हेतु अनेकों योजाऐं चलायी वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इंजीनियर के रूप में उ0प्र0 का सर्वागीण विकास कर भगवान विश्वकर्मा की निर्माण, सृजन की भावना को प्रेरणा माना।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मिश्री लाल चौधरी, राजेश मौर्या, महासचिव मो0 अरशद खान, वरिष्ठ नेता ओ0पी0 यादव, आशीष चौधरी, संदीप शुक्ला, मो0 मुशीर अहमद, शकील मंसूरी, शुभम लोहिया, सुरजीत सिंह, फहीम अहमद, अमरदेव यादव, सौरभ पासी, चौ0 अरविन्द निर्मल, रवीन्द्र सिंह, शिवबरन यादव, आशुतोष यादव, वीरेन्द्र बहादुर, समर बहादुर, चन्द्रिका प्रसाद विश्वकर्मा, डा0 रामनेवाज विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, शिव चन्द्र विश्वकर्मा, शैलेन्द्र यादव, सूर्य बक्श विश्वकर्मा, मकसूद अली, भानू प्रकाश विश्वकर्मा, अखिलेश बबलू, अरूण शर्मा, विनय कुमार यादव, दुर्जन विश्वकर्मा, मजहर खान, आर0एस0 शर्मा, इम्तियाज हुसैन, एस0डी0 विश्वकर्मा, राजीव गौतम, मो0 श्रवण चौधरी,योगेश्वर पटेल ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना किया।

श्रद्धा-भाव के साथ मनाई गई देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती पूर्ण श्रद्धा-भाव के साथ मनाई गई, विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, डिप्टी जेलर अनिल विश्वकर्मा और शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पूजा-अर्चना की। साथ ही विद्यालय के वाहनों,इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों सहित अन्य उपकरणों की विधिवत पूजा की गई। डॉ0 शर्मा ने निर्माण व सृजन के देवता आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती की बधाई देते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं से विद्यार्थियों के भविष्य के नवनिर्माण की अपेक्षा की, साथ ही उन्होंने बताया कि जिस प्रकार भगवान विश्वकर्मा सृजन और निर्माण के देवता माने जाते हैं ठीक उसी प्रकार शिक्षक भी विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण करता है।अतः सभी शिक्षक साथियों को भगवान विश्वकर्मा से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए अपने पुनीत कार्य में संलग्न होना चाहिए,साथ ही उन्होंने वाहन चालकों सहित समस्त उपकरणों का उपयोग करने वाले साथियों से कहा कि वे सभी भगवान विश्वकर्मा द्वारा दी गयी तकनीक से निर्मित उपकरणों का प्रयोग पूर्ण मनोयोग एवं सावधानी पूर्वक करें। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, डॉ रामनेवल विश्वकर्मा, डॉ राम प्रसाद शर्मा, डॉ अरुण शर्मा, राकेश अवस्थी, वेद प्रकाश मिश्रा, विवेक सिंह, अजय राज सिंह, विशाल सिंह, देवेंद्र जायसवाल, अभिषेक श्रीवास्तव, संदीप सिंहा, जितेंद्र सिंह, महेन्द्र कुमार, राम सजीवन विश्वकर्मा, फक्कीरे विश्वकर्मा, भानू प्रताप विश्वकर्मा, चंदिका प्रसाद विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, दूलम विश्वकर्मा, कृष्ण आत्मा शर्मा, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

रायबरेली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। सभी ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान बच्चों को उपहार दिया गया, जिसे पाकर उनके चेहरे खुशी से खिल गए।शहर के रतापुर स्थित शुभाशीष विधालय में प्रधानमंत्री का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। नगर मंडल पूर्वी के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, सदर विधानसभा संयोजक अरविंद श्रीवास्तव, नगर मंडल पूर्वी के प्रभारी सत्येंद्र सिंह, नगर मंडल महामंत्री अजय सिंह सोनू, शशिकांत शुक्ला, नगर उपाध्यक्ष इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, अनुराग वर्मा, सभासद रामखेलावन बारी और शक्ति केंद्र संयोजक विजय श्रीवास्तव ने दिव्यांग बच्चों को उपहार बांटे। संस्थान अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ क्षमा श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के दृढ़ इच्छाशक्ति से विश्व में भारत दिनोंदिन मजबूत हो रहा है। सदर विधानसभा संयोजक ने कहा कि राष्ट्रहित को उन्होंने सदैव प्राथमिकता पर रखा। यही वजह है कि तीसरी बार देश की जनता ने विश्वास जताया है। इस मौके पर वैभव श्रीवास्तव, ऐश्वर्य श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में मनाई गई देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती के सुअवसर पर उनका सुंदर दरबार सजाकर उनके चित्र को विराजमान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित पूजन समय उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा जी का भोग, प्रसाद, आरती, पुष्प अर्पण करते हुए विधि विधान से पूजन अर्चन संपन्न कर सृजनकर्ता का आशीष प्राप्त किया। भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का सृजनकर्ता और प्रथम शिल्पकार के रूप में जाना जाता है। माना जाता है कि ब्रह्मा जी के कहने पर ही विश्वकर्मा जी ने दुनिया बनाई थी। उन्होंने ही भगवान श्री कृष्ण की द्वारिका, सोने की लंका, शिवजी का त्रिशूल, हस्तिनापुर, पुष्पक विमान आदि कई चीजें तैयार की थीं।

भगवान विश्वकर्मा जी को ही पहला इंजीनियर भी माना जाता है। ब्रह्मा जी ने जब सृष्टि की रचना की थी तब उसके सजाने और संवारने का काम विश्वकर्मा जी ने ही किया था। इसी श्रद्धा भाव से किसी कार्य के निर्माण और सृजन से जुड़े लोग विश्वकर्मा जयंती पर पूजा अर्चना करते हैं। पूजा के बाद भगवान विश्वकर्मा जी से सफलता की कामना के साथ ही जन-जन के कल्याण का आशीर्वाद भी प्राप्त करते हैं।भगवान विश्वकर्मा जयंती के सुअवसर पर प्रधानाचार्य जी ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बाएफ द्वारा किसानों को मिला सोलर पैनल और पौधे

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिले के विकासखंड डीह के 25 गांवो में बाएफ द्वारा एचडीएफसी बैंक के सहयोग से आजीविका संवर्धन कार्यक्रम परियोजना संचालित की जा रही है। परियोजना के माध्यम से 25 गांवो के 150 किसानों को इस वित्तीय वर्ष में बागवानी कराई जा रही है। लाभार्थी सभी किसानों को पूर्व में नीमखली, सिंगल सुपर फास्फेट, सीमेंटपोल के साथ झटका मशीन तथा आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। परियोजना अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने बताया कि सभी किसानों को 50-50 पौधे वितरित किए जा रहे हैं। जिनमें आम की आम्रपाली प्रजाति के साथ अमरूद, आंवला, नींबू, केला तथा करौंदा की बागवानी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि किसानों को झटका मशीन चलाने हेतु इस वर्ष सोलर पैनल भी परियोजना के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। वितरण कार्य में कृषि अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह, पशु प्रजनन केंद्र प्रभारी उमेश कुमार सिंह, जेपीसी आशीष प्रताप सिंह, आदर्श यादव, रोशनी, संदीप यादव, अभय प्रताप सिंह, राहुल, दशरथ अवस्थी, जयप्रकाश यादव, सुरेंद्र कुमार, धर्मवीर यादव तथा राकेश मौर्य ने सराहनीय योगदान प्रदान किया।

राना समिति शंकरपुर के सराहनीय कार्य

... अवध मा राना भयो मरदाना, की स्मृतियों को संजोने की पहल शुरू, गांव गांव जाकर मांगा जनसहयोग

लोकमित्र ब्यूरो

जगतपुर, रायबरेली। 1857 प्रथम भारतीय स्वाधीनता संग्राम के अमर नायक राना बेनी माधव सिंह की स्मृतियों को संजोने एवं जीवंत बनाए रखने के लिए राना समिति शंकरपुर अवध मा राना भयो मरदाना मंगलवार को ब्लॉक जगतपुर , दीनशाहगौरा क्षेत्र में बैसवारा के गांव-गांव में भ्रमण और जन सम्पर्क अभियान चलाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य राना भयो मरदाना की स्मृतियों को संजोने और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने एवं जन जागरूकता फैलाने के लिए समिति के अध्यक्ष हरिचंद्र बहादुर सिंह, संरक्षक अकबाल बहादुर सिंह, विधिक सलाहकार एडवोकेट अजयपाल सिंह चौहान, संयुक्त मंत्री अरूणेन्द्र सिंह चौहान और हिंदी के असिस्टेंट प्रोफेसर संयोजक डा. आजेन्द्र प्रताप सिंह ने इस अभियान का नेतृत्व किया। समिति के सदस्यों ने गांव-गांव जाकर लोगों से मिलकर जन सहयोग मांगा और राना

भयो मरदाना की विरासत को जीवित रखने के लिए समर्थन जुटाया, उत्साहवर्धन और जन सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है। बताते चलें कि यह अनूठी पहल राना भयो मरदाना की विरासत को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और आने वाली पीढ़ियों को उनकी शहादत की कहानी से प्रेरित करेगी। अवध मा राना भयो मरदाना.... जनसम्पर्क के क्रम मे समिति ने जनस्पर्क सहयोगी भ्रमण के दौरान ग्राम प्रधान बेहीखोर सुरेंद्र सिंह के आवास पर बैठक किया। प्राथमिक शिक्षक संघ दीनशाह गौरा के लगातार चार बार अध्यक्ष रहे शिक्षक नेता गणेश बक्श सिंह के निवास गांव बादीपुर थुलरई, एवं समिति के सहयोगी संदीप सिंह (आईएएस) के पैतृक आवास ग्राम बादीपुर थुलरई में उनके पिता शिक्षक विजयपाल सिंह व उनके बड़े भाई प्रवक्ता कुलदीप सिंह राजू के साथ परिचर्चा गोष्ठी हुई। दोपहर दो बजे ग्राम गौरा खसपरी प्राथमिक शिक्षक संघ दीनशाह गौरा के कार्यकारी अधिकारी धर्मेंद्र बहादुर सिंह, सब इंस्पेक्टर कमलेंद्र बहादुर सिंह, उपेंद्र बहादुर सिंह समिति के सहयोगी फौजी शशिधर शरण सिंह, शिक्षक त्रिलोकी शरण सिंह के यहां परिचर्चा गोष्ठी में लोग सम्मिलित हुए। इसके अलावा पूरे इच्छा सिंह गांव में सुरेंद्र ग्राम पुरे नब्बा सिंह पुष्कर सिंह, हिमकर सिंह और गांव जलालपुरघई में शिक्षक गजराज सिह, उसरी गांव में आशीष सिंह, ग्राम पयागपुर में रमन सिंह, प्रधान हितेंद्र सिंह बिन्नू, के अलावा सवा तीन बजे गदागंज विवेकानंद इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक प्रभात सिंह के यहां चर्चा एवं गोष्ठी संपन्न हुई।

रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। मंगलवार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा रायबरेली अध्यक्ष

निखिल पांडे और उनकी टीम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री राकेश सचान कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार)ने फीता काटकर किया। विशिष्ट अतिथि जिला प्रवासी विकास श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, जिला अध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी , जिला प्रभारी श्री पीयूष मिश्रा ,जिला प्रवासी भाजपा विकास सिंह , कार्यक्रम संयोजक निखिल पाण्डेय जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा,अनुज मौर्य जिला महामंत्री युवा मोर्चा ,शिवेंद्र शुक्ला जिला महामंत्री युवा मोर्चा सहित भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने जहां युवा वर्ग को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया वहीं भारतीय जनता पार्टी के चल रहे सदस्यता अभियान में भी जोरदार भागेदारी करने का भी आहवान किया। युया मोर्चा के जिला अध्यक्ष निखिल पांडे ने कहा कि हम सभी को रक्तदान करना चाहिए।हम रक्तदान से किसी गंभीर व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। निखिल पांडे ने युवाओं को यह भी भरोसा दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही देश और युवाओं को आगे बढ़ा सकते हैं।

पूर्व विधायक धीरेंद्र सिंह ने सरकारी अस्पताल परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन दिवस के अवसर पर पार्टी नेतृत्व के आह्वान पर पूर्व विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में स्वच्छता अभियान चलाया गया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने निवर्तमान विधायक के नेतृत्व में प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में

स्वच्छता अभियान के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वच्छता ईश्वरीय कार्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य ही स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत रहा है। देश की खुशहाली, समृद्धता के साथ देशवासियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए भाजपा ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम दो अक्टूबर तक आयोजित कर रही है। इसी के साथ पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में पार्टी कार्यकर्ताओं को जुटने की अपील भी की। श्री सिंह ने बताया कि सरेनी विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित समय सीमा तक दस हजार से अधिक लोगों को पार्टी की वे सदस्यता दिलायेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा नेता शिव प्रकाश पाण्डेय, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, किसान नेता रमेश सिंह,बी के सिंह, व्यापारी नेता मृत्युंजय बाजपेई , कौशलेंद्र प्रताप, अर्पित गुप्ता, धर्मेन्द्र गुप्ता, डाक्टर संजय कौशल, सुनील मिश्रा, सुरेशचंद्र दीक्षित,अचिन अवस्थी, जयशंकर वर्मा, यतीन सिंह चौहान, सभासद ब्रम्हेन्द्र विक्रम सिंह,ओम प्रकाश सोनी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विशाल भंडारे के साथ मनाया गया भगवान श्री विश्वकर्मा जी का अवतरण दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। भगवान विश्वकर्मा के अवतरण दिवस पर मॉडर्न रेलकोच फैक्टी के न्यू शैल शॉप में विशाल श्री विश्वकर्मा पूजा का आयोजन , प्रसाद वितरण, सहित विशाल भंडारा किया गया जिसमें सरकारी व प्राइवेट कर्मचारियो सहित उनके परिवार के हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

प्रसिद्ध विद्वान पंडित गिरजा शंकर दीक्षित के द्वारा कार्यक्रम संपन्न कराया गया।विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कर्मचारियों के पारिवारिक जनों ने रेल कोच फैक्ट्री का भ्रमण किया। आधुनिक रेल कोच कारखाने के महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने कहा कि प्रतिवर्ष विश्वकर्मा पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है। भगवान विश्वकर्मा का जन्म दिवस कारखाने के कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण त्यौहार होता है।

विश्वकर्मा पूजा के मुख्य अतिथि एवं यजमान महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। फैक्ट्री मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने कर्मचारियों को भगवान विश्वकर्मा दिवस की बधाई दी।

पूजा में पीसीएमई विवेक खरे, पीएफए बीएल मीणा,पीसीईई हरिश्चंद्र पीसीई एसपी यादव, पीसीएमएम राजीव खंडेलवाल, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव एवं ओएसडी स्पोर्ट्स श्रीमती सुधा सिंह मुख्यरूप से उपस्थित रही। कार्यक्रम के आयोजन में आदर्श सिंह बघेल, नैब सिंह,सुशील गुप्ता, रोहित मिश्रा, आशीष श्रीवास्तव, मनोज कुमार, राजीव शर्मा, मुनेश कुमार, मेघालाल मीणा आदि लोग को योगदान रहा।

धूम धाम से मनाया गया भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

सहसों । समूचे गंगापार में मगंलवार को समूचे संचालित कारखानो, विभिन्न प्रतिष्ठानों, संस्थाओं और वर्कशॉपों में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

क्षेत्र के कई हिस्सों में भक्तजन अपने क्षेत्र में सफलता पाने के लिए विश्वकर्मा जी का पूजन-अर्चन किया । प्रथम वास्तुकार और शिल्पकार की पूजा कारखानों या ऑफिस में बड़े ही श्रद्धाभाव से की गई । धार्मिक मान्यता है कि औजारों और मशीनों के पूजन से वर्षभर मशीनें सुचारु रूप से चलती है और उनमें कोई समस्या नहीं आती है । इस खास जयंती को मनाने के लिये कारपेंटर, मैकेनिक, मजदूर और शिल्पकला से जुड़े लोगों में आज सुबह से ही उत्साहित रहें । झूंसी के सरायतकी स्थित सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज में विश्व के प्रथम शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जयंती पर पूरे हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई । इस अवसर पर कार्यक्रम कंप्यूटर के शिक्षक शशांक त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित किया गया प्रबंधक डॉ दुर्गा मणि प्रसाद त्रिपाठी प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी उप प्रधानाचार्य राम सिंह यादव ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन वंदन किया।

उप प्रधानाचार्य राम सिंह यादव के मार्गदर्शन में सभी कक्षा के विद्यार्थी भैया बहनों ने विज्ञान प्रयोगशाला के सभी उपकरणों और कंप्यूटर के सभी उपकरणों का पूजन-अर्चन किया।प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्ग लोक से द्वारिका तक के रचयिता भगवान विश्वकर्मा को माना जाता है। साथ ही यह कहा जाता है कि भगवान विश्वकर्मा के पूजन से व्यापार में तरक्की होती है।

विश्वकर्मा जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए प्रबंधक डॉक्टर दुर्गा प्रसाद मणि त्रिपाठी ने कहा कि मान्ेयता है कि इस दिन भगवान विश्े वकर्मा ने सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा के सातवें धर्मपुत्र के रूप में जन्े म लिया था।भगवान विश्े वकर्मा को %देवताओं का शिल्े पकार%, %वास्े तुशास्े त्र का देवता%, %प्रथम इंजीनियर%, %देवताओं का इंजीनियर% और %मशीन का देवता% भी कहा जाता है। इस अवसर पर

प्रवीण कुमार मिश्रा विजय बहादुर विश्वकर्मा कमलेश प्रसाद यादव अरविंद कुमार त्रिपाठी अमित कुमार जैन विभव प्रजापति आकाश कुमार गुप्ता राहुल वर्मा आयुष कुमार श्रीवास्तव जयद्रथ श्रीमुख प्रियराज दुबे स्नेह लता दुबे नीतू द्विवेदी जागृति सिंह ममता मिश्रा खुशबू यादव रीना तिवारी नीलम मिश्रा पूजा सिंह आकांक्षा दुबे मानसी जायसवाल सीलम तिवारी दिव्या पांडेय आयुषी उपाध्याय आदि उपस्थित रहे ।

विश्वकर्मा जयंती पर निकाली गयी शोभा यात्रा, दिया प्रेम, भाईचारा और एकता का संदेश

हंडिया। हंडिया तहसील क्षेत्र के वारी बाजार से लेकर कुंदौरा स्थित इतिहासिक महादेव मंदिर तक विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में भारी संख्या मे विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित रहे।जिसमें मुख्य अतिथि सुरेश विश्वकर्मा, पंकज विश्वकर्मा विशिष्ट अतिथि डॉ 0 संतोष विश्वकर्मा, डॉ 0 राजेश विश्वकर्मा के द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना के बाद उनके चित्र पर मल्यार्पण किया।इस दौरान वहा उपस्थित सभी सम्मानित लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर वारी शिव मंदिर धाम से रवाना किया। शोभा यात्रा मे बैंड बाजे, डीजे के साथ बढ़ी संख्या मे विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल रहे। शोभा यात्रा वारी शिव मंदिर धाम से होते हुए रिखीपुर,सरायपीथा ,धनूपुर, जगदीशपुर, कुंदौरा महादेव मंदिर पर समाप्त किया गया। जगह जगह पर विश्वकर्मा समाज के लोगो ने शोभा यात्रा का स्वागत एवं जलपान से कराया।जिससे वातावरण भक्ति मय हो गया।इस अवसर पर हरिश्चन्द्र विश्वकर्मा, पारस नाथ विश्वकर्मा , सुमित विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा , भोलानाथ विश्वकर्मा , बंगाली रमाकांत विश्वकर्मा ,आशा राम विश्वकर्मा , कुंवर विश्वकर्मा , ताराचंद विश्वकर्मा , प्रदीप विश्वकर्मा(पत्रकार) नंद लाल , श्याम लाल, सूबेदार सहित तमाम विश्वकर्मा समाज के भारी संख्या में लोग शोभायात्रा में उपस्थित रहें है। यह शोभायात्रा समाज में प्रेम भाईचारा और एकता का संदेश दिया।

जैन धर्म त्याग प्रधान धर्म है: दशलक्षण पर्व के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी के दिन जैन मंदिरों में उमड़ी भीड़

प्रयागराज। जैन धर्मावलंबियों का आत्मशुद्धि का दस दिवसीय पर्यूषण पर्व नगर में पूरी धार्मिक प्रभावना के साथ विभिन्न जैन मंदिरों लाला जानकी प्रसाद जैन मंदिर, मुकुंदी लाल जैन मंदिर, आदि नाथ और पार्श्व नाथ मंदिर, नैनी, कर्नल गंज, बेनीगंज, ऋषभ देव तपस्थली अंदावा में मनाया जा रहा है। मंगलवार को दसलक्षण पर्व के दसवें दिन उत्तम ब्रम्हचर्य धर्म और अनंत चतुर्दशी धार्मिक प्रभावना के साथ मनाया गया।इस अवसर पर प्रात- 7 बजे से पंडित सुनील जैन के निर्देशन में भगवान का अभिषेक एवम विश्व शांति की कामना से शांतिधारा दिनेश जैन, राजेश जैन, नेता जैन, दीपक जैन और राम जी जैन के द्वारा की गई। इसके पश्चात केसरिया वस्त्रों में श्रद्धालुओं द्वारा स्वर्ण और रजत कलश भगवान का सामूहिक अभिषेक और आरती की गई तथा संगीतमयी धुनों पर दसलक्षण विधान एवम् भगवान का पूजन अर्चन किया गया। युवाओं ने भी बढ़ चढ कर पूजन विधान में हिस्सा लिया। पंडित सुनील जैन ने उत्तम ब्रम्हचर्य के बारे में बताया कि पूर्ण रूप से संयमित जीवन जीना ही उत्तम ब्रम्हचर्य है। अपनी पत्नी में संतोष रखना और सभी स्त्रियों को माता बहन और पुत्री के समान मानना चाहिए। जैसे वृक्ष की शोभा पत्तों से नहीं फलों से होती है। मंदिर की शोभा पत्थरों से नहीं मूर्ति से होती है। मकान की शोभा दरवाजे से नहीं मनुष्य से होती है उसी प्रकार मनुष्य की शोभा श्रृंगार से नहीं ब्रम्हचर्य से होती है। भगवान वासुपुज्य स्वामी का मोक्ष कल्याणक मनाया गया। जिसमे 12 किलो के लड्डू दिनेश जैन, शेखर जैन, राहुल जैन, धन कुमार जैन ने सपरिवार अर्पित किए।जैन महिला मंडल की मंत्री बाला जैन ने बताया की जैन धर्म के 12वे तीर्थंकर वासुपुज्य स्वामी के पांच कल्याणक चंपापुर (बिहार) से हुए थे। उन्होंने सत्य अहिंसा के उपदेश दिए। हम उनके बताए रास्ते पर चले तो हमारा मोक्ष कल्याणक मनाना सार्थक होगा।श्रीमती बाला जैन के निर्देशन में अष्ट द्रव्य थाल प्रतियोगिता भी हुई। जिसमे लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, श्रीमती डाली जैन और महिला मंडल के सदस्य के द्वारा सभी को पुरस्कृत किया गया।मंदिर जी में काफी दूर दराज से भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन करने आए।सायंकाल 4बजे से श्री जी का अभिषेक, जिनवाणी पूजन, भगवान की आरती एवम प्रश्न मंच का आयोजन किया गया जिसमे विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। बाला जैन ने बताया कि चारु, पिंकी, पूनम, संगीता, आस्राध्य, हैप्पी, एकता, प्रेमलता ने दस दिन तक निर्जल व्रत किए और भी खुशबू, रोहन, रीता, साक्षी आदि ने 2,3,5 आदि निर्जल उपवास किए। सभी तपस्वियों की पूरे समाज की ओर से बहुत बहुत अनुमोदना और शुभ कामनाएं दी गई।राजेश कुमार जैन ने बताया कि कल बुद्धवार को क्षमा वाणी पर्व मनाया जायेगा। जिसमे अजित नाथ मंदिर जी जीरो रोड से शोभायात्रा प्रातः 8.30बजे निकाली जाएगी।

बारिश जलभराव घरों में घुस रहा पानी, लोगों का आवागमन बाधित

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी(प्रयागराज)। स्टेट राजमार्ग मंडी तिराहे के पास बारिश का जल निकासी नहीं होने से जलभराव हो गया है । जबकि यह पानी घरों में प्रवेश किए जाने और चकमार्ग में पानी भर जाने से आवागमन बाधित होने पर मोहल्लों में तनाव व्याप्त है । नाली का निर्माण कार्य कराया गया था । लेकिन लोगों ने इस नाली को पाटकर चबूतरा बना रखे जाने बरसात का पानी भरा हुआ है । वहीं पांडेय बस्ती के लिए आने - जाने अवरूद्ध उत्पन्न हो गया है। जबकि इस संबंध में ग्राम प्रधान व राजस्व विभाग को इसकी जानकारी दी गई है। लेकिन अभी तक पानी निकासी नहीं कराएं जाने से दिक्कत उठानी पड़ रही है।

रमेश चंद्र केशरवानी ने बताया कि नाले तक खुदाई प्रति वर्ष की जाती है। लेकिन नाली को कुछ लोगों ने उसे पाटकर चबूतरा बना लिया है । जबकि इस नाली के लिए बरसात में प्रति वर्ष उपजिलाधिकारी के आने पर जेसीबी से खुदाई के भरा पानी की निकासी की जाती हैं । वहीं जैसे ही बारिश खत्म होने के बाद पुनः लोग नाली में कूड़ा करकट डालकर पाट देते हैं । जिससे प्रत्येक वर्ष समस्या आ जाती है ।

इतना ही नहीं जलभराव होने से चकमार्ग में पानी भरा होने से दर्जनों घरों का आवागमन बाधित हो गया है । जगदंबा प्रसाद ने बताया कि रास्ते में पानी जमा होने से घरों से निकलना मुश्किल हो गया है । घरेलू दवा सब्जी आदि की आवश्यकता होती है । लेकिन पड़ोस के लोग उस नाले को पाटकर बालू, सरिया आदि करोबार किए जा रहे हैं । जिससे पानी जमा होने से घरों तक पानी घूस रहा है । जिससे तमाम तरह जीव जंतु टहलते घर तक पहुंच रहे हैं । इसके डर से रात सोना दुश्वार हो गया है ।

लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते लेड़ियारी मंडी तिराहे के पास स्टेट राजमार्ग पर बने नाली का सफाई कराने की मांग की है । ताकि समस्या का निदान मिल सके ।

सुबह से लगातार हो रही बारिश से पेय जल संकट

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर। फूलपुर क्षेत्र में मंगलवार सुबह से हो रही रिमझिम बरसात से जन सामान्य से लेकर मवेशियों तक पर प्रतिकूल असर पड़ा है। जहां क्षेत्र के सभी गांव में पेय जल संकट विद्युत आपूर्ति 10 घंटे से बंद होने से चरमरा गया है। वही पशु पक्षियों पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। ऐसे में घर से बाहर निकलना हर किसी के लिए टेढ़ी खीर बनी है। सुबह से हर कोई घरों में दुबका पड़ा है। बच्चों के लिए भी मुसीबत खड़ी हो गई है।

बारिश से धान की फसल को मिली संजीवनी, किसानों के चेहरे पर लौटी रौनक

लेड़ियारी(प्रयागराज)। लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को सुबह से हुई रिमझिम बरसात से खेतों में रोपी गई धान की फसलों को संजीवनी मिल गई है । बरसात से मौसम सुहाना हो गया व लोगों को उमस भरी गर्मी से भी राहत मिली है । बरसात न होने के वजह से क्षेत्र में पचास फीसदी से ज्यादा किसानों की धान कीं सूखने के कगार पर पहुंच थी । लेकिन बरसात होने से उनके चेहरे पर अब खुशी देखने को मिल रही हैं । क्षेत्र के जिन किसानों ने निजी संसाधनों के माध्यम से खेतों में धान की सिंचाई कर उनके खेतों में हरियाली बनी हुई थी । पानी के अभाव में उनकी फसल सूखती जा रही थी । लेकिन मंगलवार को सुबह से रिमझिम हुई बरसात से सूख रही धान की फसलों को काफी राहत मिली है । मंगलवार को सुबह सात बजे शुरू हुई रिमझिम बारिश की फुहारों ने किसानों को खुशी से लबरेज़ कर दिया । खेत को पानी मिलते ही फसलों की रंगत बदल गई । बारिश होने से धान की फसल को देखकर किसानों के मुरझाए चेहरे पर खुशी लौट आई । नहरों में पानी खेत तक नहीं पहुंचने से किसान परेशान थे । किसानों की नजरें केवल आसमान पर टिकी हुई थी । बारिश होने से खेतों में पानी भर गया है । किसानों द्वारा अब खेतों में खाद डालने की तैयारी शुरू हो गई है । जबकि धूप निकलने पर ही खेतों में खाद डाली जा सकती है। हालांकि लेड़ियारी सहित आसपास क्षेत्रों में किसानों के खेतों में पानी अभी पर्याप्त हो गया है । किसानों की उम्मीद है कि अगर इसी तरह से एक - दो दिन और बरसात हो जाएगी तो खाली पड़े खेतों में धान की खेत में का जलभराव हो जाएंगा । बरसात से जगह-जगह जलभराव होने से आवागमन में परेशानी दिख रही है ।

बरसात होने से खेतों में रोपी गई धान की सूखती फसलों की रंगत लौट आई है । किसान बरसात होने से खुश दिख रहे हैं । खाली पड़े खेतों में भी पानी भर गया है ।

विष्णु प्रताप सिंह (अध्यक्ष)
साधन सहकारी समिति लेड़ियारी

बरसात होने से धान की बर्बाद होती फसल के लिए संजीवनी का काम किया है । जिन किसानों की खेतों में पानी नहीं था । अब उनकी भी फ़सल आसानी से हो जाएगी ।

संतोष कुमार द्विवेदी पूर्व (अध्यक्ष)
साधन सहकारी समिति पूरादत्तु- गोबरा

आसमान की तरफ़ टकटकी लगाए किसानों की बरसात होने से निराशा कम हो गयी है । जितनी अधिक बारिश होगी उतना ही धान की फसल को फायदा होगा ।

नीरज कुमार भुर्तिया
ग्राम प्रधान पथरपुर

धान की फसलों की मिट्टी में तो नमी थी। लेकिन बरसात होने से पूरी तरह से खेत में पानी भर गया है। अब बरसात होने से राहत मिली है । वर्षा ने एक बार फसलों को बचा दिया है ।

शंकर दयाल तिवारी
ग्राम प्रधान बहरैचा

मुगरसन में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का निकला जुलूस में दिखी गंगा जमुनी तहजीब

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। उतरांव थाना क्षेत्र के मुगरसन में जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली। मुगरसन निवासी सपा नेता और भावी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी वार्ड नंबर 2 ब्लॉक सैदाबाद सुल्तान सिद्दीकी और प्रधान राम सेवक बिंद की अगुवाई में मुस्लिम भाईयों ने जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी का जूलूस निकाला। जिसमें गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली। जूलूस और मेले में मुस्लिम भाईयों के साथ हिन्दू भाई भी चढ़ बढ़ कर भाग लिया। जूलूस में भाईचारा और प्रेम तथा एकता की मिशाल पेश की गयी। इस मौके पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने भी एकता भाईचारा बनाए रखने पर क्षेत्र वासियों की प्रशंसा की है। महताब उद्दीन, सुभाष पांडेय बीडीसी, इम्तियाज, अनवर अली आदि भारी संख्या में लोग जूलूस में शामिल हुए।

उड़ते लाल-गुलाल गणेश प्रतिमा का भक्तों गाजे बाजे के साथ किया विसर्जन

लेड़ियारी(प्रयागराज)। कैथवल गांव में चल रही दस दिवसीय गणेश महोत्सव का उड़ते लाल - गुलाल ढोल ताशों के बीच मंगलवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए शोभा यात्रा निकाली गई । झांकियों से सुसज्जित शोभा यात्रा के दौरान अबीर ,गुलाल उड़ाते भक्तों के जयकारों से वातावरण भक्तिमय में हो गया । मंगलवार की सुबह पूजन अर्चना के बाद दोपहर कैथवल गांव से भगवान की गणेश शोभायात्रा शुरू हुई । गाजे बाजे के साथ सभी भक्त नाचते गाते रहे । सभी भक्त लाल - अबीर , गुलाल की बौछार कर श्रद्धालु गणेश आरती करते और भजनों पर थिरकते आगे बढ़ते रहे । शोभा यात्रा को देखने के लिए लोगों के लिए लोगों की भीड़ सड़कों पर व घरों की छतों पर भी लगी रही । इस दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे भी लगाते रहे । भक्तों ने गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आना के जयघोष किए । बप्पा की नम आंखों से विदाई दी । और इस संकल्प के साथ विसर्जन किया कि अगले बरस भी बप्पा सुख समृद्धि लेकर अपने भक्तों के बीच से पधारेंगे । फिर से अपनी भक्ति की चमक भक्तों पर बिखेरेंगे। इस दौरान भारी संख्या में महिलाएं और युवाओं का उत्साह के साथ चल रहे थे। समिति के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह उर्फ बबलू सिंह ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस साल भी बड़े धूमधाम से मनाई गई है। इस अवसर पर रोशनी, हरिपाल सिंह उर्फ चंदेल सिंह, राम बाबू केशरी, सुधीर कुमार कुशवाहा, पूजा सिंह, विवेक तिवारी, सुशील सिंह,अंशी सिंह, सावित्री देवी, रोशनी, शालू कुमारी, परी कुमारी, अनील सिंह आदि लोग रहे।

श्रद्धा भाव से देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का किया पूजन

लेड़ियारी(प्रयागराज)। क्षेत्र में मंगलवार को देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।कारखाने की साफ सफाई कर उसे आकर्षक रूप से सजाया गया और जगह-जगह भजन कीर्तन आयोजन किया गया।भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्युत उपकेंद्र को फूल माला से के साथ आकर्षक लाइटों से सजाया गया । साथ ही भजन का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से पूजन एवं हवन का कार्यक्रम किया गया । शिल्प कला के देव की पूजा अर्चना कर सुख - समृद्धि की कामना की वही वर्कशॉप मोबाइल की दुकान इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में लोग लोग पूजा अर्चना में जुटे रहे भगवान विश्वकर्मा को देव बढ़ई भी कहा जाता है।विभिन्न प्रमुख बाजारों व घरों में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया । क्षेत्र के लेडियारी कैथवल , देईबाध , रतेवरा , गोबरा सहित विभिन्न बाजारों में विश्वकर्मा भगवान की पूजा को लेकर लोगों में खास उत्सव रहा ।ज्यादातर मोटर गैरेज बिल्डिंग शाफ ग्रिल की दुकानें मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक की दुकानों के साथ धातु से जुड़े कारोबारियों ने दुकानों को सजाकर को भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर रखकर पूजा अर्चना की।

महर्षि एकेडमी जूनियर हाईस्कूल लेड़ियारी में विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया। तद पश्चात भजन कीर्तन आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन विनोद विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य राजेश कुमार कुशवाहा, डा, धर्मराज विश्वकर्मा , आत्म देव विश्वकर्मा , प्रबंधक राकेश कुशवाहा, प्रधानाचार्या संगीता कुशवाहा, गुलाब विश्वकर्मा , कंचन देवी विश्वकर्मा , संध्या विश्वकर्मा , मान सिंह , गोपी सिंह चौहान , उत्तम विश्वकर्मा , सत्यम , शिवम्, प्रज्ञा , वैष्णवी , सुंदरम आदि लोग रहे।

भगवान विश्वकर्मा संसार के सबसे बड़े शिल्पकार-ओंकार नाथ केसरी

खीरी (प्रयागराज)। समूचे भारतवर्ष में आज बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ व्यापारिक प्रतिष्ठान, कंपनी, एवं इस्पात के कल कारखाने, राजमिस्त्री के द्वारा विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया।आज सभी लोगों द्वारा अपने-अपने कार्य करने वाले संयंत्र और प्रतिष्ठानों पर` पूजा की गई। इसी क्रम में उद्योगपति ओंकारनाथ केसरी के नेतृत्व में उनके प्रतिष्ठान पर सभी कर्मचारी एवं सहयोगियों द्वारा बड़े ही विधि विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। पूजा के पश्चात भगवान विश्वकर्मा के योगदान के बारे में ओंकारनाथ केसरी द्वारा बतलाया गया कि भगवान विश्वकर्मा भगवान ब्रह्मा के सातवें पुत्र हैं। जिन्होंने सृष्टि की रचना में भगवान ब्रह्मा की सहायता की थी। देवताओं के सबसे बड़े शिल्पकार, वास्तुकला के प्रकांड विद्वान, और सृष्टि के रचयिता माने जाते हैं। आपके पूजन से शिल्प कला का विकास, व्यापार एवं व्यवसाय में बढ़ोतरी, धन-धान्य और सुख समृद्धि का आगमन होता है। पूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रों के साथ प्रारंभ किया गया और देर रात तक स्थानीय कलाकारों द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए ।उक्त पूजन में मुख्य रूप से युवराज केसरी,दिलीप,आकाश,राममनी,जय सिंह,अशोक गुप्ता,मुरारी द्विवेदी,दीपचंद्र,मिथिलेश मिस्त्री,श्याम मिस्त्री,पिंटू ठिकेदार सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

तूफानी वर्षा से लोगों का जीवन हुआ अस्त व्यस्त

नारीबारी(प्रयागराज)। सोमवार देर रात शुरू हुई बारिश तूफानी हवा के साथ मंगलवार देर शाम तक तूफान के साथ वर्षा होती रही जिसके चलते लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया और पूरे दिन लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त रहा जहां बाजरो की रौनक फीकी पड़ गई वहीं क्षेत्र में विश्वकर्मा पूजा की धूमधाम पर भी पानी फिर गया जो जहां थे लोग अपनी जगह दुबके रहे इस तूफानी वर्षा से रोजमर्रा का जीवन यापन करने वाले लोगों पर काफी असर देखा गया जहां उनका काम रोजी-रोटी पूरी तरह से प्रभावित रही। दूसरी ओर क्षेत्रीय किसान भी तूफानी वर्षा को लेकर चिंतित दिखे जहां फलदार नर्सरीयों को काफी हानि पहुंची इस तूफान में पौधे वह पेड़ काफी मात्रा में टूट कर गिरे भी इतना ही नहीं धान की फसल भी प्रभावित रही। पशु पक्षियों का जीवन भी काफी जद्दोजहद के साथ बीता। क्षेत्र में तूफान के साथ तेज वर्षा के चलते विद्युत व्यवस्था भी पूरी तरह से ध्वस्त रही जिसके चलते मच्छरों से भी लोगों को दो-चार होना पड़ा कुछ भी हो सितंबर की इस तूफानी वर्षा से किसानों के साथ आम जनमानस भी बुरी तरह से प्रभावित रहा।

बारिश और तूफान से चरमराई विद्युत व्यवस्था

सिकंदरा विद्युत केंद्र के सभी फीडर ठप, ढाई सौ गांवों में छाया अंधेरा

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया। मंगलवार की सुबह से बारिश और तेज हवा से विद्युत उपकेंद्र सिकंदरा के सभी फीडरों की आपूर्ति ठप हो गई है। जिससे करीब ढाई सौ गांवों में अंधेरा छाया गया। विद्युत कर्मी देर शाम तक आपूर्ति बहाल करने का प्रयास करते रहे। लेकिन जगह-जगह विद्युत पोल और तार के ऊपर पेड़ गिरने से सफलता नहीं मिली। विद्युत उपकेन्द्र सिकंदरा से बलकरनपुर, तेजपुर, वीरभानपुर, बलीपुर, कल्याणपुर और बहरिया में समूचे इलाके में विद्युत आपूर्ति की जाती है। लेकिन बारिश और तूफान से कई जगह विद्युत पोल और तार धराशाई हो गए। तार और विद्युत पोल पर गिरे पेड़ों को हटाने के लिए दिनभर कवायत चली लेकिन इसके बाद भी सफलता नहीं मिली। विद्युत आपूर्ति ठप होने से सिकंदरा उपकेन्द्र से संबंधित करीब ढाई सौ गांवों में अंधेरा छाया है।इस संबंध में उपखंड अधिकारी सिकंदरा अमन सिंह ने बताया की तेज हवा और बारिश के वजह से फाल्ट आने की वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है फाल्ट ठीक करा के सप्लाई जल्द से जल्द चालू करवाया जायेगा।

कृषि विज्ञान केंद्र वैज्ञानिक ने दी पशुपालन की जानकारी

नैनी(प्रयागराज)। वैज्ञानिक सुबोध यादव पशुपालन कृषि विज्ञान केंद्र प्रयागराज ने कहा कि पशुपालन में कहावत है उपचार से बचाव उत्तम। इसी को ध्यान में रखते हुए बकरी पालन,पिग फार्मिंग के माध्यम से लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी केवीके साइंटिस्ट देते हैं। केवीके हेड डॉ मुकेश के नेतृत्व में पशुपालन एडवाइजरी लोगों तक पहुंचाई गई। पशुओं में जीवाणु और विष्णुओ द्वारा फैलने वाली बीमारी बारे में कारण निवारण की जानकारी दी गई जिसका किसानों ने अपने क्षेत्र में इस्तेमाल किया बरसात के मौसम में इनका कीड़े मकोड़ जू किलनी पेट के कीड़े बाहर के कीड़े अधिक रहता है।

कोलकाता दुष्कर्म-हत्या मामले में सीबीआई जांच की प्रगति से सुप्रीम कोर्ट संतुष्ट

● बेंच ने कहा- स्टेटस रिपोर्ट देखकर लगता है कि सीबीआई सभी पहलुओं पर कर रही जांच

नई दिल्ली, (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में रेप और हत्या के मामले पर सुनवाई करते हुए सीबीआई जांच की प्रगति और स्टेटस रिपोर्ट पर संतुष्टि जतायी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि स्टेटस रिपोर्ट को देखकर लगता है कि सीबीआई कोर्ट के द्वारा इंगित किए गए सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। कोर्ट ने सीबीआई को ताजा स्टेटस रिपोर्ट एक हफ्ते के अंदर दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई एक हफ्ते के बाद होगी।कोर्ट ने कहा कि सीबीआई गहराई से जांच कर रही है। सभी तथ्य लाने की कोशिश की जा रही है। दूसरे लोगों की भूमिका भी जांच के दायर में है। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि रिपोर्ट में लिखी गई बातें परेशान करने वाली हैं। जांच के लिए समय देना होगा। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई पीड़िता के परिवार से भी बात करे। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि अगर डॉक्टर काम पर लौटते हैं तो अब तक काम से गैरहाजिर होने के चलते उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई राज्य सरकार की ओर से नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार के आश्वासन को अपने आदेश में दर्ज किया कि काम पर वापस लौटने की सूरत में डॉक्टरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होंगी। जूनियर डॉक्टरों की ओर पेश वकील इंदिरा जयसिंह ने बताया कि डॉक्टरों की जनरल बॉडी मीटिंग में काम पर लौटने के बारे में फैसला लिया जाएगा। हालांकि पश्चिम बंगाल सरकार के ये पूछने पर कि मीटिंग कब होगी, इसकी कोई समयसीमा देने से इंदिरा जयसिंह ने इनकार किया।सुनवाई के दौरान ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त नाराजगी जाहिर की। चीफ जस्टिस ने वकील से कहा कि ये राजनीतिक मंच नहीं है। हम आपकी राजनीतिक सुविधा के हिसाब से काम करने के लिए नहीं बैठे हैं। किसी मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने के लिए कहना, कोर्ट का काम नहीं है। कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग पर आपत्ति जाहिर की। सिब्बल ने कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि जैसे हम पश्चिम बंगाल सरकार की पैरवी करके गुनहगारों के पक्ष में खड़े हैं। मेरी पचास साल में कमाई इज्जत को रातों रात खत्म किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर जिरह के दौरान ऐसे पेश किया गया जैसे मैं सुनवाई के दौरान हंस रहा था। ये ठीक नहीं है। केस में पैरवी करने वाली मेरी चैंबर की महिला वकीलों को रेप, एसिड अटैक तक की धमकियां मिल रही हैं। चीफ जस्टिस ने लाइव स्ट्रीमिंग रोकने की मांग ठुकराई। चीफ जस्टिस ने कहा कि ये जनहित का मसला है। ये ओपन कोर्ट है। जनता को सुनवाई के बारे में जानने का हक है। जहां तक वकीलों को मिल रही धमकी का मसला है, हम उसका ध्यान रखेंगे।

कृष्ण जन्मभूमि मामले में मुस्लिम पक्ष की याचिका पर नवंबर के पहले हफ्ते में सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मामले में ट्रायल कोर्ट से हाई कोर्ट में ट्रांसफर की गई 18 याचिकाओं को सुनवाई योग्य मानने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को मुस्लिम पक्ष की ओर से चुनौती देने वाली याचिका पर नवंबर के पहले हफ्ते में सुनवाई करेगा। फिलहाल इलाहाबाद हाई कोर्ट में चल रही मुख्य मामले की सुनवाई पर कोई रोक नहीं है। विवादित परिसर के सर्वे पर रोक जारी रहेगी।इस मामले में हिन्दू पक्ष ने पहले ही कैविएट दाखिल कर रखी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक अगस्त को मथुरा कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह विवाद मामले में 18 याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना था। हाई कोर्ट ने इन 18 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की मांग भी मंजूर कर ली थी। हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल इन 18 याचिकाओं में विवादित स्थल को श्रीकृष्ण जन्मभूमि बताकर उसे हिन्दुओं को सौंपने की मांग की गई है।

सुप्रीम कोर्ट से नगालैंड में नागरिकों की हत्या पर सेना के जवानों को राहत

नई दिल्ली, (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में नगालैंड में एक विफल सैन्य ऑपरेशन के दौरान हुई नागरिकों की हत्या के मामले में सेना के जवानों के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया। एक सैन्य अधिकारी की पत्नी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।हालांकि कोर्ट ने कहा कि सेना अपनी ओर से अनुशासनत्मक कार्रवाई कर सकती है। उल्लेखनीय है कि चार दिसम्बर 2021 को नगालैंड के मोन जिले में उग्रवादियों पर घात लगाने के नाकाम अभियान में सेना ने उग्रवादी समझकर छह आम नागरिकों को मार दिया था। इसके बाद हुए हिंसक प्रदर्शन के दौरान भी सात लोग मारे गए थे।

जल संसाधन प्रबंधन की प्राचीन पद्धतियां आज भी प्रासंगिक - राष्ट्रपति

नई दिल्ली, (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संसाधन प्रबंधन की प्राचीन पद्धतियों को आज भी प्रासंगिक बताते हुए कहा कि प्राचीन जल प्रबंधन प्रणालियों पर शोध होना चाहिए और आधुनिक संदर्भ में उनका व्यावहारिक उपयोग करना चाहिए।राष्ट्रपति मुर्मू मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 8वें भारत जल सप्ताह के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि जल संकट से जूझ रहे लोगों की संख्या को कम करने का लक्ष्य पूरी मानवता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सतत विकास लक्ष्यों के तहत जल और स्वच्छता प्रबंधन में सुधार के लिए स्थानीय समुदायों की भागीदारी के समर्थन को और मजबूत करने पर जोर दिया गया है।राष्ट्रपति ने कहा कि सभी को जल उपलब्ध कराने की व्यवस्था प्राचीन काल से ही हमारे देश की प्राथमिकता रही है। लद्दाख से लेकर केरल तक हमारे देश में जल संचय और प्रबंधन की प्रभावी पद्धतियां मौजूद थीं। ब्रिटिश शासन के दौरान ऐसी पद्धतियां धीरे-धीरे लुप्त हो गईं। हमारी पद्धतियां प्रकृति के साथ सामंजस्य पर आधारित थीं। प्रकृति पर नियंत्रण करने की सोच के आधार पर विकसित पद्धतियों के बारे में पूरे विश्व में अब पुनर्विचार किया जा रहा है। जल संसाधन प्रबंधन के विभिन्न प्रकार के कई प्राचीन उदाहरण पूरे देश में उपलब्ध हैं जो आज भी प्रासंगिक हैं। हमारी प्राचीन जल

प्रबंधन प्रणालियों पर शोध होना चाहिए और आधुनिक संदर्भ में उनका व्यावहारिक उपयोग होना चाहिए।राष्ट्रपति ने कहा कि सरोवर, कुएं, तालाब, जल-कुंड और पोखरी जैसे सभी जलस्रोत सदियों से हमारे समाज के लिए जल बैंक की तरह रहे हैं।

हम बैंक में पैसा जमा करते हैं, उसके बाद ही बैंक से पैसा निकालकर उसका उपयोग कर सकते हैं। यही बात पानी पर भी लागू होती है। लोग पहले जल-संचय करेंगे, तभी वे जल का उपयोग कर पाएंगे। धन का दुरुपयोग करने वाले लोग संपन्नता से निर्धनता की स्थिति में चले जाते हैं। उसी तरह, वर्षा वाले क्षेत्रों में भी पानी की कमी देखी जाती है। सीमित आय का समझदारी से उपयोग करने वाले लोग अपने जीवन में आर्थिक संकट से बचे रहते हैं। उसी तरह, कम वर्षा वाले क्षेत्रों में जल का संचय करने वाले गांव जल संकट से बचे रहते हैं। राजस्थान और गुजरात के कई इलाकों में ग्रामीणों ने अपने प्रयासों और जल संचय के प्रभावी तरीकों को अपनाकर जल के अभाव से मुक्ति पाई है।राष्ट्रपति ने कहा कि पृथ्वी पर उपलब्ध कुल पानी का मात्र 2.5 प्रतिशत ही मीठा पानी होता है। उसमें से भी मात्र एक प्रतिशत ही मानव उपयोग के लिए उपलब्ध हो पाता है। विश्व के जल संसाधनों में भारत की हिस्सेदारी चार प्रतिशत है। हमारे देश में उपलब्ध जल का लगभग 80 प्रतिशत कृषि क्षेत्र में उपयोग किया जाता है। कृषि के अलावा बिजली उत्पादन, उद्योग और घरेलू जरूरतों के लिए पानी की उपलब्धता आवश्यक है। जल संसाधन सीमित हैं। जल के कुशल उपयोग से ही सभी को जल की आपूर्ति संभव है।राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2021 में 'कैच द रेन-व्हेयर इट फॉल्स व्हेन इट फॉल्स' के संदेश के साथ एक अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और जल प्रबंधन के अन्य महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करना है। वन संपदा को बढ़ाना भी जल प्रबंधन में सहायक होता है। जल संचय और प्रबंधन में बच्चों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वे अपने परिवार और आस-पड़ोस को जागरूक कर सकते हैं और खुद भी जल का सही उपयोग कर सकते हैं। जल शक्ति के प्रयासों को जन आंदोलन का रूप देना होगा

दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अमनदीप ढल और अमित अरोड़ा को जमानत

नई दिल्ली,(हि.स.)। दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित बिजनेसमैन अमनदीप ढल और अमित अरोड़ा को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दे दी है। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने दोनों को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।हाई कोर्ट ने दोनों की जमानत याचिका पर 3 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। अमनदीप ढल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील दायन कृष्णन ने कहा कि इस मामले के दूसरे सह आरोपितों मनीष सिसोदिया, के. कविता और विजय नायर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। इस मामले में ट्रायल लंबा चलने की उम्मीद है और अमनदीप ढल कई महीनों से हिरासत में हैं। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से वकील विवेक गुरनानी ने कहा कि ढल पर आरोप है कि उन्होंने हिरासत के दौरान गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की। ईडी ने कहा कि अमनदीप ढल के खिलाफ पुख्ता डिजिटल साक्ष्य और गवाहों के बयान हैं, जिससे पता चलता है कि वो इस अपराध में शामिल रहा है।हाई कोर्ट ने 4 जून को अमनदीप ढल की सीबीआई के

मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि आरोप है कि अमनदीप ढल और उनके पिता ने इस मामले से उनका नाम हटाने के लिए ईडी के एक अधिकारी को पांच करोड़ रुपये रिश्वत दिए। इसका साफ मतलब है कि आरोपित गवाहों को प्रभावित करने और साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ कर सकता है। कोर्ट ने कहा था कि इस मामले के कई गवाह अमनदीप ढल को बखूबी जानते हैं और वो आम आदमी पार्टी के नेताओं के संपर्क में थे।उल्लेखनीय है कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने एक मार्च 2023 को अमनदीप ढल को गिरफ्तार किया था। ईडी ने अमित अरोड़ा को 30 नवंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक इस मामले में अरोड़ा का रोल बैक साइड में था। उसने ढाई करोड़ रुपये रिश्वत के इकट्ठा किए थे। ईडी ने कोर्ट को बताया था कि वह पंजाब के पटियाला में मैन्युफैक्चरर और रिटेलर हैं, जो नियम के खिलाफ है, क्योंकि उनको पहले से दिल्ली में लाइसेंस मिला हुआ है। 25 अप्रैल 2023 को सीबीआई ने इस मामले में दिल्ली में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई ने इस मामले में मनीष सिसोदिया के अलावा जिन लोगों को आरोपित बनाया गया, उनमें बुची बाबू, अर्जुन पांडेय और अमनदीप ढल शामिल हैं। बुची बाबू तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसी राव की बेटी के. कविता के सीए रह चुके हैं। 25 नवंबर 2022 को सीबीआई ने पहला चार्जशीट दाखिल की थी।

बांग्लादेश में चुनाव कब हो, यह नागरिकों को तय करना है: अमेरिका

ढाका, (हि.स.)। अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड आर वर्मा ने कहा कि यह बांग्लादेश के लोगों को तय करना है कि नया चुनाव कब हो और अंतरिम सरकार कितने समय तक रहे। उन्होंने वाशिंगटन डीसी स्थित हडसन इंस्टीट्यूट में सोमवार को एक कार्यक्रम में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने कहा कि यह बताना अभी थोड़ा जल्दबाजी होगी कि बांग्लादेश में चीजें किस दिशा में जा रही हैं। अमेरिकी टीम ने ढाका का दौरा इसीलिए किया। उनकी टीम अभी-अभी बांग्लादेश से लौटी है। टीम ने इस कठिन समय में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को मानवीय सहायता और समर्थन में अतिरिक्त प्रतिबद्धता जताई हैं। वर्मा ने उम्मीद जताई है कि बांग्लादेश में जल्द ही सुरक्षा बहाल होगी।बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों पर उन्होंने चिंता जताई। अमेरिकी राजनयिक ने कहा कि किसी भी नागरिक पर कोई भी हमला चिंताजनक है। इसे काफी गंभीरता से लेना चाहिए। वर्मा ने हडसन इंस्टीट्यूट में भाषण दिया और 2000 के बाद से अमेरिका-भारत संबंधों में हासिल की गई उपलब्धियों पर चर्चा की।

गाजीपुर में रेल की पटरी पर मिला लकड़ी का गुटका, ट्रेन का इंजन फेल

गाजीपुर, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद में रेल पटरी पर रखे लकड़ी के गुटके से जयनगर बिहार से चलकर नई दिल्ली को जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस टकरा गई। इस दुर्घटना में ट्रेन का इंजन फेल हो गया।पुलिस के अनुसार सोमवार की रात करीब 3ः00 बजे स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस ट्रेन गाजीपुर घाट स्टेशन से गाजीपुर सिटी स्टेशन के मध्य आलम पट्टी इलाके के पास पहुंची थी। तभी ड्राइवर को रेल पटरी के बीच लकड़ी का एक बड़ा टुकड़ा दिखा। ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाई गई फिर भी ट्रेन उस लकड़ी के साथ घसीटते हुए करीब 400 मीटर आगे जाकर रुकी। ड्राइवर ने नीचे उतर कर देखा तो करीब दो फीट से भी ज्यादा लंबी लकड़ी का एक बड़ा टुकड़ा था। ड्राइवर ने इसकी जानकारी रेल पथ निरीक्षक और आरपीएफ के साथ ही गाजीपुर सिटी स्टेशन प्रशासन को दी। सूचना पर पूरा रेलवे महकमा घटनास्थल पर पहुंचा और उसके बाद जब ड्राइवर ने ट्रेन को आगे बढ़ाने के लिए जब चेक किया तब पता चला कि इंजन का हौज पाइप कट गया है, जिससे ट्रेन को आगे बढ़ाने में दिक्कत हुई।

उसके पश्चात औड़िहार से एक दूसरा इंजन मंगवाकर करीब दो घंटे बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हुई।इस मामले में गाजीपुर सिटी के रेल पथ निरीक्षक विभाग के जेई निशांत कुमार सिंह ने सदर कोतवाली में तहरीर दी है। इसमें बताया गया है कि गाड़ी संख्या 12561 अप स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस गाजीपुर घाट स्टेशन से गाजीपुर सिटी स्टेशन के लिए आ रही थी कि जमानिया रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे किलोमीटर संख्या 126 /31 के मध्य गाड़ी के चालक ने रेलवे रनिंग रेल लाइन के मध्य एक लकड़ी का टुकड़ा खड़े अवस्था में देख कर इमरजेंसी ब्रेक लगाई। लकड़ी के टुकड़ा इंजन में फंसकर रगड़ते हुए करीब 400 मीटर आगे तक चले गया। ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ी घटना नहीं हुई। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में कई संगीन धाराओं समेत रेलवे एक्ट 1989 बनाम अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।इस संबंध में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी नगर और एसपी सिटी के साथी भारी पुलिस फोर्स ने घटनास्थल पर जाकर मौका मुआयना किया। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र प्रसाद ने इस मामले में बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और इस मामले में जो भी आरोपी होगा उसे जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मार्निंग वॉक पर निकले भाजपा पार्षद को मारी गोली, आगरा रेफर

फिरोजाबाद, (हि.स.)। थाना लाइनपार क्षेत्र अन्तर्गत मंगलवार सुबह मार्निंग वॉक पर निकले भाजपा नेता एवं पार्षद को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल भाजपा पार्षद को उपचार हेतु सरकारी ट्रामा सेंटर से आगरा रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।जनपद के लाइनपार थाना क्षेत्र अंतर्गत लेबर कालोनी निवासी अलीम भोला नगर निगम फिरोजाबाद के वॉर्ड संख्या 48 से पार्षद होने के साथ ही स्थानीय भाजपा नेता भी है। वह मंगलवार सुबह मार्निंग वॉक पर निकले थे। जैसे ही वह लेबर कालोनी स्थित ओवर ब्रिज पर पहुंचे तभी अज्ञात हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से पार्षद गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से भाग गए।सूचना मिलते ही थाना पुलिस के साथ परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गए।

पिछले 10 वर्षों में हमने बदलते विकसित होते भारत को देखा है- योगी आदित्यनाथ

▶▶ मुख्यमंत्री ने अनंत चतुर्दशी, सृष्टि के रचयिता शिल्पी विश्वकर्मा भगवान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की बधाई दी

▶▶ बटन दबाकर 1143 स्मार्ट क्लास का किया लोकार्पण, क्यूआर कोड योजना का उद्घाटन

वाराणसी,(हि.स.)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी दौरे के दूसरे और अन्तिम दिन मंगलवार को बारिश के बीच सिगरा स्थित रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में

आयोजित विश्वकर्मा जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम-2024 में भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा भगवान के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं चेक प्रदान किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश वासियों को अनंत चतुर्दशी, सृष्टि के रचयिता शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को आधुनिक भारत का शिल्पी बताया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से आज भारत विकास की नयी ऊंचाईयों को छू रहा है। वर्ष 2014 के पहले भारत में अराजकता, उग्रवाद, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, बुनियादी सुविधाओं का अभाव अपने चरम पर था। भारत विश्व के पिछले लाइन के देशों में था, सरकारें केवल तुष्टीकरण करते हुए भारत के आस्था पर आघात करती थी। लेकिन पिछले 10 वर्षों में हमने बदलते हुए तथा विकसित होते भारत को देखा है। 10 वर्षों में गरीबों को आवास, शौचालय, राशन, हर घर बिजली, हर घर नल योजना से आच्छादित किया गया है।सरकार के प्रयासों से ही बाबा विश्वनाथ धाम, जल, वायु, सड़क सभी मार्ग से वाराणसी की पहुंच, प्रयागराज के दिव्य एवं भव्य कुम्भ, अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर, देश के अंदर 4 करोड़ गरीबों को मुफ्त आवास, 12 करोड़ को उज्ज्वला योजना का लाभ, 80 करोड़ को राशन देकर एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हुई है। आज भारत विश्व की पाँचवी अर्थव्यवस्था बन चुका है। अगले तीन साल में भारत तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी गौरवांवित है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी काशी को इतना समय दिया है। प्रधानमन्त्री के प्रयासों से काशी की आध्यात्मिक और साँस्कृतिक पहचान के अनुरूप शिक्षा, स्वास्थ्य, इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बहुतायत कार्य हुए हैं। जिसे हम सभी ने पिछले दस वर्षों में काशी तथा देश व प्रदेश को बदलते देखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को नया विजन दिया है, डिजिटल क्रांति दी है उसी का परिणाम है जो आज विद्यालयों स्मार्ट क्लास का शुभारम्भ हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गयी विभिन्न योजनाओं से आज युवाओं के सपनों को पंख मिला है। मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी के सुराज की परिकल्पना को साकार करने की बात कही।

फिरोजाबाद: पटाखा गोदाम विस्फोट में मृतकों की संख्या पांच हुई

▶▶ मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा

फिरोजाबाद, (हि.स.)। शिकोहाबाद के गांव नौशहरा स्थित पटाखा गोदाम में सोमवार देर रात हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़ कर पांच हो गई है। इस घटना का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने इस घटना पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। जिलाधिकारी मंगलवार को मृतकों के परिजनों से मिले और ढांढस बंधाते हुए उन्हें आर्थिक सहायता की जानकारी दी है।थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के नेशनल हाइवे स्थित गांव नौशहरा में चंद्रपाल के

मकान में भूरेखान का पटाखा गोदाम था। सोमवार की देर रात आग लगने से गोदाम में भीषण विस्फोट हुआ। इस हादसे में कुल 14 लोग घायल हुए, जिसमें से एक बच्ची सहित पांच लोगों की मौत हो गई है। बाकी घायलों का स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। कुछ घायलों की हालत गंभीर होने पर इलाज के आगरा रेफर किया गया है।घटना का प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन से घायलों का समुचित उपचार कराने निर्देश दिए हैं। साथ ही मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के भी निर्देश दिए। मंगलवार को जिलाधिकारी रमेश रंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, एडीएम विशु राजा गांव नौशहरा पहुंचे। उन्होंने मृतकों व घायलों के परिजनों को ढांढस बंधाया।जिलाधिकारी ने बताया कि अवैध पटाखा गोदाम में विस्फोट हुआ है, जिसमे कुल 14 लोग घायल हुए हैं। इनमे पांच लोगों की मृत्यु हुई है। बाकी घायल स्थानीय अस्पताल में भर्ती हैं।

आतिशी के माता-पिता ने आतंकी अफजल को बचाने की कोशिशें की थीं - स्वाति मालीवाल

नई दिल्ली, (हि.स.)। राज्यसभा सांसद एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से नाराज चल रहीं स्वाति मालीवाल ने आतिशी की पृष्ठभूमि पर सवाल खड़े किए हैं। मुख्यमंत्री के लिए नामित आतिशी के माता-पिता की आतंकी अफजल गुरु को बचाने की कोशिशों का उल्लेख करते हुए स्वाति ने कहा कि भगवान दिल्ली की रक्षा करे।उल्लेखनीय है कि दिल्ली में केजरीवाल के इस्तीफे के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए आतिशी को चुना गया है। राज्य सरकार में मंत्री आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला

मुख्यमंत्री होंगी। आतिशी का जन्म 8 जून 1981 को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विजय सिंह तोमर और तृप्ता वाही के घर हुआ था। उन्होंने आतंकी अफजल गुरु को बचाने के लिए कोर्ट में केस लड़ा था।दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनने जा रही आतिशी पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कटाक्ष करते हुए कहा, ÷वैसे तो आतिशी मार्लेना सिर्फ़ 'डमी सीएम' है, फिर भी ये मुद्दा देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। भगवान दिल्ली की रक्षा करे।स्वाति मालीवाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि दिल्ली के लिए आज बहुत दुखद दिन है। आज दिल्ली की मुख्यमंत्री एक ऐसी महिला को बनाया जा रहा है जिनके परिवार ने आतंकवादी अफ़ज़ल गुरु को फांसी से बचाने की लंबी लड़ाई लड़ी। उनके माता-पिता ने आतंकी अफ़ज़ल गुरु को बचाने के लिए राष्ट्रपति को दया याचिकाएं लिखीं। उनके हिसाब से अफजल गुरु निर्दोष था और उसको राजनीतिक साज़िश के तहत फँसाया गया था।

केजरीवाल का इस्तीफा देना चुनावी चाल, राजनीतिक पैंतरेबाजी - मायावती

लखनऊ, (हि.स.)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे को सिर्फ चुनावी चाल और राजनीतिक पैंतरेबाजी बताया है। मायावती ने सवाल किया कि केजरीवाल के जेल में रहने के दौरान दिल्ली की जनता ने जो अनगिनत समस्याएं झेलीं हैं, उसका हिसाब कौन देगा।

समाज को बांटने में लगे सत्ता के भूखे लोगों को गणेश पूजा से परेशानी - प्रधानमंत्री मोदी

भुवनेश्वर/नई दिल्ली, (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ के घर गणेश पूजा में शामिल होने पर उठे राजनीतिक विवाद पर मंगलवार को विपक्ष पर पलटवार किया। मोदी ने कहा, ÷समाज को बांटने और तोड़ने में लगे सत्ता के भूखे लोगों को गणेश पूजा से परेशानी हो रही है। कांग्रेस और उसके ईको सिस्टम के लोग इसलिए भड़के हुए हैं, क्योंकि मैंने गणेश पूजन में भाग लिया था।प्रधानमंत्री मोदी ने भुवनेश्वर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गणेश उत्सव देश के लिए सिर्फ आस्था का विषय नहीं है बल्कि इसने स्वतंत्रता आंदोलन में भी अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि जब सत्ता की भूख में अंग्रेज देश को बांटने में लगे थे, देश को जातियों के नाम पर लड़वाना, समाज में जहर घोलना, बांटो और राज करो उनका हथियार बन गया था। तब लोकमान्य तिलक ने गणेश उत्सव के सार्वजनिक आयोजनों के जरिए भारत की आत्मा को जगाया था। ऊंच, नीच, भेद-भाव इन सब से ऊपर उठकर हमारा धर्म हमें जोड़ना सिखाता है।

मोदी ने कहा कि बांटो और राज करो की नीति पर चलने वाले अंग्रेजों की नजरों में उस समय भी गणेश उत्सव खटकता था, आज भी समाज को बांटने और तोड़ने में लगे सत्ता के भूखे लोगों को गणेश पूजा से परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा, ÷आपने देखा होगा, कांग्रेस और उसके ईको सिस्टम के लोग इसलिए भड़के हुए हैं, क्योंकि मैंने गणेश पूजन में भाग लिया था।प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में, जहां वे (कांग्रेस) सत्ता में हैं, उन्होंने इससे भी बड़ा पाप किया। उन्होंने भगवान गणेश की मूर्ति को सलाखों के पीछे डाल दिया। उन तस्वीरों की वजह से पूरा देश परेशान है। हम इन घृणित तत्वों को आगे नहीं बढ़ने दे सकते। हमें अभी बहुत कुछ हासिल करना है।

यूपी में शुरू होगा गोवा, केरल की तरह वाटर स्पोर्टस

भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण 06 कैटामारन बोट उपलब्ध करायेगा: जयवीर

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग निगम में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण को पत्र लिखकर गोवा और केरल की तर्ज पर रोमांचक जल भ्रमण कराने की तैयारी कर रहा है। पर्यटन विभाग ने अयोध्या, काशी और मथुरा में ओपेन कैटामारन बोट संचालन का निर्णय लिया है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण से 06 कैटामारन बोट उपलब्ध कराने के लिए समझौता किया गया है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि समझौते के तहत अयोध्या, काशी, मथुरा में 02-02 बोट का संचालन किया जायेगा। अब तक अयोध्या और काशी में एक जैसे कैटामारन बोट की आपूर्ति की जा चुकी है। इस बोट में 50 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग अपने संसाधनों एवं सामर्थ्य का प्रयोग करके पर्यटन को नई ऊचांईयों तक ले जाना चाहता है। यूपी में आये बदलाव के कारण पर्यटकों की संख्या कई गुना बढ़ी है। जिसके वजह से पिछले साल 48 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने धार्मिक-अध्यात्मिक तथा इको पर्यटन सहित अन्य विश्वविख्यात स्थलों का भ्रमण किया।यूपी में पर्यटकों से जुड़े विविध आकर्षक गन्तव्य स्थल हैं। जैसे रूरल, एग्री तथा वाटर स्पोर्टस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। वाटर स्पोर्टस की असीमित संभावनायें हैं। इसे व्यवहारिक रूप देकर पर्यटकों को यूपी आने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाई जा रही है। जलमार्ग प्राधिकरण को यह भी सुझाव दिया गया है।

पीएम के जन्मदिन के अवसर पर योगी ने काटा 74 किलो का केक

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर में 74 किलो लड्डू का केक काटा है। पीएम के संसदीय क्षेत्र में उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया है। बता दें कि योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर पीएम के जन्मोत्सव मनाने के लिए काशी में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन के मौके पर भाजयुमो रक्तदान शिविर लगाएगा गया। सीएम योगी 11 बजे कबीरचौरा स्थित मंडलीय अस्पताल पहुंचें। यहां भाजयुमो जिला और महानगर कमेटी की ओर से रक्तदान शिविर का आरंभ किया।

नदेसर स्थित छोटा कटिंग में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को सम्मानित कर स्मार्ट क्लास सहित कई कार्यक्रमों का शुभारंभ करने के बाद सभा को संबोधित किए। सर्किट हाउस में लंच के बाद दोपहर करीब दो बजे लखनऊ रवाना होंगे। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी पीएम मोदी के 74वें जन्मदिन पर बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें। बसपा प्रमुख मायावती ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को आज उनके जन्मदिन की हार्दिक बधाई व उनके दीर्घायु जीवन की शुभकामनायें।

मुख्यमंत्री योगी ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता वॉलिंटियर्स को किया रवाना

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बारिश के बीच स्वच्छता पखवाड़ा 'स्वच्छता ही सेवा' का आरंभ किया और 'नमो प्लॉगेथॉन' को हरी झंडी दिखाई। मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्वच्छता वॉलिंटियर्स को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस संबंध में जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74वें जन्मदिवस पर यह आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता का संदेश देते हुए लोगों को झोला व 'स्वच्छता ही सेवा' टी-शर्ट भी भेंट की। 'नमो प्लॉगेथॉन' के तहत सैकड़ों वॉलिंटियर्स स्वच्छता की मुहिम चलाएंगे। जोरदार बारिश के बीच ये वॉलिंटियर्स हाथों में छाता लिए रैली में शामिल हुए और 'भारत मां की जय', वंदे मातरम' के नारे लगाए। इस दौरान, प्रदेश सरकार के मंत्री रवींद्र जायसवाल, महापौर अशोक तिवारी, विधायक नीलकंठ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या आदि शामिल हुए।

डिप्टी सीएम केशव-मौर्य और ब्रजेश-पाठक ने लगाई झाड़ू

पीएम मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मंगलवार से भारतीय जनता पार्टी की ओर से सेवा पखवाड़ा शुरू किया गया। इस दौरान यूपी सरकार के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने सड़कों पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। केशव प्रसाद मौर्य ने बालागंज चौराहे के पास कार्यकर्ताओं के साथ झाड़ू लगाई। वहीं ब्रजेश पाठक ने चारबाग स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के आस-पास सफाई अभियान चलाया। इसके अलावा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल और शहर के कई विधायक भी स्वच्छता अभियान से जुड़े। स्वच्छता पखवाड़ा आ यानि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में चलाया जाना है। इस दौरान प्रदेश के लोगों को सफाई के प्रति जागरुक किया जाएगा। वहीं भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं की ओर से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। रक्तदान शिविर में युवा मोर्चा के सदस्य हिस्सा लेंगे। राज्य सरकार के मंत्री, जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। भाजपा की तरफ से चलाया जा रहा रक्तदान शिविर 17 से 19 सितंबर तक प्रदेश के सभी जिलों में लगाया जाएगा। 18 सितम्बर से 24 सितम्बर तक मंडल स्तर पर विद्यालयों और अस्पतालों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसमें पार्टी के सभी छोटे से लेकर बड़े नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

जनता का विश्वास खो चुकी है योगी सरकार

राहुल गांधी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने वालों पर हो सख्त कार्यवाही

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर मीडिया से मुखातिब नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था एवं पुलिसिया उत्पीड़न के मुद्दे पर सरकार को घेरा। प्रदेश की भाजपा सरकार पर अपराधियों में भेदभाव करने जाति और धर्म देखकर कार्यवाही करने व महिला अपराध करने वाले अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। प्रदेश सरकार अपराध को रोक पाने में विफल है।

आराधना मिश्रा श्मोनाश् ने कहा कि योगी सरकार जनता का विश्वास एवं अपराधियों में भय दोनों खो चुकी है। पिछले 7 साल से सत्ता में काबिज योगी आदित्यनाथ हमेशा जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं। आत्ममुग्ध होकर खुद ही हर मंच से कानून व्यवस्था पर अपनी तारीफ करते नजर आते रहते हैं मगर सच्चाई इसके विपरीत है। सरकारी मशीनरी का अपराधियों और अपराध को समाप्त करने को लेकर ईमानदार नीयत न होने के कारण देश में जो महिलाओं के विरुद्ध जो अपराध दर्ज हो रहे है उनमें से 25 प्रतिशत अपराध अकेले उत्तर प्रदेश से हैं, गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में उत्तर प्रदेश में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के 65,743 अपराध दर्ज हुए, जो अन्य किसी राज्य की तुलना में सर्वाधिक है जिनमें जघन्य, बलात्कार और बलात्कार के प्रयास, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, साइबर अपराध, पीछा करना जैसे अपराधों की देश भर में वर्ष 2023 में कुल 28,811 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से 16,109 शिकायतें अकेले उत्तर प्रदेश से थी, जो सभी राज्यों में सबसे अधिक थी। यह हम नहीं बल्कि एनसीआरबी की ''क्राइम इन इंडिया रिपोर्ट 2022'' के आंकडें हैं कि उत्तर प्रदेश, हत्या, बलात्कार, अपहरण, बलात्कार के बाद हत्या, गैंगरेप और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में नंबर 1 बना हुआ है। इससे ज्यादा शर्मनाक यह है कि इन आकड़ों के आने के बाद भी सरकार की तरफसे कोई ठोस पुख्ता इंतजाम अपराधों को रोकने के लिए न करके उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार जाति और धर्म देखकर कार्यवाही कर रही है, बुल्डोजर चला रही और फर्जी एनकाउंटर करवा रही है। मुख्यमंत्री मंचों से भाषण देते कि हमारी सरकार अपराधियों को पाताल से खोज लाएगी, लेकिन हकीकत यह है कि अपराधियों को सरकार का संरक्षण मिला परिणाम यह हुआ कि यूपी पुलिस 2021 के महिलाओं के विरुद्ध अपराध से जुड़े 11732 मामलों की जांच तक नहीं पूरी कर पाई 2022 में 66,936 मामले थाने पर ही निपटा दिए।

नारी शक्ति के सम्मान में सदैव खड़ी रहूंगी: मनीषा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राष्ट्रीय लोक दल प्रदेश कार्यालय में आज राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह की अध्यक्षता में पार्टी की महिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक हुई ।मुख्य अतिथि के रूप में रालोद महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त सदस्य मनीषा अहलावत सम्मिलित हुयी। महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीषा अहलावत ने सर्वप्रथम भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और तत्पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन में महिला आयोग में नियुक्ति के लिए केंद्रीय नेतृत्व चौधरी जयंत सिंह का आभार व्यक्त करते हुए इसे कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम कहा। मनीषा अहलावत ने कहा कि वह नारी शक्ति के सम्मान में सदैव खड़ी हैं और नारी अस्मिता के विरुद्ध कोई भी कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिणीता सिंह ने कहा कि आधी आबादी को केंद्रीय नेतृत्व चौधरी जयंत सिंह द्वारा जो सम्मान प्रदान किया गया है उसके लिए महिला प्रकोष्ठ उनके प्रति कृतज्ञ है और हम विश्वास दिलाते हैं कि चौधरी साहब को हर कदम आधी आबादी का पूर्ण साथ और विश्वास प्राप्त होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मोना भंडारी समाजसेविका तथा निशा चौधरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने पीएम-मोदी का जन्मदिन मनाया

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में मंगलवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की तरफ से पीएम मोदी का जन्मदिन मनाया। मॉल एवेन्यू स्थित दरगाह दादा मियां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम की चादर चढ़ाकर चढ़ाई। स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाया।

इस अवसर पर दरगाह के लोगों को भाजपा की सदस्यता भी दिलाई। भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली कार्यकर्ताओं के साथ दरगाह पहुंचे। बासित अली ने कहा कि आज का दिन हम लोगों के लिए बहुत खास है। हम प्रधानमंत्री का जन्मदिन मना रहे हैं। दरगाह दादा मियां पर पीएम मोदी के नाम से चादर चढ़ाई गई और दरगाह के मौलाना ने उनकी लंबी उम्र की दुआ किया।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की तरफसे कहा गया कि पीएम मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने मुस्लिम समुदाय को कुरान के साथ कंप्यूटर देकर उन्हें सीधे विकास से जोड़ा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में काम करना हमारे लिए सम्मान की बात है। बासित अली ने कहा कि पूरे प्रदेश से 74 दरगाह से 7400 सूफी समाज के लोगों को जोड़ा जाएगा। आज हम लोगों ने यहां स्वच्छता पखवाड़ा के तहत झाड़ू लगाया। इस्लाम धर्म में सफाई को आधा ईमान बताया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लगातार स्वच्छता अभियान चला कर आम आदमी को स्वच्छ और स्वस्थ रहने का संदेश देते हैं। सदस्यता अभियान के तहत दरगाह के लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया। बासित अली ने कहा कि लगातार सदस्यता अभियान जारी है , इसे हम पर्व के रूप में मना रहे हैं। पूरे प्रदेश में इस अभियान के तहत 5 लाख मुस्लिम समुदाय के लोगों को जोड़ा जाएगा। भाजपा के विभिन्न मोर्चे इस सदस्यता अभियान के लिए काम कर रहे हैं।

किसानों के धरना को सपा का समर्थन, प्रदर्शन में पहुंचे सांसद आरके चौधरी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के सांसद आरके चौधरी ने भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले खुर्दही में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसानों का समर्थन किया है। यह धरना, एलडीए (लखनऊ विकास प्राधिकरण) और आवास विकास परिषद द्वारा 33 गांवों की जमीन के अधिग्रहण के विरोध में किया जा रहा है। धरना स्थल पर पहुंचे आरके चौधरी ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां किसान विरोधी है। किसानों का लगातार उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां पूंजीपतियों का कर्ज माफ किया जा रहा है। किसानों और मजदूरों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने किसानों की मांगों को जायज ठहराते हुए उनके संघर्ष में हर संभव समर्थन देने का वादा किया। धरने को सम्बोधित करते हुए पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों की मांगों के साथ खड़ी है। इस लड़ाई में किसानों का पूरा साथ देगी। उन्होंने कहा कि खाद और बीज के दामों में हो रही वृद्धि के चलते किसान बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान आत्महत्याओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है।

पिछड़े वर्गों के कल्याण और अधिकारों की रक्षा में आयोग निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिका: अध्यक्ष राजेश वर्मा

सदस्यों को जिलावार जिम्मेदारी देकर पिछड़े वर्गों की शिकायतों का होगा समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण: अध्यक्ष राजेश वर्मा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश वर्मा ने मंगलवार को इंदिरा भवन, लखनऊ में आयोग की मासिक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, सूर्य प्रकाश पाल सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य पिछड़े वर्गों की समस्याओं का समाधान और उनके समग्र विकास के लिए आयोग की रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना था।

अध्यक्ष राजेश वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशों के तहत पिछड़े वर्गों के कल्याण और उनके अधिकारों की सुरक्षा में आयोग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग के लोगों को आयोग से बहुत उम्मीदें हैं और हम इन उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

शिकायतों और आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हमारी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आयोग के कार्यों को बेहतर ढंग से लागू करने के लिए सदस्यों को जिलावार जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, जिससे प्रमाण पत्र प्राप्त करने में किसी भी जिले में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने सभी शिकायतों के त्वरित निस्तारण का भी निर्देश दिया ताकि लोगों को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े।

आयोग का उद्देश्य सिर्फ शिकायतों का समाधान करना नहीं है, बल्कि पिछड़े वर्गों के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए ठोस कदम उठाना भी है। आयोग समय-समय पर पिछड़े वर्गों की सूची का पुनरीक्षण करेगा, ताकि नए वर्गों को सम्मिलित किया जा सके और जो वर्ग अब पिछड़े नहीं रहे उन्हें सूची से हटाया जा सके। इस दिशा में आयोग लगातार सिफारिशें करेगा और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करेगा। बैठक में पिछले फैसलों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और भविष्य के निर्णयों पर चर्चा की गई।

बैठक के एजेन्डा में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें से कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये जिसमें हिन्दू दर्जी सक्सेना और मुस्लिम दर्जी इदरीसी को अलग-अलग कमांक पर दर्ज करने के मुद्दे पर आयोग ने निर्णय लिया कि उपजाति/उपनाम जोड़ने से भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। इसलिए प्रतिवेदनकर्ता के अनुरोध को सर्वसम्मति से निरस्त कर दिया गया। लोनिया जाति को क्षत्रिय के रूप में दर्ज करने के मुद्दे पर आयोग ने लोनिया जाति को क्षत्रिय के रूप में दर्ज करने का औचित्य नहीं पाया और सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को निरस्त कर दिया।

भगवान विश्वकर्मा को माना जाता है ब्रम्हाण्ड का रचयिता: जयंत

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सृष्टि निर्माता एवं सृजनकर्ता विश्वकर्मा जयंती जिला कार्यालय लखनऊ में मनाई गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने की। भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को ब्रम्हाण्ड का रचयिता माना जाता है। विश्वकर्मा द्वारा इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरूण पुरी, कुबेर पुरी एवं सुदामा पुरी के साथ ही तमाम निर्माण कराये गये। भगवान विश्वकर्मा से हम सभी को अपने-अपने चरित्र निर्माण की भी सीख मिलती है। इस मौके पर सांसद आरके चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव विजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष,जिला निर्वाचन प्रभारी टीबी सिंह, जिला उपाध्यक्ष जमालुद्दीन बेग 'कल्लू', वीरेन्द्र प्रताप सिंह, बचान सिंह यादव, इब्राहीम मंसूरी, आदिल इदरीश, रामप्रकाश यादव, जिला कोषाध्यक्ष इश्तियाक अहमद, जिला प्रवक्ता मीडिया प्रभारी रमेश सिंह 'रवि', जिला सचिव शगीर अहमद अंगूर, अकील गगचांद, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष अंजनी प्रकाश, महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, विजयश्री, सुधा जायसवाल, शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष दिवाकर यादव, महिला सभा प्रदेश सचिव हिना कुरैशी के साथ अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सफाई हमारे जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता

खुदा ने आज तक उस कौम की हालात नहीं बदली, न हो ख्याल जिनको खुद अपने हालात को बदलने का

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश भर में आज से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा का आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शुभारंभ किया।

इस दौरान उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय डूडा कॉलोनी तकरोही में कार्यक्रम के शुभारंभ पर कॉलोनी में झाड़ू लगाकर एवं नाली की सफाई कर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। विधायक योगेश शुक्ला जिला अध्यक्ष राम निवास मेयर सुषमा खर्कवाल जिला अधिकारी सूर्यपाल गंगवार नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह एवं अन्य उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री ने लोगों से अपील की की स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। स्वच्छता की आवश्यकता एवं उपयोगिता को हम सभी महसूस तो करते हैं, लेकिन हमारी आदत है कि हम दिनभर जो कुछ भी क्रियाकलाप करते हैं एवं जो कुछ भी उपयोग करते हैं तो उसका लिफाफा एवं अपशिष्ट इधर-उधर फेंक देते हैं। हमें ऐसा ना करके छिल्का लिफाफा या रैपर कूड़ेदान या निर्धारित स्थान पर ही फेंकना चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री जी यदि कुछ खाते हैं तो उसका छिलका या पैकेट बनी जेब में रख लेते हैं और उचित स्थान पर ही फेंकते हैं, जिनसे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम कूड़ा इधर-उधर ना फेकें यदि हम इस पर नहीं सोचेंगे तो नगर निगम के कर्मचारी सुबह आएंगे और सफाई करके चले जाएंगे और हम अपनी दिनचर्या में इस कार्य में सहयोग नहीं करेंगे तथा इसको हर तरीके से महसूस नहीं करेंगे तो सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं रह सकेगी। उन्होंने कहा कि सफाई हमारे जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सुरेश कुमार खन्ना ने अकबर इलाहाबादी के एक शेर ''खुदा ने आज तक उस कौम की हालात नहीं बदली, न हो ख्याल जिनको खुद अपने हालात को बदलने का'' को कोड करते हुए कहा कि हम बदलेंगे तो जमाना बदलेगा। अगर हम अपने अंदर अनुशासन नहीं लेंगे तथा अपने आप इसकी आवश्यकता को महसूस नहीं करेंगे तो सफाई को कायम नहीं कर सकते। श्री खन्ना ने कहा कि इंदौर को देखें तो पिछले कई सालों से यह स्वच्छता के मामले में देश में प्रथम स्थान पर है। वहां का हर नागरिक अपना परिचय देते समय गौरवान्वित महसूस करता है कि वह उसे नगरी से है, जो स्वच्छता में देश में प्रथम है। जिसमें उसका भी सहयोग होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वच्छता के महत्व को समझते हुए इसका बीड़ा उठाया और हर प्रकार से लोगों को भी फैसिलिटेट करते हुए स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने हर घर शौचालय की व्यवस्था की। उन्होंने प्रयास किया कि हर एक व्यक्ति सफाई के प्रति जागरूक हो और महसूस भी करे की सफाई उसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने आसपास सफाई रखेंगे तो बीमारियां पैदा नहीं होगी। बीमारियों का सबसे बड़ा कारण जल भराव एवं कूड़ा का इकट्ठा होना है। नगर निगम लखनऊ के अधिकारी एवं कर्मचारी डूडा कॉलोनी में अगले 72 घंटे तक अभियान चला कर वहां जितनी भी कमियां हैं जैसे स्ट्रीट लाइट, पेयजल, सीवर, सड़कों पर गड्ढे आदि एवं सफाई से संबंधित समस्याओं को दूर करेंगे। इसके बाद यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसे आगे भी स्वच्छ रखें। स्वच्छता जब तक आम आदमी के दिनचर्या का हिस्सा नहीं बनेगा तब तक स्वच्छता एवं स्वस्थ वातावरण रहने के उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो सकेगी। हमारे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री झाड़ू इसलिए उठाते हैं ताकि लोगों की झिझक दूर हो और लोग अपने घर अपने दरवाजे को साफ रखने के लिए प्रेरित हों। स्वच्छता के लिए जागरूक करने हेतु आज मुख्यमंत्री वाराणसी में और मंत्रिमंडल के अन्य मंत्री अपने-अपने प्रभारी जनपदों में लोगों को स्वच्छता हेतु प्रोत्साहित करने के लिए स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ कर रहे हैं ताकि लोगों को सफाई के कार्यों में अपना सहयोग दें और अपने प्रदेश को स्वच्छ एवं साफ सुथरा प्रदेश बनाएं। हम बदलेंगे तो या मोहल्ला बदलेगा वार्ड बदलेगा गली बदलेगी यदि सभी व्यक्ति यह सोचेंगे तभी इसे पूरी तरीके से अंजाम दे सकते हैं।

शिवपाल सिंह यादव से मुलाकात कर कार्यक्रम में आने का न्योता दिया

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव से आज शराब बंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मुर्तजा अली और नेशनल यूथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार सिंह वरिष्ठ प्रवक्ता डीपी यादव एक प्रतिनिधि मंडल दल के साथ उनसे मुलाकात किया इस मुलाकात में शराबबंदी 'संघर्ष समिति के अध्यक्ष मुर्तजा अली ने माननीय शिवपाल सिंह यादव जी को 23 सितंबर पूजनीय स्वामी 1008 अविमुक्तेश्वरशनंद शंकराचार्य सरस्वती जी महाराज जी कार्यक्रम जो इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राजकुमार सिंह के द्वारा आयोजित किया जा रही है उसका निमंत्रण दिया उनसे आने का अनुरोध किया गया! उसके बाद और भी कई सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई ! इस मौके पर शराबबंदी संघर्ष समित के आदि लोग शामिल थे।

हिन्दू महासभा लखनऊ मंडल महिला इकाई की अध्यक्ष बनीं अनीता

लखनऊ। अखिल भारत हिंदू महासभा त्रिदंडी ने अनीता तिवारी को हिन्दू महिला सभा लखनऊ मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी कार्यालय के प्रभारी प्रमोद त्रिवेदी के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ला ने श्रीमती अनीता तिवारी मनोनीत किया। इसके अलावा एवरन सिंह को हिन्दू युवक सभा त्रिदड़ी का जिला अध्यक्ष फिरोजाबाद, अजय वर्मा को हिन्दू महासभा त्रिदंडी फिरोजाबाद का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि आगरा का जिला अध्यक्ष अजीत राजपूत को, युवक सभा आगरा का जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश वर्मा को, किसान सभा आगरा का जिला अध्यक्ष राम निवास को व विद्यार्थी सभा आगरा का अध्यक्ष सूरज वर्मा को नियुक्त किया गया है। वहीं दिलीप कुमार गुप्ता को तहसील अध्यक्ष सीतापुर, जितेंद्र कुमार सिंह को (फतेहपुर) बाराबंकी एवं हिमांशु सिंह को जिला संगठन मंत्री बाराबंकी की जिम्मेदारी दी गई है।

संक्षिप्त खबरें

किराएदार ने मानसिक रूप से बीमार युवती से किया रेप

लखनऊ। चिनहट इलाके में किराएदार ने 24 साल की युवती से रेप किया। युवती की मानसिक हालत ठीक नहीं है। उसके परिवार वाले उसे घर में अकेला छोड़कर बाहर गए थे। परिवार के लोग घर लौटे तो उसने पूरी बात बताई। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता के घर वालों ने पुलिस को बताया कि वो किसी काम से बाहर गए थे। उनकी 24 साल के बेटी घर में अकेली थी। तभी किराए पर रहने वाले राजकुमार ने डरा धमकाकर उसके साथ रेप किया। पूछने गए तो आरोपी ने कहा कि 2 लाख रुपए लेकर मामले को खत्म करो। परिवार जब वापस लौटा तो लड़की काफी डरी थी। पूछताछ के बाद उसने पूरी बात बताई। परिवार वालों का कहना है कि जब वो आरोपी राजकुमार के पास गए और उससे पूछा तो उसने कहा कि 2 लाख रुपए लेकर मामले को खत्म कर दीजिए। महमूदाबाद सीतापुर के रहने वाले राजकुमार (31) पुत्र सियाराम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

लखनऊ। बीकेटी थाना इलाके में ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। व्यक्ति की पहचान दाऊ निवासी नवीकोट नंदना के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि कि करीब 10 साल पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। उसके बाद से ही वो मानसिक रूप से परेशान था। घटना की जानकारी परिवार वालों को दे दी गई। मृतक के ही गांव के व्यक्ति ने बताया कि वह क्षेत्र के एक पेट्रोल पम्प पर रहता था । सोमवार की रात गांव में झांकी देखने के लिए आया था। झांकी देखने के बाद वह पगडंडी से होकर रेलवे लाइन पार कर घर की तरफ लौट रहा था। इस बात की संभावना ज्यादा है कि रेलवे लाइन पार करते समय हादसा हुआ होगा। बख्शी का तालाब थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

जिला उपभोक्ता आयोगों में 655 मामलों का हुआ निस्तारण

लखनऊ। राज्य उपभोक्ता आयोग एवं प्रदेश के जिला उपभोक्ता आयोगों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राज्य उपभोक्ता आयोग में 21 सूचीबद्ध मामलों के सापेक्ष 17 मामलों एवं प्रदेश के जिला उपभोक्ता आयोगों में 1015 सूचीबद्ध मामलों के सापेक्ष 655 मामलों का निस्तारण हुआ तथा कुल धनराशि 133499117 रूपये का समाधान हुआ। जिला उपभोक्ता आयोग, बस्ती द्वारा सर्वाधिक 83 मामलों का निस्तारण व जिला उपभोक्ता आयोग, गौतमबुद्ध नगर द्वारा सर्वाधिक रु. 20520725 का समाधान किया गया। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के निबंधक मो राशिद ने आज यहां यह जानकारी दी।

सई नदी पुल से कूदी महिला

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बंथरा इलाके में एक महिला पुल से सई नदी में कूद गई। 3 घंटे से एनडीआरएफ की टीम तलाश कर रही है। अभी तक पता नहीं लगाया जा सका है। घटना करीब 11 बजे दिन की है। नदी में कूदने वाली महिला कौन है और कहां की रहने वाली इसका पता भी अभी नहीं चल सका है। आसपास के लोगों ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे एक महिला पुल पर खड़ी थी। लोगों के देखते ही देखते वो पुल से नदी में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद लोग निकालने की कोशिश भी किए लेकिन पानी अधिक होने की वजह से पता नहीं लग सका। तुरंत घटना की जानकारी बंथरा पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम ने तुरंत एनडीआरएफ को बुलाया। एनडीआरएफ की टीम महिला की तलाश कर रही है। हालांकि पानी का बहाव तेज होने से अभी तक पता नहीं चल सका है। महिला की तलाश लखनऊ और उन्नाव की टीम संयुक्त रूप से कर रही है। बंथरा पुलिस ने बताया कि अभी तक महिला का पता नहीं लगाया जा सका है। थाने में अभी तक किसी महिला के गायब होने की शिकायत भी उसके परिवार वालों ने नहीं दी है। पुलिस को अनुमान है कि महिला पारिवारिक प्रताड़ना से परेशान होकर नदी में छलांग लगाई होगी। बंथरा थाना प्रभारी राम सिंह ने बताया कि हमारी टीम अपने स्तर पर तलाश कर रही है। महिला के बारे में जल्द पता लगाया जाएगा। वहीं फायर अधिकारी सुमित प्रताप सिंह भी मौके पर हैं। उन्होंने बताया कि एनडीएरएफ की टीम करीब 2 किमी की रेंज में सर्च अभियान चला रही है।

तेज रफ्तार कार क्रेन से टकराई

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मड़ियांव इलाके में देर रात सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। कार सवार सीतापुर से लखनऊ की तरफ आ रहे थे। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी क्रेन से टकरा गई, जिसमें दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, चपटा अजीतमल औरैया के रहने वाले नवीन (27) पुत्र अशोक कुमार और फूलपुर औरैया के रहने वाले सौरभ (28) पुत्र राजेश सोमवार-मंगलवार की देर रात सीतापुर की तरफ लखनऊ आ रहे थे। मड़ियांव खदरी के पास करीब रात 2.30 बजे कार अचानक से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी क्रेन से टकरा गई। हादसे के बाद वहां भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने दोनों को कार से बाहर निकालकर इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर भिजवाया। जहां पर इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने परिवार को सूचना दे दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखा गया है।

रहीमाबाद में झण्डे लगाने को लेकर विवाद

लखनऊ। बारावफात पर झण्डे लगाने को लेकर दो पक्ष सोमवार को भिड़ गए थ। इसके बाद मंगलवार को एक पक्ष ने रहीमाबाद कोतवाली का घेराव कर हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने धार्मिक संगठन से जुड़े लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। सोमवार को भी एक पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुसीबतगंज निवासी उल्फअली अंसारी के मुताबिक सोमवार को बारावफात के मौके पर वह लोग झण्डे लगा रहे थे। जिसका भूपेंद्र अर्कवंशी, विक्की और उनके साथ आए लोगों ने विरोध किया। आरोप है कि उल्फअली अंसारी की तरफ से लगाए गए झण्डे उतार दिए गए। मंगलवार को बड़ी संख्या में उल्फअली के साथ लोग रहीमाबाद कोतवाली पहुंच गए। करीब दो घंटे तक हंगामा चलता रहा। भूपेंद्र और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग पर लोग अड़ गए। देर शाम रहीमाबाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। सोमवार को बलदेवखेड़ा निवासी विशुन यादव की तरफ से भी एक मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें आदिल और उनके साथियों पर आरोप लगाया गया। विशुन के मुताबिक उनकी तरफ से लगाए गए झण्डों को आदिल ने उतारा था। इंस्पेक्टर अनुभव सिंह ने बताया कि दोनों ही मुकदमों की जांच की जा रही है।

बीजेपी नेता बन किया फोन, नौकरी का झांसा देकर हड़पे रुपये

लखनऊ। सचिवालय में नियुक्ति कराने का झांसा देकर युवती से 35 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई। आरोपी ने बीजेपी नेता होने का दावा किया था। पीड़िता की तहरीर पर बाजारखाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। मोतीझील कॉलोनी निवासी स्वाती जायसवाल के मुताबिक 27 मई को उसके पास कॉल आई। फोन राहुल भारती ने किया था। जो बीजेपी चैनल डायरेक्टर होने का दावा करता है। आरोपी ने स्वाती से कहा कि आपकी बड़ी बहन से नौकरी के सिलसिले में बात हुई थी। फिलवक्त सचिवालय में प्रमुख सचिव कार्यालय में असिस्टेंट मैनेजर की नियुक्ति होनी है। सीधी भर्ती है। इसलिए बिना परीक्षा और इंटरव्यू के नियुक्ति हो जाएगी। पर, कुछ रुपये खर्च करने होंगे। स्वाती ने बताए गए खाते में 35 हजार रुपये जमा किए। पीड़िता के मुताबिक ई-वॉलट से रुपये भेजने के बाद उसने राहुल को फोन मिलाया। आरोपी ने बताया कि जल्द ही नियुक्ति पत्र मिल जाएगा। इसके बाद आरोपी को फोन स्विच ऑफ हो गया। छानबीन में पता चला कि राहुल का बीजेपी से कोई सम्पर्क नहीं है। इंस्पेक्टर बाजारखाला संतोष आर्या ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

खस्ताहाल सड़कें और ट्रैफिक जाम चौपट कर रहे कारोबार

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बारिश में शहर के प्रमुख बाजारों की सड़कें उखड़ गई हैं। जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। ऊपर से ट्रैफिक जाम में फंसकर खरीदारी करने निकले लोगों का मन खट्टा हो जा रहा है। जिला स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों ने इस समस्याओं से निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी से गुहार लगाई।

डीएम सूर्य पाल गंगवार ने संबंधित विभागों को सड़कों का नक्शा बनवाकर पेश करने को कहा, ताकि मरम्मत कराई जा सके। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि नगर निगम की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान बाजार बंदी के दिन या शाम को चलाया जा रहा है। इससे व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बाजारों में भारी पुलिस बल देखकर ग्राहक डर कर लौट जा रहे हैं। पत्रकारपुरम, मुंशीपुलिया, फैजाबाद रोड, निशातगंज, चौक, बुद्धेश्वर, बालागंज, नक्खास, अकबरीगेट, अमीनाबाद, रकाबगंज, चारबाग, नाका, आलमबाग आदि में अतिक्रमण की भरमार है। स्थानीय पुलिस की सह पर फुटपाथ बाजार एवं अतिक्रमण फल फूल रहा है।

उन्होंने कहा कि पूर्व की बैठकों में ई-रिक्शा नीति बनाने की सहमति हुई थी परन्तु अभी तक कोई नीति नहीं बनी। कुछ रूट निर्धारित हुए लेकिन कोई निगरानी व्यवस्था नहीं है। उन्होंने जीएसटी का मुद्दा भी उठाया। कहा कि जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक में धारा 73 के तहत अर्थदण्ड एवं व्याज पर छूट दी गई है। इसका अभी तक कोई नोटीफिकेशन जारी नहीं किया गया है जिससे व्यापारी परेशान है और लाभ नहीं मिल पा रहा है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों के सामने जीएसटी के कारण आ रही समस्याओं की बात उठाई। आदर्श व्यापार मंडल ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ने बादशाह नगर, सर्वोदय नगर चौराहे पर यातायात पुलिस द्वारा लगाई गई अस्थाई बेरीकेटिंग को खुलवाने की मांग की। लखनऊ व्यापार मण्डल से प्रतिनिधित्व कर रहे महामंत्री अनुराग मिश्र और देवेन्द्र गुप्ता ने खुदी पड़ी सड़कों का मुद्दा उठाया। साथ ही प्रमुख स्थानों पर बंद किए डिवाइडर के कट खोलने की मांग की।

बाजारों की प्रमुख समस्याएं

- डालीगंज हसनगंज पुराने बाजार हैं। महिला कारोबारियों और ग्राहकों का आना जाना रहता है लेकिन क्षेत्र में एक भी सुलभ शौचालय नहीं
- रामाधीन मार्केट के बगल में कूड़ा घर बना हुआ है जिससे वहां के व्यापारियों को काफी बदबू आती है इसके कहीं और स्थानांतरित किया जाए
- विकास नगर में चार महीने से धंसी सीवर लाइन की मरम्मत हो रही है। धीमे कार्य की वजह से आवागमन एवं स्थानीय व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है
- नादान महल रोड पर जल संस्थान ने सड़क खोदी थी लेकिन अब तक नहीं बनाई। अब यह जगह जगह धंस रही है
- नाका फ्लाई ओवर के नीचे अतिक्रमण का जाल बिछा हुआ है जिसमें नाका थाने की जब्त गाड़ियां खड़ी रहती है। फ्लाई ओवर के नीचे बनी सर्विस लेन का एक हिस्सा अभी चालू नहीं हो सका है जिससे जाम लगा रहता है

नौ करोड़ के मुआवजे के फर्जी भुगतान की फाइलें दबाई गईं

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। कानपुर रोड प्रसार योजना की जमीन के 9 करोड़ रुपए के फर्जी मुआवजे के भुगतान की फाइलें दबा दी गयी हैं। अभी तक इसकी फाइलें डीएम व राजस्व परिषद को नहीं भेजी है। जिसकी वजह से गुनहगारों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पा रही है। मामले में जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापित द्वितीय से रिपोर्ट व फाइलें मांगी थी लेकिन अभी तक उन तक फाइल नहीं पहुंची है। एलडीए के स्तर से भी फाइल व रिपोर्ट नहीं भेजी गयी। हिन्दुस्तान ने पिछले महीने फर्जीवाड़ा कर नौ करोड़ रुपए के मुआवजे के भुगतान की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इस खबर को शासन व जिलाधिकारी ने काफी गंभीरता से लिया था। शासन के राजस्व अनुभाग 13 के उप सचिव ने हिन्दुस्तान की खबर को संज्ञान में लेते हुए मामले में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार से रिपोर्ट मांगी थी। डीएम सूर्यपाल गंगवार ने भी 23 अगस्त को अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापि द्वितीय को पत्र लिखकर इसके बारे में रिपोर्ट मांगी थी। अभी तक डीएम तक रिपोर्ट नहीं पहुंच पायी है। डीएम ने इसकी प्रति एलडीए को भी भेजी थी। एलडीए से भी रिपोर्ट भेजने को कहा गया था।

एलडीए ने भी अभी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। एलडीए के अर्जन विभाग ने इसकी फाइलें दबायी हैं। जिसकी वजह से यहां से भी अभी तक रिपोर्ट नहीं जा पायी है। जबकि मुआवजे की रकम एलडीए ने ही एडीएम एलए कार्यालय को भेजी थी। जहां से इसके भुगतान में फर्जीवाड़ा किया गया। जिस महिला रामरती को जमीन का मालिक दिखाकर कानपुर रोड प्रसार योजना भाग संख्या छह गाटा संख्या 1219/3 के प्रतिकर का भुगतान किया गया वह रामरती नहीं है। एलडीए वीसी को उनके वकील ने जांचकर रिपोर्ट दी थी। कोर्ट ने भी मुआवजे के भुगतान पर रोक लगायी थी। इसके बावजूद भुगतान कर दिया गया। इसमें एलडीए के भी कुछ लोगों के शामिल होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि इसकी फाइल एलडीए के अर्जन विभाग में है।

पेड़ तोड़ने के विरोध पर कर्मचारी को पीटा

लखनऊ। रायबरेली रोड वृंदावन कालोनी सेक्टर-18 में सोमवार देर शाम दबंगों ने आंवले का पेड़ तोड़ने के विरोध पर दबंगों ने अयोध्या कृषि विवि के अकाउंटेंट वैभव रघुवंशी को दौड़ा दौड़ाकर पीटा। हमले में वैभव का सिर फट गया। पीजीआई पुलिस ने वैभव की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वैभव के मुताबिक उनके पिता ने अपार्टमेंट परिसर में आंवले का पेड़ लगाया था। पेड़ में फल भी लगे थे। सोमवार शाम वह परिवार के साथ बाजार गए थे। इस बीच पड़ोस में किराए पर रहने वाले दो युवक पहुंचे। उन्होंने पेड़ की डाल तोड़ डाली। फल तोड़े, मां ने विरोध किया तो उनसे अभद्रता की। सूचना मिलते ही घर पहुंचे तो कार से उतरते ही दोनों ने उन पर भी हमला बोल दिया। हमले में सिर फट गया। इसके बाद आरोपित भाग निकले। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

दहेज नहीं मिलने पर दिया तीन तलाक

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बाजारखाला कोतवाली में महिला ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर फोन कर तीन तलाक दिए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि मांग पूरी नहीं कर पाने पर ससुराल में उसके साथ मारपीट की गई थी।

अम्बेडकरनगर निवासी महिला का निकाह फरवरी 2015 में सीतापुर तम्बौर निवासी रुस्तम गौरी से हुआ था। जिसमें हैसियत अनुसार दहेज दिया गया था। पीड़िता के मुताबिक रुख्सत होकर ससुराल पहुंचने के बाद उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। दहेज में दो लाख रुपये और कार की मांग की जाने लगी। रुस्तम अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करता। विरोध करने पर तलाक देने की धमकी देता था। महिला के अनुसार जुलाई 2023 में रुस्तम ने उसके साथ मारपीट की और घर से भगा दिया।

ससुराल से मायके आने के बाद भी महिला और उसके परिवार ने रुस्तम को मनाने का प्रयास किया। रिश्तेदारों के जरिए भी सुलह की कोशिशें की गईं। जिनका असर नहीं हुआ। 15 अप्रैल 2024 की दोपहर करीब दो बजे रुस्तम ने पत्नी को फोन किया। दहेज में कार और दो लाख का इंतजाम करने के लिए कहा। बात नहीं मानने पर फोन पर ही तीन तलाक दे दिया। पति के शब्द सुन कर महिला बेसुध हो गई। सुलह के सभी रास्ते बंद होने पर महिला ने बाजारखाला कोतवाली में पति और ससुराल वालों के खिलाफ तहरीर दी। इंस्पेक्टर संतोष आर्य ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता अभियान का आगाज

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के नगरों को स्वच्छ और सुन्दर बनाने, आम जनमानस को शुद्ध वातावरण व पेयजल की आपूर्ति करने के लिए नगर विकास विभाग प्रतिबद्ध है। नगरीय निकायों में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान तथा 25 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सतत् 155 घण्टे का स्वच्छता अभियान चलाये जाने का आह्वान किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में स्वच्छता मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान की शुरुआत की। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने इस अभियान की शुरुआत जौनपुर की शाहगंज नगर पंचायत में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में प्रतिभाग और श्रमदान कर की। स्वच्छ को स्वभाव और संस्कार में स्थापित करना ही मुख्य उद्देश्य है, और यही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत स्वभाव

स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर प्रदेश के सभी निकायों में जनप्रतिधियों के साथ ही जनमानस ने भी बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग कर रहे हैं। नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारी और स्वच्छता के कार्यों में तत्परता से जुटे कार्मिकों ने नगरीय निकाय निदेशालय से इस अभियान की हो रही ऑनलाइन मॉनिटरिंग में भी निकयों में हो रहे कार्यो को दिखाते हुए जानकारी दी। प्रदेश में चल रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों की सफाई कर उन्हें सुन्दर बनाने के साथ ही आम जनमानस के स्वभाव और संस्कार में भी स्वच्छता और उसके मूल्यों को स्थापित भी करना है। निदेशक नगरीय निकाय अनुज झा ने बताया कि प्रदेश में 114500 कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 53762 लक्षित इकाइयां व 47587 सीटीयू को चिन्हित किया गया है। अभियान में 57 हजार से अधिकारी लोगों ने प्रतिभाग किया है। सफाई मित्रों के लिए 4237 सफाईमित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन कर स्वास्थ्य परीक्षण व सरकारी योजनाओं का लाभ देने की व्यवस्था की गयी है। लखनऊ में प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि इस अभियान अन्तर्गत निकायों में साफ-सफाई व्यवस्था, नाला-नालियों की सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेय जल की उपलब्धता, मार्ग प्रकाश व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का कार्य किया जायेगा। नियमित रूप से प्रातः 05 बजे से 08 बजे तक साफ-सफाई करायी जायेगी।

नगर निगम की लापरवाही से गरीबों और बुजुर्गों को पानी के लिए तरसाया जा रहा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नगर निगम की लापरवाही के कारण गरीबों और बुजुर्गों को पानी के लिए तरसाया जा रहा है। दौलतगंज वार्ड-90 में पानी की किल्लत के कारण लोगों को परेशानी हो रही है, लेकिन नगर निगम जोन-6 के अधिकारी इस मामले में मौन हैं। प्रभावित क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि पिछले 5 दिनों से पानी की किल्लत के कारण उन्हें परेशानी हो रही है। नगर निगम जोन-6 के अधिकारियों से शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकाला गया है। लोगों को बालटी लेकर लम्बी कतार लगाकर पानी भरने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस संबंध में नगर निगम जोन-6 के आला अधिकारियों से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। यह लापरवाही नगर निगम की विफलता को दर्शाती है। पीड़ित बुजुर्ग ने बताया

पानी के लिए तरसाया जा रहा है। नगर निगम के अधिकारी हमारी शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहे हैंरू-राम सिंह, दौलतगंज वार्ड के निवासी,पीड़िता बुजुर्गों को पानी के लिए खड़ा होना पड़ रहा है। यह नगर निगम की लापरवाही का परिणाम हैरू-सीता देवी, दौलतगंज वार्ड की निवासी,नगर निगम जोन-6 के अधिकारियों को इस मामले में जवाबदेह होना चाहिए। उन्हें लोगों की शिकायतों पर ध्यान देना चाहिए और समाधान निकालना चाहिए। लखनऊ के नागरिकों को पानी की किल्लत के कारण परेशानी नहीं होनी चाहिए।

जयकारों के साथ निकली मनौतियों के राजा की विसर्जन शोभा यात्रा

सड़कों पर गूंजा 'गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ'

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका में पिछले 10 दिनों से चल रहे गणेशोत्सव का आज भगवान गणेश की मूर्ति का भू विसर्जन के साथ समापन हो गया। विसर्जन से पूर्व पण्डाल में आचार्यों ने वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ पूजा अर्चना की। इसमें कमेटी के सभी पदाधिकारी, सदस्य, कार्यकर्ता अपने पूरे परिवार के साथ शामिल हुये। बाद में सभी ने बप्पा से हाथ जोड़कर अगले बरस फिर आने की प्रार्थना करते हुये भगवान गणेश की विशाल मूर्ति को रथ पर विराजमान किया। उस दौरान 'गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष से झूलेलाल घाट गूंज रहा था। उसके बाद शोभा यात्रा शुरु हुई। शोभा यात्रा में सबसे आगे बैण्ड उसके पीछे 7 देवी देवताओं की सजी सुन्दर झांकी, फिर ढोल का दल, उसके पीछे 7 घोड़े, डीजे साउण्ड जिस पर कोलकाता के संजय शर्मा भजन सुनाते हुये चल रहे थे। उसके पीछे फिर 8 झांकी राधा कृष्ण, शंकर पार्वती, मां दुर्गा, काली जी, ब्रम्हा विष्णु महेश, सरस्वती जी, मीरा बाई, लक्ष्मी जी, सांई बाबा, भैरव जी, शनिदेव, हनुमान जी, राम दरबार की झांकी सजी थी। उसके पीछे 7 घोडे, उसके पीछे एक और डीजे साउण्ड चल रहा था। संजय शर्मा ने 'देवा हो देवा गणपति देवा तुमसे बढ़कर कौन' 'सच्चा है तेरा दरबार तेरा जवाब नही' 'तेरी जय हो गणेश' आदि भजन जब सुनाये।ने 'तेरी जय हो गणेश' आदि ने गौरी के लाल तेरी जय हो..' देवा हो देवा गली गली में तेरे नाम का शोर .., आदि सुन्दर भजनो से माहौल भक्तिमय हो रहा था। सबसे पीछे बप्पा का फूलों से बना सुन्दर रथ चल रहा था। रथ से बप्पा का महाप्रसाद सभी को बांटा जा रहा था। यात्रा में कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्यामदास अग्रवाल, महामंत्री सतीश अग्रवाल, संजय सिंह गांधी, जयकरण सिंह, पार्षद रंजीत सिंह, शरद अग्रवाल, योगेश बंसल, अतुल बंसल, अखिलेश बंसल, रामशंकर वर्मा, गोपाल अग्रवाल, सुधांशु बाथम महिलाओं में संध्या बंसल, वीमी बंसल, अंजू गुप्ता, उषा अग्रवाल, रुक्मणी अग्रवाल, नीरजा सिंह समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। यात्रा के मार्गो पर करीब 50 स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

एसजीपीजीआई में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने शुरू किया प्रदर्शन

लखनऊ। एसजीपीजीआई में तैनात आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने मंगलवार सुबह से प्रदर्शन शुरू कर दिया है। प्रशासनिक भवन पर जुटे सैकड़ो कर्मचारी मानदेय रोके जाने से नाराज हैं। बताया जा रहा है कि करीब 4 साल में पहली बार आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाए जाने का आदेश हुआ था, लेकिन उसके बाद रोक दिया गया। करीब डेढ़ हजार आउटसोर्सिंग कर्मी संस्थान प्रशासन के इस भेदभावपूर्ण रवैया से आहत हैं। प्रदर्शन से पहले आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने एसजीपीजीआई के निदेशक को पत्र लिखकर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी थी, लेकिन उसके बाद भी सुनवाई ना होने पर प्रदर्शन करने पर मजबूर हुए हैं। इससे पहले एसजीपीजीआई के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने राज्यपाल, मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव को भी पत्र भेज कर अपनी पीड़ा बताई थी।

घरवालों से मारपीट कर निकला था युवक

विधायक निवास में मिली लाश, परिजन बोले- मिर्गी के दौरे पड़ते थे

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। विधायक निवास (ओसीआर बिल्डिंग) में सोमवार देर रात एक युवक का शव पड़ा मिला। तकरीबन 12 घंटे बाद शव की पहचान हुई। पुलिस की अब तक की जांच में सामने आया कि युवक की परिजनों से मारपीट हुई थी जिसके बाद वह घर से निकला था। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। अब तक साजिश के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। तफ्तीश जारी है।

हुसैनगंज इंस्पेक्टर रामकुमार गुप्ता ने बताया कि ओसीआर बिल्डिंग के ए ब्लॉक में पार्किंग के पास लोहे की ग्रिल के बीच में सोमवार देर रात तकरीबन एक बजे युवक का शव पड़ा मिला था। मंगलवार सुबह संयुक्त पुलिस आयुक्त क्राइम आकाश

कुलहरि, डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी समेत फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। दोपहर तकरीबन एक बजे शव की पहचान लालकुआं निवासी हिमांशु सिंह (27) के रूप में हुई। पुलिस की जांच में सामने आया कि सोमवार रात हिमांशु का अपने पिता, भाई और भाभी से विवाद हुआ था। आपस में मारपीट भी हुई थी। उसके बाद वह घर से सीधे ओसीआर बिल्डिंग पहुंचा था। वहीं, पर उसकी लाश मिली।

हिमांशु के पिता राजाराम के पास दूध की एजेंसी है। परिजनों के मुताबिक सोमवार रात को जब मारपीट कर रहा था तब उसको सीढ़ी से घसीटकर नीचे लाया गया था। उसके बाद पिता ने उसको घर से बाहर कर दरवाजा बंद कर लिया था। उसके बाद वह वापस नहीं लौटा था।

परिजनों के मुताबिक हिमांशु मानसिक रूप से बहुत बीमार चल रहा था। दो साल से उसका इलाज चल रहा था। मिर्गी के दौरे भी पड़ते थे। इन्हीं सब वजहों से वह झगड़ता रहता था। परिवार वालों से अक्सर मारपीट करता था। डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी का कहना है कि परिवार में आपसी मारपीट की बात सामने आई है। हर पहलू को देखा जा रहा है। जो साक्ष्य सामने आएंगे, उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

आईटीआई में प्रवेश के चौथे चरण की प्रक्रिया शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई में चौथे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विशेष सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, अभिषेक सिंह ने बताया कि तृतीय चरण के बाद रिक्त सीटों के लिए पूर्व पंजीकृत और नए अभ्यर्थियों से 15 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे।गैर-चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची संबंधित संस्थानों को भेजी जा चुकी है, जिसे अभ्यर्थी अपने लॉगिन के माध्यम से देख सकते हैं। सीट आवंटन 18 से 23 सितम्बर तक होगा और अंतिम चयन प्रक्रिया 24 सितम्बर तक पूरी की जाएगी। सभी राजकीय और निजी संस्थानों को 25 सितम्बर तक प्रवेशित अभ्यर्थियों का डेटा एससीवीटी पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

यातायात पुलिस द्वारा लगाई गई अस्थाई बेरीकेटिंग को खुलवाने की मांग की

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मंगलवार कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में वाणिज्य बंधु की बैठक आयोजित हुई बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, ट्रांसगोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम शामिल हुएसंगठन अध्यक्ष संजय गुप्ता ने जिलाधिकारी को वर्तमान में व्यापारियों के सामने जीएसटी के कारण आ रही समस्याओं एवं विसंगतियों के समाधान के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के नाम 20 सूत्रीय सुझावों एवं मांगों का पत्र दिया तथा रिटेल सेक्टर के व्यापारियों को विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों के कारणआ रही परेशानियों से बचने के लिए रिटेल ट्रेड पॉलिसी एवं ई-कॉमर्स पॉलिसी बनाने हेतु केंद्रीय वाणिज्यं मत्री पीयूष गोयल के नाम का पत्र सोपाव्यापारियों ने वाणिज्य बंधु की बैठक में दीपावली से पहले प्रमुख बाजारो से अतिक्रमण हटाने तथा खराब सड़कों को सही करवाने का विषय उठायाआदर्श व्यापार मंडल ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ने बादशाह नगर, सर्वोदय नगर चौराहे पर यातायात पुलिस द्वारा लगाई गई अस्थाई बेरीकेटिंग को खुलवाने की मांग की

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दीपावली से पहले सड़के ठीक करवाने के निर्देश दिएतथा प्रमुख बाजारों से अतिक्रमण हटवाने के लिए एक बैठक अलग से कर के कार्य योजना बनाने का आश्वासन दिया बैठक में अपर जिलाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में व्यापारियों ने अपर जिलाधिकारी के समक्ष वाणिज्य बंधु की बैठक के मुद्दों को समय सीमा के अंतर्गत हल करवाने का मुद्दा भी उठाया व्यापारियों ने कहा वाणिज्य बंधु की बैठक में उठाए गए मुद्दे लंबे समय तक लंबित रहते हैं।

अन्नदाता किसान पर कुदरत का कहर

तेज बारिश में बहें अरमान, बाजार और गोभी की फसल को भारी नुकसान

जलमग्न हुए खेत, बर्बादी की कगार पर किसान

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। विकासखंड अलीगंज क्षेत्र में लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश से किसान बर्बादी की कगार पर आ गया है। करीब एक सप्ताह से हो रही लगातार बारिश के चलते खेतों में पानी भर जाने से फूलगोभी की फसल पूरी तरह चौपट हो गई हैं वही बारिश व तेज हवाओं के चलते बाजरा की खड़ी फसल नष्ट होने के कगार पर हैं। कुदरत की इस मार से किसान चिंतित व परेशान है किसानों को इस बार तो लगी लागत भी निकलना मुश्किल लग रहा हैं और पूरी तरीके से बर्बादी की कगार पर हैं। विकासखंड अलीगंज क्षेत्र में बाजरा की फसल तकरीबन 30 प्रतिशत यानी की 500 एकड़ और गोभी की फसल तकरीबन 800 एकड़ के करीब की जाती है लेकिन इस बार कुदरत को कुछ और ही मंजूर था तकरीबन एक सप्ताह से हो रही बारिश में किसानों के अरमानों पर पानी फेर कर रख दिया जहां किसान फसलों को लेकर एक उम्मीद जागी थी की इस बार फसल की पैदावार अच्छी हुई है कीमत भी अच्छी मिलेगी लेकिन रुक-रुक कर हो रही बरसात नें सब चौपट कर रख दिया। रुक-रुककर हो रही बारिश अब किसानों के लिए आफत बन गई है। लगातार हो रही बारिश से अलीगंज क्षेत्र के अगौनापुर, पचंदा, विजैदपुर, जुनेदपुर, पलरा, हरसिंहपुर, कालिंजर आदि गांव में गोभी की फसल को भारी नुकसान का अनुमान जताया जा रहा है क्यूंकि खेत जलमग्न होने से गोभी की फसल मे सड़ गल जाएगी जिससे गोभी की फसल में कीड़ा लग जाएगा। वही द्वितरा, महाखेड़ा, मंसूलिया, ढकना नगला, झकराई, दाऊदगंज, परशुरामपुर, नगला रघुपुर, भादुरिया आदि गांव मे बाजरा की फसल तेज हवाओं के कारण खेतों में गिर गई है।

बारिश नें तबाह की फसल

अलीगंज क्षेत्र के किसानों का क्या कहना है

अवधेश कश्यप अगौनापुर निवासी ने बताया कि इस बार कुदरत को कुछ और ही मंजूर था गोभी की फसल इतनी अच्छी हुई थी इस बार लागत से ज्यादा पैदावार की उम्मीद थी लेकिन बारिश नें सब अरमान पर पानी फेर दिया। फसलो मे पानी भरा खडा है जिससे गोभी की फसल मे गलन का खतरा बन गया है जिससे 70 प्रतिशत गोभी की फसल नष्ट हो जाएगी। पचंदा निवासी किसान का कहना है कि किसान हमेशा मौसम की मार झेलता है तेज बारिश और हवाओं के चलते बाजरा की फसल में जो फूल आया था वह भी जमीन पर बिछ गया हैं जिसमें अब दाना नहीं आएगा इस बारिश में किसान को बर्बाद करके रख दिया।

बाजरा में फूल लग रहा था जमीन पर बिछने के कारण दाना नहीं आएगा और फसल आधे से ज्यादा खराब हो जाएगी जिससे किसान चिंतित है।

लापता बेटे की खोज में निकले पिता की हत्या

लोनी। ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के बदरपुर गांव में चार दिन से लापता 10 साल के बेटे को तलाश करने घर से निकले राशिद का शव मंगलवार सुबह खेतों में मिला। राशिद पर धारदार हथियार से हमला किया गया है। सुबह वहां से गुजर रहे लोगों ने शव देखकर परिजनों को सूचना दी। चार दिन पहले मोबाइल चोरी के शक में पड़ोसियों ने लापता मृतक के बेटे को पीटा था। परिजनों ने पड़ोसियों पर शक जताया। बदरपुर गांव में राशिद (38) परिवार के साथ रहते थे। वह ट्रॉनिका सिटी स्थित फैक्टरी में काम करतेथे। परिवार में पत्नी मोमिना, चार बेटियां और इकलौता बेटा सुफियान (10) है। मृतक के चचेरे भाई नौशाद ने बताया कि करीब 4 दिन पहले पड़ोसियों ने रशीद के बेटे सुफियान पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाया था। इसके बाद पड़ोसियों ने सुफियान को पकड़ लिया और उसके साथ पिटाई की। आरोपियों ने सुफियान को कट्टे में बंद कर दिया।सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे उन्होंने अपने बेटे को छोड़ने के लिए कहा। इसके बाद आरोपियों ने सुफियान को पुलिस के हवाले कर दिया। परिजनों का आरोप है कि सुफियान को बाद में छोड़ दिया गया। तभी से सुफियान गायब है। सोमवार रात राशिद और उनकी पत्नी मोमिना बेटे के गायब होने की शिकायत पुलिस को देने गई थी। इसके बाद राशिद अपने बेटे को तलाश करने के लिए सोमवार रात घर से निकल गया। बुधवार सुबह घर से 100 मीटर की दूरी पर खेतों में शव मिला।

एनआईसी सभागार में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया

अनेकानेक जनकल्याणकारी योजनाओं का किया गया शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। मंगलवार को उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के वृहद जनकल्याणकारी योजनाओं के शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर जनपद एटा के नगरीय निकायों के प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों को कलेक्ट्रेट के एन आई सी सभागार में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया तथा उनको उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के विस्तृत दिशा निर्देश एवं लक्ष्य के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए अनेकानेक जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ भी किया गया है, इनमें महिलाओं के कल्याण हेतु सुभद्रा योजना प्रमुख है यह योजना महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के उपरान्त प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों को जिला विकास अभिकरण(डूडा) के द्वारा आवास आवंटन के स्वीकृत पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर कार्यालय के जे.ई. मोहित वर्मा, रमेश गुप्ता,रजनीश कुमार,सोनू राजपूत एवं ललित कुमार सहित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थीगण आदि उपस्थित रहे।

जरा सी बरसात में घुँघरू नगरी की सड़के बनी तालाब

मुसाफिरों के लिए आफत बना हुआ है रेलवे स्टेशन रोड

लोकमित्र ब्यूरो

जलेसर/एटा । जरा सी बरसात में घुँघरू नगरी की सड़कों का तालाब का रूप धारण कर लेना कोई नई बात नही है। मंगलवार को भी नगर में हुई बरसात के दौरान ऐसा ही दृश्य देखने को मिला। नगर स्थित तहसील कार्यालय सहित मुख्य बाजार एवं अधिकांश गलियों सहित रेलवे स्टेशन रोड की सड़कें बरसात के बाद तालाबीय रूप धारण करते दिखी। अनेक दुकानों और मकानों में पानी भर गया। जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती दिखी। हजारों लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरने के लिए विवश होना पड रहा है। इस बाबत विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों से पूर्व में की गई शिकायते भी लोगों को कोई राहत नहीं दिला सकी है। मंगलवार को नगर में हुई बरसात के बाद लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पूर्व की भांति बरसात के दौरान तहसील कार्यालय सहित मुख्य बाजार मार्ग और गलियों में पानी भर गया। स्थिति इतनी बदतर हो गयी कि दुकानों और मकानों तक मे पानी घुस गया।लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तहसील,थाने,ब्लॉक तथा बाजार आने वाले राहगीरों को सड़क पर बह रहे गंदे पानी से होकर ही गुजरना पड़ा।

मुसाफिरों के लिए आफत बना हुआ है रेलवे स्टेशन रोड।

जलेसर नगर के बाईपास रोड से निकलने वाला रेलवे स्टेशन रोड नगर का एक प्रमुख महत्वपूर्ण मार्ग है। यह मार्ग रेलवे स्टेशन के साथ-साथ मिनी औद्योगिक आस्थान सहित एक दो गांव के लिए भी जाता है। लेकिन बीडीओ जलेसर द्वारा इस व्यस्तम रोड के दौनो ओर नालियों का निर्माण नही कराया गया है। जिससे जरा सी बारिश हो जाने पर यह रोड भी तालाबीय रूप धारण कर लेता है। बरसात के मौसम में तो इस रोड की स्थिति इतनी बदतर हो जाती है कि पैदल एवं दुपहिया वाहनों के लिए यह मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाता है। इस रोड से दिन-रात आवागमन करने वाले हजारो मुसाफिरों और लोगों को गंदे पानी के अंदर होकर निकलने के लिए मजबूर होना पड रहा है। ऐसा नहीं है कि पूर्व में इस संबंध में एसडीएम,बीडीओ एवं ग्राम प्रधान जलेसर देहात से शिकायतें नही की गई हो है। मगर अभी तक किसी ने भी रेलवे स्टेशन रोड के दौनो ओर नालियां बन बाने की जहमत नहीं उठायी है। परिणामस्वरूप स्थानीय लोगों के साथ साथ रेलवे स्टेशन,मिनी औद्योगिक अस्थान तथा नगला मदारी सहित रेलवे रोड वाशिंदो को नरकीय जीवन जीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

176 लाभार्थी दिव्यांगजनो को निशुल्क सहायक उपकरण किये प्रदान

693 लाभार्थियों को मिलेंगे सहायक उपकरण - राज्यमंत्री बी एल वर्मा

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। विकास खण्ड जैथरा कार्यालय के परिसर में सामाजिक न्याय और आधिकारिकता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनो के लिये निशुल्क सहायक उपकरण वितरित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे केंद्रीय राज्य मंत्री ने 176 दिव्यांगजनो को सहायक उपकरण बांटे। उतर प्रदेश सरकार के उपभोक्त मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने 176 लाभार्थी दिव्यांगजनो को निशुल्क सहायक उपकरण प्रदान किये। सहायक उपकरण मिलते ही दिव्यांगजनो के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके उन्होंने सबसे पहले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 74 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें वधाई देते हुए कहा कि आज पूरे प्रदेश में 75 स्थानों पर केम्प का आयोजन किया जा रहा है। एटा जिले में तीन केम्प लगाए जा रहे है जिसमे 693 सहायक उपकरण वितरित करने का निर्णय लिया गया है। जिसकी अनुमानित लागत 64 लाख 12 हजार के आसपास है। 18 को निधौली तथा 19 को शीतलपुर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी के चलते जैथरा में उन्होंने 176 दिव्यांगजनो को सहायक उपकरण वितरित किये गए। जिसमे 30 मोटरराइज्ड ट्राई साइकिल, 21 फोल्डिंग व्हीलचेयर, 95 ट्राई साइकिल, 116 बैसाखी, 36 वाकिंगस्टीक छड़ी , 4 सुगम्य केन, 10 कान की मशीन, 2 रोटेलर, 2 ब्रेल केन शामिल है इस दौरान पूर्व विधायक सुधाकर वर्मा, जिला महामंत्री कुमारी आशीष राजपूत, चेयरमेन विवेक कुमार गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अंकुर राजपूत विधायक पुत्र जीतू राठौर, जिला विकास अधिकारी प्रवीन कुमार, उपजिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता, विमल कुमार डिप्टी कलेक्टर, एस के त्रिपाठी महाप्रवन्धक एलिम्को कानपुर मौजूद रहे।

पीएम आवास की चाबी पाते ही खिले लाभार्थियों के चेहरे

लोकमित्र ब्यूरो

जलेसर/एटा। मंगलवार को विकास खण्ड सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक संजीव दिवाकर, बीडीओ पीएस आनन्द एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अशोक यादव द्वारा संयुक्त रूप से लाभार्थियों को नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास की चाबियां सौंपी गई। पीएम आवास की चाबियां पाते ही सभी लाभार्थियों के चेहरे एकदम खिल गये। इस मौके पर विधायक संजीव दिवाकर द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति लोगो को जागरूक करते हुए लाभान्वित होने की अपील की। पंचायत सचिव सतेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि इस वर्ष में कुल 65 लाभार्थियों के नए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए थे। जिनमे चार अल्पसंख्यक वर्ग के लाभार्थी भी सम्मिलित हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी 65 लाभार्थियों को चाबी और प्रशस्ति पत्र वितरित किए गये है। इस दौरान-ब्लॉक अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा सभी लाभार्थी मौजूद रहे।

स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने के लिए लगातार आगे आ रहे जनपद के शस्त्र लाईसैंसधारक

जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में नन्नूमल, सर्वेश कुमार को प्रशस्ती पत्र देकर किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो



एटा। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल का सम्पूर्ण जनपद में असर लगातार जारी है। जिले के शस्त्र लाईसैंसधारक स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने के लिए लगातार आगे आ रहे हैं। लोगों को मानना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में कानून एवं शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है। लोगों को आने जाने में किसी भी प्रकार से असुरक्षा महसूस नहीं होती है, इसी कारण लोग अपने शस्त्र लाइसैंस को स्वेच्छा से निरस्त करा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम नरहरा निवासी सर्वेस कुमार एवं कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी नन्नूमल ने स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराया है। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने मंगलवार को अपरान्ह में स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने पर नन्नूमल एवं सर्वेश कुमार को जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में बुलाकर प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। सर्वेश कुमार ने अपने शस्त्र लाईसैंस संख्या 1111 एवं नन्नूमल ने अपने शस्त्र लाइसैंस संख्या 5785 को निरस्त कराया है। यहां अवगत कराना है कि डीएम प्रेम रंजन सिंह ने जिले में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल शुरू की। जिसका परिणाम जनपद में सार्थक रूप में देखने को मिला है। उन्होंने अपील की थी कि जनपद के ऐसे शस्त्र लाईसैंसधारक जो अपने शस्त्र का प्रयोग नहीं करते हैं या जिन्होंने शस्त्र लाईसैंस बनवा तो लिया लेकिन उनका शस्त्र घर में अनावश्यक ही रखा रहता है, तो वे स्वच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने बताया है कि स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने वाले व्यक्तियों के नाम वर्षो तक जिलाधिकारी कार्यालय में लगे बोर्ड पर देखने को मिलेंगे। परिणामस्वरूप डीएम ने अपने कार्यालय कक्ष में एक बोर्ड लगवाया है, जिसमें पूर्व में स्वेच्छा से अपने शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने वाले लोगों के नाम अंकित कराये गए हैं। जनपद में अभी तक लगभग चार दर्जन शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराए गए हैं। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व लालता प्रसाद शाक्य, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश आदि मौजूद रहे।

निर्दलीय प्रत्याशी नरेश जाटव को निगम कार्यकारिणी चुनाव हेतु दिया समर्थन

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। नगर निगम कार्यकारिणी के चुनाव में समाजवादी पार्टी के सभी पांचो पार्षदों आदिल मलिक नेता पार्षद दल (समाजवादी पार्टी), पवित्रा देवी, संजीदा, खुर्शीदा बेगम, सिमरन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के पी.डी.ए फार्मूले के निर्देशों को ध्यान मे रखकर निर्दलीय प्रत्याशी नरेश जाटव को निगम कार्यकारणी चुनाव मे समर्थन किया। विशाल वर्मा पूर्व विधायक प्रत्याशी गाजियाबाद विधानसभा के प्रयासों से ही नरेश जाटव को निर्विरोध चुना गया। जिसकी वजह से नरेश जाटव द्वारा विशाल वर्मा को निगम कार्यालय में माला पहनाकर सम्मानित किया गया।निगम कार्यकारणी चुनाव मे नरेश जाटव को जिताने में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, गाजियाबाद विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विशाल वर्मा, आदिल मलिक,मोहम्मद कल्लन ,फहीम चौधरी ,संजू चौधरी ,आरिफ मलिक , नितिन त्यागी जिला महासचिव ,राजन कश्यप महानगर महासचिव ने मुख्य भूमिका निभाई। नरेश जाटव द्वारा निर्विरोध कार्यकारिणी सदस्य चुने जाने के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, जिला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष का धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

ब्लाक सभागार में लाभार्थियों को सौंपी गई प्रधान मंत्री आवासीय योजना के अंतर्गत चाबियां

56 पात्र लाभार्थी हुए लाभान्वित,विधायक पुत्र और खंड विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से वितरित की आवासों की चाबी

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। जिले के अलीगंज विकास खंड के।सभागार में प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को निर्मित आवासों की चाबियां वितरित की गई हैं।अलीगंज विधान क्षेत्र के विधायक ठाकुर सत्यपाल सिंह के पुत्र अभय प्रताप सिंह जीतू और खंड विकास अधिकारी अलीगंज गोपाल गोयल की मौजूदगी में 56 पात्र लाभार्थियों को आवासों की चावियां सौंपी गई हैं।केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत 72 पात्र लाभार्थी चयनित किए गए थे जिनमे से ब्लाक सभागार में आयोजित आवंटन कार्यक्रम के तहत 56 पात्र लाभार्थियों को आवासों की चाबी सौंप कर लाभान्वित किया गया।लाभान्वित लाभार्थियों में से अधिकांशतः महिलाएं,दिव्यांग,और गरीब जरूरत मंद लोग चयनित किए गए हैं।विधायक पुत्र और बी डी ओ ने संयुक्त रूप से लाभार्थियों को चाबी सौंप कर लाभान्वित किया हैखंड विकास अधिकारी अलीगंज गोपाल गोयल ने बताया की वर्ष 2024 और वर्ष 2025 के सत्र में गांव के गांव से आवेदन प्राप्त हुए थे ।आवेदकों की गहनता से जांच पड़ताल कर जियो टैग करवाया गया पात्र लाभार्थियों को चयनित कर डी बी टी के माध्यम से धन हस्तांतरित कराया गया था और प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत जरूरत मंदो के आवास निर्मित करवाए जा चुके है आज पूर्णत निर्मित आवासों के लाभार्थियों को उनके मकानों की चाबियां सौंप दी गई हैं।लाभान्वित लाभार्थियों में से फूल बानो ,सज्जा बेगम, रब्बो बेगम,सुभाना बेगम ग्रा अलीपुर,शबनम बेगम,गुड्डी बेगम,हसीना खान,परवीन बेगम ग्रा नदरला सहित 56 लाभार्थी मौजूद रहे।चाबी आवंटन कार्यक्रम के दौरान ए डी ओ पंचायत प्रवीण सक्सेना,ग्राम प्रधान नदराला बल्लू खां,कमलेश राठौर आदि लोग मौजूद रहे ।

विवाहिता की मौत, पति सहित पांच पर दहेज हत्या का केस दर्ज

मोदीनगर। निवाड़ी अबूपुर गांव में सोमवार को 24 वर्षीय विवाहिता चंचल की मौत हो गई। विवाहिता का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। विवाहिता के परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए निवाड़ी थाने पर हंगामा किया। पुलिस ने पति, सास-ससुर सहित पांच के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।जनपद हापुड़ के हाफिजपुर स्थित नान गांव निवासी कपिल शर्मा ने बताया कि उनकी बहन चंचल की शादी दिसम्बर 2022 में निवाड़ी के अबूपुर गांव निवासी निशांत उर्फ मोनी पुत्र विजयपाल शर्मा के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल वाले शादी में मिले दहेज से नाखुश थे। ससुराल वाले लक्जरी कार और दस लाख रुपये की मांग को लेकर चंचल को प्रताड़ित करते थे। चंचल के मायके वालों ने ससुराल वालों को कई बार समझाने का प्रयास किया,मगर वह लगातार विवाहिता को प्रताड़ित करते रहे। कपिल शर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह चंचल ने उन्हें जानकारी दी कि ससुराल वाले उसे बुरी तरह पीट रहे।

उप निबंधक कार्यालय में अज्ञात चोरों ने बोला धावा, दी तहरीर

लोकमित्र ब्यूरो

लीगंज/एटा। थाना अलीगंज क्षेत्र में अज्ञात लोगों द्वारा उप निबंधक कार्यालय का जंगला काटकर उसमें रखे सरकारी दस्तावेजों को अस्त व्यस्त कर दिया गया। थाना पुलिस को तहरीर दी गई है जांच करवाई की जा रही है। उप निबंधक कार्यालय अलीगंज पर परिचर पद पर तैनात कमलेश कुमार ने थाना अलीगंज पर लिखित सूचना देकर मामला दर्ज कराया कि तीन दिवस अवकाश के बाद मंगलवार को प्रातः 9¬30 बजे उप निबंधक कार्यालय खोला गया तो पाया कि कार्यालय के पीछे की खिड़की जंगला अज्ञात लोगों द्वारा तोड़कर कार्यालय मे रिकॉर्ड को अस्त व्यस्त कर दिया गया है। कमलेश नें और बताया कि कार्यालय में एक से डेढ़ लाख रुपए तक कैश रहता है। चोर चोरी के उद्देश्य से घुसे तो सही लेकिन उस कमरे तक नहीं पहुंच पाए जहां पर कैश रखा हुआ था। जिन दस्तावेजों को अस्त व्यस्त किया है उसका मिलान किया जा रहा है मिलन करने के बाद ही जानकारी हो सकेगी की कौन-कौन से रिकॉर्ड गायब हुए हैं।

सुरक्षा की दृष्टि से नहीं कोई इंतजाम कैमरे बने शोपीस

अलीगंज के पुरानी तहसील स्थित एक वर्ष पूर्व उप निबंधक कार्यालय पीछे बने डाकघर से चोरों द्वारा नकाब लगाकर चोरी के प्रकरण को अंजाम दिया गया था फिर भी इस घटना के बाद सुरक्षा की दृष्टि से उप निबंधक कार्यालय मे सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम नहीं कियें गये। उप निबंधक कार्यालय में कमरे तो लगे हुए हैं लेकिन वह भी शोपीस बनकर रह गये ह। वहीं बाहर की साइट कोई भी कैमरा नहीं है कार्यालय बंद होने के बाद कैमरे भी बंद कर दिए जाते हैं और ना ही कोई चौकीदार मौजूद है। पुरानी तहसील में चारों तरफ झाड़ियां होने की चलते अराजक तत्वों का जामवाड़ा लगा रहता है।

संक्षिप्त खबरें

भूमि पर अवैध कब्जा करने की एस.डी.एम. से शिकायत

पाटन,उन्नाव। तहसील क्षेत्र के ताजकपुर निवासियों ने एसडीएम को पत्र देकर भूमिधरी जमीन पर कब्जा किया जाने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। गांव के सुनील कुमार व सुधीर कुमार ने उप जिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज कुमार द्विवेदी को दिए गए प्रार्थना पत्र में अवगत कराया कि गांव के ही निवासी राकेश पुत्र श्यामलाल द्वारा मेरी भूमिधरी भूमि पर बने मेरे मकान के बगल में जबरदस्ती कब्जा किया जा रहा है। इसके पूर्व भी राकेश द्वारा कई बार कब्जा किए जाने का प्रयास किया जा चुका, लेकिन तहसील व थाना प्रशासन से कार्रवाई हो जाने के चलते उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। एसडीएम ने कहा कि मामले की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाली युवती के माइके पक्ष ने दहेज का दर्ज कराया मुकदमा

पाटन,उन्नाव। थाना क्षेत्र की गौरा निवासी सोनाली पत्नी दीपक कुमार कुशवाहा उम्र 19 वर्ष की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में घर के जाल में फंदे से लटका मिला था । मामले में पुलिस ने पति दीपक कुशवाहा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दोकनहा थाना खीरों जिला रायबरेली निवासी मृतका के पिता दिनेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर आरोप मुकदमा दर्ज कराया था कि रविवार की मेरी पुत्री सोनाली को पति दीपक ,ननद दीपाली व सास ने दहेज न मिलने पर पुत्री की हत्या कर शव को फंदे से जाल में लटका दिया था। दर्ज मामले में वांछित दीपक कुशवाहा को उप निरीक्षक कृष्णेंद्र कुमार,सिपाही गुफरान ने दीपक को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाई की है।थाना अध्यक्ष सुरेश चंद्र ने बताया कि दीपक कुशवाहा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

दंपति पर दर्ज हुआ मुकदमा

बीघापुर,उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव जगत खेड़ा में आमंत्रण पर एक महिला के घर बीघापुर कोतवाली में तैनात सिपाही चंद्र प्रकाश के पहुंचने पर सिपाही व महिला का वीडियो वायरल करने वाले पड़ोसी के विरुद्ध महिला ने अभद्रता का आरोप लगाते हुए पड़ोसी दंपति के ऊपर मुकदमा दर्ज कराया था मुकदमे से आहत पड़ोसी ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली में तैनात सिपाही चन्द्र प्रकाश तिवारी 7 सितम्बर को जगत खेड़ा निवासी पुष्पा के घर रात 9 बजे आमंत्रण पर गए हुए थे।आमंत्रण पर सिपाही के पहुंचने पर पड़ोसी ने वीडियो बनाकर सोसल मीडिया पर वायरल कर दिया था। महिला पुष्पा ने वीडियो बनाने व वायरल करने का आरोप लगाते हुए पड़ोसी सुरेंद्र व उनकी पत्नी मधू पर सिपाही व पति के साथ अभद्रता करने का मुकदमा सोमवार को पंजीकृत कराया था । प्राथमिकी दर्ज होने के बाद सुरेंद्र ने अपने को निर्दोष बताते हुए वीडियो वायरल कर एस पी से पुलिस कप्तान निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई है ।

फर्राटा में उतर रहे करंट की चपेट में आकर महिला की मौत

बाराबंकी। देवा थाना क्षेत्र के मौजाबाद गांव में मंगलवार की सुबह घर की सफाई के दौरान महिला फर्राटा पंखा में उतर रहे करंट की चपेट में आकर अचेत हो गई। परिजनों ने स्विच बंद कर उसे पंखे से अलग कर जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। देवा थाना के मौजाबाद गांव निवासी लक्ष्मी (30) पत्नी संगम रावत मंगलवार की सुबह घर की सफाई कर रही थी। कमरे में फर्राटा पंखा चल रहा था। उसमें करंट उतर रहा था। लक्ष्मी पंखे में उतर रहे करंट की चपेट में आकर झुलस कर अचेत हो गई। उसपर पंखा गिर पड़ा। थोड़े देर बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा लक्ष्मी अचेत पड़ी थी। परिजनों ने पंखे का स्विच बंद कर पंखे को हटाया और लक्ष्मी को आनन-फानन जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतका के घर में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

नशे में धुत युवक को चोर समझ कर ग्रामीणों ने पीटा

फतेहपुर। कोतवाली के समनाडीह गांव में सोमवार रात नशे में धुत युवक रास्ता भटक कर गांव में घुस आया। अंजान युवक को देख गांव में चोरों के घुस आने की अफवाह फैल गई। एकत्र हुए लोगों ने युवक को चोर समझ कर उसकी पिटाई शुरू कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई। जांच हुई तो युवक के गलती से इस गांव में पहुंच जाने की बात सामने आई। पूछताछ के बाद उसे रिहा कर दिया गया। समनाडीह में मंदिर के पास रामसमुझ वर्मा का घर है। सोमवार की रात करीब आठ बजे नशे में पहुंचे एक युवक ने उनसे गांव का नाम आदि पूछने लगा। इस पर गांव में चोर घुस आने की अफवाह फैल गई। कुछ ही देर में तमाम लोग लाठी डंडे लेकर पहुंच गए। युवक की पिटाई शुरू हो गई। समझदार लोगों ने किसी तरह उसे बचा कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस उसे कोतवाली ले आयी। पता चला कि युवक की बसारा में ससुराल है। पत्नी से अनबन होने पर वह मायके चली आयी थी। युवक उसे विदा कराने आया था। इस बीच वह ग्राम नंदरासी में अपने परिचित से मिलने निकला था। लेकिन नशे में होने से समनाडीह पहुंच गया। इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया कि पूछताछ के बाद उसे घरवाले के हवाले कर दिया गया।

भादों मास की पूर्णिमा पर हज़ारों श्रद्धालुओं ने टेका माता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। भादों मास की पूर्णिमा के अवसर पर बड़े बाबा के दरबार में हजारों श्रद्धालुओं ने माथा टेक विश्व मानव कल्याण की कामना किया है। मंगलवार को भादों मास की पूर्णिमा के उपलक्ष में ब्रह्म मुहूर्त की आरती से ही बडे बाबा की जय महतरिया साहेब के जयकारे से कोटवाधाम चतुर्दिक गुंजायमान रहा। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र अभरन सरोवर में आचमन कर स्वामी जी की समाधि पर चादर परसाद चढा कर मनवांछित फलों की प्राप्ति एंव विश्वमानव कल्यांण की कामना के लिए अरदास किया। तत्पश्चात छोटी गद्दी के महन्त साहेब विशाल दास अमान दास राजेश बक्श दास एंव गुरु मां से आर्शीवाद प्राप्त किया। सैकड़ों लोगों ने धागा धारण कर गुरु मंत्र लिया।मेले में घन्टो तक जाम होम गार्ड दिवाकर सोनी ने मेले में गुम एक चार वर्षीय बालक प्रभास को मेले में घुमाकर उसकी मां को सौंपा।

आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की मनाई गई जयंती

सिरौली गौसपुर बाराबंकी । क्षण भर में द्वारिका पुरी का निर्माण करने वाले आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती क्षेत्र में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन पूजन करके मनाई गई जगह-जगह पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन संपन्न हुए। क्षण मात्र में द्वारिका पुरी व वृंदा पुरी का निर्माण करने वाले तथा लंका का पुनरुद्धार करने वाले आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव कस्बा बदोसराय में सत्यनाम फर्नीचर उद्योग रामशरन वर्मा वेल्डिंग वर्क्स पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम विश्वकर्मा इलेक्ट्रिकल्स उद्योग पर शिवराज विश्वकर्मा के द्वारा हवन पूजन करके प्रसाद का वितरण किया गया इसी प्रकार से कोटवाधाम में अनूप विश्वकर्मा के यहां सुन्दर काण्ड का पाठ करके सचिन यादव विजय यादव राजन के कारखानों पर जयंती मनाई गई। इसके अतिरिक्त मरकामऊ सैदनपुर सहादतगज टिकैतनगर पूरे डलई दरियाबाद कटका बरदरी खजुरी समेत पूरे जनपद के कल कारखानों में विश्वकर्मा समाज से जुड़े लोगों तथा अन्य शिल्पियों ने हवन दीप धूप यज्ञ पुष्पांजलि मिष्ठान आदि के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना करके प्रसाद आदि का वितरण करते हुए सुख समृद्धि की कामना किया ।

गाजे बाजे के साथ गणपति बप्पा किए गए विसर्जित

निन्दूरा संवाददाता। विकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज स्थित पुराने शिव मंदिर पर संजू सोनी द्वारा गणेश चतुर्थी को स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा का बुधवार को भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ इंदिरा नहर पर विर्सजन कर दिया। इस दौरान भक्तों ने कस्बा में मेन बाजार होते हुए लखनऊ महमूदाबाद मार्ग पर जुलूस भी निकाला। जिसमें भक्ति गीतों पर अबीर और गुलाल खूब उड़ा कर महिलाएं व युवा खूब झूमे।टिकैतगंज स्थित पुराने शिव मंदिर पर कस्बे में पुराने शिव मंदिर पर गणेश चतुर्थी को स्थापित की गई गणेश भगवान की प्रतिमा बुधवार को दोपहर में भगवान गणेश की प्रतिमा को वाहन पर लाद कर भक्त गाजे बाजे के साथ इंदिरा नहर घाट पर विसर्जित करने के लिए निकल पड़े।

प्रदेश की सरकार का जनता से सीधा जुड़ाव

- एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण भी किया गया

लोकमित्र ब्यूरो

मसौली बाराबंकी। फोटो विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत नसीरनगर के चन्दनपुरवा गांव में ग्राम चौपाल एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही द्वारा किया गया। ग्राम चौपाल एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम में पहुँचे प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री कारागार माननीय सुरेश राही का जिलाधिकारी सतेंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तत्पश्चात प्राभारी मंत्री को गार्ड ऑफ अनार दिया गया। वन विभाग की मुहिम % एक पेड़ माँ के नाम % के तहत पौधरोपण भी किया। प्रभारी मंत्री ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि के लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री द्वारा मोनी यादव पत्नी अर्जुन सिंह व करिश्मा पत्नी हंसराज की गोदभराई का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। दिनकर पुत्र उदय प्रताप का अन्नप्राशन किया गया। अंशुमान पुत्र अनुज कुमार, कान्ही पुत्री विनोद, अभी पुत्र अभय प्रताप, सोनी पुत्री देशराज, आयुष पुत्र सुधीर को पोषण पोटली वितरित की। प्रभारी मंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) फेस 2 के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण लाभार्थियों सत्यनाम पुत्र राम सिंह, उमा शंकर पुत्र श्रीराम, सत्यवान पुत्र गंगा प्रसाद को स्वीकृति पत्र एवं संदीप पुत्र श्यामलाल, शिवम पुत्र राम सेवक को गरिमा कार्ड वितरण किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मसौली की छात्राओं द्वारा वाद्य यंत्रों के साथ माँ वीणा पाणि सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी। ग्राम चौपाल को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों में यह व्यवस्था नही थी जिससे जनता का सीधा जुड़ाव नही होता था। लेकिन जब से केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी है तब से जनता से सीधा जुड़ाव हुआ है। हम लोग जमीन पर उतरकर कार्य करते है। पहले एसी के कमरों में ही चौपालों का आयोजन होता था। लेकिन अब हमारी सरकार जनता के द्वार तक पहुँचकर जन समस्याओं का वही पर निदान कर रही है। प्रभारी मंत्री माननीय सुरेश राही ने राशन कार्ड, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग, निराश्रित पेंशन, पीएम श्री आवास, शौचालय, हैण्ड पम्प आदि के विषय में जनता से सीधा संवाद स्थापित करते कराए गए कार्यो के विषय में जानकारी ली और कैम्प लगाकर पात्र व्यक्तियों की पेंशन, राशन कार्ड, आवास आदि सहित विकास के सभी कार्यो को प्राथमिकता से करने के साथ जनता की सभी समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश है कि उनके जन्मदिन पर गांव के लोगों की सेवा की जाए, सेवा पखवाड़ा मनाकर गांव की जनता की समस्याओं का निदान किया जाए। सदस्य विधान परषिद अंगद सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के ही नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनेगा।

इस अवसर पर एमएलसी अंगद सिंह, विधायक हैदरगढ़, दिनेश रावत, पूर्व सांसद उपेंद्र रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्या, अजीत प्रताप सिंह, सौरभ कुमार रावत, ग्राम प्रधान संतोष कुमारी, प्रधान प्रतिनिधि उमाकांत वर्मा, राजकुमार सोनी, आशीष वर्मा, प्रवीण मिश्रा, देवीशंकर सोनी,जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अनिल कुमार वर्मा, रंजित कुमार,एसडीएम नवाबगंज जॉइंट मजिस्ट्रेट आर जगत साईं, बीडीओ मसौली प्रशिक्षु आईएएस सुश्री काव्या सी सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

तहसीलदार ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण

लोक मित्र संवाद

बीघापुर उन्नाव। तहसील क्षेत्र के गांव गढ़ेवा में गंगा नदी के ऊपर बने पुल पर आवागमन के लिए बनाए गए वैकल्पिक खड़ंजा मार्ग पर एक फुट पानी बहने लगा है दो पहिया वाहन व पैदल आने जाने वाले लोग जानजोखिम में डालकर आवागमन कर रहे है ।

गढ़ेवा गांव के सामने गंगा नदी पर बना पुल औचित्यहीन साबित हो रहा है। लगातार बढ़ रहे गंगा के जलस्तर के चलते कानपुर प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर तक पहुंचने के लिए दो पहिया साइकिल सवारों का निकलना मुश्किल हो गया है। लोग जान जोखिम में रखकर आवागमन करने को मजबूर हैं। गंगा का जलस्तर बढ़ने से पुल पर पहुंचने के लिए बनाए गए वैकल्पिक मार्ग के ऊपर 1 फुट पानी बहने लगा है जलस्तर बढ़ने से अंतिम संस्कार करने वालों के लिए कोई जगह नहीं बची है मजबूर होकर लोग दूसरे घाटों पर जाकर अंतिम संस्कार कर रहे हैं । नागरिकों की संभावित समस्याओं को लेकर तहसीलदार अरसला नाज, नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला व राजस्व निरीक्षक अजय सिंह ने मंगलवार को गढ़ेवा पहुंचकर पुल तक पहुंचने वाले संपर्क मार्ग तथा बनाए गए वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण किया। तहसीलदार ने बताया कि लगातार जलस्तर बढ़ रहा है लोगों से आवागमन न करने की सलाह दी गई है यदि इसी तरह जलस्तर बढ़ता रहा तो आवागमन पूरी तरह रुकवा दिया जाएगा।

सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत

- रामसनेहीघाट, सफदरगंज व बदोसराया थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटनाएं
- एक घायल की हालत गंभीर जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर

लोक मित्र संवाद

बाराबंकी। रामसनेहीघाट, सफदरगंज व बदोसराय थाना क्षेत्रों में हुई दुर्घटनाओं में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। इन हादसों में तीन लोग घायल हो गए। एक युवक की हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। मृतकों के घरों में कोहराम मचा है।

दर्शन के लिए जा रहे थे अयोध्या: लखनऊ के थाना बीकेटी के बोहना कला गांव निवासी शिवम (24) पुत्र स्व. नंदराम रावत गांव के ही अपने साथी विवेक उर्फ़ छोटू (23) के साथ सोमवार की रात को अयोध्या दर्शन के लिए बाइक से घर से निकले थे। लखनऊ अयोध्या हाइवे पर सफदरगंज थाना क्षेत्र में रसौली धर्म काटा के पास रात में किसी वाहन चालक ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को आनन-फानन जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डाक्टर ने शिवम को मृत घोषित कर दिया। विवेक की हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने उसे प्राथमिक उपचार देकर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। वहां उसकी हालत गंभीर बनी है।

बाइक से गिरी थी महिला: रामसनेहीघाट संवाद के अनुसार नगर कोतवाली के छोटी लाइन निवासी सुशीला देवी (48) पत्नी सालिक राम यादव अपने मायके अकबरपुर टांडा गईं थी। मंगलवार की सुबह वह बेटे नितिन के साथ बाइक से बाराबंकी लौट रहीं थीं। रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र में सुबह आठ बजे छपकी लगने से अनियंत्रित होकर सुशीला बाइक से सड़क पर गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगी थी। लोगों ने उन्हें आनन-फानन स्थानीय सीएचसी पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने उन्हें प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। दोनों ही मामलों में मृतकों के घरों में कोहराम मचा है।

डंपर पलटा, चालक व खलासी घायल: सिरौलीगौसपुर संवाद के अनुसार बदोसरांय थाना क्षेत्र में कोटवाधाम-टिकैतनगर मार्ग पर मदारपुर गांव के हनुमान मंदिर के निकट नव निर्मित पुल के पास तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में डंपर चालक व खलासी घायल हो गए। उन्हें मामूली चोटें आईं थी। इस घटना से सड़क पर जाम लग गया। जिसमें बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण करने जा रहे तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा भी जाम में फंस गए। उनके गार्डों के प्रयास से जाम हटा। घायलों का निजी चिकित्सक के यहां उपचार कराया गया।

अवैध पटाका विस्फोटक सामग्री सहित एक गिरफ्तार

लोक मित्र संवाद

पाटन उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के तेवरिया गांव में अग्निशमन व पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारकर अवैध तरीके से बनाए जा रहे विस्फोटक सामान सहित आतिशबाजी को दबोच लिया। विहार पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा कायम कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध रूप से पटाखा बनाने वाले आतिशबाजों द्वारा किए जा रहे धंधे से विस्फोट होने से तहसील क्षेत्र में आतिशबाजों की मृत्यु गई है। जिससे नवागंतुक पुलिस कप्तान के निर्देश पर छापामारी पुलिस कर रही है। इसी क्रम में बिहार थाना क्षेत्र के तेवरिया गांव में लंबे समय से पटाखा का निर्माण व भंडारण कर रहे युवक को अग्निशमन विभाग व बिहार पुलिस ने आतिशबाजी व पटाखा बनाने वाली सामग्री सहित धर दबोचा। युवक के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम का मामला पंजीकृत किया गया है।

पकड़े गए तेवरिया निवासी अबरार पुत्र इस्लाम उम्र 35 वर्ष लंबे समय से घर पर ही पटाखे व अन्य आतिशबाजी का निर्माण कर रहे थे ।मुखबिर की सूचना पर सी एफ ओ अनूप सिंह अग्नि समन टीम व बिहार थाने की पाटन चौकी इंचार्ज नरेंद्र सिंह व सिपाही शहीद अहमद के साथ सोमवार देर शाम अबरार के घर पर छापा मारा।मौके पर पटाखा निर्माण करते ही अबरार को पुलिस ने धर दबोचा। तलाशी के दौरान 200 पीस बने मिर्ची पटाखा, एक बोरी अनार , पटाखा बनाने के लिए प्रयोग होने वाली सूती बाती, एक बोरी सफेद धागा, एक बोरी सुतली,एक बोरी कागज, दस बोरी खाली अनार मिला। थाना अध्यक्ष सुरेश चंद्र मिश्र ने बताया अबरार अपने घर पर चोरी छिपे अवैध पटाखे बनाने का काम काफी दिनों से कर रहा था। अबरार के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

अनियंत्रित होकर डंपर पलटा ड्राइवर- खलासी घायल

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बदोसरांय से कोटवाधाम टिकैतनगर मार्ग मदारपुर गांव के हनुमान मंदिर के निकट नव निर्मित पुल के पास डम्फर पल्टा ड्राइवर खलासी को मामूली चोटें आईं जिनका प्रायवेट चिकित्सक के पास उपचार कराया गया।कुछ ही देर में सडक पर जाम लग गया।इसी दौरान बाढ क्षेत्र का निरीक्षण करने जा रहे तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा भी जाम में फंस गए।उनके गार्डो के प्रयास से जाम हटा। बताते चलें कि बदोसरांय कोटवाधाम टिकैत नगर मार्ग हनुमान मंदिर के पास नव निर्मित पुल के पास डम्फर नम्बर यू पी 78 एच एन 8435 अनियंत्रित होकर खन्तियों में पलट गया

अनंत चतुर्दशी पर क्षेत्र में गणेश प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

लोक मित्र संवाद

बीघापुर,उन्नाव। तहसील क्षेत्र में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणेश प्रतिमाओं का जगह-जगह विसर्जन हुआ वहीं विश्वकर्मा पूजा के चलते व्यापारिक प्रतिष्ठानों में पूजन हवन कीर्तन भजनों की धूम रही।

नगर पंचायत में गोदावलेश्वर मंदिर परिसर में सुबह से ही मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम चलता रहा हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा गोदावलेश्वर मंदिर परिसर में नृत्य पूजन अर्चन कर भगवान गणपत को गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के नारों से परिसर गुंजायमान करते हुए लोक कल्याण की कामना करते हुए गोदावली सरोवर में विसर्जित किया। बीघापुर में कुलदीप अग्निहोत्री, नगर पंचायत सदस्य बीना अग्निहोत्री, अनिल बाजपेई , पूर्व सहायक विकास अधिकारी महानंद शुक्ला , राजन दीक्षित ,धीरू वाजपेई, पूर्व सदस्य दिलीप बाजपेई, अवधेश शुक्ला, विष्णु कुमार यादव ,आशीष वर्मा,अखिलेश बाजपेई सहित सैकड़ो लोग मंदिर परिसर में स्थित सरोवर तट पर मौजूद रहे।बारा,टेढ़ा, सगवर, ऊंचगांव ,धानीखेड़ा, भगवंत नगर, पाटन में भी लोगो ने गणेश भगवान की शोभा यात्रा निकल कर उन्हें गांव के किनारे तालाबों में विसर्जित किया। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर नगर पंचायत बीघापुर में विद्युत उपखंड कार्यालय सहित विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों में धूमधाम के साथ पूजन अर्चन के बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ।

नवागत प्रभारी मंत्री का प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

- प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में लिया भाग

लोकमित्र ब्यूरो

उन्नाव। जनपद के नव नियुक्त प्रभारी एवम पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह पहली बार उन्नाव पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत जगह जगह किया गया इसके अलावा नवागत मंत्री ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर कई कार्यक्रमों में शिरकत किया।गरीबों एवम जिला अस्पताल में भी बीमार मरीजों को फल वितरण किया। इस मौके पर निराला प्रेक्षागृह में आयोजित प्रदर्शनी का फीता काट कर शुभारंभ किया। इस मौके पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के 5 लाभार्थियों को टूल किट तथा पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को घर की प्रतीकात्मक चाभी व प्रमाण पत्र वितरित आदि किए गए।

निराला प्रेक्षागृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए मंत्री ने उपस्थित जन समूह को स्वच्छता शपथ दिलायी गयी। इस मौके पर प्रधानमंत्री के जीवन वृत्त पर आधारित वीडियो का प्रसारण भी किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर हमने अपने घर, मुहल्ले, गाँव, शहर एवं देश को स्वच्छ बनाने की जो शपथ ली है उसे पूरा करेंगे।हमें जनता की शिकायतों को सुनना है तथा प्रशासन के माध्यम से उनका समाधान भी कराना है। उन्होंने मुख्यमंत्री जी की शीर्ष प्राथमिकता के विषय विकास और सुरक्षा को पूरी तन्मयता के साथ जनपद में प्रशासन द्वारा लागू किया जाए।उन्होंने कहा कि मैं इस जनपद का प्रभारी मंत्री होने के नाते यहां के विकास के रथ को आगे बढ़ाने का काम करूँगा।निराला प्रेक्षागृह में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के 5 लाभार्थियों को टूल किट तथा पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को घर की प्रतीकात्मक चाभी व प्रमाण पत्र वितरित आदि किए गए।

भ्रमण कार्यकम के दौरान सांसद डॉ0 स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी जी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती शकुन सिंह, एम0एल0सी0 रामचन्द्र प्रधान, विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक पुरवा अनिल सिंह, विधायक भगवन्त नगर आशुतोष शुक्ला, विधायक मोहान बृजेश रावत, विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर, विधायक बॉगरमऊ श्रीकान्त कटियार, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्रीमती श्वेता मिश्रा, जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा सहित जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे से आहत पीड़ित ने विडियो वायरल कर कप्तान से लगाई न्याय की गुहार

- बीघापुर थाना मे तैनात सिपाही का सोशल मीडिया मे वायरस वीडियो का मामला

लोक मित्र संवाद

बीघापुर, उन्नाव। स्थानीय कोतवाली में तैनात सिपाही का थाना क्षेत्र के जगतखेड़ा गांव निवासिनी महिला मित्र से रात मे मिलने जाने का सोशल मीडिया मे वीडियो वायरल हो गया था। इस मामले मे महिला ने सिपाही का बचाव करते हुए अपने पड़ोसी दम्पत्ति पर मुकदमा दर्ज बीते दिवस किया था। इसी मामले पर पीड़ित पड़ोसी ने मंगलवार को सोशल मीडिया मे वीडियो वायरल कर पुलिस कप्तान से मामले की जांच कर न्याय की गुहार लगाई है।

बीघापुर थाना मे तैनात दीवान चन्द्र प्रकाश तिवारी थाना क्षेत्र के गांव जगतखेड़ा निवासिनी अपनी महिला मित्र से उसके मायके रात मे अकेले सिविल ड्रेस में मिलने गये थे । जिसका उसके पड़ोसी सहित अन्य ग्रामीणों ने विरोध किया था । ग्रामीणों ने पूरी घटना का विडियो भी बना लिया था । जो कई दिनों से सोशल मीडिया मे वायरल हो रहा था ।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने व घटना के दस दिनों बाद सिपाही की महिला मित्र ने अपने पुलिस मित्र का बचाव करते हुए बीघापुर थाने में तहरीर दी। जिसमें पडोसी पर गलत ढंग से वीडियो वायरल करने व जाने मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। महिला की तहरीर पर बीघापुर थाना ने भी तेजी दिखाते हुए आरोपी दम्पत्ति सुरेन्द्र पुत्र काली शंकर व मधू पत्नी सुरेन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

मुकदमा दर्ज होने के बाद पीडित सुरेन्द्र ने सोशल मीडिया मे वीडियो वायरल कर पुलिस कप्तान से मामले की जांच करा कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि चंद्रपाल सिपाही महिला के ससुराल अक्टूबर जाते थे और महिला के मैं के के गांव आने पर अक्सर उससे मिलने आते थे तथा गांव में कोई भी मामला होने पर अपने महिला मित्र के कहने पर नियम कानून को ताक पर रखकर महिला मित्र का दबदबा गांव सहित पड़ोसियों में बनाते रहने की कार्य शैली रही है। जिससे पड़ोसी आजिज थे।

ससुरालीजनों के विरुद्ध दर्ज हुआ दहेज़ प्रथा का मुकदमा

सुबेहा। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालीजनो के खिलाफ दहेज प्रथा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर पंचायत सुबेहा के जवाहर नगर निवासी त्रियोगी गौतम की पुत्री पूजा का विवाह तीन वर्ष पूर्व 16 अक्टूबर 2020 को जिला अमेठी थाना कमरौली पूरे बेलखरियन पोस्ट दुलारी नगर निवासी रामसागर के पुत्र हरिहर के साथ हुआ था। पीड़िता पूजा ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही हमारे पति हरिहर ससुर रामसागर सास कलावती ननद मंजू दहेज न मिलने से नाराज़ होकर हमारी पिटाई करते थे। बीते गुरुवार के दिन हमारे पति हरिहर डोली दहेज व बाइक की मांग करते हुए ससुराल में जमकर पिटाई कर दिया। ससुराल से बाइक पर बिठाकर सुबेहा तक लेकर आए। शनि बाजार के नजदीक बाइक से उतारकर एक बार फिर थप्पड़ों से पिटाई करके छोड़ दिया। बताया कि जब तक दहेज नहीं मिलेगा।

पानी की टंकी परिसर में किया पौधरोपण

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाना है, जिसके क्रम में मंगलवार को नगर पंचायत बंकी में एक पेड़ मों के नाम के तहत पूर्व माध्यमिक विद्यालय बंकी के निकट पानी की टंकी प्रांगण में पौधरोपण का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर निदेशक नगरीय निकाय निदेशालय लखनऊ, तथा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बंकी, मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक (स्वच्छ भारत मिशन नगरीय) एंव कार्यालय कर्मचारी तथा अन्य लोग उपस्थित रहे, उपस्थित सभी लोगों द्वारा एक-एक पेड़ रोपित किये गये। अधिशासी अधिकारी द्वारा कहा गया कि इसी प्रकार यह अभियान चलता रहेगा। उपस्थित सभी लोगों से अपील भी की गयी कि आप सभी आस-पास के लोगों को भी पौधरोपण हेतु जागरूक करें प्रकृति में संतुलन बनाये रखने तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए पेड़ पौधे लगाना बहुत जरूरी है। हम सभी का कर्तव्य है। कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाये तथा उनकी सुरक्षा भी करें।

संक्षिप्त खबरें

स्वच्छता ही सेवा ,प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ

अमेठी। राज्यमंत्री खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने मंगलवार अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका गौरीगंज वार्ड नंबर 9 मिश्रौली में सफाई कर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री जी ने क्षेत्र के लोगों से वार्ता कर शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ली तथा उनकी समस्याओं को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने सफाई कर्मियों की टोली बनाकर पूरे क्षेत्र की सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल पहुंचकर पौधारोपण किया तथा जनपद वासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया एवं कहा कि सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं, इसके उपरांत उन्होंने जिला अस्पताल में एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण कर नवजात शिशुओं को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काट कर उद्घाटन कियाऔर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल व घड़ी वितरित किया तथा मरीजों से वार्ता कर उनका हाल-चाल जाना एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने गौरीगंज के राजगढ़ में स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्ध जनों का हाल-चाल जाना एवं वृद्ध जनों को फल व घड़ी का वितरण किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को वृद्धाश्रम में वृद्ध जनों को खाने-पीने, उनके इलाज की समुचित व्यवस्था, रहने इत्यादि के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी, जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, पूर्व विधायक तेजभान सिंह, चंद्र प्रकाश मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, नगर पालिका गौरीगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

नारायण गुप्ता नोएडा वैश्य संगठन के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत हुए

नोएडा। वैश्य संगठन की कार्यकारणी द्वारा नारायण गुप्ता पुत्र श्री मुन्नालाल गुप्ता, निवासी जेएम फ्लोरेंस, ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जिला गौतम बुद्ध नगर ग्रेटर नोएडा वेस्ट का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर नारायण गुप्ता ने कहा, मैं शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करता हूँ और आश्वस्त करता हूँ कि संगठन द्वारा दी गई ज़िम्मेदारी को मैं पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करूँगा। मैं वैश्य समाज के प्रति पूर्णतः निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करूँगा और संगठन को और ऊँचाइयों के शिखर पर लेकर जाऊँगा। नोएडा वैश्य संगठन की कार्यकारणी ने नारायण गुप्ता को इस नई ज़िम्मेदारी के लिए बधाई दी है और आशा करती है कि वे संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाते हुए वैश्य समाज को अधिक मजबूती एवं बल प्रदान करेंगे।

वा शक्ति का विशेष अभियान जल एवं पर्यावरण संरक्षण

नोएडा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर वाई एस एस फाउंडेशन द्वारा जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत, भारत मंडपम में 500 से ज्यादा युवा बच्चों के साथ जल के महत्व और इसके संरक्षण के उपायों पर चर्चा की गई। युवा शक्ति के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया की जल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। यह न केवल हमारे दैनिक जीवन की आवश्यकता है, बल्कि कृषि, उद्योग, और पारिस्थितिक तंत्र के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके, जल का गिरता हुआ स्तर एवं जल की कमी के साथ उसके दुरुपयोग की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, जो भविष्य में गंभीर संकट उत्पन्न कर रही हैं जिससे मानव जीवन संकट की कगार पर है। फाउंडेशन ने अपने अभियान के माध्यम से विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित कीं, जिनमें जल बचाने के उपायों पर चर्चा, जागरूकता अभियान, और समुदायों में जल संरक्षण की प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहन शामिल था। फाउंडेशन ने स्कूलों, कॉलेजों, और स्थानीय संगठनों के साथ मिलकर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लोगों को जल बचाने के सरल तरीकों और उनकी महत्वता के बारे में बताया गया। आज के आयोजन मे सुरेश देवी मेमोरियल स्कूल, लोनी एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पानीपत से अध्यापक एवं बच्चे उपस्थित रहे। विक्रम सेठी,सलीम खान, जुहैब खान, सचिन गुप्ता, गौरव कुमार, पीनाज़, दीपक कुमार, रविंद्र कुमार, संदीप कुमार एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

आर्किटेक्ट हरीश त्रिपाठी एंड एसोसिएट्स के प्रोजेक्ट, एशियन स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज को मिला आउट स्टैंडिंग कंक्रीट अवार्ड

नोएडा। रेडिसन ब्लू कौशांबी में इंजिनियर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम में सोमवार को आर्किटेक्ट डॉ हरीश त्रिपाठी एंड एसोसिएट्स को उनके प्रोजेक्ट, एशियन स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज, सेक्टर 125 नोएडा के लिए सम्मानित किया गया है। उन्हें वर्ष 2024 के लिए %आउटस्टैंडिंग कंक्रीट स्ट्रक्चर वेस्टर्न यूपी श्रेणी बिल्डिंग अवार्ड% से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट गाजियाबाद सेंटर द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार गाजियाबाद केंद्र के अध्यक्ष राहुल गोयल की उपस्थिति में डॉ एल पी सिंह, महानिदेशक, नेशनल काउंसिल फॉर सीमेंट एंड बिल्डिंग मटेरियल द्वारा प्रदान किया गया। सेक्टर 47 जलवायु टावर में रहने वाले आर्किटेक्ट डॉ हरीश त्रिपाठी को उनके प्रोजेक्ट, एशियन स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज, सेक्टर 125 नोएडा के लिए वर्ष 2024 के लिए %आउटस्टैंडिंग कंक्रीट स्ट्रक्चर वेस्टर्न यूपी श्रेणी बिल्डिंग अवार्ड% से सम्मानित किया गया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए एशियन सोसायटी ऑफ फिल्म एंड टेलीविज़न डॉ संदीप मारवाह और अक्षय मारवाह और डॉ मनोज अग्रवाल के साथ पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही अरथा की टीम से ज्योति डी त्रिपाठी, स्नेहिल त्रिपाठी, नवीन पवन, कंसल्टेंट शरद गुप्ता, स्ट्रक्चरल इंजीनियरों और सुभाष चंद्र अग्रवाल को विशेष रूप से धन्यवाद दिया।

विश्वकर्मा पूजा पर हुआ विशाल भंडारा

नोएडा। नासिरपुर फाटक शिव मंदिर विश्वकर्मा पूजा सेवा समिति के तत्वाधान में सर्वप्रथम विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना करने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया पूजा अर्चना करते हुए विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान, गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग, सौरभ गोयल जी आई ए एस सहित श्री विश्वकर्मा पूजा सेवा समिति के सभी सम्मानित पदाधिकारी मौजूद थे।

विश्वकर्मा पूजन कर लाभार्थियों को दी योजनाओं की सौगाते

पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को स्वीकृति, गृह प्रवेश हेतु चाबी का किया वितरण

- पीएम के व्यक्तित्व, कृतित्व पर लगी प्रदर्शनी, प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ
- प्रभारी मंत्री ने दिलाया स्वच्छता का संकल्प
- प्रभारी मंत्री ने स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का शुभारंभ, स्वच्छता रैली को दिखाई हरी झंडी

खीरी पहुंचे प्रभारी मंत्री

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। मंगलवार को जिले के प्रभारी मंत्री और राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उप्र नितिन अग्रवाल अपने निर्धारित दो दिवसीय कार्यक्रम पर जनपद खीरी पहुंचे, जहां उनके जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुष्पगुच्छ देकर उनके जनपद आगमन पर स्वागत किया। सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों, अफसरो संग मा. पीएम नरेंद्र मोदी के कृतित्व, व्यक्तित्व पर लगी चित्र प्रदर्शनी का फीताकाट कर शुभारंभ करते हुए अवलोकन किया। इस दौरान थारू जनजाति की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पुष्प वर्षा कर प्रभारी मंत्री का स्वागत व अभिनंदन किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट में निर्माण व सृजन के अधिष्ठाता, देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पावन जयंती के उपलक्ष्य में दीप प्रज्वलन, पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न लाभकारी योजनाओं के लाभार्थियों को योजनाओं की लाभ प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने मौजूद जनप्रतिनिधियों, अफसरो, लाभार्थियों एवं आमजन को स्वच्छता का संकल्प भी दिलाया। इस दौरान पीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की कृपा सभी पर बनी रहे, सभी के जीवन में सुख, शांति व समृद्धि का वास हो, यही प्रार्थना है। पीएम की प्रेरणा से देशभर में स्वच्छता अभियान के जरिए लोगों को जागरुक किया जा रहा है। आज यह जनादोलन के रूप में परिवर्तित हो चुका है। सजग रहकर अपने घर, मोहल्ले, शहर को साफ रखें। जीवन में स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता जरूरी है। मुझे खुशी है कि पीएम, सीएम की प्रेरणा से आज विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत लाभार्थियों को उनके हुनर के हिसाब से टूलकिट वितरित की जा रही। हुनर की धरोहर जरूरी है, आने वाली पीढ़ी को कलाओं हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। भारत कला के जरिए विश्वपटल पर अपनी नई पहचान बना रहा। प्रदेश में 50 लाख से ज्यादा परिवारों को पीएम आवास से जोड़ने का काम किया। उन्हें पीएम सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने वंचित, शोषित वर्ग एवं अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्तिओ को लाभकारी योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन को सरल बनाने का काम किया है। थारू समाज एक संघर्षशील समाज है। प्रदेश सरकार ने बलरामपुर जिले में थारू समाज की कला को प्रोत्साहित करने के लिए म्यूजियम बनाया है, ताकि प्रदेश, देश और विश्व उनकी संस्कृति जान सके। उन्होंने थारू समाज के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। हकदारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी सरकार संकल्पित होकर काम कर रही। कार्यक्रम में विधायक विनोद शंकर अवस्थी, योगेश वर्मा, जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त रखें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि जन भागीदारी को मजबूत करने हेतु 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। हम सभी मिलकर स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और मा. प्रधानमंत्री जी के %स्वच्छ भारत% के लक्ष्य को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएं। आईए, मिलकर स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाएँ। बताते चले कि इस स्वच्छता रैली में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स, नगर निकाय में कार्यरत स्वच्छता दूतों सहित बड़ी संख्या में स्वच्छता जागरूकता रथ भी शामिल हुए। यह जागरूकता रैली नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई पुनः कलेक्ट्रेट में विसर्जित हुई।

नगर के मुख्य मार्ग से निकली रैली दिया स्वच्छता का संदेश

इसके बाद प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर आधारित स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का कलेक्ट्रेट से शुभारंभ किया। उन्होंने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, नपाप अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव, डीएम, एसपी, सीडीओ संग स्वच्छता रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रभारी मंत्री ने लाभार्थियों को योजनाओं की सौगातें

प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों, अफसरो की मौजूदगी में ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान के 26 लाभार्थियों को टूलकिट प्रदान की। माटीकलां टूल किट्स वितरण रोजगार योजना के पांच केलाभार्थियों को इलेक्ट्रिक चाक का वितरण किया। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के 20 लाभार्थियों को चाबी व स्वीकृत पत्र प्रदान किया। जनजाति क्षेत्र में संचालित कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी कंप्यूटर ट्रेड के 02, ब्यूटीशियन, टेलरिंग, हैंडीक्राफ्ट और एंब्रॉयडरी ट्रेड की एक- एक प्रशिक्षार्थियों को टूलकिट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कर्मचारियों को किट वितरण भी किया। कार्यक्रम में पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

अमेठी में पकड़ा गया,110 कि0ग्रा0 गांजा

अमेठी। जनपद इस समय ड्रग्स तस्करों का अड्डा बन गया , जनपद में इस समय ड्रग्स की तस्करी जमकर हो रही है, पुलिस द्वारा चलाए जा रहे आभियान ए एक महिन्द्रा पिकअप क्रक्र44न्न6897 को रोककर वाहन सवार व्यक्तियों से नाम पता पूछा गया तो एक ने अपना नाम शम्भू कुमार यादव पुत्र वीरेन्द्र यादव उम्र 35 वर्ष निवासी डुबकी पोस्ट अरियांवा थाना कृष्ण ब्रह्म जनपद बक्सर बिहार बताया, दूसरे ने अपना नाम छविनाथ प्रसाद गुप्ता पुत्र पन्नालाल गुप्ता उम्र 45 वर्ष निवासी मेनरोड सिविल लाईन बक्सर थाना बक्सर जनपद बक्सर बिहार बताया तथा तीसरे ने अपना नाम इमरानशाह पुत्र नाजिबशाह उम्र 18 वर्ष निवासी मंसूरपुर थाना दुर्गावती जनपद भगूहा बिहार बताया । उक्त वाहन की तलाशी लेने पर पिकअप के ऊपर बने एक केबिन से 5-5 कि0ग्रा0 गांजे के 22 पैकेट में कुल 01 कुंटल 10 कि0ग्रा0 गांजा बरामद हुआ । उक्त वाहन के कागज मांगने पर दिखा न सके । उपरोक्त तीनों व्यक्तियों को मौके से ही समय करीब 12ः50 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया ।

कमिश्नर ने पीड़ितों से मिलकर लगाया मरहम

- बाढ पीड़ितों से रुबरु हुए अफसर,शारदा नदी से क्षतिग्रस्त मडवा व लुधौनी का स्थलीय निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। लखनऊ मण्डल कमिश्नर डाक्टर रोशन जैकब द्वारा शारदा नदी से निकले पानी से हुई तबाई व बर्बादी का स्थलीय निरीक्षण किया गया इस दौरान उनके साथ ए डी एम खीरी संजय कुमार सिंह एस डी एम धौरहरा राजेश कुमार तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल खण्ड विकास अधिकारी ईसानगर नीरज दुबे खमरिया थाना प्रभारी विवेक कुमार उपाध्याय सहित पीड़ित लोगों की मौजूदगी रही।

सीमा पार दुबई में गूंजेगी युवा शायर कामिल अमान की आवाज

- सबसे कम उम्र में पहली बार दुबई की मंच पर कलाम पेश करेंगे कामिल

लोकमित्र ब्यूरो

मोहम्मदी-खीरी। उत्तर प्रदेश जनपद हरदोई के कस्बा पिहानी के निवासी युवा शायर कामिल अमान ने अपनी आवाज के जरिए लोगों के दिलों में एक अलग जगह बनाई है आगामी 28 सितंबर को होने वाले दुबई में एक मुशायरा व कवि सम्मेलन में पिहानी के लाल कामिल अमान की आवाज सरहद पार दुबई में गूंजेगी दुबई से आए आमंत्रण पर कामिल अमान ने अपने फेसबुक अकाउंट से सूचना दी कि आगामी 28 सितंबर को होने वाले दुबई में एक खास प्रोग्राम में शिरकत करेंगे यह जानकारी होते ही उनके चहाने वाले सैकड़ों लोगों ने फेसबुक व्हाट्सएप के जरिए बहुत सी दुआएं और मुबारक बाद दी आपको बताते चलें की बहुत ही कम उम्र में अपनी आवाज की ज़रिए अदब की दुनिया में काफी बुलंदी पर कामिल अमान पहुंचे हैं दुबई में 28 सितंबर को होने वाले मुशायरे में कामिल को जगह मिलना किसी नेमत से कम नहीं है अपने बेहतरीन तरन्नुम और कलाम के लिए अदबी दुनिया में कम समय में अच्छी पहचान बना लेने वाले पिहानी के इस युवा शायर ने अब तक हिंदुस्तान के दर्जनों नामी मुशायरों में शिरकत की है कामिल अमान ने बताया कि आगामी 28 सितंबर को दुबई के ओथ मैथा स्थित विंडसोर हाल में आयोजित हो रहे मुशायरा %कवि दरबार% में शिरकत के लिए आमंत्रण आया है वह 27 सितंबर को दिल्ली एयरपोर्ट से दुबई के लिए रवाना होंगे दुबई में मुशायरा मंच साझा करने के बाद कामिल अमान के नाम एक और रिकॉर्ड आएगा दुबई में अबतक हुए मुशायरो में सबसे कम उम्र के शायर दुबई में पहली बार मंच पर अपना कलाम पेश करेंगे कामिल अमान।

अशोक श्रीवास्तव के जन्मदिवस पर हुआ श्री राम विवाह कथा का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित धर्म सम्मेलन के दूसरे दिन सीता सदन - श्री धाम अयोध्या से पधारे पूज्य महंत किशोरी शरण महाराज ने अपनी दिव्य वाणी से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् श्री राम के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए भगवान् राम व माँ जानकी के पावन परिणय की कथा से उपस्थित लोगों को सराबोर कर दिया। इस अवसर पर निरंतर अष्टयाम संकीर्तन/अखंड रामायण का समापन हुआ लगातार 36 घंटे तक चलने वाले भण्डारे में उपस्थित जनता ने भोजन का आनंद लिया। पूर्वांचल भवन में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में अशोक श्रीवास्तव को शुभकामनाएं देने वाले लोगों का ताँता लगा रहा। अनेक संस्थाओं से जुड़े अशोक श्रीवास्तव के जन्म दिवस पर पूर्वांचल भोजपुरी महासभा तथा कायस्थ महासभा समेत अनेक राजनीतिक, साहित्यिक, पत्रकारिता, उद्योग जगत से जुड़ें लोगों में प्रमुख रूप से सुभास पार्टी के संस्थापक सतेंद्र यादव, रामनाथ सिंह, एड के एन पांडेय, मंटू सिंह, सुजीत तिवारी, विजय सिंह, दिग्विजय सिंह, विनोद अकेला, अमर यादव, संजय श्रीवास्तव, अनिल सिन्हा समेत इष्ट मित्रों, परिवार जनों की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

रिपोर्ट सही हो या गलत राय डायग्नोस्टिक सेंटर तो खुलेगा....

- न अल्ट्रासोनोलॉजिस्ट और न ही पैथालोजिस्ट, एलटी के सहारे चल रहा फर्जीवाड़े का खेल

लोकमित्र,शिवम मिश्रा

फर्जी लैब राय डायग्नोस्टिक सेंटर में कुछ दिन पूर्व हुई गलत जांच के कारण गर्भवती महिला लखीमपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती सीएचसी अधीक्षक कार्यवाही करने से कतरा रहे,आखिर

निघासन-खीरी। कस्बे के ढ़खेरवा रोड पर निकट क्रय विक्रय के सामने चल रहे मानक विपरीत राय डायग्नोस्टिक सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग की खासा कृपा होने के चलते यह अल्ट्रासाउंड बेखौफ संचालित होते देखे जा रहे है और यह तक सेंटर गलत रिपोर्ट देकर लोगों को जांच के नाम पर लूटने का काम करता हैं यहां पर अनट्रेंड लड़कों व लड़कियों के द्वारा जांच किये जाने व इन्ही के द्वारा रिपोर्ट को भी तैयार किये जाने की चर्चा जोरो पर है जिसका नतीजा यह है कि लोगों को गलत रिपोर्ट देकर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है साथ ही साथ जांच के नाम पर भोले भाले लोगो की जेबे भी ढीली की जा रही है आपको बताते चले कस्बे के ढखेरवा रोड पर स्थित राय डायग्नोस्टिक सेंटर का शिकार हुए पीडित व्यक्ति ने उक्त सेटर पर फर्जी रिपोर्ट देने के गंभीर आरोप लगाए है गौर तलब है कि हाल ही में राय डायग्नोस्टिक सेन्टर ने गर्भवती महिला की माह मे दो बार जांच रिपोर्ट दर्शाई गई फर्जी बीमारी से पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत निघासन सी एच सी अधीक्षक पी के रावत को लिखित प्रार्थना पत्र देकर की लेकिन साठगांठ के चलते अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई पीड़ित ने उच्च अधिकरियो से शिकायत करने की बात कही है अब देखना यह है की सीएचसी अधीक्षक की कुंभकर्णी नींद टूटती है और करते है मानक विपरीत संचालित डायग्नोस्टिक सेंटर पर कार्यवाही या फिर मिल रही चढावा रूपी मिठाई की दम पर लूटने खाने के लिए खुला छोड दिया जायेगा।

कानपुर में बुढ़वा मंगल पर सुप्रसिद्ध पनकी मंदिर में उमड़ी भीड़ ,जगह-जगह भंडारों का भी आयोजन

सुनील बाजपेई

कानपुर। आज यहां महावीर बजरंगबली की महिमा को प्रमाणित करने वाला बुढ़वा मंगल का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान देश के प्रतिष्ठित हनुमान मंदिरों में से एक पंचमुखी पनकी हनुमान मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ रही। वहीं सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे। आज इस बुढ़वा मंगल और भगवान विश्वकर्मा जयंती पर जगह-जगह पर भंडारों का भी आयोजन किया गया, जिसके क्रम में समस्त स्टाफ के साथ डायरेक्टर दंपति समाजसेवी राजीव शर्मा और प्रीति शर्मा द्वारा मां दुर्गा सर्विस स्टेशन रतन लाल नगर में आयोजित किए गए विशाल भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

वहीं प्रतिष्ठित मंदिर में पंचमुखी हनुमान जी के दर्शन करने के लिए भक्तों की लंबी लाइन आधी रात के समय से ही लगनी शुरू हो गई थी। रात लगभग 12ः 00 बजे मंदिर के कपाट खुलने के बाद महंत कृष्ण दास और जितेंद्र दास आदि द्वारा मंगला आरती की गई ,जिसके बाद भक्तों ने महादेव हनुमान जी को भोग लगाया। यहां आज बुढ़वा मंगल पर पनकी में प्रतिष्ठित मंदिर में हनुमान जी के दर्शन करने वाले भक्तों में आस-पास जनपदों के साथ ही विभिन्न प्रांतों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल रहे। इस बीच भक्तों की सुरक्षा में लगभग 500 पुलिसकर्मी भी तैनात रहे।

30 लाभार्थियों को मिला आवास,172 को स्वीकृति पत्र

मसौली बाराबंकी। मंगलवार को ब्लाक सभागार मे आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री एव मुख्यमंत्री आवास योजना के 30 लाभार्थियों को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट खंड विकास अधिकारी काव्या सी एव ब्लाक प्रमुख रईस आलम ने ताला चाभी भेंट करते हुए 172 नये चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपा। आईएएस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट खण्ड विकास अधिकारी काव्या सी ने लाभार्थियों को मिलने वाली किस्त आदि के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आपके खाते में मकान निर्माण के लिए चालीस हजार रुपए की पहली किस्त पहुंच रही है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास योजना का मुख्य उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से वंचित तबके के लोगों को आवास निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है, जिन लोगों के पास उनका घर नहीं है या फिर जो लोग कच्चे घरों में रह रहे हैं। उनके लिए पक्के मकानों का निर्माण करना है। ऐसे पात्र व्यक्तियों का चयन करके उनको आवास दिलाना सरकार का उद्देश्य है।

प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने अमेठी में किया विकास कार्यों का शुभारम्भ

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। प्रभारी मंत्री जनपद अमेठी सतीश शर्मा ने जनपद भ्रमण के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का शुभारम्भ किया। उन्होंने स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, और वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से मुलाकात जैसे कार्यक्रमों में भाग लिया। श्री शर्मा ने अपने दौरे की शुरुआत थानाक्षेत्र गौरीगंज के ग्राम पूरे शुक्लन में स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर की। उन्होंने लोगों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद, उन्होंने जिला अस्पताल गौरीगंज में वृक्षारोपण किया और रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने रक्तदान करने वाले लोगों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया और जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती मरीजों का हाल-चाल जाना। श्री शर्मा ने वृद्धाश्रम अमेठी में वृद्धजनों से मुलाकात की और उन्हें विभिन्न प्रकार की उपयोगी वस्तुएं भेंट कीं। उन्होंने वृद्धजनों का हाल-चाल जाना और उनकी समस्याओं को सुना।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अमेठी, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री के इस दौरे से अमेठी के विकास को नई गति मिलेगी और लोगों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, और समाज कल्याण के क्षेत्र में नए अवसर प्राप्त होंगे।

संक्षिप्त खबरें

प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव पर सीएचसी पूरा पर फल वितरण कार्यक्रम आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

पूरा बाजार -अयोध्या। प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव के अवसर पर आज पूरा बाजार में उल्लास का माहौल रहा। इस खास मौके पर प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने सीएचसी पूरा (कॉमन सर्विस सेंटर) पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री के समाज सेवा और जनहितकारी कार्यों को सम्मानित करते हुए लोगों के प्रति सेवा भाव प्रकट करना था।शिवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन देश की सेवा और गरीबों के उत्थान के प्रति समर्पित रहा है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिससे मरीजों और ज़रूरतमंदों को कुछ राहत और सहायता मिल सके। उन्होंने प्रधानमंत्री की दीर्घायु और स्वास्थ्य की कामना की, साथ ही सभी को प्रधानमंत्री की नीतियों और विचारों से प्रेरणा लेने की अपील की इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी जिला महामंत्री शैलेंद्र सीएचसी अधीक्षक अमित वर्मा और गणमान्य लोग मौजूद थे ।

सीएम योगी की मिल्कीपुर में प्रस्तावित जनसभा स्थल का मंडलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक ने किया निरीक्षण

अयोध्या । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मिल्कीपुर के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के मैदान में प्रस्तावित जनसभा स्थल का मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सम्पूर्ण जनसभा स्थल के परिसर का निरीक्षण करते हुए सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री जी के राजकीय हेलीकॉप्टर के उतरने के लिए बनाये जा रहे अस्थायी हेलीपैड तथा आम जनमानस के आने के मार्ग व वाहनों के पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया तथा कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए सभी तैयारियों को पूर्ण किया जाए तथा मुख्यमंत्री की सुरक्षा मानकों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह, पीडब्लूडी के अधिशाषी अभियन्ता, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित रहे।

अखिल क्षत्रिय कल्याण परिषद की बैठक में शामिल हुए पूर्व आईजी होमगार्ड रणजीत सिंह

अयोध्या। संगठन के कार्य को बढ़ावा देने के लिए अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक अयोध्या क्षेत्र के मवई में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व ढ्ढत्न होमगार्ड रणजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, प्रदेश सचिव सूर्यभान सिंह रहे। बैठक के दौरान कई लोगों ने कल्याण परिषद की आजीवन सदस्यता ली। सभी सदस्य का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि पूर्व आईजी रणजीत सिंह ने कहा अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद एक ऐसा संगठन है जो निरंतर कई वर्षों से गरीबों व असहाय की मदद समय अनुसार करता आ रहा है, यह संगठन क्षत्रिय समाज को हर तरह से जोड़ता है। जरूरतमंदों के साथ संगठन हमेशा अपना योगदान देने के लिए तात्पर्य है।

अनंता मेले में उमड़ा जन सैलाब, धार्मिक उत्सव का माहौल

पूराबाजार- अयोध्या ।दतौली भाद्र मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी के अवसर पर आयोजित होने वाला प्रसिद्ध अनंता मेला इस वर्ष भी उमड़े जन सैलाब का साक्षी बना। देवगढ़, दतौली और दुगवा तीन गांवों के परिधि में स्थित ठकुराइन सरोवर पर आयोजित इस मेले में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। मेले में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव का वातावरण छा गया, जहां सभी आयु वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते नजर आए। श्रद्धालुओं ने ठकुराइन सरोवर में डुबकी लगाकर विघ्नविनाशक भगवान गणेश की पूजा की और अनंत चतुर्दशी के महत्व को श्रद्धा से मनाया। बलवंत आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में ब्रह्मलीन पं. ज्ञानी महाराज के विग्रह के दर्शन और पूजन के बाद लोगों ने मेले में विभिन्न वस्तुओं की खरीदारी की। मेले में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ आल्हा, नृत्य-संगीत, और जादू के कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसने सभी उम्र के लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। बच्चों ने झूलों और खिलौनों का आनंद लिया, जबकि बड़े लोग पारंपरिक गीतों और संगीत में डूबे रहे। मेले में मिट्टी के बर्तन, लकड़ी के उत्पाद, गुड़ की जलेबी और अन्य पारंपरिक हस्तशिल्प की वस्तुओं की बिक्री ने मेले की रौनक बढ़ाई। सड़क किनारे लगी दुकानों पर रंग-बिरंगे गुब्बारों और खिलौनों की बिक्री जोरों पर रही, और खाने-पीने के स्टॉलों पर भी लोगों की भीड़ देखी गई। स्थानीय प्रशासन ने मेले की भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। महाराजगंज थानाध्यक्ष अमरजीत सिंह पुलिस बल के साथ तैनात रहे, जिससे मेला शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

लगभग दो माह लापता 14 वर्षीय किशोर का सुराग नहीं

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। बीकापुर घर से लापता हुए 14 वर्षीय किशोर का एक सप्ताह बाद भी कोई सुराग नहीं मिल सका है। लापता के पिता ने बीकापुर कोतवाली में गुमशुदगी की तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के सहजपुर मठिया निवासी बाबूराम निषाद ने बताया कि उनका 14 वर्षीय पुत्र सौरभ 16 जुलाई को सुबह करीब सात बजे घर से निकला था। उसके बाद अभी तक वापस नहीं लौटा। उसकी खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल रहा है। कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज करके किशोर की तलाश की जा रही है।

एनटीपीसी टांडा में विश्वकर्मा पूजा का हुआ भव्य आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या । एनटीपीसी टांडा में विश्वकर्मा पूजा धूम-धाम से मनाई गई। उत्पादकता बढ़ाने और उच्च गुणवत्ता को बनाए रखने के साथ काम करने के लिए कर्मचारियों एवं कारीगरों ने परियोजना स्थित अग्निशमन सेवा केंद्र में वास्तुकला और इंजीनियरिंग के देवता भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमा की पूजा अर्चना की। 17 सितंबर को आयोजित इस पूजा कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण नील कुमार शर्मा ने भी भाग लिया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक था, बल्कि कर्मचारियों के बीच एकता और समर्पण को भी दर्शाता है। पूजा के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सभी ने मिलकर भजन-कीर्तन किया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस तरह के आयोजन से कर्मचारियों में सकारात्मक ऊर्जा और कार्य के प्रति एक नई प्रेरणा मिलती है, जो संगठन की उत्पादकता में योगदान करती है। इस अवसर पर अतुल गुप्ता, महाप्रबंधक वीपी दुबे, अभय मिश्रा, रजनीश कुमार खेतन, समस्त कर्मचारी व निविदा कर्मचारियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर तीनों ब्लाकों में 54 लाभार्थियों को सौंपी गई आवास की चाबी

लोकमित्र ब्यूरो

मिल्कीपुर- अयोध्या। मंगलवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मिल्कीपुर तहसील के तीनों ब्लाकों में 54 लाभार्थियों कों प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपी गई अमानीगंज ब्लाक मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह के अध्यक्षता में 37 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंप गई, वही मिल्कीपुर ब्लॉक मुख्यालय पर 10 तथा हैरिंग्टनगंज ब्लॉक मुख्यालय पर 7 लाभार्थियों को आवास की चाबी दी गयी। आवास की चाभी पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे लाभार्थियों ने बताया कि हमें रहने के लिए आवास नहीं था, मुझे आवास की चाबी मिल गयी हमारा परिवार बहुत खुश है। लाभार्थियों ने कहा कि प्रधानमंत्री का बहुत-बहुत धन्यवाद आज उनका जन्मदिन है, हम सभी लाभार्थियों की तरफ से प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह ने कहा कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। जो भी योजनाएं हैं उसका लाभ पात्र परिवारों को ईमानदारी से दिया जा, हमारी सरकार में आवास, शौचालय, पेंशन, मुक्त राशन, किसान सम्मान निधि, सभी पात्रोंको मिल रहे हैं। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनूप सिंह रानू ने कहा कि सरकार गांव गांव चौपाल लगा रही है, घर-घर कर्मचारी जाकर समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। इस मौके पर एडियो आई एसडी संपूर्णानंद तिवारी, मोहित दूबे शंकर प्रसाद मिश्रा एवं लाभार्थी नजिमा बानो ,प्रवीन बानो,हसरीला ,हसरतुल, तस्लीमा बानो, सहित 37 लाभार्थी मौजूद रहे।

अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चला स्वच्छता और सेवा अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर रामनगरी अयोध्या में विशेष स्वच्छता और सेवा अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सरयू के घाटों पर सफाई अभियान का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सफाई में हिस्सा लिया। इसके साथ ही, श्रीराम अस्पताल और दशरथ मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण किया गया।इह कार्यक्रम में प्रदेश के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विशेष भूमिका निभाई। उन्होंने श्रीराम अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए और उनकी कुशलक्षेम पूछी। उनके साथ अयोध्या के नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और भाजपा के कई अन्य प्रमुख नेता भी मौजूद थे।

प्रभारी मंत्री के बिगड़े बोल,सवाल पूछने पर पत्रकार को बताया समाजवादी

फल वितरण के दौरान, अस्पताल में बाहर की दवाइयां लिखने के सवाल पर मंत्री सूर्य प्रताप शाही पत्रकारों से नाराज हो गए और उन्होंने एक पत्रकार को समाजवादी मानसिकता का बताकर उसे फटकार लगाई। इस घटना ने कार्यक्रम के दौरान एक छोटा विवाद खड़ा कर दिया।

श्रीराम अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी ने मंत्री का पैर छूकर लिया आशीर्वाद

श्रीराम अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी द्वारा प्रभारी मंत्री का पैर छूकर आशीर्वाद लेने की घटना भी चर्चा का विषय रही। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा और स्वच्छता के संदेश के साथ मनाया गया,समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

पीएम मोदी के जन्म दिवस पर भाजपा नेताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

पीएम मोदी के जन्म दिन पर स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा मना रही है भाजपा

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ो के रूप में मना रही है। जन्म दिवस पर पार्टी नेताओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

श्रृंगारहाट व राम की पैड़ी पर प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने स्वच्छता अभियान चलाया। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने करियप्पा मंडल के गुप्तार घाट में स्वच्छता अभियान चलाया। महानगर के करियप्पा मंडल, मिल्कीपुर विधान सभा के मिल्कीपुर मंडल तथा कुचेरा मंडल में सदस्यता अभियान चला कर सैकड़ो लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि एक छोटे से गाँव के गरीब परिवार में जन्म लेकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री बनने वाले नरेन्द्र मोदी को 15 अलग-अलग राष्ट्रों ने अपना सर्वोच्च पुरस्कार देकर उनका और भारत का गौरव बढ़ाया है। प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर स्वच्छता व सेवा पखवाडा मनाया जा रहा है।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के जन्मदिवस को पार्टी सेवा व स्वच्छता पखवाडा मना रही है। प्रधानमंत्री के कार्यकाल में सर्वांगीण, सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी विकास किया गया है। जिस बदलाव को भारत के हर नागरिक ने महसूस किया हैं।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि पीएम मोदी का पूरा जीवन राष्ट्रहित के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री ने हर नीति में भारत प्रथम के संकल्प को स्थापित किया है। सशक्त नेतृत्व व दूरदर्शिता के कारण देश विकसित भारत की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। अन्य पार्टी पदाधिकरियों व कार्यकर्ताओं द्वारा अपने क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अयोध्या का यह महाधिवेशन मील का पत्थर साबित होगा-श्रीकांत मिश्रा

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या । नार्थ सेंट्रल ज़ोन इंश्योरेंस इम्प्लाइज फेडरेशन का 30 वां महाधिवेशन आज बड़े हर्षोल्लास के साथ तीसरे दिन आज सम्पन्न हुआ।महाधिवेशन के अंतिम दिन ढ्ढढ्ढश्च के राष्ट्रीय महासचिव कॉम श्रीकांत मिश्रा ने डेलीगेट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश अंदर जरूरत है श्रमिक वर्ग को जागरूक होने की बेहद जरूरत है।सरकार सब सरकारी संस्थान बेच व प्राइवेट करके तानाशाही रवैया अपना रही है।आर्थिक संकट पैदा किया जा रहा है।किसानों के साथ धोखा दे रही है,मजदूरों को मिनिमम वेज नही दे रही है।आज अयोध्या का यह महाधिवेशन मील का पत्थर साबित होगा।सब को पूरी ताकत के साथ एकजुट होकर संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। बीमा कर्मचारी संघ फ़ैज़ाबाद डिवीजन के अध्यक्ष कॉम आरडी आनंद ने बताया कि आज सम्मेलन में प्रस्ताव आतंकवाद,,महिला हिंसा,बेरोजगारी और पुरानी पेंशन बहाली पर आया जिसमे सभी साथियों ने उस पर चर्चा करते हुए इस प्रस्ताव को पास किया गया।आने वाले समय मे केंद्र सरकार के सामने लागू कराने के लिए संघर्ष करेंगे।

सम्मेलन में 35 सदस्यीय कमेटी का सम्मलेन ने चुनाव किया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष कॉम संजीव शर्मा,महासचिव कॉम राजीव निगम को सर्वसम्मति से चुना गया है। अयोध्या से कॉम रविशंकर चतुर्वेदी को कमेटी सदस्य चुना गया।

महासचिव कॉम रविशंकर चतुर्वेदी ने कहा कि सम्मेलन बहुत सफलता पूर्वक सम्पन्न हो रहा है इस सम्मेलन से अयोध्या मंडल के साथियों को बड़ी ऊर्जा मिलेगी और संगठन और मजबूत होगा।सम्मेलन के अंत ÷हम होंगे कामयाब एक दिन, मन मे हो विश्वास पूरा हो विश्वास एक दिन÷क्रांतिकारी गीत के साथ सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में संजीव सिंह, सीएम पांडेय, केके पांडेय,सीपी शुक्ला,बलदेव, शिवशंकर मौर्या, सहित दर्जनों साथी मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाई गई पेरियार ई. वी. रामास्वामी नायकर की 145वीं जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। पेरियार ई. वी. रामास्वामी नायकर की 145वीं जयंती अयोध्या प्रेस क्लब में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहुजन समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत रामास्वामी नायकर के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस दौरान कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें डॉक्टर बैजनाथ पाल, जयप्रकाश पाल और मनोज पाल रामप्रकाश पाल उमाशंकर पाल जेपी पाल संत शरण पाल डॉक्टर रन पाल निर्मल पाल आदि शामिल रहे।

नलकूप निर्माण खंड में धूमधाम से हुई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या । मंगलवार को सरकारी सहित गैर सरकारी संस्थानों में सुबह से ही विश्वकर्मा भगवान का पूजन-अर्चन कर लोगों ने पुण्यलाभ की कामना की। इससे पहले साफ-सफाई आदि का भी दौर चला।नगर के नलकूप खंड विभाग अयोध्या के अधिशासी अभियंता जी एम त्रिपाठी के द्वारा भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान अधिशासी अभियंता जी एम त्रिपाठी ने सर्वप्रथम प्रधानमंत्री के जन्मदिन की शुभकामनाएं और भगवान विश्वकर्मा के बारे में बताया इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा का पूजन-अर्चन के और कीर्तन के समापन के बाद आयोजित भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान नलकूप खंड के अधिशासी अभियंता जीएम त्रिपाठी एवम अवर अभियंता वा सहायक अभियंता सहित नलकूप खंड के समस्त अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। इसी तरह सुल्तानपुर रोड अवध यूनिवर्सिटी के समीप वर्कशॉप में भगवान विश्वकर्मा किया गया पूजा अर्चना। मंगलवार को देव व्हीकल टाटा वर्कशॉप में धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा पूजा। वर्कशॉप के प्रबंधक गौरव सिंह ने विधि विधान व मंत्रो उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की। इस दौरान अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विशिष्ट अतिथि राजेश सिंह भी मौजूद रहे।वर्कशॉप के मैनेजर नीरज पांडेय ने बताया कि विश्वकर्मा भगवान की पूजा आज के दिन बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है और हमारे सभी कर्मचारी गण एकत्र होकर इस कार्यक्रम को भव्य बनाते हैं। इस अवसर पर प्रदेश सचिव सूर्यभान सिंह, एमडी गौरव सिंह, दुर्गा प्रसाद तिवारी, राम जी यादव, मनोज पांडेय, अंकित सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत में आयोजित समाधान दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

बीकापुर- अयोध्या।ग्रामीणों की शिकायत और समस्या का गांव स्तर पर ही त्वरित निस्तारण के लिए मंगलवार को रोस्टर के अनुसार बीकापुर विकासखंड क्षेत्र के 16 ग्राम पंचायतों में ग्राम समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तोरो माफी, मानापुर, करनपुर, रामपुर भगन, असकरनपुर,व मंगारी, शिवतर सोनबरसा मुसलमीन, खिदिरपुर, पुहपी, गोविंदपुर सहित 16 ग्राम पंचायतें शामिल थी। जिसके लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए थे। कई जगह पर राजस्व कर्मी मौजूद नहीं मिले। नगर पंचायत द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर परिसर में नगर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। नगर समाधान दिवस में मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडे राना, अधीक्षक डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह द्वारा लोगों की शिकायत को सुना गया। इस दौरान मनोज शर्मा, राम तेज सहित पंचायत कर्मी मौजूद रहे। ग्राम पंचायतों में आयोजित समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों और पंचायत कर्मियों द्वारा स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छ भारत बनाने और स्वच्छता अपनाने को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने की शपथ ली गई और सचिवालय परिसर और आसपास साफ सफाई भी की गई। मानपुर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम समाधान दिवस में नोडल अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव तथा ग्राम पंचायत सचिव जयप्रकाश वर्मा और पंचायत कर्मी आंगनबाड़ी कर्मी मौजूद रहे। लेकिन ग्रामीणों के मौजूद न रहने से कुर्सियां खाली रही। नोडल अधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यहां कोई भी शिकायत नहीं आई उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। करनपुर ग्राम पंचायत में आयोजित समाधान दिवस के दौरान नायब तहसीलदार रामखेलावन, पूर्ति निरीक्षक विनोद यादव एवं पंचायत सचिव कमलेश वर्मा द्वारा लोगों की शिकायत को सुना गया। गांव निवासी इरशाद अली द्वारा गांव में निर्माण कराई गई आधी अधूरी नाली को पूर्ण करने के लिए शिकायत पत्र दिया। नायब तहसीलदार द्वारा पंचायत सचिव को जांच करके समस्या का निस्तारण करने के लिए कहा। आजाद अली द्वारा राशन कार्ड बनाए जाने की मांग की गई पूर्ति निरीक्षक द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कहा गया। तोरो माफी ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान अहमद रजा की मौजूदगी में नोडल अधिकारी सहायक विकास अधिकारी आईएसबी बद्रीनाथ पांडे द्वारा लोगों की शिकायत सुनी गई इस दौरान तीन शिकायत आई जिसे मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। रामपुर भगन में ग्राम पंचायत अधिकारी चंद्रेश पटेल द्वारा ग्रामीणों की स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर प्रधान बलवंत सिंह और पंचायत कर्मी मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें आवास, जल निकासी की नाली, शौचालय, किसान सम्मन निधि और राजस्व मामले से संबंधित आई। पंचायत विभाग से संबंधित अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया है।

शासन के निर्देश पर नगरपंचायत कुमारगंज में शुरू हाईटेक अस्थाई गौशाला

लोकमित्र ब्यूरो

मिल्कीपुर -अयोध्या। नगर पंचायत कुमारगंज में नवनिर्मित अस्थाई गौशाला शासन के निर्देश पर शुरू हो गई है, जो कई सुविधाओं से लैस है यह गौशाला नगरपंचायत के अकमा गांव में बनाई गयी है। जो नगरपंचायत क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया की मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज तथा शासन के निर्देश शुरू की गयी जो 25 लाख रुपए की लागत से बनी है, गौशाला आधुनिक तरीके से बनाई गई है। इसके चारों तरफ लोहे की जालीदार बाउंड्री बनाई गई है, मवेशियों की सुविधा के लिए दो हौज बनाये गये है, जिससे मवेशियों को पानी आसानी से उपलब्ध हो सके ,सेड में पंखे लगाए गए हैं, जिससे उन्हें गर्मी से बचाया जा सके, खाने के लिए भूसा, हरा चारा, पशु आहार की उत्तम व्यवस्था की गयी है। देखरेख के लिए चार केयर टेकर लगायें गये है। जो दिन रात मवेशियों की निगरानी करते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह छोटू ने बताया की इस गौशाला से नगर पंचायत के किसानों को काफी सुवधा होगी छुट्टा मवेशियों से उन्हें निजात मिलेगी।

रेशू पाण्डेय व डॉ उत्तम चंद्र को दिल्ली में मिला कर्मयोगी अवार्ड

राष्ट्रीय स्तर पर एडु लीडर्स शिक्षक सम्मान समारोह में जिले के दो शिक्षकों को मिला अवार्ड

बलरामपुर। जिले के दो शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षण कार्य पर दिल्ली में एडु लीडर 2024 के तहत अवार्ड से सम्मानित किया गया है यह अवार्ड उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह साक्षात अभिनेता पदम श्री मनोज जोशी पूर्व सांसद एवं असम राज्य प्रभारी हरीश द्विवेदी शिक्षाविद डॉक्टर विजेंद्र डॉक्टर चीनू अग्रवाल एवं नीति आयोग के अधिकारी चारु के हाथों सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय सामाजिक संस्था आरआर ग्लोबल फाउंडेशन एवं हेमा फाउंडेशन मुंबई के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया जिसमें जिले के सदर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय इमलिया की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका रेशू पाण्डेय एवं शिक्षा क्षेत्र तुलसीपुर के कंपोजिट स्कूल जद्दापुर के प्रधानाध्यापक डॉक्टर उत्तमचंद गुप्ता को दिल्ली के जिंजर सभागार में आयोजित एडु लीडर्स शिक्षक सम्मान समारोह 2024 के तहत उत्कृष्ट शिक्षण कार्य एवं बुनियादी शिक्षा में नवाचारी गतिविधि से बच्चों को तालीम देने की विधा पर कर्मयोगी अवार्ड से सम्मानित किया गया है इस अवार्ड के तहत स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र प्रशस्ति पत्र मिला है। यह सम्मान लोक निर्माण राज्य एवं प्रख्यात चलचित्र अभिनेता पदम श्री मनोज जोशी के हाथों दिया गया है। इस सम्मान समारोह में देशभर से 302 कुछ अध्यापक चयनित हुए थे इनमें बेसिक शिक्षा माध्यमिक एवं डायट प्रवक्ता को एडु लीडर सम्मान एवं कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित किया गया है दोनों अध्यापकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला वित्त एवं लेखा अधिकारी विवेक पांडे सामुदायिक सहभागिता समन्वयक निरंकार पांडे निर्माण समन्वयक एन के सिंह डीसी प्रशिक्षण मोहित देव त्रिपाठी एमडीएम कोऑर्डिनेटर फिरोज अहमद विशिष्ट बीटीसी संघ प्रांतीय कोषाध्यक्ष दिलीप चौहान जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला जिला मंत्री तुलाराम गिरी मीडिया प्रभारी निर्मल द्विवेदी विकासकांत पांडेय अंकुर सिंह विनोद तिवारी संजय त्रिपाठी मनमोहन सिंह नवीन सिंह गुरबचन उमेश कुमार अरुण मिश्रा आदि शिक्षक शिक्षा अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

अराजकतत्वों ने तोड़ी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति

सुल्तानपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति तोड़ने का सनसनीखेज मामला सामने आया है वही मूर्ति तोड़े जाने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश है। फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है साथ ही मूर्ति तोड़ने वालों की तलाश की जा रही है। मामला मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के हरसायन नागापुर छेदुआरी गांव का। इसी गांव में ग्रामीणों ने करीब ढाई दशक पहले अपने पैसों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति स्थापित की थी। लेकिन बीती रात कुछ अराजक तत्वों ने इस मूर्ति को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह जब ग्रामीणों को मूर्ति तोड़े जाने की जानकारी हुई तो वे आक्रोशित हो उठे। आनन फानन स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी है साथ ही मूर्ति तोड़ने वाले अराजक तत्वों की तलाश की जा रही है। वहीं महात्मा गांधी की मूर्ति तोड़े जाने की सभी राजनीतिक दलों ने कड़ी निन्दा की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी देश के राष्ट्रपिता थे और जिन्होंने भी इस तरह का कृत्य किया है उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

सत्ता का दबाब बनाकर मुकदमा खत्म कराने में जुटे विद्यालय प्रबंधक

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के विभारपुर स्थित रामबरन महाविद्यालय एसएस पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के प्रबंधक अजय कुमार सिंह व उनके भाई संजय सिंह समेत चार लोगों पर धोखाधड़ी कर छात्र-छात्राओं को डी फार्मा के फर्जी अंकपत्र देने का आरोप में मोतिगरपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। इस मामले को लेकर प्रबंधक ने सत्ता की धौंस देकर और पुलिस पर दबाव बनाकर मुकदमे को खत्म करने की तैयारी बनाई है। साथ ही शिकायत कर्ता छात्र छात्राओं को गम्भीर मामले में फंसाने की धमकी भी दे रहा है।

बताते चलें कि रामबरन पीजी कॉलेज विभारपुर के डी फार्मा के छात्रों को फर्जी अंकपत्र प्रबंधक ने दिया है। इस मामले में एक छात्र की तहरीर पर रविवार को पुलिस ने मोतिगरपुर थाने में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक मोतिगरपुर तरुण पटेल ने बताया कि चार लोंगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है। अंबेडकरनगर जिले के कोतवाली अकबरपुर के सहसुलेमपुर निवासी स्वप्निल सोनी ने मोतिगरपुर थाने में दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि उन्होंने रामबरन डिग्री कॉलेज एसएस पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट विभारपुर से डी फार्मा का कोर्स करने के लिए 12 अगस्त 2021 में प्रवेश लिया था। प्रबंधक अजय सिंह उनके भाई संजय सिंह, अमर सिंह व प्रज्वल मिश्रा ने एक राय होकर अपने संस्था में संचालित हो रहे डी फार्मा कोर्स करने के लिए उसे दुष्प्रेरित किया। उनके बहकावे में आकर उसने दाखिला ले लिया। भिन्न-भिन्न तारीखों पर 20 हजार ऑनलाइन पेमेंट किया व 1.30 लाख रुपए नकद दिए थे। कोर्स पूरा होने पर विद्यालय से 14 सितंबर 2022 में कराई गई परीक्षा में भाग लिया और शैक्षिक प्रक्रिया को पूरा किया। बाद में उसे शैक्षिक अंकपत्र व प्रमाणपत्र कॉलेज ने फर्जी दे दिए। ग्रीन कार्ड आवेदन के लिए जब वह लखनऊ गया तो वहां के प्राधिकारियों ने अंकपत्र व प्रमाणपत्र फर्जी, जाली व कूटरचित बताया। और कहा कि इसकी कोई मान्यता नहीं है। इसके बाद कॉलेज के प्रबंधक की ओर से जल्द सही प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया जाता रहा। आरोप लगाया कि उसके साथ पढ़ने वाले कई अन्य छात्र आशीष, अतीकुर्रहमान, प्रसंग सिंह व विशाल कनौजिया को फर्जी, जाली व कूटरचित अंकपत्र व प्रमाणपत्र दिए गए। स्वप्निल सोनी की तहरीर पर मोतिगरपुर थाने में महाविद्यालय के प्रबंधक अजय सिंह, संजय सिंह, अमर सिंह व प्रज्वल मिश्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। कालेज प्रबंधक अजय कुमार सिंह व उसके कथित पत्रकार भाई संजय सिंह ने अपने कालेज के दो अन्य लोगों के साथ मिलकर छात्रों को डी फार्मा की फर्जी डिग्री दी। अपने रसूख के दम पर यह गोरखधंधा उसका पेशा बन गया है। अपने कॉलेज के कार्यक्रम में सूचना आयुक्तों का कार्यक्रम कराकर प्रबंधक अजय कुमार सिंह शासन व प्रशासन पर दबाव बनाने का कार्य करता है। शिक्षा विभाग के अधिकारी तो उसके इशारे पर कार्य करते हैं। अब देखना है कि इस मामले में पुलिस प्रबंधक के दबाव से उबर पाती है या फिर मामले को रफा दफा कर देती है।

जुलूसे मुहम्मदी का रास्तों में हुआ इस्तकबाल,रात भर होती रही नात्ख्वानी

सुल्तानपुर। सोमवार को चौक घंटाघर पर बारह रबीउल अव्वल के मौके पर जिले के मुस्लिमों ने इकठ्ठे होकर एक दुसरे को ईद मीलादुन्नबी की मुबारक बाद पेश की। इसके बाद पूर्व निर्धारित रास्तों पर हज़ारों लोगों की उपस्थिति में आकर्षक साज सज्जा व ट्रालियों से जुलूसे मुहम्मदी निकाला गया। पर्व पर पुलिस की व्यवस्था सराहनीय रही एवं नगर में पूर्ण शान्ति का माहौल रहा। ईद मीलादुन्नबी पर जिले भर के मुस्लिमों में अपने सरकार हज़रत मुहम्मद की पैदाइश को लेकर बड़ा ही जोश था। सभी लोग नए नए कपडे पहनकर हाथों में झन्डे लिए रास्तो में बने तमाम अंजुमनों के डाइस पर नात शरीफ पढ़ते हुए चौक में इकठ्ठा हुए। रात में नमाज़ इशा के बाद उलेमाए किराम शायरों नात्ख्वानों सभी चौक में अंजुमन राहे हिदायत पर सुल्तानपुर काजिये शहेर मस्जिदों के इमाम व उलेमाओं के मौजूदगी में काजिये शहेर मौलाना लतीफ़ साहब के हाथों फीता काट कर जुलूसे मोहम्मदी का आगाज किया गया। मौलाना लतीफ साहब ने लोगों को मुहम्मद साहब की ज़िन्दगी के बारे में बताया व नेक राह पे चलने की हिदायत की। इसके बाद सभी लोग हाथों में जश्ने ईद मीलादुन्नबी के झंडे लेकर नात्ख्वानी करते हुए सभी अंजुमने आगे बढ़ती रही। इस मुबारक दिन पर जगह जगह चौराहों तिराहों पर लंगर चाय शरबत हलवे खीर बिस्किट खाना अदि के स्टाल लगाकर सवाब कमाया गया। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी पुलिस का पूर्ण सहयोग रहा और व्यवस्था कायम रही। जिले भर में शान्ति बरकरार रखने के पुलिस ने पूरी चौकसी बरती जिले की सभी अंजुमनों और गणमान्य लोगो ने जिले के पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा का धन्यवाद किया।

गाँव में भी हुआ जश्न ताजखानपुर, बहादुरपुर, पचोपीरन, छतौना, भुलकी, नकरही, अफ्ले पुर, बधुआकला, फिरोजपुर, भुआपुर, चुनहा, आदि गाँव मे ईद मीलादुन्नबी के मौके पर आकर्षक सजावट की गयी। उलेमाए किराम शायरों नात्ख्वानों ने कलाम व ख़िताब से नवाज़ा। क्लोज़र के मौके पर शेखुल हदीस मौलाना मंजूर साहब ने मदरसा जामे अरबिया में फातिहा के बाद मुल्क की तरक्की व अमन शान्ति के लिए मखसूस दुआएं की। विशिष्ठ अतिथि के रुप मे वरिष्ठ सपा नेता/पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, पूर्व विधायक अनूप संडा, सरदार बलदेव सिंह, हाजी इलियास साहब, हाजी निशार उर्फ गुड्डू टंकी वाले, हमीद उल्ला, सलमान गनी, सलीम, सब्बू, समीर अहमद, कसीर अहमद आदि गणमान्यों के अलावा हज़ारों लोग मौजूद रहे।

बेसिक बैरियर्स टीम बनी ओवर आल टीपीएल चैंपियन

बेसिक बैरियर्स के तरुण कुमार को मिला मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज

बलरामपुर। स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय टीचर्स प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच संपन्न हुआ फाइनल मैच में बलरामपुर वॉरियर्स एवं गैसडी वॉरियर्स के बीच खेला गया। बलरामपुर में टॉस जीत कर फील्डिंग करने का निर्णय लिया गैस साड़ी की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 112 रन की बना सके जवाब में बलरामपुर वॉरियर्स ने मात्र दो विकेट खोकर गया गैसडी के कप्तान प्रदीप चौहान की गेंद पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला ने एक बार फिर से छक्का जड़ कर मैच को अपने नाम किया। इस प्रकार टीचर्स प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के चैंपियन बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला एवं ओवरऑल मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज बेसिक बैरियर्स के तरुण कुमार रहे हैं। ओवरऑल चैंपियन बेसिक वॉरियर्स टीम ने ट्राफी पर कब्जा किया है।

टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एमएलकेपीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर जेपी पांडे रहे हैं मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल से मैत्री संबंध विकसित होते हैं शिक्षक शिक्षा अधिकारी के बीच में रोमांचक क्रिकेट टूर्नामेंट अविस्मरणीय पल रहेगा विशिष्ट अतिथि ने कहा कि पहली बार जिले में शिक्षक शिक्षा अधिकारी के बीच में क्रिकेट टूर्नामेंट न केवल खेल के दृष्टि से अच्छी पहल है बल्कि शिक्षक और शिक्षा अधिकारी के बीच मैत्री संबंध है।

उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला को टीचर्स प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट को अपने नाम करने पर बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है बेसिक बैरियर्स टीम ओवरऑल चैंपियन रही है मैन ऑफ द मैच बेसिक बैरियर्स के तरुण कुमार रहे हैं इस अवसर पर टीपीएल के संयोजक दिलीप चौहान एवं कोऑर्डिनेटर विकास कांत पांडेय का विशेष योगदान रहा है इसके अतिरिक्त अध्यक्ष संतोष उपाध्याय मैनेजर महमूद उल हक सचिव राहुल श्रीवास्तव मलिक मुनव्वर ,रेनू कुमार देवेंद्र सिंह उमेश चंद्र अभिषेक पांडे राधा मोहन पांडे आदि का मैच को सफल आयोजन में विशेष योगदानर हा है।

10 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाभी एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया

सुल्तानपुर। भुवनेश्वर उड़ीसा में मा0 प्रधानमंत्री जी का वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यकम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)-2.0 के दिशा-निर्देश जारी किये गये तथा देश भर के 4 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों का गृह प्रवेश किया गया, जिसमें जनपद सुलतानपुर के शहरी क्षेत्रों में 528 आवासों के लाभार्थियों का गृह प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम में आवास पूर्ण कर चुके 10 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाभी एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मा0 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद प्रवीण अग्रवाल, मा0 सभासदगण मनीष जायसवाल, भैया दीप सिंह, प्रवीण मिश्रा, दिनेश चौरसिया, अरूण कुमार तिवारी, मोहम्मद आरिफ, विजय कुमार जायसवाल, सुधीर तिवारी, संजय कप्तान, गिरीश मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, श्रीमती सीमा सिंह, आई0ई0सी0 एक्सपर्ट, नगरीय

112 दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित किया गया

जौनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अवसर पर दिव्यांगजन हेतु भारत सरकार के उपक्रम एमलिको के तत्वाधान में कलेक्ट्रेट सभागार में माननीय राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी जी द्वारा बैठक के उपरांत सोनू, रतन कुमार, खुशबू, पुष्पा, साहब लाल सहित कुल 112 दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित किया गया।

इस दौरान राज्यसभा सांसद ने दिव्यांगजनों को अवगत कराया कि 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले लोगो को बस में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है तथा 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले लोगो व उनके एक अटेंडेंट के लिए भी बस यात्रा निःशुल्क है। यह सरकार द्वारा लाई गई एक अच्छी पहल है। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा दिव्यांगजनों के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिससे अधिक से अधिक संख्या में दिव्यांगजन लाभान्वित भी हो रहे है। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में उनके द्वारा लगभग 10000 दिव्यांगजनो को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

शहर को साफ सुथरा रखना ही नगर पालिका परिषद का मुख्य उद्देश्य-अनूप गुप्ता

नगर पालिका परिषद उतरौला में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

बलरामपुर। मंगलवार को आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा 2024 पखवाड़ा का आयोजन किया गया पखवाड़ा के पहले दिन नगर पालिका कर्मचारियों ने श्रमदान देते हुए सफाई की है एवं शहर को साफ सुथरा एवं स्वच्छ रखने का संकल्प लिया है।स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पूर्व अध्यक्ष अनूप चंद्र गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ श्रमदान से किया है। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत नगर पालिका परिषद क्षेत्र को साफ सुथरा स्वच्छ रखने का पूरा प्रयास किया जा रहा है

उन्होंने कहा कि हम सभी का नैतिक कर्तव्य है कि शहर को एवं पर्यावरण को साफ सुथरा रखने के लिए पॉलिथीन का इस्तेमाल न करें यह समाज एवं पर्यावरण के लिए सबसे घातक है। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा ने कहा कि नगर को साफ सफाई के साथ स्वच्छ रखना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।

उन्होंने कर्मचारियों के साथ गांधी पार्क उतरौला पहुंचकर श्रमदान देते हुए सफाई की है अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी ने कर्मचारियों के साथ शहर को साफ सुथरा स्वच्छ रखने के लिए संकल्प लिया है इस दौरान भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सीबी माथुर, जिला उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल वरिष्ठ सहायक नीरज गुप्ता राजकुमार सिराजुद्दीन शामिल रहे हैं । स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यपालिका परिषद वरिष्ठ सहायक नीरज कुमार गुप्ता उमाशंकर सिंह भुवन चंद्र त्रिवेदी आदि का विशेष सहयोग रहा है।

स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ

जौनपुर। मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री श्री ए0के0 शर्मा जी द्वारा मा0 प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर शाहगंज स्थित लक्ष्मी नारायण वाटिका में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रभारी मंत्री जी ने मा0 प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से विधायकों में प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न हुई है जिसके कारण सभी विधायक अपने-अपने क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर संकल्प ले कि उनके नेतृत्व में उनके आदर्शो का अनुसरण करेंगे। देश को विश्वगुरु बनाना चाहते है। उन्होंने आए हुए बच्चों से कहा कि अपने माता-पिता को भी जागरूक करें कि सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग रखा जाए। संचारी रोग तेजी से न फैले इसके लिए स्वच्छता अति आवश्यक हो जाती है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों और आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति शपथ भी दिलाई। मंत्री जी के हाथों 21 दिव्यांगों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित की गई, साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के 51 लाभार्थियों को आवास की सांकेतिक चाबी और 11 को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। 10 स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्य भी सम्मानित किए गए।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़।
वाद सं. 141/2021
नाम फरीकेन - सच्चिदानन्द मिश्र
बनाम श्रीमती मनीषा देवी
बनाम- श्रीमती मनीषा देवी उम्र लगभग 32 वर्ष पत्नी सच्चिदानन्द मिश्र पुत्री अमरनाथ पाण्डेय निवासी ग्राम रतनपुर वमौली पोस्ट वलवरगंज परगन मुँगरा तहसील मछलीशहर जिला जौनपुर।
अं. धारा 13 हि.वि.अधि.
तारीख पेशी 19.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 19.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय

जनपद भ्रमण के दौरान कई कार्यक्रमों में शामिल हुये कैबिनेट मंत्री राजभर

सुलतानपुर। सुहेलदेव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सूबे के कैबिनेट और जिले के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर आज सुल्तानपुर पहुंचे। इस दौरान सबसे पहले वे लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस पहुंचे, जहां डीएम एसपी सहित तमाम आलाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वहीं उन्हें पुलिस कर्मियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने सुभषपा सहित बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और हाल चाल लिया। वही यहां से निकलने के बाद वे ओम प्रकाश राजभर सीताकुंड घाट पहुंचे जहां वे स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान तमाम जनप्रतिनिधियों के साथ उन्होंने झाड़ू उठाई और नालियों को साफ किया। वही घाट के पास ही प्रभारी मंत्री ने वृक्षारोपण किया। यहां से निकलने के बाद वे नगर के राजकीय इंटर कालेज पहुंचे जहां उन्होंने पीएम मोदी के जन्मदिन पर लगाई चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसके बाद वे जिला अस्पताल पहुंचे और प्रधानमंत्री जन्मदिन पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदान करने वालों का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान वे मीडिया से रूबरू हुए और तमाम मुद्दों पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी। सबसे पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बधाई दी, साथ ही उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी से जोड़कर नरेंद्र मोदी ने ही स्वच्छता अभियान की शुरुवात की। वहीं महात्मा गांधी की मूर्ति तोड़े जाने पर उन्होंने घटना की निंदा की साथ ही कहा कि जिसने देश की आजादी में अपना सब कुछ दे दिया हो उनके साथ ऐसा करना दूषित मानसिकता का प्रतीक है।

वहीं मंगेश यादव एनकाउंटर पर अखिलेश और राहुल द्वारा सवाल खड़ा किए जाने पर मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि राहुल और अखिलेश को मंगेश दिख रहा है लेकिन इस एनकाउंटर में घायल सिपाही शैलेश राजभर की राहुल और अखिलेश कोई चर्चा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों की कोई जाति नहीं होती। अगर वे मंगेश यादव को जाति से जोड़ रहे हैं तो पिछले सात साल में 67 मुस्लिम 20 ब्राह्मण, 18 राजपूत, 17 जाट गूजर, 24 अन्य पिछड़ा और 26 अन्य लोगों का एनकाउंटर हुआ है तो इनके बारे में चर्चा क्यों नहीं। केवल यादव के बारे में चर्चा क्यों नहीं। ये जातिवाद को बढ़ावा देने का काम अपराधियों को जातिं से जोड़ना जाति को बदनाम करना होता है। वहीं पीडीए किसकी सरकार में ज्यादा सुरक्षित है के सवाल पर मंत्री राजभर ने कहा कि एनडीए की सरकार में ज्यादा सुरक्षित हैं।पहले गणेश पूजा, दुर्गापूजा, विजयदशमी जैसे त्योहारों में दंगे होते थे, लेकिन योगी मोदी जी की सरकार में दंगे नही हो रहे हैं, उससे सभी को राहत है। देश में कानून का राज है।

कैबिनेट मंत्री की उपस्थिति में युवा मोर्चा के साथियों ने किया रक्तदान

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवामोर्चा जिलाध्यक्ष चन्दन नारायण सिंह के साथ कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक पहुंचे। जहां उन्होंने फीता काटकर रक्तदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चिकित्सकों ने कहा कि रक्त की सिर्फ़ दो बूँदों में लाखों लाल रक्त कोशिकाएँ हो सकती हैं, जो ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड ले जाती हैं। रक्त में सफ़ेद रक्त कोशिकाएँ (जो बीमारी से लड़ती हैं), प्लेटलेट्स (जो रक्त के थक्के बनाने में मदद करती हैं) और प्लाज़्मा (रक्त का तरल भाग) भी शामिल हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आर ए वर्मा, जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना, पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सलिल श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ ओम प्रकाश चौधरी, युवा मोर्चा के महामंत्री गौरव मौर्य, सचिन पाण्डे ज़िलाउपाध्यक्ष सुधांशु सिंह, धनमेंद्र वर्मा, अभिनव सिंह, जिला मन्त्री शानू सिंह, आकाश शर्मा, शौर्य वर्धन सिंह, ऋषभ वर्मा, दीपू शुक्ला, शुर्या सिंह, स्पर्श पाण्डे, प्रकाश नारायण सिंह आदि कई युवाओं ने रक्तदान में भाग लिया।

बाढ़ पीड़ितों की सहायता सहित विभिन्न बिंदुओं पर हुआ विचार

गंगा समग्र प्रयाग उत्तर काशी प्रांत की मासिक बैठक आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। गंगा समग्र प्रयाग उत्तर की मासिक बैठक मां गंगा के किनारे स्थित छुहारा हनुमान मंदिर जोधवल, तेलियरगंज, प्रयागराज में आज संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता काशी प्रांत के संयोजक राकेश मिश्रा द्वारा की गई।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में राकेश मिश्र ने कहा कि गंगा जी अभी तक अपने मूल स्वरूप में ही हैं यह हम सभी द्वारा उनके तटीय क्षेत्र में घुसकर निर्माण कार्य करने से आज लगता है बाढ़ की स्थिति है, जबकि इतना जलस्तर बढ़ने पर भी अभी दोनों नदियां गंगा एवं यमुना अपने खतरे के निशान से नीचे ही हैं। आज बढ़ते जल स्तर से प्रभावित बाढ़ पीड़ितों की सहायता से संबंधित रणनीति बनाई गई तथा आगामी महाकुंभ में मेले की तैयारी पिछड़ने पर चिंता व्यक्त की गई। काशी प्रांत के वृक्षारोपण प्रमुख एवं गंगा समग्र प्रयाग उत्तर के पालक आलोक शर्मा ने प्रयाग उत्तर की कार्यकारिणी से सभी को अवगत कराया। जिसमें संयोजक गंगा समग्र प्रयाग उत्तर के संयोजक का दायित्व डॉ श्रवण कुमार एवं सह-संयोजक का दायित्व टी.एन. शुक्ला एवं दिव्यांशु को दिया गया है। आरती प्रमुख वेद प्रकाश राय, घाट प्रमुख शारदा त्रिपाठी, वृक्षारोपण प्रमुख अरविंद, जल निकासी प्रमुख अतुल कुमार पांडे, शिक्षण संस्थान प्रमुख ज्ञान प्रकाश, संचार प्रमुख आनंद सिंह एवं सहसंचार प्रमुख अजय द्विवेदी, जैविक कृषि प्रमुख मनीष, पर्व प्रमुख जिसे पूर्व में चिकित्सा प्रमुख कहा जाता था का दायित्व डॉ अंशुमान प्रजापति, गंगा आश्रित प्रमुख आमोद त्रिपाठी एवं सह प्रमुख ओमप्रकाश, संपर्क प्रमुख कमल नारायण, गंगा वाहिनी प्रमुख अमरेश, विधि प्रमुख योगेश, सदस्य के रूप में श्रीनारायण तथा गंगा परिक्षेत्र संयोजक के रूप में प्रशांत मणि सिंह एवं भारद्वाज परिक्षेत्र प्रमुख के रूप में आशुतोष त्रिपाठी के साथ प्रयाग उत्तर के संरक्षक के रूप में अवध नारायण का दायित्व निश्चित हुआ। इस बैठक में कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। उक्त बैठक में आगामी विश्व नदी दिवस 22 सितंबर पर कार्यक्रम आयोजन हेतु संयोजक के रूप में अतुल कुमार पांडे एवं दिव्यांशु को दायित्व दिया गया तथा यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को मासिक बैठक की तिथि निश्चित की गई।

संदीप कुमार मिश्र इलाहाबाद हाईकोर्ट बने प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिवक्ता

प्रयागराज। संदीप कुमार मिश्र को इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिवक्ता बनाये गए हैं।प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने संदीप कुमार मिश्र को इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपना अधिवक्ता नियुक्त किया ! 2012 में प्रतापगढ़ से विश्वनाथगंज विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। सिविल लाइंस निवासी अधिवक्ता संदीप कुमार मिश्र को यह जानकारी इलाहाबाद विकास प्राधिकरण (पीडीए) के विधि अधिकारी ने नियुक्ति पत्र के माध्यम से दी।

हमारा स्वभाव और संस्कार स्वच्छता का होना चाहिए- प्रो तनवीर

राष्ट्रीय सेवा योजना इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुभारंभ

प्रयागराज। राष्ट्रीय सेवा योजना इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे ÷स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024÷के पहले दिन आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन विभाग की प्रो. तनवीर जे. सिद्दीकी ने कहा कि हमारा स्वभाव और संस्कार स्वच्छता का होना चाहिए। गंदगी को दूर करके देश की सेवा करना हमारा कर्तव्य है और इसके लिए ज़रूरी है कि हम स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहते हुए दूसरों को भी सजग बनायें। इस अवसर पर बोलते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग की प्रो. प्रतिमा जी ने कहा कि हमें इस अभियान की सार्थकता के लिए श्रमदान का भी संकल्प लेना चाहिए। गाँव-गाँव, गली-गली इस अभियान का विस्तार करना चाहिए। स्वच्छता की तरफ़ बढ़ाया गया हमारा एक क़दम पूरे देश को स्वच्छ बनाने में हमारी मदद करेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि हम न तो गंदगी करें और न किसी को करने दें। ऐसा जागरूकता भाव हमें अपने अंदर पैदा करना होगा। अपने परिवार, मुहल्ले, गाँव और कार्यस्थल से इसकी शुरुआत करनी होगी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पिंकी सैनी, डॉ. अवनीश चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएँ उपस्थित रहे।

इलाहाबाद पब्लिक स्कूल अंडर-17 बालक वर्ग में चैंपियन

खेलगांव एवं सनबीम सनसिटी को दोहरा खिताब, संत अतुलानंद और सनबीम लहरतारा भी विजेता

प्रयागराज। इलाहाबाद पब्लिक स्कूल चौफटका प्रयागराज ने सीबीएसई क्लस्टर फाइव बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर-17 बालक वर्ग टीम चैंपियनशिप के खिताब पर कब्जा जमाया। इसके अलावा टीम चैंपियशिप के फाइनल में खेलगांव पब्लिक स्कूल प्रयागराज अंडर-14 एवं अंडर-19 बालिका वर्ग, सनबीम सनसिटी वाराणसी अंडर-19 बालक एवं अंडर-17 बालिका वर्ग में विजेता बना। अंडर-14 बालक वर्ग में अतुलानंद वाराणसी अंडर-19 आयु वर्ग में सनबीम लहरतारा वाराणसी चैंपियन रही।

इलाहाबाद पब्लिक स्कूल में मंगलवार को सम्पन्न हुई।

बालक वर्ग टीम चैंपियनशिप फाइनल में अंडर-14 मेम सनबीम सनसिटी (वाराणसी) ने खेलगांव पब्लिक स्कूल (प्रयागराज) को 2-0 से हराया। अंडर-17 में इलाहाबाद पब्लिक स्कूल (प्रयागराज) ने सनबीम भगवानपुर (वाराणसी) को 2-0 से हराया। विजेता टीम में आर्यन, यासिर, गौरव एवं प्रतीक शामिल रहे। अंडर-19 मेम संत अतुलानंद (वाराणसी) ने खेलगांव पब्लिक स्कूल (प्रयागराज) को 2-0 से हराया।मुख्य अतिथि इंडियन ऑयल कारपोशन के महाप्रबंधक शेष नारायण ने विजेता एवं उपविजेतों को पुरस्कार वितरित किये। आईईआरटी के प्रो. धीरेंद्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। इलाहाबाद पब्लिक स्कूल के चेयरमैन विजय नारायण पांडेय एवं प्रबंधक मधु पांडेय ने अतिथियों का स्वागत, स्कूल की प्रधानाचार्या प्रतिमा पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन एवं कार्यक्रम का संचालन अमित मिश्र एवं शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष सतीश द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में सीबीएसई पर्यवेक्षक दिलीप पांडेय, मुख्य निर्णायक प्रदीप तिवारी, तकनीकी विशेषज्ञ अखिलेश दुबे एवं निलेश मिश्र आदि उपस्थित रहे।

डीएम ने 50 लाख रुपये से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा कर जानी हकीकत

प्रयागराज। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदर ने मंगलवार को संगम सभागार में अफसरों संग पहली समीक्षा बैठक की। 50 लाख रुपये से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए हकीकत जानी। संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है।जिलाधिकारी ने महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत कराये जा रहे निर्माण कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने की बात कही। साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

लेकर कोई लापरवाही की गई थी संबंधित के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत पीडब्लूडी, सेतु निगम, यूपीपीसीएल, सीएनडीएस सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा कराये जा रहे एक-एक कार्यों की समीक्षा करते हुए उसकी प्रगति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा बताया गया कि सभी कार्य अक्टूबर माह तक पूर्ण करा लिए जायेंगे।

जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी द्वारा कराये जा रहे सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण एवं सेतु निगम के द्वारा बनाये जा रहे आरओबी के कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कार्य को समय से गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है।जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पर्याप्त मात्रा में भूसा-चारा की व्यवस्था बनाये रखने एवं पशु चिकित्साधिकारियों को नियमित रूप से गौ आश्रय स्थलों का भ्रमण करते रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थलों में यदि कोई पशु बीमार हो, तो उसको अलग से रखने की व्यवस्था की जाये। कहा कि गौ आश्रय स्थलों में किसी भी दशा में जल जमाव या कीचड़ न होने पाये। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशु पांडेय, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, परियोजना अधिकारी अशोक कुमार मौर्य, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

विघ्नहरण की प्रतिमा विसर्जन के बाद भंडारे का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। सार्वजनिक श्री गणेश पूजन महोत्सव छिवकी गांव का श्री गणेश जी की प्रतिमा को आज विसर्जित किया गया। बारिश मे भी श्रद्धालु श्रीगणेश जी की प्रतिमा विसर्जन यात्रा में उत्साह से शामिल हुए। डीजे और डोल-नगाड़ों की धुन पर लोग थिरक रहे। गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगा रहे थे। श्रीगणेश जी की प्रतिमा विसर्जित करते समय लोगों की आंखें नम थीं। ज्यादातर प्रतिमाएं बरामार स्थित तालाब में विसर्जित की गईं। कुछ लोग संगम क्षेत्र के राम घाट पर भी प्रतिमा विसर्जित करने पहुंचे। इसी क्रम में नैनी के छिवकी में भी गणेश प्रतिमा का विसर्जन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया, जहाँ पर गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से पूरा माहौल भक्ति में हो गया। नम आँखो से विघ्नहर्ता की प्रतिमा को गाजे-बाजे के साथ विसर्जित कर दिया गया। वही विसर्जन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। विसर्जन मे आदित्य निषाद, अभिषेक साहू, शिवम साहू, श्री निवास द्विवेदी, गंगा गुप्ता, श्रीराम सिंह, विनय मिश्रा, पंकज शर्मा, बाबू भाई, विनय दूबे, निखिल गुप्ता, शिवम गुप्ता, सुधाकर द्विवेदी, महेश निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास से की गई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

घूरपुर (प्रयागराज)। क्षेत्र के कल कारखानों में आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी के अवतरण दिवस के उपलक्ष में हर्षोल्लास से पूजा अर्चना की गई। भगवान विश्वकर्मा जी का स्वरूप दिव्य वास्तुकार एवं इंजीनियर के रूप में सृष्टि के रचनाकार के सम्मान से वेदों में वर्णित किए गए हैं। जिन्हें कल कारखानों में अभियांत्रिकी के जनक के रूप में पूजा जाता है। इसी कड़ी में अपना दल एस के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष किसान मंच रमेश चन्द्र पटेल ने करमा में लगे अपने कारखाने पर विद्वान पुरोहित को बुलाकर सृष्टि के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जी का हवन पूजन किया। अपना दल एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी के निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2024 को लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी जी का जन्म दिवस मनाते हुए प्रसाद वितरण किया गया।

केक काटकर मनाया गया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिवस

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। ऐहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंदन त्रिवेदी के आवास पर जहां कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मोदी के दीर्घायु होने की कामना की, वही गोष्ठी के जरिए लोगों को लोकप्रिय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इसके बाद मोदी चाय और मिष्ठान का वितरण हुआ ।नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के उद्घोष के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की।इस अवसर पर भाजपा नेता अनूप पांडे और विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि आज हम सब भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74 वा जन्मदिन मना रहे हैं।सार्वजनिक जीवन में उनकी दशकों की जनसेवा का यह एक और गौरवमयी साल है।

संचालन कर रहे भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह ने कहा कि पीएम मोदी का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी सेवा और स्वच्छता पर्व के पखवाड़े के रूप में मोदी जी का जन्म दिवस मना रही है। बताते चलें कि भाजपा कार्यकर्ता हर साल नागरिकों के कल्याण और मानवता की सेवा के जज्बे की प्रतिबद्धता के रूप में मोदी का जन्मदिनम नाते है। 17 सितंबर, 1950 को गुजरात के मेहसाणा में जन्मे नरेन्द्र दामोदर दास मोदी ने गुजरात राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर निरंतर तीन कार्यकाल (2001-14) पूरे किए और अब बतौर प्रधानमंत्री यह उनका तीसरा कार्यकाल है। इस अवसर पर उमेश सिंह, सुनील सिंह, मोनू सिंह, श्यामू शुक्ला, रमेश शुक्ला, झब्बू बाजपेई, विकास तिवारी, दीपू तिवारी, चंदन त्रिवेदी, आनंद बाजपेई, रामबाबू निर्मल, कामता कोरी, शोभित, पप्पू, गंगा सागर लोधी, राम विलास लोधी, अनिल त्रिवेदी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयसीमा में हो निस्तारण- डीएम

प्रयागराज। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण व कलेक्ट्रेट के स्टाफ से बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करने के लिए कहा है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी लोग अपनी तहसील में समय से बैठे और जनसुनवाई कर जनसमस्याओं का निर्धारित समयसीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने तहसीलदारों को तहसील व थाने की टीम के साथ समन्वय बनाकर सरकारी जमीन पर होने वाले अवैध

कब्जों को अतिक्रमणमुक्त कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने कहा की शासन स्तर पर आईजीआरएस की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा की आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों लम्बित सन्दर्भों का गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें। जमीनी मामलों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष तरीके से गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा। उन्होंने आपदा विभाग से कहा दुर्घटना हानि होने पर आपदा राहत से समय से मुआवजा दिया जाए। इस अवसर पर समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, जिला स्तरीय अधिकारी गण सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

पति और ससुर को न्यायालय ने सुनाई सात वर्ष की सजा

– कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ था मुकदमा, पुलिस ने की थी बेपरवाही

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। दहेज के लिए युवती को जलाकर मार देने के दोषी पति और ससुर को अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट छोटेलाल यादव की अदालत ने सात-सात वर्ष की सजा सुनाई है। इसके साथ ही तीन-तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने पर दो-दो माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार द्विवेदी ने बताया कि सोनिया पत्नी कमलेश द्वारा उसकी पुत्री को मारपीट कर प्रताड़ित कर व अतिरिक्ति दहेज न देने पर जलाकर मार डालने पर उसने थाना बबेरू में लिखित तहरीर दी। लेकिन वहां की पुलिस ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की तब उसने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर अदालत के जरिए 156-3 का प्रार्थनापत्र देकर कोर्ट के आदेश से 20 दिसंबर 2014 को प्राथमिकी दर्ज की गयी कि उसकी पुत्री गुड़िया देवी की शादी 23 जून 2011 को अवधेश साहू पुत्र मोतीलाल साहू तरखरी तालाब मोहल्ला व कस्बा बबेरू निवासी के साथ अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज देकर की थी। परंतु ससुरालीजनों पति अवधेश, ससुर मोतीलाल, देवर जयकरन, सास रानी खुश नहीं थे। दहेज की अतिरिक्त मांग के साथ बाइक मांगते रहे। मांग पूरी न होने पर उसकी पुत्री को शारीरकि व मानसिक प्रताड़ित कर मारपीट करने लगे। वह अपनी पुत्री को लिवाने गयी तो भेजा नहीं। यह कहकर वापस कर दिया कि जब तक दहेज की मांग पूरी न करोगी तब तक हम तुम्हारी पुत्री को नहीं भेजेंगे। 22 अगस्त 2014 को गुड़िया गर्भवस्था की अवस्था में आग लगाकर जान से मार डाला। 23 अगस्त 2014 को उसका पीएम होने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। शोकाकुल परिवार 21 सितंबर 2014 से 30 सितंबर 2014 तक बीमारी के कारण पुलिस में रिपोर्ट नहीं कर सके। बाद में कोर्ट के आदेश से रिपोर्ट दर्ज की गयी। विवेचक क्षेत्राधिकारी यशवीर सिंह ने केवल पति अवधेश कुमार व ससुर मोतीलाल साहू के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से 8 गवाह पेश किए गए। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों व अधिवक्ताओं की दलीलों के आधार पर न्यायाधीश ने अपने 47 पृष्ठीय फैसले में पति अवधेश कुमार व ससुर मोतीलाल को दोषी पाते हुए सजा सुनायी। दोनो दोषियों को जेल भेज दिया गया।

किसानों की समस्याओं का जल्द किया जाए समाधान

– भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बबेरू। किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में किसानों ने समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई जिसमे तीन सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमन्त्री को भेज कर शीघ्र समस्या का समाधान किये जाने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अवधेश सिह पटेल व पदाधिकारियो द्वारा समीक्षा बैठक सम्पन हुई जिसमे क्षेत्र के किसानो ने पहुंचकर समस्याये बताई जिसमे नायब तहसीलदार मनोहर सिह के माध्यम से मुख्यमन्त्री को तीन सूत्रीय ज्ञापन भेजकर बताया कि किसानो को बैको के द्वारा बसूली एव आरसी पर तत्काल रोक लगायी जाये व उत्पीडन बन्द किया जाये जनपद बादा मे डी एपी एव यूरिया सहकारी समितियो खरीफ एवं रबी की फसलो को देखते हुये तत्काल उपलब्धता करायी जाये किसानो के निजी नलकूपो पर मीटर की अनिवार्यता समाप्त की जाये व लो वोल्टेज ठीक कराकर बिजली की भरपूर मात्रा मे आपूर्ति की जाए एव निजी नलकूपो घारियो को टान्स फार्मर तत्काल उपलब्ध कराया जाये शीघ्र समस्याओ का समाधान किये जाने की मांग किया है ज्ञापन के दौरान कमलनयन पटेल ब्रजराज सिह यादव प्रवीण कुमार मुकेश कुमार सुशीला अनुरागी संगीता अजय कुमार सुरजीत सिंह मनरूप सिह कुर्जा बहारी जितेन्द्र रविप्रकाश रामकुमार रमेश तिवारी ओम प्रकाश वीर सिह सीताचरण राम आसरे सहित किसान मौजूद रहे।

आर ए एफ कैंप में विधि विधान से हुई विश्वकर्मा पूजा

फाफामऊ। 101 आर.ए.एफ. कैम्प परिसर में श्री विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर अखण्ड रामचरितमानस पाठ के समापन के साथ ही मनोज कुमार गौतम कमाण्डेंट-101 आर.ए.एफ. द्वारा पूजा व हवन विधि-विधान के साथ संपन्न किया गया।इस शुभ अवसर पर प्रसाद वितरण एवं भंडारा का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान एवं उनके परिवारजन भी उपस्थित रहे। साथ ही साथ कमाण्डेंट महोदय द्वारा उपस्थित कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को श्री विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इसी क्रम में कमाण्डेंट महोदय व उपस्थित अधिकारीगण के द्वारा 101 आर.ए.एफ. कैम्प परिसर में एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण का कार्यकम भी किया गया।उक्त अवसर पर हरिओम सागर, (द्वि0कमा0अधि0), डॉ0 अशोक कुमार, सी एम ओ (ओ जी), विनोद कुमार, (उप0कमा0), यज्ञ कुमार सिंह, (उप0कमा0), अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान व उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

प्रयागराज में झमाझम बारिश, औसत से 72% ज्यादा

सुबह से लगातार हो रही बरसात

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। प्रयागराज में मंगलवार की सुबह से बारिश हो रही है। बारिश के साथ-साथ ठंडी हवाएं भी चल रही हैं, जिससे मौसम बिल्कुल ठंडा हो गया है।

मौसम विभाग के अनुसार दिन भर ऐसे ही कभी हल्की तो कभी तेज बारिश होती रहेगी। इस बार प्रयागराज में बारिश सामान्य से काफी कम हुई, इसके बावजूद यहां गंगा और यमुना दोनों नदियां उफान पर हैं।

भले ही यहां पर ज्यादा बारिश नहीं हुई हो लेकिन शहर के तमाम इलाकों में बाढ़ का पानी घुसा हुआ है। यह पानी पश्चिमी यूपी व उत्तराखंड में हो रही बारिश का है जो गंगा व यमुना नदी के जरिए शहर में पहुंच चुका है।

सोमवार देर शाम से ही दोनों नदियों का जलस्तर कम होना शुरू हो चुका है। 2 घंटे पर एक सैंटीमीटर जलस्तर कम हो रहा है। अभी तक जलस्तर डेंजर लेवल के बिल्कुल करीब तक पहुंचा हुआ है।रात 10 बजे तक गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 84.3 मीटर रहा जबकि छतनाग में 83.28 मीटर है। उम्मीद है कि अब जब नदियों का जलस्तर कम होना शुरू हुआ है तो एक-दो दिन में लोगों को राहत मिल सकती है।

क्वार नवरात्रि पर विंध्याचल स्टेशन पर कई ट्रेनों को मिलेगा अस्थाई ठहराव

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु क्वार नवरात्रि मेले के दौरान आगामी 03 से 11 अक्टूबर तक एवं 17 अक्टूबर को (10 दिन) विंध्याचल स्टेशन पर कई गाड़ियों को 2 मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। जिन ट्रेनों को अस्थाई ठहराव दिया गया है उनमें गाड़ी संख्या गाड़ी 12295-12296 एसएमवीटी बेंगलुरु-दानापुर संघमित्रा एक्सप्रेस,

12801- 12802 पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, 12141-12142 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-पाटलिपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 12307-12308 हावड़ा- जोधपुर एक्सप्रेस, 12487-12488 जोगबनी- आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस, 22307-22308 हावड़ा- बीकानेर एक्सप्रेस, 12335- 12336 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-भागलपुर एक्सप्रेस, 15646-15645 लोकमान्य तिलक टर्मिनस- गुवाहाटी एक्सप्रेस, 15648- 15647 लोकमान्य तिलक टर्मिनस- गुवाहाटी एक्सप्रेस, 15658-15657 कामख्या- दिल्ली ब्रम्हपुत्र मेल एवं 12168-12167 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस एक्सप्रेस शामिल है।

अंडर-16 टीम के अंतिम ट्रायल के लिए नौ क्रिकेटर चयनित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की अंडर-16 टीम के अंतिम ट्रायल के लिए इलाहाबाद मंडल के नौ खिलाड़ियों का चयन किया गया है। तिथि और स्थान की जानकारी जल्द ही दी जाएगी। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक आरपी भटनागर के अनुसार चयनित क्रिकेटरों में कृष्णा साहू, सचिन मिश्र, आयुष दुबे, सुहैब खान, रोशन कुशवाहा, आदित्य मौर्य, सानिध्य श्रीवास्तव, कुणाल मिश्र एवं अमन शुक्ला शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को आयु सत्यापन 2024-25 के लिए बीसीसीआई के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार आधार कार्ड में अपना नवीनतम फोटो अपडेट कराना अनिवार्य है।

मंत्री ने लगाई झाड़ू, पालिका के वाहनों को दिखाई हरी झंडी

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का पूजन-अर्चन के साथ किया शुभारंभ, स्वच्छता अभियान के ब्रांड एम्बेस्डरों को दी गई पीपी किट

बांदा। सूबे के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी जी नगर पालिका परिषद में प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारम्भ पूजन अर्चन के साथ किया। उन्होंने पालिका में सफाई अभियान के लिए खरीदे गए नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। मंत्री नंदी ने अवस्थी पार्क बॉदा में आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाडा मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन 140 करोड की जनता के लिए समर्पित है, उनके नेतृत्व में हर तरफ विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने देश में विकास करने के साथ ही आतंकवाद पर नियंत्रण करने का कार्य किया है। इसी प्रकार प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भी माफियाओं और अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कानून एवं व्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में अमेरिका और इंग्लैण्ड भी इस बीमारी को नियंत्रित करने में सफल नही हो पा रहे थे, लेकिन भारत में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सभी लोगों को कोरोना की दवा दिलायी गयी। उन्होंने विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर सभी लोगों को बधाई देते हुए कहा कि सभी लोग स्वच्छता को अपनायें और स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में आगे बढकर हिस्सा लें। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता कार्यक्रम से जुडे लोगों को स्वच्छता पुरस्कार एवं स्वच्छता कर्मियों को पी0पी0किट का वितरण किया तथा लोगों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई। उन्होंने स्वच्छता शपथ के अन्तर्गत महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें राजनैतिक आजादी ही नही थी बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की परिकल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोडकर मॉ भारती को आजाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गन्दगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। उन्होंने हर वर्ष 100 घण्टे यानी 02 धण्टे हर सप्ताह श्रमदान करके स्वच्छता का संकल्प लेने एवं स्वच्छता के प्रति सजग रहने तथा गॉव-गॉव और गली-गली में स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करने तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रधानमंत्री के आव्हान के अनुसार एक पेड मॉ के नाम के अन्तर्गत वृक्षारोपण किया तथा स्वच्छता के ब्राण्ड एम्बेसडर शोभा राम कश्यप, राहुल जैन, कुलदीप शुक्ला तथा कई स्वच्छता कर्मियों को पीपी किट देकर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर सदर विधायक श्री प्रकाश द्विवेदी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर स्वच्छता पखवाडा में पन्द्रह दिनों तक सेवा कार्यक्रम चलेंगे। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी ने देश की दशा व दिशा बदलने का कार्य किया है तथा प्रदेश में मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में तेज गति से सभी वर्गों के हितों में अनेकों जनकल्याणकारी योजनायें संचालित कर उनका लाभ पात्र गरीब व्यक्तियों को दिया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, जिलाध्यक्ष भाजपा संजय सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रभा गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

भाजपा ने प्रदेश में जंगल राज्य स्थापित किया- उज्जवल रमण सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की कलई खोलते हुए कहा कि लगभग सात साल से प्रदेश की बीजेपी सरकार ने जंगल राज स्थापित कर दिया है।महानगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन ने कहा कि कानून का शासन समाप्त हो चुका है। जहां प्रदेश मे गुंडाराज, बलात्कार, लूट और डकैती का बोलबाला हो गया है वहीं उत्तर प्रदेश की पुलिस भी योगी सरकार के इशारे पर इनकाउंटर कर रही है। अभी हाल मे सुल्तानपुर के निवासी मंगेश यादव की हत्या कर दी गई। नाबालिग लड़कियों से छेड़खानी और बलात्कार किए जा रहे हैं लोगों के मकान ध्वस्त किए जा रहे हैं। ऐसा लगता है बीजेपी सरकार न चलाकर न्यायपालिक का कार्य करने लगी है। तो ऐसे मे लोकतंत्र कहां सुरक्षित रहेगा।इस अवसर पर प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष प्रयागराज प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन, मनीष मिश्रा, दिवाकर भारतीय, लल्लन पटेल, प्रवीण सिंह भोले, विनय पांडेय, अजेंद्र गौड़, इस्तियाक अहमद, रमेश यादव, दिलीप पटेल, श्याम जी शुक्ला, नफीस कुरैशी, विशाल सोनकर, सनी सोनकर, अल्तमश आदि लोग रहे।

तेज बारिश में भक्तों ने धूमधाम से किया गणेश प्रतिमाओ का विसर्जन

अबीर गुलाल उड़ाकर पुष्प वर्षा कर पटाखे फोड़ते हुए युवक युवतियां, बच्चे महिलाएं जमकर झूमी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर के नेहरू नगर गली के शिव मंदिर सहित रामलीला मैदान और बाजार के स्थानों पर गणेश चतुर्थी को भगवान गणेश की प्रतिमाओ को स्थापित कर दस दिनों तक विधि विधान से पूजा अर्चन भजन कीर्तन जागरण करने के बाद मंगलवार को छोटे छोटे बच्चे महिला पुरुष युवक युवतियों ने गाजा बाजा डीजे के धुन पर नाचते गाते नगर भ्रमण कर भगवान गणेश का जयकारा लगाते हुए मंझनपुर चौराहा पहुंचे उसके बाद निर्धारित स्थान कुम्हियावा की नहर में पूजा पाठ करने के बाद गणेश प्रतिमाओ का विसर्जन बड़ी धूमधाम से किया गया है मंगलवार को सुबह से ही तेज बारिश हो रही थी लेकिन उसके बाद गणेश प्रतिमा के विसर्जन में शामिल भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और पूरे समय बारिश होते हुए भी भगवान गणेश का जयकारा लगाते नगर क्षेत्र की गली सड़को में प्रतिमाओं का बड़े उत्साह के साथ भ्रमण कराया है जगह-जगह पूरे रास्ते प्रसाद का वितरण किया गया है इस दौरान पुलिस ने भी यातायात व्यवस्था सुचारु करने के लिए कड़ी सुरक्षा की थी अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकाररी मंझनपुर कोतवाल मंझनपुर सहित महिला पुरुष सिपाहियों को व्यवस्था की सुरक्षा में लगाया गया था भक्ति गीतों पर नाचते गाते भगवान गणेश का जयकारा लगाते अबीर और गुलाल उड़ाकर पुष्प वर्षा कर पटाखे फोड़ते हुए युवक युवतियां, बच्चे महिलाएं जमकर झूमी विसर्जन के दौरान नगर पालिका सहित पूरे क्षेत्र में बरसात होने लगी लेकिन आस्था के सैलाब को बरसात भी नहीं रोक पाई युवक युवतियां बच्चो ने भक्ति गीतों पर बरसात के दौरान भी जमकर झूमते गाते श्रद्धा का भाव प्रकट किया है विसर्जन के पहले पंडालों में भगवान गणेश की पूजा सुबह से शुरू हो गई भगवान के दरबार में पुजारी ने विधि विधान से गणपति की पूजा अर्चना की उसके बाद आरती कर उन्हें भोग लगाया गया उसके बाद मंझनपुर कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में पंडाल में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए भक्त निकल पड़े इस दौरान सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रही गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान सिद्धिविनायक कमेटी मंझनपुर के पदाधिकारियो में उज्ज्वल केशरवानी, सत्यम मोदनवाल, अंशित मोदनवाल, अर्जुन केशरवानी, छेदु केशरवानी, अंकित मोदनवाल, ऋषभ केशरवानी, अर्पित मोदनवाल, राहुल सिंह, प्रभाकर केशरवानी, शिवम केशरवानी, हरषु केशरवानी, विष्णु केशरवानी सहित तमाम महिला पुरुष युवक युवतियां छोटे-छोटे बच्चे विसर्जन में शामिल रहे

अत्यधिक वर्षा के कारण आज बंद रहेगें प्री प्राइमरी सहित कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने जारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया जिलाधिकारी के आदेशानुसार 18 सितंबर 2024 दिन बुधवार को अत्यधिक वर्षा एवं मौसम की विपरीत परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद कौशांबी के प्री प्राइमरी सहित कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के समस्त प्रकार के विद्यालयों में अवकाश घोषित किया जाता है। इस आदेश का जनपद में कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। समस्त खंड शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि यदि कहीं से किसी भी प्रकार से इस आदेश का उल्लंघन किया जाएगा तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

रक्तदान से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं-मंत्री

मंडलीय अस्पताल में भाजयुमो की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। जिले के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल नंदी ने मण्डलीय जिला चिकित्सालय में मंगलवार को रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इस कार्य में सभी लोगों को दूसरों के जीवन की रक्षा के लिए आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले अस्पतालों में बहुत गन्दगी एवं अव्यवस्था की स्थिति रहती थी, लेकिन अब प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार कर साफ-सफाई व्यवस्था के साथ अन्य समुचित व्यवस्थायें की गयी हैं। मंत्री ने कहा कि सूबे में चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए सरकार प्रयासरसत है। उन्होंने कहा कि अब तक 62 वर्ष में चिकित्सकों का रिटायरमेंट होता था, लेकिन तीन वर्ष के लिए उनका कार्यकाल और बढ़ाया जाएगा। इससे डाक्टरों की कमी पूरी होगी। साथ ही नए मेडिकल कालेज भी खुलवाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गरीब लोगों को रू0 5 लाख तक ही निःशुल्क चिकित्सा की सुविधा दी गयी है। अब सरकार द्वारा प्रत्येक 70 वर्ष आयु के लोगों को यह सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चिकित्सकों की कमी को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सकों की सेवा निवृत्त आयु बढाकर 65 वर्ष करने के साथ ही नये-नये मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं, जिससे चिकित्सकों की कमी दूर हो सकेगी।

प्रभारी मंत्री ने लोगों को विश्वकर्मा जयन्ती और प्रधानमंत्री के जन्मदिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि स्वच्छता की सेवा पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को एक जन आन्दोलन के रूप में लेकर बृहद स्तर पर इस कार्यक्रम को सफल बनायें। उन्होंने रक्तदान करने वाले लोगों को अपनी शुभकामनायें देते हुए कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमी महसूस नही होती है बल्कि लगातार रक्तदान करने से हृदय रोग में कमी आती है। इस मौके पर विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, जिलाध्यक्ष भाजपा संजय सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रभा गुप्ता, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोहित गुप्ता, जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों को किया जाय लाभान्वित -प्रभारी मंत्री

मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत नैप सेक स्पेयर मशीन, तिलहन बीज मिनीकिट एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों को आवास की चाभी किया वितरित

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह द्वारा आज उदयन सभागार में जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक की गई द्य मंत्री ने सभी अधिकारियों से कहा कि आमजन/फरियादियों की छोटी-छोटी समस्याओं का निस्तारण ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर एवं थाना स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाय, जिससे आमजन/फरियादी को जिला स्तर या शासन स्तर तक न जाना पड़ें। उन्हांने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि पीड़ित व्यक्ति को अवश्य न्याय मिलें तथा अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय।

मा0 मंत्री जी ने सीएम डैशबोर्ड के तहत विभाग-चिकित्सा, पुलिस, आईजीआरएस, पंचायतीराज, कृषि, शिक्षा, पिछड़ा वर्ग कल्याण, सेतु निगम, पी0डब्ल्यू0डी0, मंण्डी समिति, आकांक्षी ब्लॉक, पर्यटन एवं उद्यान आदि विभाग सहित अन्य विभागों की बिन्दुवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंनें सभी अधिकारियों से कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं-प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय एवं पेंशन आदि से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाय तथा विभागीय लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाय। मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएचसी एवं पीएचसी का लगातार निरीक्षण करें। गरीबों एवं असहायों के इलाज में किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। सभी सीएचसी एवं पीएचसी में दवाइयों की उपलब्धता बनाये रखें, कोई भी डॉक्टर किसी भी मरीज को बाहर की दवा न लिखें, इसका लगातार अनुश्रवण करते रहें। उन्होंने उप निदेशक, कृषि को निर्देशित करते हुए कहा कि सोलर पंप से होने वाले फायदों के बारे में किसानों को जागरूक किया जाय, जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान इस योजना से लाभान्वित हों सकें। मंत्री ने पर्यटन की समीक्षा के दौरान कहा कि कौशाम्बी जनपद में ऐसे और कितने स्थल हैं, जिनको पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा सकता है, उसकी सूची बनाकर जल्द उपलब्ध करायें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लेकर ऐसे स्थलां को चिन्हित कर उसकी सूची बनाकर उपलब्ध करायें। मंत्री ने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों का लगातार निरीक्षण कर पठन-पाठन सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहें। विद्यालयों में बच्चों को मध्यान्ह भोजन गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार ही उपलब्ध करायें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने हर-घर नल से जल योजना की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि यह कार्य सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जहॉ कही भी आपके द्वारा पाइप-लाइन बिछाने के लिए सड़क तोड़ी जा रहीं है, उस सड़क को उसी हालत में न छोडकर, पहले उसे ठीक करायें तभी आगे का कार्य प्रारम्भ करायें। मंत्री ने पीडीब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में कितनी ऐसी सड़कें है, जिनके निर्माण कार्य की अवधि 05 वर्ष पूर्ण हो गई है, उसकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्हांने मण्डी परिषद के राजस्व की समीक्षा के दौरान मण्डी सचिवों से जानकारी प्राप्त करना चाहा, जिस पर उनके द्वारा सही ढंग से जानकारी न दिये जाने के कारण मंत्री ने कठोर नाराजगी प्रकट करते हुए मण्डी सचिव-ओसा, भरवारी एवं अजुहा को निलम्बित करने की कार्यवाही करने के निर्देश दियें। मा0 मंत्री जी ने सेतु निगम की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि फील्ड भ्रमण कर जहॉ कहीं पर भी पुलिया आदि निर्माण कार्य की जरूरतें समझ में आ रहीं है एवं लोगों की दूरी/समस्यायें कम हो जाती है, ऐसे स्थलों को चिन्हित कर उसकी सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

मंत्री ने पुलिस विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए और अथक प्रयास किये जाय, इसके लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उचित कार्यवाही भी की जाय। इसके साथ ही उन्हांने थानों में होने वाली जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों को प्राथमिकता एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के भी निर्देश दियें।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्षा कल्पना सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, पूर्व सांसद विनोद सोनकर, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा जनप्रतिनिधिगण-पूर्व विधायक-शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, लाल बहादुर, संजय गुप्ता, नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष श्री बीरेन्द्र फौजी एवं नगर पालिका परिषद भरवारी अध्यक्ष श्रीमती कविता पासी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

इस अवसर पर मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत लाभार्थी-जगत नारायण कामता प्रसाद, शिवदानी, पतिलाल, श शिवमूरत, रामभवन पाल, मो0 हुसैन एवं मो0 अफाक अहमद को नैप सेक स्पेयर मशीन का वितरण किया गया। इसी प्रकार मंत्री द्वारा कृषक-अमर सिंह, राजेश कुमार, बुद्धसेन मौर्य, सुफला एवं शिव प्रसाद को तिलहन बीज मिनीकिट का वितरण किया गया। मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत गृह प्रवेश किये जाने वाले लाभार्थियों- छेदी लाल, हरी प्रसाद, रामराज पाल, हरी लाल एवं रमेश कुमार को आवास की चाभी वितरित किया गया। जनपद में इनवेस्टमेंट को बढ़ावा देने के लिए बैंको द्वारा उद्यमियां को दिये जाने वाले ऋण के चेक का भी वितरण किया गया।

मंत्री ने मेडिकल कॉलेज में लगाये गये स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का फीता काटकर किया उद्घाटन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। प्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मेडिकल कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया निरीक्षण में मंत्री जी ने मेडिकल कॉलेज में लगाये गये स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने आमजन-मानस को स्वैच्छिक रक्तदान करने के प्रति जागरूक किया। उन्हांने कहा कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य है। रक्तदान महादान हैं। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिन्दगियां को बचाता हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, इसमें लोग सहयोग करें और लोगों को जीवनदान दें। रक्तदान शिविर के आयोजन से रक्त की कमी को पूरा किया जा सकता है और यह जनसेवा का सबसे उत्तम उदाहरण हैं। इस अवसर पर मंत्री जी ने मेडिकल कॉलेज में देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जनभियान के तहत मेडिकल कॉलेज परिसर में पौधारोपण भी किया इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती कल्पना सोनकर धर्मराज मौर्य विनोद सोनकर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी जनप्रतिनिधि शीतला प्रसाद लाल बहादुर संजय गुप्ता बीरेन्द्र फौजी कविता पासी सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।